CMYK
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



# देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

रायपुर, बुधवार, 6 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –142 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



जन्माष्टमी आज
■ भारतीय अस्मिता और हिन्दू राष्ट्र
■ भारत के उच्च व्यापार घाटे के पीछे डंप चीनी निर्यात — पृष्ठ 6
■ शेख हसीना व मोदी की आठ सितम्बर को होगी मुलाकात
■ सूडान संघर्ष से 48 लाख लोग विस्थापित हुए : संरा — पृष्ठ 7
झेंग किनवेन यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहली बार खेलेंगी — पृष्ठ 8

# जी-20 रात्रिभोज के न्योते में 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल

## कांग्रेस ने 'इंडिया' शब्द हटाने का लगाया आरोप

## गठबंधन 'इंडिया' को लेकर भाजपा नहीं है सहज

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी में इसी सप्ताह होने जा रहे जी-20 शिखर बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की ओर दिए जाने वाले रात्रिभोज के निमंत्रण को लेकर विवाद हो गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि राष्ट्रपति भवन में 9 सितम्बर को जी-20 के नेताओं को दिए जा रहे रात्रि भोज के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है।

उन्होंने इसको लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद-1 में उल्लिखित भारत, जो इंडिया है, राज्यों का एक समूह होगा। लेकिन अब राज्यों के समूह पर भी हमला हो रहा है। इससे साफ है कि मोदी सरकार विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से डरी है इसीलिए 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द का इस्तेमाल किया गया है।


On the occasion of G20 Summit
The President of Bharat
requests the pleasure of the company of
at Dinner
on Saturday, September 09, 2023 at 2000 hrs

**मोदी कहते हैं घमंडिया गठबंधन**

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का लेकर भाजपा सहज नहीं है। इसीलिए प्रधानमंत्री इस गठबंधन का नाम इंडिया न कहकर घमंडिया कहते हैं तो गृहमंत्री अमित शाह इसे इंडी अलायंस कहने लगे हैं। यही नहीं संघ प्रमुख मोहन भागवत सहित भाजपा के नेता भी इंडिया की जगह भारत शब्द इस्तेमाल करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में खबर यह भी है कि 18 सितम्बर से शुरू हो रहे संसद में विशेष सत्र में मोदी सरकार संविधान से इंडिया शब्द हटाने की तैयारी कर रही है। हालांकि यह संविधान संशोधन दो-तिहाई बहुमत से ही संभव है। इसलिए राह आसान नहीं है। इस बीच सक्रिय राजनीति में उतरने का संकेत देते हुए पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने मांग की है कि खिलाड़ियों की जर्सी पर भी भारत लिखा जाना चाहिए। उन्होंने कहाकि भारत हमारे देश का नाम है और इस पर हमें गर्व करना चाहिए।

> किसी के पास अधिकार नहीं है कि वो देश का नाम बदल सके। मुझे समझ में नहीं रहा है कि सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी ऐसा क्यों कर रही है: शरद पवार, एनसीपी

> संविधान के अनुच्छेद-1 में उल्लिखित भारत, जो इंडिया है, राज्यों का एक समूह होगा। लेकिन अब राज्यों के समूह पर भी हमला हो रहा है : जयराम रमेश, कांग्रेस

> देश के इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश की जा रही है। मैंने सुना है कि भारत का नाम बदला जा रहा है। जी-20 के निमंत्रण पत्र पर भारत लिखा हुआ है: ममता बनर्जी, टीएमसी

> फासीवादी बीजेपी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए हमारे एकजुट होने और अपने गठबंधन को नाम 'इंडिया' देने के बाद अब बीजेपी 'इंडिया' को 'भारत' में बदलना चाहती है : एमके स्टालिन, डीएमके

**अमिताभ बच्चन का भारत के समर्थन में ट्वीट**

दिग्गज सिने अभिनेता अमिताभ बच्चन भी नाम की इस सियासत में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने इंडिया की जगह भारत नाम के समर्थन की मंशा प्रक्रट करते हुए ट्वीट कर लिखा कि भारत माता की जय।

# शिक्षकों के संकल्प और समर्पण से राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित : राज्यपाल



■ राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : भूपेश
■ राजभवन में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

**रायपुर**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि हमारे शिक्षकों का संकल्प और समर्पण छत्तीसगढ़ राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने में मद्दगार सिद्ध हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राष्ट और समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

राजभवन के दरबार हॉल में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे चार उत्कृष्ट शिक्षकों रायपुर जिले की सुश्री ममता अहार प्रधानपाठिका को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कोण्डागांव जिले की श्रीमती मधु तिवारी प्रधान अध्यापिका को डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार, रायगढ़ जिले की श्रीमती राश्मि वर्मा व्याख्याता को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की श्रीमती इंदिरा चंद्रवंशी शिक्षक एल.बी. को गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह प्रधान पाठक व्याख्याता, उच्च क्षेणी शिक्षक, शिक्षक, शिक्षक एल. बी. तथा सहायक शिक्षक एल. बी., वर्ग के 48 उत्कृष्ट शिक्षकों को वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि शिक्षकों का महत्वपूर्ण कार्य विद्यार्थियों को केवल ज्ञान देना नही होता, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, सही दिशा में चलने की क्षमता और समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन करना भी होता है। हमारे बीच उपस्थित शिक्षकों ने इस कठिन मार्ग पर चलते हुए न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि समाज में भी सदाचार और सच्चाई की महत्वपूर्ण बातें सिखाई हैं। उन्होंने शिक्षा को एक नई दिशा की ओर ले जाने के लिए नवाचार किया है। हरिचंदन ने पूर्व राष्ट्पति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण किया जिनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर, अरविन्दो जैसे महान शिक्षाविदो का जिक्र किया जिन्होनें शिक्षकों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

हरिचंदन ने कहा कि शिक्षकों से कहा कि आपका यह संघर्ष और मेहनत अनमोल है। आपने कई बार कठिनाइयों का सामना किया होगा, परंतु आपकी निष्ठा और प्रतिबद्धता ने उन सभी समस्याओं को पार करने में सफलता दिलाई है। हम सबके लिए आपका यह समर्पण एक प्रेरणा स्रोत है। राज्यपाल ने सभी पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि इन शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ की समृद्धि और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में अपना योगदान दिया है और हम सभी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

**रायपुर**। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सबके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। राज्य शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 7 सितंबर को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 7 सितंबर को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। इस दौरान प्रदेश में स्थित समस्त देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, होटल, बार, क्लब, भांग एवं भांग घोटा की फुटकर दुकानें बंद रहेंगी।

### वायुसेना 30 सितम्बर को भोपाल में करेगी फ्लाई पास्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के भोजताल पर वायुसेना के 91वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर भारतीय वायुसेना द्वारा 30 सितम्बर को मल्टी एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट का आयोजन किया जाएगा। फ्लाई पास्ट में लड़ाकू विमान (सुखोई -30, मिराज-2000, जगुआर, एलसीए तेजस, हॉक), हेलीकॉप्टर (चिनूक, एमआई-17 वी 5, चेतक) और परिवहन विमान (सी130, आईएल-78 और एएन-32) शामिल होंगे। समारोह में सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम और आकाश गंगा टीम द्वारा हैरतअंगेज प्रदर्शन किए जाएंगे।

### ईडी ने नुसरत जहां को जारी किया समन

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता व अभिनेत्री नुसरत जहां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है, जिसमें एक रियल एस्टेट फर्म के साथ उनके कथित संबंध में 12 सितंबर को जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। केंद्रीय एजेंसी ने सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राकेश सिंह को भी उसी तारीख को सुबह 11 बजे तलब किया

# पीएम आवास योजना को लेकर मुख्यमंत्री ने मोदी को लिखा पत्र

■ राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के 6,99,439 तथा सामाजिक आर्थिक सर्वे में 47,090 परिवारों को आवास प्रदान करने केन्द्रांश की राशि जारी करने और आवास प्लस के 8,19,999 परिवारों के लिये राज्य सरकार को लक्ष्य प्रदान करने का किया अनुरोध

**रायपुर**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार से राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विद्यमान स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाए गए 47,090 परिवारों को आवास निर्माण के लिए केन्द्रांश की राशि जारी करने अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने अवगत कराया है कि स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों और राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाए गए 47,090 परिवारों को राज्य सराकर के द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाने राज्यांश की राशि जारी करने का भी निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि दिनांक 03 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उनके द्वारा लिखे गए पत्र में स्थायी प्रतीक्षा में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, आवास प्लस के 8,19,999 परिवारों के लिये राज्य सरकार को लक्ष्य प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही वर्ष 2021 22 हेतु आवंटित 7,81,999 आवास के लक्ष्य को भारत सरकार द्वारा वापस लेने की जानकारी दी गई थी। राज्य सरकार द्वारा किये गये इस अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा की गई कार्यवाही से आज दिनांक तक अवगत नहीं कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत कराया है भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011 में जनगणना के आधार पर स्थायी प्रतीक्षा सूची तैयार की गई थी। भारत सरकार द्वारा पुन: वर्ष 2018 में आवास प्लस सूची तैयार की गई, जिसमें स्थायी प्रतीक्षा सूची के अलावा 8,19,999 परिवार पात्र पाये गये। प्रत्येक 10 वर्षों में भारत सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना/बी.पी.एल. सर्वेक्षण कराया जाता रहा है, जो कि अभी तक नहीं कराया गया है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## रोहित शर्मा संभालेंगे कमान, हार्दिक को मिली उपकप्तानी

**कोलंबो**, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को रोहित शर्मा की कप्तानी और हार्दिक पांड्या की उपकप्तानी में एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। चोट के कारण लंबी छुट्टी के बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले केएल राहुल और श्रेयस अय्यर विश्व कप टीम में बने हुए हैं। भारत की कोर टीम में विराट कोहली,



शुभमान गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जाडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। भारत ने आखिरी बार 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में विश्व कप जीता था। एशिया कप के लिए चुने गए प्रसिद्ध कृष्णा और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**वनडे विश्वकप के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।

## मैहर बना मध्य प्रदेश का 55वां जिला

**भोपाल**, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार सुबह मैहर को जिला बनाने की घोषणा की। शाम होते-होते तो नोटिफिकेशन भी जारी हो गया। इस फैसले को विंध्य, खासकर सतना और मैहर में भाजपा को मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। मैहर के भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी लंबे समय से पार्टी की परेशानी बढ़ा रहे थे। उनकी एक मांग मैहर को जिला बनाने की भी थी। चित्रकूट से तीन सितंबर को शुरू हुई जन आशीर्वाद यात्रा मंगलवार को मैहर पहुंची। यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मैहर को जिला बनाने की घोषणा की।

सूर्य मिशन

# इसरो ने आदित्य-एल1 की दूसरी बार बढ़ाई कक्षा

■ अगली बार 10 सितंबर को बदला जाएगा कक्ष

**चेन्नई**, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को पृथ्वी से जुड़ी दूसरी कक्ष (ईबीएन 2) में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 का अगला कक्ष 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार लगभग दो बजकर 30 मिनट पर बदला जायेगा। इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस बदलाव के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया और इसकी पूरी जानकारी दी। इसरो ने कहा कि मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर में इस्ट्रैक/इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया तथा नयी कक्ष 282 किमी गुणा 40225 किमी प्राप्त की। एक अपडेट में इसरो ने पोस्ट किया, आदित्य-एल1 मिशन दूसरा पृथ्वी-बाउंड कक्ष बदलने का काम (ईबीएन-2) ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# अनुच्छेद 370 पर सुनवाई पूरी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली**, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

कोर्ट ने सुनवाई के अंतिम दिन वरिष्ठ वकीलों कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यन्त दवे और अन्य की दलीलें सुनीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता या उत्तरदाता की ओर से पेश कोई वकील लिखित दलील दाखिल करना चाहता है, तो वह अगले तीन दिनों में ऐसा कर सकता है।

हालांकि, कोर्ट ने कहा कि लिखित दलील दो पेज से ज्यादा की नहीं होनी चाहिए। पिछले 16 दिन में सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र और हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं- हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करते हुए सुना।

## शिक्षक दिवस पर बोले राहुल

# विरोधियों को भी मानता हूं अपना गुरु



नई दिल्ली, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया है। अपने संदेश में उन्होंने कहाकि वे अपने विरोधियों को ही अपना शिक्षक मानते हैं। जो अपने व्यवहार, झूठ और शब्दों से उन्हें सिखाते हैं कि वे जिस रास्ते पर चल रहे हैं वह बिल्कुल सही है। इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए हर कीमत कम है। उन्होंने देश नागरिकों के लिए भी कहाकि भारत के लोग भी शिक्षकों की तरह हैं, जो विविधता में एकता का उदाहरण देते हैं। वे हर समस्या से लड़ने के लिए प्रेरित करने वाले विनम्रता व तपस्या के प्रतीक हैं। इस अवसर देश के महापुरुषों को याद करते हुए उन्होंने कहाकि वे महात्मा गांधी, गौतम बुद्ध, श्री नारायण गुरु जैसे महापुरुषों को अपना गुरु मानते हैं। जिन्होंने समाज में सभी लोगों को समानता और सभी के प्रति दया व प्रेम दिखाने का संदेश दिया। पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर राहुल गांधी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहाकि एक शिक्षक का जीवन में बहुत ऊंचा स्थान है।



### फिल्म भारत माता की जय का पहला गाना आग लगा दे पानी में रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत और अभिनेत्री पायस पंडित अभिनीत फिल्म भारत माता की जय का पहला गाना 'आग लगा दे पानी में जी म्युजिक भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। आग लगा दे पानी में गीत के लेखक कवि प्यारे लाल यादव है जबकि इसका संगीत से मधुकर आनंद ने दिया है। इस गाने को पवन परदेशी एवं चौरस के सुमधुर आवाज में स्वरबद्ध किया गया है। ब्राइट सन हाउस इन एसोसियेशन विथ ज्ञानपुर प्रोडक्शन के बैनर तले बनी भारत माता की जय के निर्माता सतीश पोद्दार,हरसिता मिश्रा है जबकि निर्देशक सुजीत कुमार सिंह, लेखक एस के चौहान है कार्यकारी निर्माता रंजीत उपाध्याय है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म देशभक्ति से पूर्ण फिल्म है, जिसमे एक बढ़कर एक दृश्य और गाने फिल्माये गए है।

वैज्ञानिकों का शोध निष्कर्ष में दावा

# तंबाकू का पत्ता कैंसर के कई रूपों से लड़ने की रखता है क्षमता

**लखनऊ/प्रयागराज,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (एयू) के पूर्व छात्र सहित विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों ने एक शोध निष्कर्ष में दावा किया है कि तंबाकू का पत्ता कैंसर के कई रूपों से लड़ने की क्षमता रखता है। यह निष्कर्ष एक हैरान करने वाला विरोधाभास पेश करता है, क्योंकि डब्ल्यूएचओ के अनुसार, तंबाकू का उपयोग दुनियाभर में कैंसर से संबंधित सभी मौतों में से एक चौथाई के लिए जिम्मेदार है और फेफड़ों के कैंसर का प्राथमिक कारण बना हुआ है। यूके में टेलर एंड फ्रांसिस लिमिटेड के प्रकाशन 'जर्नल ऑफ बायोमोलेक्यूलर स्ट्रक्चर एंड डायनेमिक्स' में एयू के पूर्व छात्र अमित दुबे, भारतीय वैज्ञानिक आयशा तुफैल और मलेशियाई शोधकर्ताओं मिया रोनी और प्रोफेसर ए.के.एम. मोयेनुल हक के साथ की गई उल्लेखनीय खोज प्रकाशित हुई है। शोध निष्कर्ष के अनुसार, 4-[3-हाइड्रॉक्सीनिलिनो]-6,7-डाइमेथॉक्सीक्विनाज़ोलिन नामक एक अद्वितीय कैंसर-रोधी तत्व तंबाकू के पत्तों से निकाला जा सकता है, जिसका कोई स्पष्ट दुष्प्रभाव नहीं होता है। अमित दुबे ने

**■ फेफड़ों के कैंसर का प्राथमिक कारण बना तंबाकू का उपयोग**

बताया कि कैंसर कोशिकाओं का प्रसार, अस्तित्व, आसंजन, प्रवासन और विभेदन सभी एपिडर्मल ग्रोथ फैक्टर रिसेप्टर (ईजीएफआर) से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होते हैं। ट्यूमर कोशिकाओं की दीवारों में ईजीएफआर होता है। उन्हें जीवित रहने और विकसित होने के लिए इस प्रोटीन की आवश्यकता होती है। अनुसंधान टीम ने ईजीएफआर प्रोटीन को लक्षित करने वाले ड्रग बैंक तत्वों की स्क्रीनिंग के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का उपयोग किया।

इसे ड्रग बैंक के माध्यम से अलबर्टा विश्वविद्यालय और अलबर्टा कनाडा में मेटाबोलॉमिक्स इनोवेशन सेंटर द्वारा बनाए गए एक व्यापक फ्री-एक्सेस ऑनलाइन डेटाबेस के माध्यम से सुविधाजनक बनाया गया था, जहां से टीम ने अपने अध्ययन के लिए तंबाकू के पत्तों में पाए जाने वाले तत्व को प्राप्त किया था।



### गड़बड़ जीवनशैली के कारण होता है स्तन कैंसर

**नई दिल्ली।** स्तन कैंसर मुख्य रूप से पश्चिमी देशों की गड़बड़ जीवनशैली के कारण होने वाली बीमारी है। मगर कुछ उपायों से इसे रोका जा सकता है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। स्तन कैंसर दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाला सबसे आम प्रकार का कैंसर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2020 में 20 लाख से अधिक महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला और इसमें 6 लाख से अधिक महिलाओं की जान चली गई। भारत में महिलाओं में कैंसर का प्रमुख कारण स्तन कैंसर है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च की नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में भारत में दो लाख से अधिक महिलाओं में स्तन कैंसर का निदान होने का अनुमान लगाया गया था। अनुमान है कि 76,000 से अधिक मौतें हुईं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में यह संख्या बढ़कर 2.3 लाख से अधिक होने की उम्मीद है।पारस हेल्थ गुरुग्राम की उपाध्यक्ष और एचओडी मेडिकल ऑन्कोलॉजी और हेमेटोलॉजी डॉ. ज्योति वाधवा ने बताया कि स्तन कैंसर महिलाओं में कैंसर से संबंधित मौतों का सबसे आम कारण है। 10 प्रतिशत तक मामलों को वंशानुगत कारकों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, स्तन कैंसर मुख्य रूप से जीवनशैली से संबंधित बीमारी है। बढ़ती आयु, पहले बच्चे के जन्म के समय ज्यादा उम्र, कमजोरी, मोटापा और शराब के सेवन के साथ कुछ अन्य महत्वपूर्ण जोखिम इसके कारक हैं।

डॉ. वाधवा ने कहा कि इसके अलावा युवा महिलाओं में स्तन कैंसर अधिक आक्रामक और अक्सर ट्रिपल नकारात्मक प्रकार का होता है, जिसके बदतर परिणाम होते हैं। एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स द्वारका के एचओडी और सलाहकार, मेडिकल हेमाटो ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. पीयूष बाजपेयी ने कहा कि स्तन कैंसर के बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि हमने पश्चिमी जीवनशैली अपना ली है, जिसमें मोटापा, तनाव, धूम्रपान की आदतें, शराब या फास्ट-फूड जैसी आदतें शामिल हैं। इसके अलावा अल्ट्रा प्रोसेस्ड भोजन भी इसमें लिए जिम्मेदार है।

## फिरोजाबाद में 10 फीट के मगरमच्छ को रेस्क्यू किया गया

**आगरा,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश वन विभाग के सहयोग से वाइल्डलाइफ एसओएस ने फिरोजाबाद के नगला अमान गांव में घुसे 10 फुट लंबे मगरमच्छ को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया है। मगरमच्छ पास की जल नहर से भटककर एक कृषि क्षेत्र में आ गया था, जिससे गांव के लोगों के बीच हलचल मच गई। गांव के लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों की दी, जिन्होंने वन विभाग से संपर्क किया।

फिरोजाबाद के पास नगला अमान गांव में सुबह राहगीरों ने एक खेत में 10 फुट लंबा मगरमच्छ देखा। मगरमच्छ की सुरक्षा के लिए चिंतित, ग्रामीणों ने स्थानीय अधिकारियों को सूचित किया। वाइल्डलाइफ एसओएस की तीन सदस्यीय रैपिड रिस्पांस यूनिट ने स्थान तक पहुंचने के लिए 100 किमी की यात्रा की और एक घंटे तक चले ऑपरेशन में मगरमच्छ को सुरक्षित बाहर निकाला।

साइट पर किए गए मेडिकल ऑब्जर्वेशन से पता चला कि मगरमच्छ को कोई चोट नहीं आई। इसके बाद उसे प्राकृतिक स्थान में वापस छोड़ दिया गया।

जसराना के रेंज वन अधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि मगरमच्छ



को बचाने में त्वरित सहायता के लिए हम वन्यजीव एसओएस के आभारी हैं। एनजीओ की अनुभवी टीम के निर्बाध सहयोग से मगरमच्छ का सफल बचाव और रिहाई संभव हो पाई। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने कहा कि यह ऑपरेशन ग्रामीणों के सहयोग के बिना संभव नहीं होता, जिन्होंने हमें मगरमच्छ की मौजूदगी के बारे में तुरंत सचेत किया। मगर मगरमच्छ को दलदली मगरमच्छ के नाम से भी जाना जाता है, यह भारत, श्रीलंका, बर्मा, पाकिस्तान और ईरान के कुछ हिस्सों के मूल निवासी हैं। यह आमतौर पर मीठे पानी के वातावरण जैसे नदियों, झीलों, पहाड़ी झरनों, गांव के तालाबों और मानव निर्मित जलाशयों में पाए जाते हैं और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची के तहत संरक्षित हैं।



## शिक्षक दिवस पर काजोल ने कहा कि मैं ऐसे गांव में पली-बढ़ी, जो मजबूत महिलाओं से भरा था

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। शिक्षक दिवस पर एक्ट्रेस काजोल ने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को एक रील शेयर की, जिसमें उनके कई इंटरव्यू की झलक दिखी। जिसमें वह गर्व से अपनी मां और अभिनेत्री तनुजा, अपनी नानी शोभना समर्थ, परदादी रतन बाई के बारे में बात कर रही हैं। शोभना और रतन बाई दोनों भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस थीं। वीडियो में काजोल को यह कहते हुए देखा जा सकता है, 'मेरे सबसे बड़े गुरु के लिए, मेरी मां सुपर कूल हैं। मेरी मां ऑसम हैं और उनकी मां अमेजिंग हैं। जब मैं 5-6 साल की थी तब मेरी परदादी ने मुझे बुनाई करना सिखाया। उन्होंने मुझे हारमोनियम बजाना भी सिखाया।' 'बाज़ीगर' फेम एक्ट्रेस ने वीडियो को कैप्शन दिया, मैं वास्तव में एक गांव में पली-बढ़ी हूं। वह गांव, जो एकदम कूल महिलाओं से भरा हुआ था। मैंने ठोकरें खाकर सीखा है, कोई भी बातें मेरे दिमाग में बैठाई नहीं गई है। मैं कितना भी धन्यवाद कर दूं, लेकिन वह कम ही है। अच्छा और बुरा और बीच का, सब मुझे सिखाई गई, जिनका स्कूल से कोई लेना-देना नहीं है। इन सीखों का संबंध जीवन से था और वे तब काम आए, जब मुझे उनकी सबसे अधिक जरुरत थी। ज्यादातर बच्चों की तरह मैं भी किसी की नहीं सुनती थी, लेकिन सीखती थी और इसलिए वर्तमान में इतनी उभर पाई हूं। ये सीखना खत्म नहीं हुआ है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल को आखिरी बार 'लस्ट स्टोरीज 2' में 'देवयानी' के रूप में देखा गया था। उन्होंने डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग एक कानूनी ड्रामा 'द ट्रायल- प्यार कानून धोखा' में भी अभिनय किया। उनकी अगली फिल्म 'सरजमीं' और 'दो पत्ती' हैं।

## 'वंशज' के आगामी एपिसोड में एक्शन करती नजर आएंगी अंजलि तत्रारी

**मुंबई,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। टेलीविजन शो 'वंशज' के आगामी एपिसोड में युविका की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी शो में जबरदस्त एक्शन सीन करती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने साझा किया कि इन एक्शन सीन पर काम करते हुए वो खुद को सशक्त महसूस कर सकी। हाल ही में शूट किए गए एक फाइट सीन में अंजलि ने लाजवाब परफॉर्मेंस दी जिससे हर कोई हैरान रह गया। 'वंशज' में युविका को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा और उसके दोस्त नील (मोहित कुमार द्वारा अभिनीत) के तुरंत हस्तक्षेप करने के बजाय, युविका ने अपनी व्यक्तिगत ताकत का एहसास करते हुए अपनी लड़ाई लड़ी। उसी के बारे में बात करते हुए अंजलि ने कहा कि मैं सचमुच मानती हूं कि हर चुनौतीपूर्ण दृश्य एक अभिनेत्री के रूप में विकास का अवसर है। 'वंशज' में हालिया लड़ाई का सीन कोई अपवाद नहीं था। इसकी तैयारी के लिए समर्पण और अभ्यास की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि रिहर्सल ने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ शॉट देने की अनुमति दी और मेरे निर्देशक और सह-कलाकारों के समर्थन ने मुझे इसे स्क्रीन पर सशक्त ढंग से प्रदर्शित करने में मदद की। पुरुष प्रभुत्व के विचार पर टिके रहने के बजाय, 'वंशज' ने दिखाया



कि मेरा किरदार युविका संघर्षों को सुलझाने में मजबूत है। इस सशक्त दृष्टिकोण ने मुझे उन सीमाओं से मुक्त होने की अनुमति दी जो अक्सर विशिष्ट कहानियों से जुड़ी होती हैं। वंशज सोनी सब पर सोमवार से शनिवार प्रसारित होता है।

## महिला ने पुलिस को बम की 39 बार फर्जी कॉल की

**मुंबई,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। मुंबई की एक महिला ने मंगलवार को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन करके पॉश नेपियन सी रोड पर कथित तौर पर बम रखे होने की सूचना दी, जो बाद में अफवाह निकली।



पुलिस को बाद में पता चला कि महिला ने पहले भी इसी तरह के 38 बम धमकी भरे कॉल किए थे। इस बार 39वीं फर्जी कॉल थी। महिला की धमकियों की वजह से पुलिस को विभिन्न क्षेत्रों में रखे गए गैर-मौजूद विस्फोटकों के लिए इधर-उधर भागना पड़ा था।

इसी तरह मुंबई पुलिस को दक्षिण मुंबई के कमाठीपुरा इलाके में बम रखे होने की सूचना मिली, जो एक फर्जी चेतावनी निकली।

हाल ही में मुंबई पुलिस को मंत्रालय, पुलिस मुख्यालय, हवाई अड्डों, रेलवे, उपनगरीय ट्रेनों, प्रमुख स्थानों आदि स्थानों पर 26/11 की तरह आतंकवादी हमलों वाले बम रखे जाने की चेतावनी देने वाली कॉलों की बौछार की गई थी, लेकिन सभी फर्जी निकलीं। महिला के अलावा, अन्य कॉल मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्तियों द्वारा की गई थीं, एक बीमार नाबालिग लड़के द्वारा, या कुछ संदिग्ध पात्रों द्वारा की गई थी, जिन पर कार्रवाई की जाएगी।

स्वस्थ जीवन को लेकर वैज्ञानिकों का अध्ययन में खुलासा

## हफ्ते में कम से कम तीन दिन व्यायाम जरूरी

**■ कम अवधि की एक्सरसाइज एक या दो बड़े प्रशिक्षण सत्रों की तुलना में अधिक फायदेमंद**

**सिडनी,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि फिट रहने के लिए सप्ताह में कम से कम तीन दिन एक्सरसाइज करना जरूरी है। अगर इसे सप्ताह में पांच दिन कर दिया जाए तो यह स्वास्थ्य के



लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। निष्कर्षों से पता चला कि सप्ताह में ज्यादा दिन एक्सरसाइज करने की इच्छाशक्ति रखने से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

यह अध्ययन इस समझ को और बेहतर बनाने में मदद कर सकता है कि मानव शरीर एक्सरसाइज के प्रति किस प्रकार प्रतिक्रिया करता है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी (ईसीयू) के अध्ययन प्रमुख प्रोफेसर केन नोसाका ने कहा कि हमारे पिछले काम से पता चला है कि नियमित रूप से की गई कम अवधि की एक्सरसाइज एक या दो बड़े प्रशिक्षण सत्रों की तुलना में अधिक फायदेमंद है।

नोसाका ने कहा कि अब हमें इस बात का स्पष्ट अंदाजा हो गया है कि वह निर्णायक बिंदु कहां है, जहां आप इस तरह की न्यूनतम एक्सरसाइज से सार्थक लाभ देखना शुरू करते हैं। यूरोपियन जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में प्रतिभागियों को एक भारी डम्बल से तीन सेकेंड प्रयास वाला बाइसेप करते देखा गया।

नए अध्ययन में प्रतिभागियों को दो समूहों में विभाजित किया गया था, पहला समूह प्रति सप्ताह में दो दिन, तीन सेकेंड की एक्सरसाइज करता था। वहीं दूसरा समूह सप्ताह में तीन दिन एक्सरसाइज करता था।

चार सप्ताह के बाद शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों की बाइसेप्स की तुलना की।

जिन लोगों ने प्रति सप्ताह दो दिन एक्सरसाइज की, उनमें कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं देखा गया। हालांकि, तीन दिन एक्सरसाइज करने वाले समूहों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई। हालांकि, सप्ताह में पांच दिन एक्सरसाइज करने वालों की मांसपेशियों में काफी वृद्धि देखने को मिली।



## परिणीति-राघव की शादी इसी महीने उदयपुर में, गुरुग्राम में होगा रिसेप्शन

**जयपुर,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। आप पार्टी के नेता राघव चड्ढ़ा और एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इस महीने लेक सिटी उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शादी की रस्में 23-24 सितम्बर को होटल लीला पैलेस और उदय विलास में होंगी।

इस दौरान राजनीति और बॉलीवुड जगत की कई बड़ी हस्तियां उदयपुर आएंगी। सूत्रों की मानें तो मेहंदी, हल्दी और संगीत कार्यक्रम 23 सितम्बर से शुरू होंगे। साथ ही चर्चा है कि शादी के बाद गुरुग्राम में रिसेप्शन भी रखा जाएगा।

कार्यक्रम में परिणीति की बहन प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनास सहित कई फिल्मी हस्तियों और दिल्ली और अन्य राज्यों के नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

# कान्हा नगरी के पांच मंदिरों में जन्माष्टमी मनाने की परंपरा है निराली

**मथुरा,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। कान्हा की नगरी मथुरा के पांच मन्दिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने की निराली परंपरा है। इनमें से चार मन्दिर वृन्दावन में एवं एक मन्दिर नन्दगांव में है। वृन्दावन के प्राचीन राधारमण, राधा दामोदर एव गोकुलानन्द मन्दिर में जन्माष्टमी दिन में मनाई जाती है वहीं वृन्दावन के शाहजी मन्दिर में भी जन्माष्टमी दिन में मनाने की परंपरा चली आ रही है। पांचवां मन्दिर नन्दबाबा मन्दिर नन्दगांव है जहां पर आठ सितम्बर को जन्माष्टमी मनाई जाएगी लेकिन इस मन्दिर में इस दिन न तो अभिषेक होगा और ना ही रात 12 बजे के अभिषेक के दर्शन होते हैं। राधारमण मन्दिर मे तो इस दिन मन्दिर के सेवायत लाला को चिरंजीव होने का आशीर्वाद तक देते हैं। राधारमण मन्दिर के सेवायत आचार्य दिनेश चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि चैतन्य महाप्रभु के शिष्य रूप गोस्वामी ने यह परंपरा आज से लगभग 500 वर्ष पहले डाली थी जिसका वर्णन रूप गोस्वामी के ग्रन्थ 'श्रीकृष्ण जन्म तिथि विधि' में मिलता है। वास्तव में जन्माष्टमी श्रीकृष्ण की सालगिरह है तथा रात में लाला को जगाकर

**■ चार मन्दिर वृन्दावन में एवं एक मन्दिर नन्दगांव में**




उसका जन्म दिन मनाना ठीक नही है इसलिए ही दिन में जन्माष्टमी मनाने के बारे में रूप गोस्वामी, जीव गोस्वामी और गोपाल भट्ट ने दिया था। शाह जी मन्दिर में सभी परंपराएं राधारमण मन्दिर के अनुरूप ही चलती हैं इसलिए यहां भी जन्माष्टमी दिन में ही मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि ठाकुर का यमुना जल से अभिषेक करने के बाद 27 मन गाय के दूध, दही, घी तथा बूरा, शहद, औषधि, वनोषधि, सर्वोषधि, महाषधी आदि से अभिषेक किया जाता है सबसे अन्त में केशर से अभिषेक किया जाता है। इसके बाद पर्दा आ जाता है और अन्दर ही ठाकुर का श्रृंगार होता है। श्रृंगार के बाद ठाकुर को राई लोन उतार कर मन्दिर के सेवायत उन्हें आशीर्वाद देते हैं

*माई तेरो चिर जीवे गोपाल*

इसके बाद मन्दिर के सेवायत ठाकुर से प्रार्थना करते हैं 'न धनम, न जनम न सुन्दरी' अर्थात हे प्रभु मुझे कुछ नहीं चाहिए क्योंकि आप के श्रीचरणों में मेरा अनुराग बना रहे। इस दिन तिल का विशेष भोग लगता है। आरती के बाद सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण होता है तथा अभिषेक समाप्त होने के बाद ही चरणामृत का वितरण मन्दिर के बाहर होता है। राधा दामोदर मन्दिर में सवा मन गाय के दूध के साथ पंचामृत अभिषेक उसी प्रकार होता है जैसे राधारमण मन्दिर में होता है।यहां के अभिषेक की विशेषता यह है कि भक्त भी अभिषेक में अपना सहयोग देने के लिए दूध लेकर आते है और मन्दिर के सेवायत को अभिषेक के लिए दे देते हैं भक्तों द्वारा कई मन दूध लाया जाता है तो कुछ भक्त 250 मिलीलीटर तक दूध लाते हैं। एक प्रकार से यहां का अभिषेक सामूहिक अभिषेक होता है जो मन्दिर के सेवायतों द्वारा किया जाता है। मन्दिर के सेवायत आचार्य बलराम गोस्वामी ने बताया कि इस मन्दिर में अभिषेक के बाद दही और हल्दी मिश्रित कीच सेवायत एक दूसरे पर डालकर श्रीकृष्ण के अवतरण पर खुशी जाहिर करते हैं। इस दिन उस गिर्राज शिला का भी अभिषेक किया जाता है जिसे ठाकुर जी ने स्वयं सनातन गोस्वामी को दिया था। यहां के कार्यक्रम में विदेशी कृष्ण भक्त भी शामिल होते हैं क्योंकि इस मन्दिर में साधना करने के बाद ए सी भक्ति वेदान्त स्वामी प्रभुपाद को विशेष ज्ञान प्राप्त हुआ था।

### मथुरा में जन्माष्टमी उत्सव इसरो वैज्ञानिकों को समर्पित



उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान मंदिर में इस साल का जन्माष्टमी समारोह सफल चंद्रयान-3 मिशन के लिए इसरो वैज्ञानिकों को समर्पित होगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने कहा कि आईएसओपी अध्यक्ष एस. सोमनाथ के प्रयासों को बताने के लिए उस अस्थायी निवास का नाम 'सोमनाथ पुष्प बांग्ला' रखा गया है, जहां भगवान 7 सितम्बर की मध्यरात्रि को विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि कृष्ण की मूर्ति की विशेष पोशाक का नाम प्रज्ञान रोवर के नाम पर 'प्रज्ञान प्रभास' रखा गया है। बंगाल और दिल्ली के डिजाइनर विशेष पोशाक को अंतिम रूप दे रहे हैं। मंदिर प्रबंधन निकाय के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने कहा कि चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंच गया है। इतनी बड़ी उपलब्धि पर देश का प्रत्येक नागरिक वैज्ञानिकों की दृढ़ता, त्याग और कड़ी मेहनत की सराहना करता है। चंद्रवंशी भगवान कृष्ण की 5,250वीं जयंती के एक विशेष और भव्य उत्सव में, प्रज्ञान रोवर की एक विशेष कलाकृति पवित्र भागवत भवन में, देवता की सीट के सामने रखी जाएगी। 23 अगस्त को, जिस दिन लैंडर मॉड्यूल प्रज्ञान ने लैंडिंग की, उसकी सफलता के लिए मथुरा के प्रमुख मंदिरों में विशेष प्रार्थनाएं की गईं थीं।

रायपुर, बुधवार 6 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जी-20 का भारत और यथार्थ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि चमकाने का नया मौका दिन-ब-दिन करीब आता जा रहा है। साथ ही यह भी पता चल रहा है कि इसके लिये किस बड़े पैमाने पर पैसा खर्च किया जा रहा है। 9 और 10 सितम्बर को दिल्ली में आयोजित जी-20 के दौरान इवेंटबाजी में सिद्धहस्त मोदी भारत की एक ऐसी चमकदार तस्वीर पेश करने जा रहे हैं जिसके पीछे देश की बदहाली का अंधेरा छिप जाये। वैश्विक नेताओं के सामने वे खुद को एक उदार, लोकतांत्रिक तथा समतावादी नेता साबित करने की कोशिश करने जा रहे हैं ताकि पिछले नौ वर्षों के दौरान उनके सारे लोकतंत्र विरोधी कृत्यों पर पर्दा पड़ जाये। वे खुद और साथ ही कमजोर होती हुई उनकी भारतीय जनता पार्टी इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन का भरपूर लाभ आंतरिक राजनीति में उठाने पर आमादा दिखलाई पड़ रही है। इसके लिये एक तरफ आयोजन स्थलों को बेतहाशा सजाया-संवारा जा रहा है, तो दूसरी तरफ मोदी इस आशय के बयान दे रहे हैं हैं मानों उन्होंने मुल्क को ज़न्नत बना दिया हो।

पहले बात करें साज-सज्जा की। दिल्ली के हृदय स्थल पर बने प्रगति मैदान में 'भारत मंडपम' के नाम से भव्य आयोजन स्थल बनकर लगभग तैयार हो चुका है। 26 देशों के राष्ट्राध्यक्ष यहां भारत के आध्यात्मिक-सांस्कृतिक गौरव और परम्परा का प्रस्तुतिकरण देखेंगे। बाहरी मुल्कों से आने वाले जी-20 के संख्या में बहुत कम लेकिन बेहद प्रभावशाली राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाने और आत्मसंतुष्टि के लिये मंडप के अलग-अलग हिस्सों में भारत का केन्द्रीय भाव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अभिव्यक्त हो रहा है। सांस्कृतिक वीथिका में 29 भाषाओं में बतलाया गया है कि 'संसार एक परिवार है।' हिन्दू धर्म से जुड़े कई प्रतीक चिन्ह भी यहां हैं- मोर पंख है तो शंख भी। यहां पंचतत्व है, सूर्य शक्ति है, योग है और वेद की पाण्डुलिपि भी। यानी वह सब कुछ जो प्राचीन भारत की देन है। हालांकि इस सम्पूर्ण वास्तु के दौरान यह भी ध्यान रखा गया है कि वर्तमान सत्ता को इन तमाम उपलब्धियों एवं अर्जित विकास का श्रेय देना है। 'जीरो से इसरो' इसी प्रयास की एक कड़ी है। तीन दर्जन सभा कक्षों वाली चार मंजिला इमारत में 14 हजार लोगों के बैठने तथा 5500 कारों की पार्किंग के लिये जगह है। शंखनुमा झूमर के साथ इतना आलीशान सभा कक्ष कि कोई देश की गरीबी का अंदाजा भी न लगा सके।

इसके साथ ही बात करनी ज़रूरी है उस साक्षात्कार की जो प्रधानमंत्री ने जी-20 सम्मेलन के अवसर पर एक समाचार एजेंसी को दिया है। उन्होंने इसमें बताया है कि पहले भारत को एक अरब भूखे लोगों का देश माना जाता था परन्तु अब वह एक अरब महत्वाकांक्षी दिमाग तथा 2 अरब कुशल हाथों में रोजगार का देश बन गया है। भारत के जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाने का दावा दोहराते हुए मोदी साहब बतलाते हैं कि 2047 तक, यानी आजादी के सौ साल पूरे होने पर देश एक विकसित राष्ट्र बन जायेगा। विकास के लिये 4-डी का फार्मूला देते हुए मोदी यह भी बताते हैं कि अब दुनिया का भारत को देखने का नजरिया बदल गया है। डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डायवर्सिटी के साथ डेवलपमेंट शब्द को जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत का 1000 वर्षों के विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका है। एक अच्छे समाज सुधारक की तरह उन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद एवं साम्प्रदायिकता से दूर रहने की सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने देशी व अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र पर अपनी गहरी पकड़ व अनुभव के बल पर छोटे विकासशील देशों को सलाह भी दी है कि वे कर्जों के जाल में न फंसें। इसके अलावा भी उन्होंने अनेक बातें कही हैं जो भारत के नागरिक आधारित मॉडल, फेक न्यूज़ के खतरे, कोरोना काल में भारत द्वारा 150 देशों को टीके व दवाइयां देने और 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' से सम्बन्धित है।

अगर मोदी के उपरोक्त साक्षात्कार के अलग-अलग हिस्सों पर विचार करें तो साफ है कि भारत में कम से कम ऐसा कुछ भी होता हुआ नहीं दिख रहा है। देश में रोजगार की स्थिति सर्वज्ञात है। देश की विकास दर निम्न स्तर पर है। देश में लोकतंत्र के जितने खराब दिन अभी चल रहे हैं, वैसे नागरिकों ने कभी भी नहीं देखे। मानवाधिकार कानून ताक पर रख दिये गये हैं, सारी संवैधानिक संस्थाएं इतनी कमजोर कर दी गई हैं कि वे एक तरह से सरकार की हां में हां मिला रही हैं। सत्ता से सवाल पूछने वाले जेलों में डाल दिये गये हैं। लोकतंत्र की जननी होने का दावा करने वाले मोदी का 9 साल का कार्यकाल नागरिकों के बुनियादी हकों और समावेशी संस्कृति को मटियामेट कर चुका है। जातिवाद और साम्प्रदायिकता का आलम यह है कि दलित महिलाओं से बलात्कार होते हैं, आदिवासियों पर पेशाब की जाती है तथा ट्रेन में बाकायदा शिनाख्त करते हुए मुस्लिमों को गोलियों से भुना है। संविधान बदलने की बात होती है और विपक्ष मुक्त भारत बनाया जा रहा है।

आधी से ज्यादा दिल्ली को ठहराकर या बन्द कराकर मोदी स्वयं को बाहरी लोगों के सामने देश का सबसे शक्तिशाली और देशवासियों के समक्ष एक लोकप्रिय वैश्विक नेता साबित करना चाहते हैं। आंतरिक राजनीति में अपनी कमजोर होती स्थिति को सुधारने के लिये मोदी बड़े पैमाने पर खर्च कर रहे हैं वरना नयी दिल्ली और उसके आसपास ऐसे सैकड़ों स्थल हैं जहां ये आयोजन सादगीपूर्ण ढंग से हो सकते हैं। दरअसल यह मोदी द्वारा वैश्विक नेताओं के समक्ष प्रस्तुतिकरण के लिये तैयार किया गया भारत है। असली हिन्दुस्तान बिलकुल अलग है- बदहाल, विपन्न, विभाजित और पिछड़ता हुआ।

# भारतीय अस्मिता और हिन्दू राष्ट्र

■ अरुण कुमार डनायक

क्या भारत कभी हिन्दू राष्ट्र बन सकता है? क्या 'हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' का नारा कभी धरातल पर उतर सकता है? ये यक्ष प्रश्न हैं। इनका उत्तर 1947 के बहुत पहले, शायद सौ वर्षों से खोजा जा रहा है, लेकिन अभी तक जवाब नहीं मिला है। इस परिकल्पना में जीते अनेक हिंदूवादी संगठन अपना अस्तित्व अतीत को भेंट कर चुके हैं, जनता ने उन्हें कई बार सिरे से नकार दिया है, लेकिन एक संगठन जिसे हम फासिस्टवादी हिटलर और मुसोलिनी से प्रेरित बताते हैं, जिसका विस्तार आज़ादी की पूर्व संध्या तक केवल महाराष्ट्र के कतिपय ब्राह्मणों तक सीमित था और बंटवारे के समय वह कुछ सिंधी और पंजाबी शरणार्थियों पर असर डालने में सफल हुआ, आज भारत का सबसे प्रभावशाली संगठन बन गया है। उपरोक्त नारे इसी संगठन की दिमागी उपज हैं और एक मोटे अनुमान से कहा जा सकता है कि देश की पच्चीस से तीस प्रतिशत आबादी का विश्वास इन नारों में है।

भारत की इस आबादी के मनो-मस्तिष्क में यह बात भर दी गई है कि हिंदुत्व और भारतीयता एक-दूसरे के पर्याय हैं। हिन्दू शब्द का अस्तित्व वैदिक या पौराणिक नहीं है। इसकी उत्पत्ति ही पश्चिमी आक्रान्ताओं के, सिन्धु नदी को इंडस और इस भूभाग को इंडिया कहने से हुई। यही इंडस और इंडिया आगे चलकर हिन्दू और हिन्दुस्तान हो गए। इस आधार पर अगर विदेशी विद्वान यहां के सभी निवासियों को हिन्दू मानते हैं तो भला क्या आपत्ति हो सकती है, लेकिन आपत्ति तो उन लोगों को सबसे ज्यादा है जो 'हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' का नारा देते हैं। उनकी निगाह में हमारी धार्मिक मान्यताओं से परहेज रखने वाले अहिंदू हैं। ये अहिंदू उनके साथ बैठ तो सकते हैं, लेकिन उनका स्थान बराबरी का नहीं होगा। जब तक यह समानता स्वीकार नहीं की जायेगी, अहिंदू स्वयं को भारतीय कहलाने में तो गर्व महसूस करेंगे, लेकिन हिन्दू कहलाना कतई पसंद नहीं करेंगे।

फिर भारत तो ऐसा देश है जहां धर्म, आध्यात्म, संस्कृति और सामाजिक विचारों की अनेक धाराएं आकर समाहित हो गई हैं। हमारे देश में ऐसे लाखों-करोड़ों लोग हैं जो किसी धर्म को नहीं मानते। उस वैदिक संस्कृति, आर्य सभ्यता पर भी उनका विश्वास नहीं है जिसे हिन्दुत्ववादी संगठन राष्ट्रीय स्वाभिमान से जोड़कर देखते हैं। इसलिए हमारी राष्ट्रीय पहचान हिंदुत्व व हिन्दू की जगह भारतीय रहनी चाहिए। भाषा को भी संस्कृत, उर्दू, हिन्दी के पचड़े से दूर रखना चाहिए। हमारे पूर्वज भले चाहे किसी भी भाषा को सम्प्रेषण का माध्यम मानते रहे हों, लेकिन यदि हम जिस भाषा को पढ़-लिख नहीं सकते वह हमारी मातृभाषा नहीं हैं। ऐसा मानने में क्या हर्ज है?

जब हम अंग्रेजों की गुलामी की बेड़ियों से मुक्त हुए तब विभाजन का दंश झेलना पड़ा। पाकिस्तान का जन्म धर्म के आधार पर हुआ, लेकिन हमारे तत्कालीन नायकों ने बहुसंख्यक हिन्दू आबादी वाले देश को हिदुस्थान मानने की बजाय 'इंडिया देट इज भारत' कहा। हमने धार्मिक आधार पर बंटवारे को सिरे से नकार दिया। हम लम्बे समय तक भारत विभाजन के लिए जिन्ना की कट्टरवादिता और हिन्दू-मुस्लिमों के बीच अविश्वास की गहरी खाई को दोषी मानते रहे, लेकिन इसके लिए हमारे इतिहासकारों ने कभी भी सुल्तानों और मुग़ल बादशाहों के अत्याचारों, धर्म परिवर्तन, आस्था स्थलों की तोड़-फोड़ को दोष नहीं दिया, वरन हमने अंग्रेजों की 'फूट डालो, राज करो' की नीति को हिन्दू-मुस्लिम वैमनस्यता का दोषी माना।

अब जो प्रयास इतिहास पुनर्लेखन को लेकर हो रहे हैं वे इन स्थापित धारणाओं के विपरीत हैं। विभाजन के आधार को यदि पुनर्जीवित कर इसे धार्मिक आधार देने का प्रयास सफल होता है तो इसका मतलब यही होगा कि जिन्ना, गोलवलकर, सावरकर एक ही हैं। जिन्ना ने यदि भारत को इस्लाम के नाम पर विखंडित कर दिया तो हिंदुत्व के नाम से यह नया प्रयास एक और विखंडन को जन्म देगा।

भारतीय मानसिकता जिसका मूलाधार वेदान्त में निहित है, राज धर्म की बात करता है। वह शासक से अपेक्षा करता है कि धर्म, जाति, विचारों के आधार पर प्रजा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिये। भारत के संविधान निर्माताओं में बहुसंख्यक सदस्य वेद-पुराण में वर्णित राजनीतिक सिद्धांतों व नीति उपदेशों से प्रेरित थे। वे महात्मा गांधी के अनुयायी नहीं, तो प्रशंसक अवश्य थे। उन्होंने जिस संविधान की रचना कर भारत के लोगों को समर्पित किया था उसमें धर्म आधारित राज्य को तरजीह देने की जगह धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे में शामिल किया गया था।

**भारतीय मानसिकता जिसका मूलाधार वेदान्त में निहित है, राज धर्म की बात करता है। वह शासक से अपेक्षा करता है कि धर्म, जाति, विचारों के आधार पर प्रजा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिये। भारत के संविधान निर्माताओं में बहुसंख्यक सदस्य वेद-पुराण में वर्णित राजनीतिक सिद्धांतों व नीति उपदेशों से प्रेरित थे। वे महात्मा गांधी के अनुयायी नहीं, तो प्रशंसक अवश्य थे।**

यदि भारत के संविधान का आधार हिन्दू धर्म होता तो क्या होता? यह कल्पना ही मन को झकझोर देती है। हमारे दिमाग में सीरिया, सउदी अरब, ईरान, पाकिस्तान की आवाम का चित्र आ जाता है। भारत का संविधान भारतीय लोगों का संविधान है, वह हिन्दू संविधान नहीं है। इसीलिये यह देश हिन्दुस्थान नहीं भारत है और यहां के निवासी हिन्दू नहीं भारतीय हैं।

इतना कहने मात्र से हम साम्प्रदायिकता के जहर से मुक्त नहीं हो सकते। देश की बहुसंख्यक आबादी को यह भरोसा दिलाने की आवश्यकता है कि भले चाहे संविधान के अनुच्छेद 25 (धर्म को मानने और प्रचार करने का समान हक), अनुच्छेद 26 (धार्मिक संस्थाओं की स्थापना और पोषण की स्वतंत्रता), अनुच्छेद 28 (शिक्षा संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने की स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 29 (नागरिकों के किसी भी वर्ग को अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार) आदि प्रावधान अल्पसंख्यकों में भेदभाव-रहित राज्य की कल्पना के लिए जोड़े गए हैं, लेकिन वे बहुसंख्यकों के अधिकारों का हनन नहीं करते और इन अनुच्छेदों के प्रावधान उन्हें भी अपने धर्म का पालन करने संबंधी पर्याप्त छूट देते हैं।

अल्पसंख्यकों को भी कतिपय मामलों में अपने विचार बदलने होंगे। वे भले ही हिन्दू आदर्शों को अपना नहीं मानें, लेकिन कुतबुद्दीन ऐबक, अलाउद्दीन खिलजी, औरंगजेब जैसे धर्मांध मुस्लिम शासकों को, जिन्होंने राजधर्म निभाने में चूक की, अपना आदर्श नहीं बताएं। उन्हें गैर-कानूनी व आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त अपने सजातीय बंधुओं की न केवल भर्त्सना करनी होगी, वरन उन्हें प्रश्रय देना भी बंद करना होगा। ऐसा करने में यदि उनकी जान भी चली जाय तो उन्हें उसकी परवाह नहीं करनी चाहिए। देश की एकता और अखंडता अक्षुण रखने के लिए कम-से-कम इतने बलिदान की अपेक्षा तो की जा सकती है।

मुसलमानों में भी बहुत सी सामाजिक कुरीतियां, जैसे-बहु-पत्नी प्रथा, पर्दा प्रथा, उत्तराधिकार, तलाक, असमानता आदि हैं। उन्हें इन पुरातन नियमों में परिवर्तन के लिए स्वयं आगे आना होगा। कुरआन ईश-निंदा की इजाजत नहीं देता। बहुसंख्यक समुदाय भी प्राय: अल्लाह, पैगम्बर साहब के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करता है, लेकिन कुछ मामलों में चूक हो ही जाती है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय को फतवा देने से बचना चाहिए। अगर ऐसे कुछ उपाय मुसलमान करेंगे और सरकारें भी धार्मिक आधार पर आयोजनों से परहेज करेंगी तो यह देश भारत के संविधान के अनुसार चलता रहेगा।

**(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं)**

# भारत के उच्च व्यापार घाटे के पीछे डंप चीनी निर्यात

■ नन्तु बनर्जी

यह समझना मुश्किल है कि भारत लगातार चीन का शिकार क्यों हो रहा है, अगर वह पूरी तरह से जानता है कि चीन निर्यात में भारी डंपिंग कर रहा है और वह अक्सर 'कच्चे माल की लागत से कम पर माल की आपूर्ति कैसे करता है?'

यह सवाल भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के हाल ही में दिल्ली में जी-20 देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ एक पैनल चर्चा में मॉडरेटर के रूप में नाराजगी के संदर्भ में प्रासंगिक है, जहां उन्होंने चीनी उप मंत्री (वाणिज्य) वांगशौवेन से खुले तौर पर पूछा: 'आप सामान की आपूर्ति कैसे कर सकते हैं, कच्चे माल की लागत से भी कम पर?'

गोयल को यह बताना चाहिए कि भारत पिछले नौ वर्षों में चीन से इतनी भारी मात्रा में आयात करने के लिए क्यों मजबूर है, यह जानते हुए भी कि चीन माल डंप कर रहा है? चीन से डंप किये गये आयात भारत के समान वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों को कैसे प्रभावित कर रहे हैं? 2014 में जब भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सत्ता में आई, तो चीन से भारत का आयात लगभग 58 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। पिछले साल, यूएन कॉमट्रेड डेटा बेस के अनुसार, चीन से भारत का व्यापारिक आयात बढ़कर .102.25 बिलियन हो गया।

जबकि गोयल ने बताया कि, चीन के साथ उच्च व्यापार घाटे के डर से भारत आरसीईपी में शामिल क्यों नहीं हुआ, चीनी उप मंत्री (वाणिज्य) वांग शौवेन ने कहा, 'इसके विपरीत, आरसीईपी कार्यक्रम से बाहर निकलने के भारत के फैसले के बावजूद भारत-चीन व्यापार लगातार बढ़ रहा है।' चिंता थोड़ी अलग है, द्विपक्षीय व्यापार चीन के पक्ष में झुका हुआ है। उद्योग जगत का मानना है कि अगर हम आरसीईपी में शामिल होते तो व्यापार जरूर बढ़ता, लेकिन व्यापार घाटा और बढ़ जाता,' गोयल ने कहा।

भारतीय वाणिज्य मंत्री ने आगे कहा कि चीन को भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों से अधिकतम एंटी-डंपिंग और एंटी-सब्सिडी प्रश्नों का प्राप्तकर्ता होने के कारण, आयातकों को आश्चर्य होता है कि चीन अपने निर्यात की कीमत कैसे तय करता है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी बात है कि मुझे लगता है कि सभी मंत्री यह जानना चाहेंगे कि आप कच्चे माल की लागत से कम पर सामान की आपूर्ति कैसे कर सकते हैं।'

हालांकि, चीनी मंत्री लापरवाह थे। वांग ने व्यावहारिक रूप से गोयल को फटकार लगाई और चीनी निर्यात डंपिंग के बारे में भारतीय वाणिज्य मंत्री की टिप्पणियों पर बहुत कम ध्यान दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि आरसीईपी से बाहर रहने के भारत के फैसले के बावजूद, दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं।

'पिछले साल, द्विपक्षीय व्यापार 130 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यदि द्विपक्षीय या आरसीईपी संदर्भ में कोई एफटीए होता है, तो व्यापार क्षमता का हमारे दोनों देशों के लाभ के लिए और अधिक दोहन किया जायेगा। आरसीईपी में शामिल होने का निर्णय आपका है, लेकिन भारत के लिए आरसीईपी के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे, 'वांग शौवेन ने जवाब दिया।

वांग के बयान से यह आभास होता है कि भारत के पास चीन से अधिक से अधिक आयात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यहां तक कि दोनों देशों के बीच बढ़ती कूटनीतिक कड़वाहट और लद्दाख क्षेत्र से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारत की भूमि सीमाओं पर चीन की लगातार सैन्य ताकत चीन के साथ भारत के बेहद बढ़ते घाटे वाले व्यापार को प्रभावित करने में विफल रही है।

क्या गोयल के पास वांग की टिप्पणियों का कोई विशिष्ट उत्तर है? भारत चीन से इतना अधिक आयात क्यों करता है? भले ही भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, देश तेजी से आयात पर निर्भर होता जा रहा है और व्यापार घाटा लगभग हर साल बढ़ रहा है। पिछली बार भारत में व्यापार का अनुकूल संतुलन 1976-77 में देखा गया था - जिसे 'आपातकालीन' वर्ष के रूप में जाना जाता है - 86 करोड़ रुपये तक, जब एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य केवल 8.5 रुपये के आसपास था। भारत ने पहली बार 1972-73 में अनुकूल व्यापार संतुलन दिखाया था। यह रकम 104 करोड़ रुपये थी और तब विनिमय दर एक अमेरिकी डॉलर के लिए 7.5 रुपये थी।

ये दो वित्तीय वर्ष स्वतंत्र भारत के इतिहास में एकमात्र ऐसे कालखंड हैं, जिनमें देश का व्यापार संतुलन अनुकूल रहा। वर्तमान में, भारत का व्यापार अधिशेष केवल अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाईटेड किंगडम और वियतनाम जैसे कुछ देशों के साथ है। 2022-23 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) साल-दर-साल 13.84 प्रतिशत बढ़कर 770.18 बिलियन डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल आयात 17.38 प्रतिशत की तेज गति से बढ़कर 892.18 अरब डॉलर हो गया। भारत का कुल व्यापार घाटा 2022-23 में बढ़कर 122 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 83.53 बिलियन डॉलर था।

जब विशेष रूप से व्यापारिक निर्यात की बात आती है, तो भारत की वैश्विक रैंक केवल 447.46 बिलियन डॉलर के निर्यात के साथ 19वीं थी। 2022 में, चीन ने दुनिया भर में 3.59 ट्रिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। भारत की आयात-आधारित आर्थिक वृद्धि के विपरीत, निर्यात ने चीन की अर्थव्यवस्था को अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया।

1995 से चीन लगातार व्यापार अधिशेष की बुकिंग कर रहा है। 2022 में, व्यापार अधिशेष 31 प्रतिशत बढ़कर 876 बिलियन डॉलर हो गया - जो कि 1950 में चीन द्वारा रिकॉर्ड बनाये रखना शुरू करने के बाद से सबसे अधिक है- फिर निर्यात सात प्रतिशत बढ़ा और आयात केवल एक प्रतिशत बढ़ा। चीन के व्यापार अधिशेष, पिछले साल, अकेले भारत के कारण .101.02 बिलियन था, जो 2021 में 69.38 बिलियन के स्तर से बढ़ रहा है।

नवंबर 2019 में चीन के नेतृत्व वाले 15 देशों के व्यापार ब्लॉक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से भारत के बाहर निकलने के बावजूद, ऐसा माना जाता है कि यह स्वदेशी जागरण मंच के आदेश पर किया गया है, जो अखिल भारतीय दक्षिणपंथी आरएसएस की रक्षा और रक्षा करने वाली शाखा है और मानता है कि सरकार भारतीय व्यापार और उद्योग का विकास करे। अब समय आ गया है कि गोयल और उनकी चुनावी सरकार कूटनीतिक रूप से आक्रामक चीन से आयात को नियंत्रित करने और 'डंपिंग' मुद्दे से निपटने के बारे में एक मजबूत निर्णय ले।

**नवंबर 2019 में चीन के नेतृत्व वाले 15 देशों के व्यापार ब्लॉक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से भारत के बाहर निकलने के बावजूद, ऐसा माना जाता है कि यह स्वदेशी जागरण मंच के आदेश पर किया गया है, जो अखिल भारतीय दक्षिणपंथी आरएसएस की रक्षा और रक्षा करने वाली शाखा है और मानता है कि सरकार भारतीय व्यापार और उद्योग का विकास करे।**

भारत चीन से जो कुछ भी आयात करता है वह दुनिया के अन्य हिस्सों में उपलब्ध नहीं है। वर्तमान सरकार मई 2014 से सत्ता में है। संतुलित आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाली आयात-निर्यात नीति बनाने और उसे लागू करने में काफी समय लग गया है।

चीन के साथ तनावपूर्ण राजनयिक संबंध रखने वाले अधिकांश देश चीन से आयात में कटौती कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुसार, 2023 के पहले पांच महीनों के दौरान, चीन से अमेरिकी आयात एक साल पहले की समान अवधि से 24 प्रतिशत कम था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि देश की कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए अपनी आपूर्ति लाइनों का स्थान बदल रही हैं, या तो प्रतिद्वंद्वी महाशक्तियों के बीच दबने के जोखिम से बचने के लिए या ग्राहकों के करीब सामान का उत्पादन करने की दीर्घकालिक रणनीति के हिस्से के रूप में। भारत को चीन से आयात में भारी कटौती करने के लिए इसी तरह की प्रथा का पालन करना चाहिए।

## पावन प्रसंग

# युवाओं की ऊर्जा एवं बुजुर्गों का अनुभव

यह हमेशा से रहा है कि पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ी को नासमझ व भटका हुआ समझती है और नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी की परवाह नहीं करती। यह इसी मतभेद और विरोधाभास का विरोधाभासी होती है। अब आज के दौर को ही लें। साहित्यकारों से लेकर समाजशास्त्रियों तक की एक मुकम्मिल पुरानी पीढ़ी, आज के युवाओं को बेपरवाह, लापरवाह, भटकी हुई और गलत दिशा का राही मानती है, जबकि किशोर इस विस्फोटक सूचना के प्रौद्योगिकी युग में पुरानी पीढ़ी को चुका हुआ समझता है।

पुरानी पीढ़ी के पारंपरिक बुद्धिजीवी नई पीठी को अपने ढंग से परिभाषित करने की कोशिश कर रहे हैं और नई पीढ़ी उनकी इस हास्यास्पद कोशिश पर तरस खा रही है। नई पीढ़ी के साथ अपने दबाव और अपनी सम्मस्याएं होती हैं तो यह भी सही है कि उसकी अपनी एक सहूलियत भी होती है। मई पीढ़ी अगर पुरानी पीढ़ी से कुछ मामलों में पीछे होती है तो बहुत मामलों में आगे भी होती है लेकिन यह विरोधाभास ज्यादातर लोगों को समझ में नहीं आता। इसलिए नई और पुरानी पीढ़ी के बीच मतभेद होते हैं। दोनों ही पीढ़ियां एक दूसरे के महज नकारात्मक पहलुओं पर ही दृष्टि केंद्रित करती हैं और नतीजा यह होता है कि दोनों एक दूसरे को समझ नहीं पातीं और खारिज कर देती हैं।

कुछ बुजुर्गों का कहना है कि नई पीढ़ी पूरी तरह से मुगालते में है। वह भटकी हुई है। भ्रम में जी रही हैं। नई पीढ़ी जिसे अपनी सफलता, अपनी आजादी, रंगों और सपनों से भरी अपनी दुनिया मान रही है, वह दरअसल यह एक धोखा है और हकीकत में वह उसके पतन की प्रक्रिया है। नई पीढ़ी को लगता है वह नृत्य कर रही है, लेकिन वह नृत्य नहीं कर रही, बल्कि उनके पैरों के नीचे की धरती हलचल करते हुए खिसक रही है। दरअसल उनकी उछल कूद उनके पैरों के नीचे से खिसकती जमीन का नतीजा है। अगर इस कल्पना की नकारात्मकता की तह तक पहुंचेंगे तो केवल कल्पना ही नजर आती है। आखिर नई पीढ़ी क्यों और कैसे इस कदर मुगालते में हो सकती है? महज रुमानियत से भरी और अव्यावहारिक हैं? क्या वह मेहनत नहीं करती? क्या वह नया नहीं सोचती? क्या उस पर बेहतर साबित होने के दबाव नहीं है? क्या वह कल्पनाशील नहीं है? क्या वह दुनिया के तमाम खतरों से परिचित नहीं है?

हैरानी होती है, जब कोई पूरी पीढ़ी के बारे में एकतरफा नजरिया बना लेता है और वह भी बेहद नकारात्मक नजरिया। नई पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी शायद इसलिए समझ नहीं पा रही है, क्योंकि बदलाव की जिस रफ्तार से नई पीढ़ी गुजर रही है और बदलाव की जिस तेज रफ्तार में नई पीढ़ी ने आंखें खोली हैं, उससे पुरानी पीढ़ी कदमताल कर पाने में खुद को असमर्थ पा रही है। इस पीढ़ी ने वास्तविक ग्लोबल जेनरेशन की अवधारणा के विकास क्रम के दौर में आंखें खोली हैं और पुरानी पीढ़ी ने सिर्फ नीति- वचनों में ही वसुधैव कुटुम्बकम् जैसे आप्त वचन पढ़े हैं। इस पीढ़ी का भावनाओं से कम, वास्तविकता से ज्यादा लेना देना है। पुरानी पीढ़ी वास्तविकता में कम और भावनाओं में ज्यादा जीती है।

यह पीढ़ी अगर सचमुच में ग्लोबल जेनरेशन है, भूमंडलीय पीढ़ी है तो इसका मतलब सिर्फ यह नहीं है कि नई पीढ़ी सिर्फ और सिर्फ बुराइयों या खामियों का ही वैश्विक विस्तार कर रही हैं। नई पीढ़ी अपनी खूबसूरत मौलिक ऊर्जा कल्पनाओं, क्षमताओं, कोशिशें और सपनों को भी एक दूसरे के साथ बांटती हैं।

इसी युग में हिंदुस्तानी युवाओं को डिस्कवरी और हिस्ट्री जैसे चैनल भी दिए हैं, जो इतना ज्ञान परोसते हैं, जो बड़ी-बड़ी लाइब्रेरियों तक में नहीं है। अगर ग्लोबल जेनरेशन एक दूसरे के ऐबों से रूबरू हुई है तो एक दूसरे की खूबियों से भी परिचित हुई हैं। आज कितने बच्चे हैं जो दुनिया के किसी भी कोने के बारे में सटीक और वास्तविक जानकारी रखते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बौद्धिकता की जड़ों को खोखला करता अज्ञानता, अंधविश्वास

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है। यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है। अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।

युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती है और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है। दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है। शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती है। शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन पर चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है। ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहां बच जाती है भला? शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा हो जाना चाहिए कि इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए। बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है, किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौंवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना- इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे-धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलत: अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र में विश्वास कर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों तक की बलि देने से भी परहेज नहीं करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत, राहु-केतु, काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ, तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है।

**संजीव ठाकुर**

# देश विदेश

## चक्रवात की चपेट में आने से चार लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में चक्रवात के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गी, जबकि अन्य व्यक्ति और एक जोड़े की बाढ़ में बहने से मौत हो गयी तूफान के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे राज्य के 15 से अधिक शहरों में बाढ़ आ गई।

# शेख हसीना व मोदी की आठ सितम्बर को होगी मुलाकात



**ढाका,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक की तारिख आठ सितंबर को नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तय हुई है। ढाका में बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच आधिकारिक बैठक आठ सितंबर को सुश्री हसीना की नई दिल्ली यात्रा के पहले दिन होगी। बांग्लादेश के कई अधिकारियों ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की बंगलादेश की प्रस्तावित यात्रा को देखते हुए दोनों प्रधानमंत्रियों (हसीना-मोदी) के बीच आठ सितंबर को बैठक का प्रस्ताव रखा गया है। भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यालय ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त की है और आठ सितंबर को दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच बैठक तय है हालांकि बैठक के समय की घोषणा अभी नहीं की गई है। गौरतलब है कि बंगलादेश सरकार जी-20 शिखर सम्मेलन के मेजबान देश भारत के विशेष आमंत्रण पर एक अतिथि के रूप में इसमें हिस्सा ले रही है। इसके अलावा, अमेरिका, फ्रांस, सऊदी अरब, चीन, रूस जैसे जी-20 गठबंधन में शामिल शीर्ष नेतृत्व के अलावा 150 से ज्यादा हाई-प्रोफाइल मेहमान इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत के इतिहास के सबसे रोमांचक कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद 10 सितंबर को वापस फ्रांस लौटने से पहले बंगलादेश जाएंगे और इसमें शामिल होने से पहले रास्ते में, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सात सितंबर को ढाका में 20 घंटे ठहरने वाले हैं। बंगलादेश का अस्तित्व में आने के बाद इसके इतिहास में किसी रूसी विदेश मंत्री की यह पहली बंगलादेश की यात्रा होगी।

■ जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तय हुई मुलाकात

## जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के कार्यालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस सप्ताह भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे। बयान में कहा गया, जी20 शिखर सम्मेलन फ्रांस के राष्ट्राध्यक्ष को हर महाद्वीप के अपने समकक्षों के साथ चल रही बातचीत जारी रखने में सक्षम बनाएगा, ताकि दुनिया के विखंडन के जोखिमों का मुकाबला किया जा सके। उन्होंने कहा, यह प्रमुख वैश्विक चुनौतियों के लिए संयुक्त प्रतिक्रियाओं को लागू करने में प्रगति करने का भी एक अवसर होगा, जिन्हें केवल बहुपक्षीय कार्रवाई के माध्यम से प्रभावी ढंग से निपटाया जा सकता है। जिसमें शांति, स्थिरता, गरीबी उन्मूलन, जलवायु और हमारे पृथ्वी की सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और डिजिटल विनियमन शामिल है।



## सूडान संघर्ष से 48 लाख लोग विस्थापित हुए : संरा

**खार्तूम,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड (आरएसएफ) के बीच संघर्ष के कारण अप्रैल के मध्य से सहायता बल सूडान के अंदर और बाहर लगभग 48 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को अपने नवीनतम अपडेट में कहा कि लगभग दस लाख लोग पड़ोसी देशों में चले गए हैं। ओसीएचए के मुताबिक सूडान में संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 20 लाख बच्चे अपने घरों से भाग गए हैं। इससे पहले सोमवार को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (यूएनएचसीआर) ने संघर्ष के कारण सूडान से भाग कर पांच पड़ोसी देशों में आने वाले 10.8 लाख से अधिक लोगों को आवश्यक सहायता और सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर की अपील की थी। यूएनएचसीआर ने एक बयान में कहा कि संकट से निपटने के लिए मई में शुरू में लगाए गए अनुमान से दोगुनी वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है कि दस लाख से अधिक शरणार्थी और तीसरे देश के नागरिक पहले ही भाग चुके हैं।

■ लगभग दस लाख लोग पड़ोसी देशों में पहुंचे

## सुडोकू 6308

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | | | | 8 | | 6 |
| | | | | 3 | 8 | | 7 | |
| 5 | 8 | | | 9 | | | | |
| 9 | 7 | | 3 | | 1 | | 4 | 8 |
| 4 | | | | | | | | 5 |
| 6 | 1 | | 8 | | 9 | | 2 | 3 |
| | | | | 7 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 2 | 8 | | | | |
| 7 | | 4 | | | | 3 | | 9 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 6 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 7

### राशिफल

मेष - परिवार और कार्य के क्षेत्र में समझौतापूर्ण व्यवहार से संघर्ष टाल सकेंगे। वाणी पर नियंत्रण नहीं होने से किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा होने की आशंका रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। मन की उदासी से नकारात्मक विचार आएंगे।

वृषभ - विचारों की दृढ़ता के साथ आप सावधानीपूर्वक काम करेंगे। व्यवस्थित रूप से आर्थिक विषयों का आयोजन कर सकेंगे। अपनी रचनात्मकता को निखार सकेंगे। वस्त्र, आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

मिथुन - आपकी वाणी या व्यवहार से आज किसी के साथ गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। परिजनों तथा सगे- संबंधियों के साथ खूब संभलकर रहना पड़ेगा। बीमारी या दुर्घटना का योग है, सावधानी बरतें। मान प्रतिष्ठा को हानि पहुंचेगी।

कर्क - आर्थिक आयोजनों और नए कार्य की शुरूआत करने के लिए उत्तम दिन है। व्यापार- धंधे में लाभ, नौकरी में पदोन्नति और आय के स्रोत में वृद्धि होने से आप आनंद और संतोष की भावना का अनुभव करेंगे।

सिंह - नौकरी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभदायक और सफल दिन है। आपके कार्यक्षेत्र में आप वर्चस्व और प्रभाव जमा सकेंगे। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल से आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा।

कन्या - आपका आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत होगा। किसी तीर्थ स्थान की यात्रा के संयोग बनेंगे। विदेश गमन के लिए अवसर निर्मित होंगे। भाई-बंधुओं से लाभ होगा। ऑफिस में अधिकारियों से वाद-विवाद ना करें।

तुला - आकस्मिक धन लाभ का दिन है। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए उत्तम दिन है। फिर भी नए काम शुरू न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। दोस्तों से सचेत रहें।

वृश्चिक - दैनिक घटना चक्र की प्रवृत्तियों में आज परिवर्तन आएगा। आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन की दुनिया में घूमने के मूड में होंगे। इसमें मित्रों, परिजनों का साथ मिलेगा। सार्वजनिक जीवन में आपकी मान- प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल होंगे। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आपका दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी सृजनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव होगी। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े होने की संभावना है।

मीन - आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मुलाकात होगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## जिल बाइडेन कोरोना संक्रमित हुई

**वाशिंगटन,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन कोरोना वायरस संक्रमित पायी गयी हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि श्रीमती बाइडेन की कोविड-19 की रिपोर्ट सोमवार को पॉजिटिव आयी। श्रीमती बाइडेन की प्रवक्ता एलिजाबेथ एलेक्जेंडर ने कहा, आज शाम अमेरिकी प्रथम महिला कोविड-19 पॉजिटिव पायी गयी। वह रेहोबोथ बीच स्थित अपने घर में रहेंगी। व्हाइट हाउस के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की रिपोर्ट हालांकि निगेटिव आयी है। एक प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि व्हाइट हाउस के कोविड प्रोटोकॉल या राष्ट्रपति के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच श्री बाइडेन मंगलवार को सेना के एक कैप्टन को व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में पदक प्रदान करेंगे। इसके बाद वे गुरुवार को जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत रवाना होंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में देश के प्रथम महिला दक्षिण कारोलिना में छुट्टियां मनाने के दौरान कोरोना पॉजिटिव पायी गयी थीं। वहीं श्री बाइडेन जुलाई में कोरोना पॉजिटिव पाये गये थे।



## इमरान की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**इस्लामाबाद,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने जवाबदेही कानूनों को चुनौती देने वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की 2022 की याचिका पर आखिरकार मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें 50 से अधिक सुनवाई शामिल थीं।

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन और न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह की तीन सदस्यीय पीठ ने आज याचिका पर सुनवाई की। जून 2022 में पूर्व प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जवाबदेही (दूसरा संशोधन) अधिनियम 2022 के तहत राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) अध्यादेश में किए गए संशोधन के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। संशोधनों ने राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश (एनएओ) 1999 में कई बदलाव किए, जिसमें एनएबी अध्यक्ष और अभियोजक जनरल का कार्यकाल घटाकर तीन साल करना, एनएबी के अधिकार क्षेत्र को 50 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों तक सीमित करना और सभी लंबित पूछताछ, जांच और संबंधित प्राधिकारियों के परीक्षणों को स्थानांतरित करना भी शामिल है।



■ 50 से अधिक सुनवाई थीं शामिल

### हाईकोर्ट ने परवेज इलाही को रिहा करने का दिया आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने मंगलवार को 3-एमपीओ (सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव) के तहत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष परवेज इलाही की हिरासत को निलंबित कर दिया और इस्लामाबाद पुलिस को उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री इलाही को एक सितंबर को लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा रिहा किए जाने के तुरंत बाद इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी (आईसीटी) पुलिस की ओर से फिर से गिरफ्तार कर लिया गया था।

## किम जोंग उन की बेटी सैन्य कार्यक्रमों में होती हैं शामिल

**प्योंगयांग,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन सैन्य क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को उजागर करने और सशस्त्र बलों का समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य-संबंधित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से अपनी बेटी किम जू ऐ को अपने साथ लेकर जाते हैं। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के एकीकरण मंत्रालय के हवाले से मंगलवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, किम जू ए पहली बार नवंबर 2022 में अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज की थी, जब उन्होंने ह्वासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण में हिस्सा लिया था। तब से, वह 15 कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिनमें से 12 सैन्य-संबंधित कार्यक्रम हैं और शेष तीन अर्थव्यवस्था और सामाजिक कार्य से संबंधित हैं।



### रूस का दौरा कर सकते हैं किम जोंग-उन

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने और संभावित हथियार सौदे पर चर्चा करने के लिए रूस की यात्रा कर सकते हैं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क टाइम्स ने सोमवार को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में अज्ञात अमेरिकी और संबद्ध अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि किम अगले सप्ताह व्लादिवोस्तोक की यात्रा कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, किम उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से, संभवत: बख्तरबंद ट्रेन से, रूस के प्रशांत तट पर व्लादिवोस्तोक तक यात्रा करेंगे, जहां वह पुतिन से मिलेंगे।

## जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने ली शपथ

**हरारे,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा ने क्षेत्रीय नेताओं और अन्य विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एक समारोह में अपने दूसरे पांच साल के कार्यकाल के लिए शपथ ली। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने हुए आम चुनाव में 52.6 प्रतिशत वोट हासिल कर मनांगाग्वा की जीत हुई। हरारे की राजधानी में राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में अपने संबोधन में मनांगाग्वा ने उन्हें सत्ता में बनाए रखने के लिए जिम्बाब्वे के लोगों को धन्यवाद दिया और अगले पांच वर्षों में देश को एकजुट करने, आधुनिकीकरण और विकास जारी रखने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने के चुनाव ने एक बार फिर प्रदर्शित किया है कि जिम्बाब्वे अब एक परिपक्व लोकतंत्र है। मनांगाग्वा ने कहा, हम अपने देश में संवैधानिक लोकतंत्र को गहरा और मजबूत करना जारी रखेंगे। यह जीत नव-उपनिवेशवादी और आधिपत्यवादी प्रवृत्ति के खिलाफ जिम्बाब्वे के लोगों की है।



## वर्ग पहेली 6308

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. संविधान संबंधी
४. दूसरा साल
६. पीछे का, पीछे की ओर
७. पूजा में देवता को चढ़ाई जाने वाली सामग्री
८. बजरंग बली
१०. धातु का बना हुआ, धातु संबंधी
११. एक तरह का वाद्ययंत्र
१३. उत्साह, उल्लास, मौज, जोश
१४. सुग्रीव के राज्य की राजधानी
१५. कम खर्ची, कमदाम, बचत (उर्दू)
१७. चांदी
१९. जो मोटा न हो, जो गाढ़ा न हो
२१. दबाव देना, दबाना
२२. चापलूस
२४. बड़ा शहर

**ऊपर से नीचे:-**
१. सिकुड़ना
२. अविरल गति से होने या जारी रहनेवाला
३. काशी के पास का एक तीर्थस्थल
४. मेघ, बादल, पर्वत, कृष्ण के चार घोड़ों में से एक का नाम
५. अनुवाद (उर्दू)
९. जिसका गठन अभी हाल ही में हुआ हो
११. वृद्धि (उर्दू)
१२. मुरदे रखने का संदूक (उर्दू)
१३. ऋण, कर्ज
१४. भाग्य, नसीब (उर्दू)
१५. किले में रहने वाली सेना का प्रधान, दुर्ग रक्षक (उर्दू)
१६. अपने नाम के अनुरूप
१८. जोंक
१९. वायु, हवा
२०. निरूपाय (उर्दू)1
२३. खून, लहू

## वर्ग पहेली-6307

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | २ ह | वा | 3 स | ■ | ४ सौ | म | ५ न | स्य |
| ल | ■ | म | ■ | ६ म | र्या | दा | ■ | र्म | ■ |
| ७ वा | रि | स | ■ | झ | ■ | ८ मि | क | दा | ९ र |
| न | ■ | फ | ■ | १० दा | मि | नी | ■ | ■ | ज |
| ■ | ११ द | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ वि | जि | त |
| ■ | रि | ■ | न | ■ | १४ घ | प | ला | ■ | म |
| १५ भ | द्र | १६ ज | न | ■ | ट | ■ | १७ स | १८ म | य |
| र | ■ | क | ■ | १९ अ | ना | २० थ | ■ | दि | ■ |
| २१ पा | प | ड़ | ■ | धि | ■ | २२ क | त | रा | २३ ना |
| यी | ■ | २४ ना | म | क | मा | ना | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1552-समंदर के रास्ते पृथ्वी का पूरा चक्कर लगाने वाला पहला जहाज विक ?टोरिया आज ही के दिन स्पेन लौटा था।

1716: पहला लाइट हाउस उत्तरी अमेरिका के बोस्टन में बनाया गया।

1870-अमेरिका में पहली बार किसी महिला ने स्थानीय चुनावों में वोट डाला। हालांकि, राष्ट्रीय चुनावों में वोटिंग का अधिकार महिलाओं को 1920 में मिला था।

1901-अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति विलियम मैककिनले को गोली मार दी गई थी। आठ दिन बाद उनकी मौत हो गई थी।1915: पहला युद्धक टैंक बनाया गया। इंग्लैंड में बने टैंक के पहले प्रोटोटाइप को ‘लिटिल विलि’ के नाम से पुकारा गया।1916-पहला सुपर मार्केट अमेरिका के टेनेसी में खुला।

1929-फ़िल्म निर्माता यश जौहर का जन्म हुआ ।

1937-इल मजूको युद्ध के साथ स्पेन में गृह युद्ध शुरू हुआ।1958-अमेरिका ने अटलांटिक सागर में परमाणु परीक्षण किया।

1965-भारतीय सेना ने तीन जगहों से सीमा पार कर पश्चिमी पाकिस्तान पर हमला किया था।

1969-अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड को ब्रिटेन से आजादी मिली। आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।1972-हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के दिग्गज उस्ताद अलाउद्दीन खान का निधन हुआ।

1986-इस्तांबुल में यहूदी उपासना गृह में हमले में 23 लोग मारे गए।

1988-11 साल की उम्र में थॉमस ग्रेगोरी इंग्लिश चैनल पार करने वाले सबसे कम उम्र के तैराक बने।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शिक्षकों के संकल्प और समर्पण से...

को इस बात का गर्व है कि हमारे राज्य में ऐसे समर्पित और प्रेरणास्रोत शिक्षक हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा में रचनात्मकता को बढ़ावा दिया जाय तथा शिक्षकों को रचनात्मक शिक्षण विधि से पढ़ाने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हम जिस जगह पर खड़े है वहां तक पहुंचाने में हमारे गुरूओं का योगदान है। भारत के चंद्रयान को चंद्रमा तक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिकों ने जो सफलता हासिल की है, उसमे भी उनके गुरूओं का बड़ा योगदान है। बघेल ने कहा कि प्रदेश, जिला, ब्लाक से लेकर स्कूलों तक शिक्षा का वातावरण तैयार करना सबसे जरूरी है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यो से शिक्षा का वातावरण राज्य में बना जिसकी चर्चा पूरे देश में है। प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति तथा स्कूलों का जीर्णोद्धार, साफ-सफाई एवं सौंदर्यकरण के लिए 1 हजार 37 करोड़ रूपये स्वीकृत किया गया और इसके लिए आगे भी राशि की कमी नहीं होगी। बघेल ने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती, नियमित परीक्षा का आयोजन तथा कोरोनाकाल में राज्य की शिक्षण व्यवस्था की राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हुई। स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने वर्ष 2023-24 के राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों के नाम की घोषणा की।

### मुख्यमंत्री बघेल ने ...

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार के द्वारा, सामाजिक आर्थिक जातिगत -2011 के मापदण्डों के अनुसार, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कराया गया, जिसमें कुल 47,090 परिवारों को आवासहीन होना पाया गया है। अतएव, स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष 6,99,439 परिवारों तथा राज्य सरकार के द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाये गये आवासहीन 47,090 परिवारों को योजनांतर्गत आवास निर्माण कर लाभान्वित किये जाने हेतु राज्यांश राशि जारी कराने का निर्णय लिया गया है।

### विश्व कप के लिए...

तिलक वर्मा विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके। संजू सैमसन को भी 15 खिलाड़ियों की स्कवाड में जगह नहीं मिली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को विश्व कप टीम सौंपने की समय सीमा पांच सितंबर है, लेकिन टीमें आईसीसी से अनुमोदन की आवश्यकता के बिना 28 सितंबर तक बदलाव कर सकती हैं। भारत एशिया कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन और एकदिवसीय मैच खेलेगा, जबकि उसे अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही करनी है।

### इसरो ने आदित्य-एल1 की...

आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक किया गया है। मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया।

**15 लाख किमी लंबी यात्रा पर निकला है यान**

अंतरिक्ष यान को दो सितंबर को एसएचएआर रेंज से लॉन्च किया गया था और यह सौर क्षेत्र की चार महीने की 15 लाख किमी लंबी यात्रा पर निकला है। चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद इसरो ने दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से देश का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 लॉन्च किया था। इस मिशन के तहत यान में सूर्य का विस्तृत अध्ययन करने के लिए सात अलग-अलग पेलोड भेजे गए हैं, इसमें से चार सूर्य से प्रकाश का निरीक्षण करेंगे और अन्य तीन प्लाज्मा तथा चुंबकीय क्षेत्र के इन-सीटू मापदंडों को मापेंगे।

## दुनिया को जानें

### स्वस्थ जीवन के लिए हफ्ते में तीन दिन व्यायाम जरूरी

**सिडनी,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि फिट रहने के लिए सप्ताह में कम से कम तीन दिन एक्सरसाइज करना जरूरी है। अगर इसे सप्ताह में पांच दिन कर दिया जाए तो यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। निष्कर्षों से पता चला कि सप्ताह में ज्यादा दिन एक्सरसाइज करने की इच्छाशक्ति रखने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। यह अध्ययन इस समझ को और बेहतर बनाने में मदद कर सकता है कि मानव शरीर एक्सरसाइज के प्रति किस प्रकार प्रतिक्रिया करता है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी के अध्ययन प्रमुख प्रोफेसर केन नोसाका ने कहा, हमारे पिछले काम से पता चला है कि नियमित रूप से की गई कम अवधि की एक्सरसाइज एक या दो बड़े प्रशिक्षण सत्रों की तुलना में अधिक फायदेमंद है। नोसाका ने कहा, अब हमें इस बात का स्पष्ट अंदाजा हो गया है कि वह निर्णायक बिंदु कहां है, जहां आप इस तरह की न्यूनतम एक्सरसाइज से सार्थक लाभ देखना शुरू करते हैं। यूरोपियन जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में प्रतिभागियों को एक भारी डम्बल से तीन सेकेंड प्रयास वाला बाइसेप करते देखा गया।

# खेल जगत

## सुपर चार चरण के लिए फिट हुए लिटन

**ढाका,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज लिटन दास बुखार से पूरी तरह उबर गए हैं और एशिया कप 2023 के सुपर चार मैचों में हिस्सा लेने के लिए टीम में शामिल होंगे। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। बीसीबी ने एक बयान में कहा, सलामी बल्लेबाज लिटन कुमार दास वायरल बुखार से पूरी तरह ठीक हो गए हैं, जिसके कारण वह टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के लिए टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं कर पाए थे। वह एशिया कप के सुपर चार मैचों से पहले पाकिस्तान में टीम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि रविवार को लाहौर में अपने आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान पर 89 रनों की जीत के बाद बंगलादेश ने सुपर चार चरण में जगह बना ली। बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने बताया कि एशिया कप के शुरुआती दो मैचों में कुछेक खिलाड़ियों को चोट लगी है।



## रोहित-शुभमन के अर्द्धशतकों से भारत सुपर 4 में

■ भारत ने नेपाल को डकवर्थ लुइस नियम के आधार दस विकेट से हराया




**नई दिल्ली,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। कप्तान रोहित शर्मा और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के शानदार अविजित अर्द्धशतकों के साथ अपनी रंगत पाने तथा बाएं हाथ के अनुभवी लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा (3/40) और मोहम्मद सिराज (3/61) के गेंद से कमाल से भारत ने नेपाल को पालीकेल(श्रीलंका) में वन डे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रुप ए में बारिश की आंखमिचौनी के बीच अपने दूसरे मैच में सोमवार देर रात डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर दस विकेट से हरा कर दो मैचों में पह पहली जीत साथ सुपर 4 में जगह बना ली। बारिश के कारण धीमी पिच पर नमी के कारण नेपाल के कर्ण केसी ने रोहित को अपने पहले ओवर में अपने मूवमेंट से जरूरी कुछ परेशान किया लेकिन एक बार रंगत पाने के बाद उन्होंने मैच के मिजाज की जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी कर दर्शनीय स्ट्रोक खेले। नेपाल के बल्लेबाजों की तारीफ करनी होगी उन्होंने भारत से पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर सम्मानजनक स्कोर बनाया।

भारत का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए में पहला मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म हो गया था। पाकिस्तान ने नेपाल को 238 रन के बड़े अंतर से हराया था। भारत और पाकिस्तान दोनों ने नेपाल को हराया और ग्रुप ए में दोनों के दो दो मैचों में एक-एक जीत और एक मैच बेनतीजा रहने से समान रूप से तीन तीन अंक रहे। पाकिस्तान अपने बेहतर नेट रन रेट के कारण ग्रुप ए में पहले और भारत दूसरे स्थान पर रहा और अब ये दोनों टीमें 10 सितंबर को सुपर 4 में फिर आमने-सामने होंगी।

भारत को बारिश के कारण जीत के लिए डकवर्थ नियम के आधार पर जीत के लिए 23 ओवर में 145 रन बनाने का संशोधित लक्ष्य मिला। मैन ऑफ द' मैच रोहित शर्मा (अविजित 74 रन, 59 गेंद, पांच छक्के, छह चौके और शुभमन गिल (67 रन,62 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) की सलामी जोड़ी की असमाप्त 147 रन भागीदारी की भारत ने बिना कोई विकेट खोए मैच जीत लिया। रोहित और शुभमन की सलामी जोड़ी की भारत के लिए वन डे में यह तीसरी शतकीय भागीदारी थी।

इससे पूर्व सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख (58 रन, 97 गेंद, 8 चौके) के अर्द्धशतक और आठवें नंबर पर उतरे ऑलराउंडर सोमपाल कामी के दो छक्कों और एक चौकों की मदद से 56 गेंद 48 रन की बेशकीमती पारी की बदौलत नेपाल ने भारत के ढीले क्षेत्ररक्षण का लाभ उठाकर पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 230 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। भारत के शीर्ष क्रम के पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में लडखड़ाने के बाद नेपाल के बल्लेबाजों ने भारत के तेज गेंदबाजों -मोहम्मद सिराज और शार्दूल ठाकुर के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाकर अपने स्ट्रोक खेल शुरू के दस ओवर में उन पर दबाव बनाया। भारत के लिए मैच के शुरू में श्रेयस अय्यर, विराट कोहली और विकेटकीपर इशान किशन ने तीन आसान कैच टपकाए और इसका नेपाल के बल्लेबाजों ने लाभ उठाया लेकिन दोनों स्पिनरों -खासतौर पर लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप ने कंजूसी से गेंदबाजी कर भारत की मैच में वापसी कर दी।

आसिफ शेख व उनके सलामी जोड़ीदार कुशल भुरतल (38 रन,25 गेंद, दो छक्के व तीन चौके) ने पहले विकेट के लिए शुरू के दस ओवर में तेज शुरुआत 65 रन जोड़ नेपाल को बढ़िया शुरूआत दी लेकिन तभी शार्दूल ठाकुर ने भुरतल को विकेटकीपर इशान किशन के हाथों कैच करा नेपाल को पहला झटका दिया। भारत के लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 16 से 22 वें ओवर के बीच भीम शर्की(7), कप्तान रोहित पौडल (5) और कुशल मल्ला (2) को आनन फानन में आउट कर नेपाल का स्कोर 22 ओवर में चार विकेट पर 104 रन कर दिया। जडेजा का दूसरे छोर से कसी गेंदबाजी कर कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने खूब साथ निभाया। सिराज ने आसिफ को पारी के 30 वें ओवर में विराट कोहली के हाथों कैच करा उनकी बेहतरीन पारी का अंत करने के बाद बारिश आने से पहले गुलशन झा (23 रन, 35 गेंद, तीन चौके)को आउट किया।बारिश के बाद खेल फिर शुरू होने पर हार्दिक ने दीपेंद्र सिंह ऐरी (29 रन, 25 गेंद, तीन चौके)के बढिया ऑफ कटर पर आउट कर नेपाल का स्कोर 42 ओवर में सात विकेट पर 194 कर दिया। हार्दिक और सिराज की शॉर्ट पिच पर सोमपाल कामी ने खुल कर शॉट खेले और मोहम्मद शमी की गेंद पर विकेटकीपर इशन को कैच थमा आउट होने से पहले संदीप लमिछाने के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 34 रन जोड़ टीम के स्कोर को 228 रन पर पहुंचाया और दो गेंद पर लमिछाने (9) सब्स्टियूट फील्डर अक्षर पटेल ने रनआउट कर दिया। अंतिम पूर्व दूसरी गोल पर सिराज ने ललित राजबंशी(0) को बोल्ड कर नेपाल की पारी 230 रन पर समेट दी।

## जब भारत-पाकिस्तान का मैच होता है तो सब कुछ थम जाता है : रोजर बिन्नी



**लाहौर,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप मैच देखने के लिए पाकिस्तान पहुंचे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने पीसीबी की सराहना की और भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंधों पर विशेष चर्चा की। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्हें पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने आमंत्रित किया था।

गवर्नर हाउस में पीसीबी गाला डिनर में बोलते हुए बिन्नी ने कहा, मैं आज रात के कार्यक्रम के निमंत्रण के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आपके लिए बीसीसीआई और भारत के क्रिकेट प्रेमियों की ओर से शुभकामनाएं लाया हूं। भारत-पाकिस्तान मैच सबसे बड़े खेलों में से एक है। मैं आपको बता सकता हूं। जब भारत पाकिस्तान से खेलता है तो सब कुछ रुक सा जाता है।

बीसीसीआई प्रमुख ने आगे कहा, लोग काम नहीं करते हैं, सड़कें खाली रहती हैं। हर कोई टेलीविजन के सामने क्रिकेट देख रहा होता है। भारत और पाकिस्तान में क्रिकेट इतना बड़ा है। जब से हम सीमा पार कर के इस मुल्क में आए हैं, तब से हमें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने किसी चीज की कमी नहीं होने दी और मैं उनके इस खास आतिथ्य के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने आखिरी में कहा, यह एक अद्भुत अनुभव था। अपने लाहौर दौरे के दौरान, बीसीसीआई अधिकारी मंगलवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होने वाले एशिया कप मैच को देखेंगे।

दोनों अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव युद्धवीर सिंह और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम भी हैं। बीसीसीआई ने भारत के सभी मैच पाकिस्तान में खेलने से मना कर दिया था, इसलिए 13 मैचों में से केवल चार ही वहां होंगे। शेष खेल सह-मेजबान श्रीलंका के पल्लेकेले और कोलंबो में खेले जा रहे हैं।

## वर्ल्ड कप से पहले क्विंटन डी कॉक ने किया संन्यास का ऐलान



**जोहान्सबर्ग,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। स्टार बल्लेबाज और विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक वनडे विश्व कप 2023 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान किया। इस दौरान क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपनी विश्व कप टीम की घोषणा में क्विंटन डी कॉक की संन्यास लेने की खबर की पुष्टि की और कहा, हम दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए उनकी सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक एनोच एनकेवे ने कहा, क्विंटन डी कॉक दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए वास्तव में एक अच्छे साथी रहे हैं। उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली से कई रिकॉर्ड बनाए और टीम के कई सालों तक मुख्य बल्लेबाज रहे। डी कॉक ने 2013 में टीम में डेब्यू किया था और अब तक 140 मैच खेले हैं। 44.85 की औसत और 96.08 की स्ट्राइक रेट के साथ डी कॉक ने 5966 रन बनाए हैं। उनके नाम पर 17 शतक और 29 अर्द्धशतक हैं, जिसमें 178 का उच्च स्कोर है जो 2016 में सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था। एक विकेटकीपर के रूप में उनके नाम 183 कैच और 14 स्टंपिंग हैं। डी कॉक ने आठ वनडे मैचों में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी भी की, जिनमें से उन्होंने चार जीते और तीन हारे। दक्षिण अफ्रीका अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ करेगा।

## सिनर पर कड़ी जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में ज्वेरेव



**न्यूयॉर्क,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी ओपन 2023 के कड़े और रोमांचक शीर्ष 16 मुकाबले में इटली के यानिक सिनर को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। चार सेट के समापन के बाद दोनो खिलाड़ी 2-2 की बराबरी पर थे, जिसके बाद ज्वेरेव ने पांचवें सेट में बाज़ी मारकर सिनर को चार घंटे 41 मिनट में 6-4, 3-6, 6-2, 4-6, 6-3 से मात दी।

सिनर ने दूसरे और तीसरे सेट में संघर्ष करने के बावजूद ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी और चौथे सेट में वापसी करते हुए जीत भी हासिल की। दूसरे सेट के दौरान सिनर को दोनों पैरों में ऐंठन की समस्या होने लगी और तीसरे सेट के बीच तक उनकी हालत इतनी खराब हो गई कि ज्वेरेव उनकी स्थिति जानने के लिए उनके पास आए।

चौथे और पांचवें सेट में सिनर की स्थिति में सुधार हुआ, लेकिन ज्वेरेव ने अंतिम सेट में 14 विनर खेलते हुए क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा, मैं नहीं जानता कि यह कैसे हुआ क्योंकि मैं चौथे सेट में पूरी तरह से थक चुका था। मुझे लगता है कि वह (सिनर) मुझसे ज्यादा फिट था, भले ही उसे ऐंठन हो रही थी, फिर भी मुझे लगता है कि वह बेहतर स्थिति में था। पांचवें सेट में मैंने किसी तरह इसे फिर से हासिल कर लिया। इस ऊर्जा के बिना, दर्शकों के बिना, यह संभव नहीं होता। अगले दौर में सिनर का सामना स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज से होगा, जो इटली के मैटियो अर्नाल्डी को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर आ रहे हैं। आंद्रे अगासी के बाद ओपन एरा में अल्काराज़ 21 साल की उम्र में तीन बार अमेरिकी ओपन क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं।

इस बीच, रूस के दानिल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनॉर को 2-6 6-4 6-1 6-2 से हराया। क्वार्टरफाइनल में मेदवेदेव अपने युवा हमवतन आंद्रे रूबलेव से भिड़ेंगे।

## भारतीय मुक्केबाज मुस्तफा मेमोरियल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तैयार



**नई दिल्ली,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय मुक्केबाजों की 11 सदस्यीय टीम बोस्निया और हर्जेगोविना की राजधानी साराजेवो में 21वां मुस्तफा हजरूलाहोविक मेमोरियल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट में छह पुरुष और पांच महिला मुक्केबाज शामिल हैं।

इस बार भारतीय महिला टीम का नेतृत्व 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (50 किग्रा) और युवा विश्व चैंपियन ज्योति (54 किग्रा) और शशि चोपड़ा (60 किग्रा) कर रही हैं। उनके अलावा, विनाक्षी (57 किग्रा) और जिज्ञासा राजपूत (75 किग्रा) सहित अन्य मुक्केबाज प्रतिष्ठित प्रतियोगी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। पुरुष टीम का नेतृत्व 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक (63.5) के साथ-साथ 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आकाश कुमार (57 किग्रा) करेंगे।

इस टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपियन और अनुभवी मुक्केबाज सतीश कुमार (92+किग्रा) लंबे समय के बाद नजर आएंगे जबकि राष्ट्रीय चैंपियन नवीन कुमार 92 किग्रा वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा मुक्केबाज बरुण सिंह (51 किग्रा) और निखिल दुबे (71 किग्रा) को भी अपनी प्रतिभा दिखाने और देश के लिए पदक जीतने का मौका मिलेगा। यह मुकाबला छह सितंबर से शुरू होगा और नौ सितंबर को फाइनल टूर्नामेंट खेला जाएगा।

वरुण सिंह शगोलशेम (51 किग्रा), आकाश कुमार (57 किग्रा), मनीष कौशिक (63.5 किग्रा), निखिल प्रेमनाथ दुबे (71 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा), सतीश कुमार (92+ किग्रा) मुक्केबाज पुरुषों में शामिल हैं जबकि महिला मुक्केबाज में मंजू रानी (50 किग्रा), ज्योति (54 किग्रा), विनाक्षी (57 किग्रा), शशि चोपड़ा (60 किग्रा), जिज्ञासा राजपूत (75 किग्रा) हैं।

## झेंग किनवेन यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहरी बार खेलेंगी



**न्यूयॉर्क,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। चीनी स्टार झेंग किनवेन ने ट्यूनीशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-4 से सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह शीर्ष 10 खिलाड़ी के खिलाफ झेंग की पहली जीत है और वह पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंची है।

21 वर्षीय झेंग ने अपनी शानदार जीत के बाद कहा, फिलहाल, मैं इस बड़े स्टेडियम में खेलने के लिए बेहद खुश और उत्साहित महसूस कर रही हूं और आज मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। जब झेंग से उनके लोकप्रिय उपनाम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे क्वीन वेन नाम बेहद पसंद है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए झेंग का सामना बुधवार को आर्यना सबालेंका से होना तय है।

पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने 22 वर्षीय इतालवी माटेओ अर्नाल्डी को सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-4 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त रूस के डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 2-6, 6-4, 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह मैच दो घंटे और 40 मिनट तक चला, जो पिछले पांच वर्षों में मेदवेदेव की न्यूयॉर्क में चौथी क्वार्टर फाइनल उपस्थिति थी।

दो साल पहले उन्होंने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर अपना पहला और एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। मेदवेदेव के हमवतन और आठवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव भी आगे बढ़े, उन्होंने ब्रिटान जैक ड्रेपर को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।

## एशिया कप के सुपर-4 शेड्यूल में बारिश के कारण होगा बदलाव : रिपोर्ट



**नई दिल्ली,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। बारिश के बीच हो रहे एशिया कप ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के मैनेजमेंट की मुश्किलें बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि सुपर-4 के मैच कोलंबो से हंबनटोटा शहर में शिफ्ट कर दिए गए हैं। एशिया कप में बारिश बार-बार बाधा बन रही है। भारत और पाकिस्तान की टक्कर पहले ही बारिश की भेंट चढ़ चुकी है। ऐसे में अब मैनेजमेंट को कई बड़े फैसले लेने होंगे।

सुपर-4 स्टेज के 6 में से 5 मैच कोलंबो में खेले जाने थे। लेकिन, शहर में बाढ़ जैसे हालात हैं और अगले 10 दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी है। इस कारण सुपर-4 के मैच कोलंबो से हंबनटोटा शहर में शिफ्ट किए जा सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा जल्द ही आधिकारिक घोषणा करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है, एसीसी ने हंबनटोटा में मौसम के मिजाज को भी ध्यान में रखा है। यह देखा गया है कि वहां वर्षा का स्तर सुपर 4 चरण के मूल स्थल कोलंबो की तुलना में कहीं अधिक अनुकूल है। एशिया कप के सुपर 4 चरण में रविवार को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारत बनाम पाकिस्तान मैच खेला जाएगा। लेकिन, मौसम अपडेट के अनुसार कोलंबो में 20 सितंबर तक बहुत बारिश होगी। ऐसे में वेन्यू को बदलने के लिए मैनेजमेंट मजबूर है।

## हमारा फोकस सिर्फ पाकिस्तान पर नहीं वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर होना चाहिए : गंभीर

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर का मानना है कि भारतीय टीम को चाहिए कि वो अपना फोकस केवल पाकिस्तान के मैच पर ना रखे बल्कि वर्ल्ड कप जीतने पर ध्यान दे। भारत-नेपाल एशिया कप मुकाबले के बाद स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गौतम गंभीर ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच विश्व कप जीतने की दिशा में महज एक कदम है। गंभीर ने कहा, यह केवल 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बारे में नहीं है। मुझे उम्मीद है कि यह भारत के विश्व कप फाइनल खेलने और कप जीतने के बारे में है, क्योंकि आप कभी नहीं जानते कि इस विश्व कप टीम से कितने लोग अगले विश्व कप का हिस्सा होंगे और यह 4 साल के बाद होता है।

उन्होंने आगे कहा, एक राष्ट्र के रूप में हमारे लिए, प्रशंसकों के रूप में हमारे लिए और प्रसारक के रूप में हमारे लिए, सब कुछ केवल भारत और पाकिस्तान पर केंद्रित नहीं होना चाहिए। यह विश्व कप जीतने के बारे में है। पाकिस्तान सिर्फ एक बाधा है। यह विश्व कप जीतने की दिशा में महज एक कदम है।

गंभीर ने 2007 और 2011 विश्व कप में चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीमों को भी याद किया और इस बात पर जोर दिया कि उनका प्राथमिक ध्यान ट्रॉफी पर था। गंभीर ने कहा, 2007 में टी20 विश्व कप में हमने अपना अभियान पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किया। हमने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल खेला। यह कभी भी केवल पाकिस्तान के बारे में नहीं था। 2011 में भी यह कभी पाकिस्तान के बारे में नहीं था, पाकिस्तान को हराना बस एक कदम था। इसलिए, जब एक प्रसारक, विशेषज्ञ के रूप में अगर हम केवल भारत बनाम पाकिस्तान के बारे में बात करना बंद कर दें और विश्व कप जीतने के बारे में सोचें, तो मुझे लगता है कि टीम इंडिया काफी बेहतर स्थिति में होगी।

दोनों देशों के बीच बड़ा मुकाबला जो पहले 15 अक्टूबर को होने वाला था। अब एक दिन पहले यानी 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

## सार संक्षेप

### शाह ने बच्चन को दिया क्रिकेट विश्व कप 2023 का गोल्डन टिकट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मंगलवार को बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को क्रिकेट विश्व कप 2023 का गोल्डन टिकट दिया। श्री शाह ने ट्वीट किया, हमारा स्वर्णिम टिकट किसी और को नहीं बल्कि 'सदी के महानायक' को देने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा, फिल्मी जगत के बिग बी का भारतीय टीम के प्रति अटूट समर्थन है, जो हम सभी को प्रेरित करता रहता है। वह आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए हमारे साथ जुड़े हैं, जिससे हम और अधिक रोमांचित हैं। उल्लेखनीय है कि आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 पांच अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसका फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को होगा। भारतीय टीम विश्व कप 2023 सीजन में अपना पहला मुकाबला आठ अक्टूबर को खेलेगी। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेला जाएगा।

### एक्स गर्लफ्रेंड के लगाए गए आरोपों के बाद एंटनी ब्राजील टीम से बाहर

**नई दिल्ली।** ब्राजील ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के विंगर एंटनी सैंटोस को उनकी एक्स गर्लफ्रेंड गैब्रिएला कैवलिन द्वारा लगाए गए मारपीट के आरोपों के बाद 2026 विश्व कप क्वालीफायर के पहले दो मैच से बाहर कर दिया है। ब्राज़ीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने घोषणा की है कि तथ्यों के सार्वजनिक होने के बाद एंटनी राष्ट्रीय टीम से हट गए हैं, जिनकी जांच की आवश्यकता है। सीबीएफ ने एक बयान में कहा, एंटनी, को ब्राजीलियाई राष्ट्रीय टीम से हटा दिया गया है। ब्राजीलियाई समाचार आउटलेट यूओएल के अनुसार, जिसने सोमवार को एंटनी के पूर्व साथी द्वारा लगाए गए आरोपों को प्रकाशित किया था। 23 वर्षीय फारवर्ड की साओ पाउलो सिविल पुलिस द्वारा एक्स गर्लफ्रेंड गैब्रिएला कैवलिन द्वारा लगाए गए घरेलू हिंसा के आरोपों की जांच की जा रही है।

### सुडोकू 6308 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए : शक्तिकांत

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए, क्योंकि पीछे देखने का दृष्टिकोण दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। दास, जिन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स डायमंड जुबली विशिष्ट व्याख्यान देते हुए कार ड्राइविंग की उपमा दी, ने कहा कि मौद्रिक नीति का संचालन संभावित गड्ढों और गति बाधाओं वाली सड़क पर कार चलाने जैसा है। चूंकि मौद्रिक नीति लंबे और परिवर्तनीय अंतराल के साथ काम करती है, प्रमुख व्यापक आर्थिक चर के पूर्वानुमान मौद्रिक नीति के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को 'मुद्रास्फीति पूर्वानुमान लक्ष्यीकरण' ढांचे के रूप में भी कहा जाता है।

उन्होंने कहा, 'वास्तविक जीवन में सादृश्य लेने के लिए मौद्रिक नीति का संचालन संभावित खाइयों और गति अवरोधों वाली सड़क पर कार चलाने जैसा है। चालक को अपनी कार की गति को नियंत्रित करने और बातचीत करते समय खाई या स्पीड बम्प पर



**मौद्रिक नीति का संचालन संभावित गड्ढों और गति बाधाओं वाली सड़क पर कार चलाने जैसा है। चूंकि मौद्रिक नीति लंबे और परिवर्तनीय अंतराल के साथ काम करती है, प्रमुख व्यापक आर्थिक चर के पूर्वानुमान मौद्रिक नीति के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं:-शक्तिकांत दास, गवर्नर**

नजर रखने की जरूरत है। यदि ड्राइवर अचानक स्पीड बम्प पर प्रतिक्रिया करता है, तो वह नियंत्रण खोने और दुर्घटना होने का जोखिम उठाता है। इसलिए, मौद्रिक नीति का सफल संचालन मुद्रास्फीति और विकास जैसे प्रमुख चर के विश्वसनीय पूर्वानुमानों पर निर्भर करता है। दूसरे शब्दों में, मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए। रियर व्यू मिरर से नीतिगत त्रुटियां हो सकती हैं।'

आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के लिए मूल्य स्थिरता पर नज़र रखना और उसके अनुसार कार्य करना महत्वपूर्ण है। दास ने कहा, 'इसके अलावा, एमपीसी यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहती है कि मूल्य वृद्धि के सामान्यीकरण के रूप में मुद्रास्फीति के दूसरे क्रम के प्रभावों को बढ़ने न दिया जाए।' उन्होंने कहा, 'मूल्य स्थिरता पर नजर रखना और उचित तरीके से कार्य करना जरूरी है। हम अब 4 फीसदी के लक्ष्य पर मजबूती से केंद्रित हैं।' दास ने आगे कहा कि आरबीआई ने कोविड के बाद के युग में मूल्य स्थिरता को बाधित न करने के लिए तरलता प्रबंधन की योजना बनाई। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकांश तरलता इंजेक्शन उपायों की घोषणा एक साल या तीन साल की अवधि के लिए की गई थी। इससे उन्हें (बाजार सहभागियों को) एक साल या तीन साल में केंद्रीय बैंक को पैसा वापस करने के लिए अपनी गतिविधियों की योजना बनाने में मदद मिली।'

# 1.3 बिलियन तक पहुंचा ग्लोबल 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन, भारत ने सबसे अधिक यूजर्स जोड़े

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। दूसरी तिमाही में ग्लोबल 5जी सब्सक्रिप्शन में 175 मिलियन की वृद्धि हुई, जबकि इस अवधि में सात मिलियन से अधिक नए यूजर्स के साथ भारत में

**■ दूसरी तिमाही में ग्लोबल 5जी सब्सक्रिप्शन में 175 मिलियन की वृद्धि हुई**

समग्र मोबाइल सब्सक्रिप्शन में सबसे अधिक वृद्धि हुई। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी तिमाही में शामिल होने से 5जी सब्सक्रिप्शन की वैश्विक संख्या 1.3 बिलियन के करीब पहुंच गई है। दूसरी तिमाही में, मोबाइल सब्सक्रिप्शन की संख्या कुल 8.3 बिलियन हो गई, जिसमें तिमाही के दौरान 40 मिलियन सब्सक्रिप्शन की शुद्ध वृद्धि हुई। यूनिक मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या 6.1 बिलियन थी।

तिमाही के दौरान भारत में सबसे अधिक शुद्ध वृद्धि (7 मिलियन से अधिक) हुई। भारत के बाद चीन (पांच मिलियन) और अमेरिका (तीन मिलियन) मोबाइल सब्सक्राइबर्स रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, लगभग 260 कम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स (सीएसपी) ने कमर्शियल 5जी सर्विस लॉन्च की हैं। लगभग 35 सीएसपी ने 5जी स्टैंडअलोन (एसए) नेटवर्क लॉन्च किया है।




दूसरी तिमाही में ग्लोबल मोबाइल सब्सक्रिप्शन पहुंच 105 प्रतिशत थी। तिमाही में मोबाइल ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन की संख्या में लगभग 100 मिलियन की वृद्धि हुई, जो कुल 7.4 बिलियन हो गई, जो साल-दर-साल 5 प्रतिशत की वृद्धि है। निष्कर्षों से पता चला कि अब सभी मोबाइल सब्सक्रिप्शन में मोबाइल ब्रॉडबैंड की हिस्सेदारी 88 प्रतिशत है। दूसरी तिमाही 2022 और दूसरी तिमाही 2023 के बीच मोबाइल डेटा ट्रैफिक में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 4जी सब्सक्रिप्शन में 11 मिलियन की वृद्धि हुई, जो कुल मिलाकर लगभग 5.2 बिलियन है और सभी मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 62 प्रतिशत है। तिमाही में मोबाइल ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन की संख्या में लगभग 100 मिलियन की वृद्धि हुई, जो कुल 7.4 बिलियन हो गई, जो साल-दर-साल 5 प्रतिशत की वृद्धि है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब सभी मोबाइल सब्सक्रिप्शन में मोबाइल ब्रॉडबैंड की हिस्सेदारी 88 प्रतिशत है।

# जोहो ने 100 मिलियन यूजर्स के आंकड़े को किया पार

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। ग्लोबल सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी जोहो ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने 55 से ज्यादा बिजनेस ऐप्लिकेशन में 100 मिलियन यूजर्स को पार कर लिया है। पिछले साल कंपनी का वार्षिक राजस्व 1 अरब डॉलर तक पहुंचने के बाद यह वृद्धि हुई है। जोहो ने कहा कि 2008 में इनकी संख्या 1 मिलियन से बढ़कर 15 साल बाद 100 मिलियन हो गई है, जबकि आखिरी 50 मिलियन यूजर्स पिछले पांच सालों में जुड़े हैं। जोहो के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने कहा, 'यह किसी भी संगठन के लिए प्रभावशाली है, लेकिन एक बूटस्ट्रैप्ड कंपनी के रूप में हमारे लिए विशेष



रूप से सुखद है जिसने कभी भी बाहरी पूंजी नहीं जुटाई और हमने अभी तक काम पूरा नहीं किया है।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास अगले 10 सालों के लिए प्रभावशाली इनोवेशन पाइपलाइन है और हम दुनिया भर के अरबों यूजर्स को सेवा प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी में निवेश कर रहे हैं।' जोहो के 150 से ज्यादा देशों में 700,000 से अधिक बिजनेस हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ते देशों में से एक है, जहां कंपनी ने अपमार्केट सेगमेंट में तीन साल की सीएजीआर 65 प्रतिशत देखी है। विशेष रूप से मध्य-बाजार और उद्यम खंड अब भारत में जोहो के वार्षिक आवर्ती राजस्व (एआरआर) का 50 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार है।

# अब भारतपे के चीफ बिजनेस ऑफिस निशांत जैन एंजेल वन ने छोड़ा पद

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। फिनटेक लीडर भारतपे से टॉप लेवल के लोगों के जाने का सिलसिला जारी है। अब, इसके चीफ बिजनेस ऑफिसर (सीबीओ) निशांत जैन कंपनी में 3.5 साल के बाद आगे बढ़ गए हैं। निशांत जैन एंजेल वन (पहले एंजेल ब्रोकिंग) में कार्यकारी निदेशक और सीबीओ (सहायता प्राप्त व्यवसाय) के रूप में शामिल हुए। वह मई 2020 में भारतपे में शामिल हुए थे और भारतपे के व्यापारी आधार को 10 मिलियन तक बढ़ा दिया था। उन्होंने प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर पोस्ट किया, 'मैं एंजेल वन में कार्यकारी निदेशक और सीबीओ (सहायक व्यवसाय) के रूप में एक नया पद शुरू कर रहा हूं! मैं उत्साहित हूं क्योंकि मैं इस नई यात्रा पर निकल रहा हूं, जो इस तरह के अग्रणी संगठन में योगदान देने से



प्रेरित है।' उन्होंने कहा, 'भारतपे के साथ पिछले 3.5 साल शानदार रहे हैं। यह एक रोमांचक अनुभव रहा है, जो सार्थक प्रभाव डालने की संतुष्टि से भरा है।' जैन ने पहले जोमैटो (बिक्री और विकास में अग्रणी), पेप्सी और कोका कोला के साथ काम किया था।

पिछले हफ्ते, भारतपे के पूर्व सीओओ ध्रुव धनराज बहल ने इस्तीफा दे दिया। उन्हें हाल ही में कंपनी के मर्चेंट लेंडिंग डिवीजन के लिए मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) के रूप में फिर से नियुक्त किया गया था। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'वह संगठन का अभिन्न अंग रहे हैं और उन्होंने कंपनी के विकास में योगदान दिया है। हम भारतपे की यात्रा में उनके योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।' बहल का इस्तीफा हाल के महीनों में फिनटेक फर्म द्वारा देखे गए उच्च-स्तरीय इस्तीफों की एक सीरीज के मद्देनजर था।

मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी विजय अग्रवाल, उपभोक्ता उत्पाद-पोस्टपे के प्रमुख नेहुल मल्होत्रा, ऋण और उपभोक्ता उत्पाद के मुख्य उत्पाद अधिकारी रजत जैन और प्रौद्योगिकी के उपाध्यक्ष गीतांशु सिंगला ने हाल ही में भारतपे से इस्तीफा दे दिया। भारतपे के सीईओ सुहैल समीर ने जनवरी में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## सार संक्षेप

### एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ने तमिलनाडु में बढ़ाये अपने कदम

चेन्नई। एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ने तमिलनाडु में अपने दायरे को बढ़ाया और उसके नए पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाला है। संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एमएसएमई बिजनेस स्केल अप शिखर सम्मेलन के दौरान तमिलनाडु टीम के सभी सदस्यों ने शपथ ली। तमिलनाडु अध्यक्ष एम वी चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों से उद्योगपति शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य तमिलनाडु समेत भारत के उद्योग जगत से जुड़े उद्यमियों को हो रही परेशानी और उन्हें बिजनेस से जुड़ी जानकारियां, सरकारी योजना का लाभ पहुंचाना है।

### पीएफसी देगा असम पेट्रोकेमिकल्स को 1229 करोड़ की कर्ज सहायता

नई दिल्ली। पावर फाइनेंस कार्पोरेशन (पीएफसी) और असम पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एपीएल) के बीच सोमवार को 1229 करोड़ रुपए के सावधि ऋण के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। पीएफसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह ऋण असम में नामरूप में एपीएल की 500 टन प्रति दिन (टीपीडी) मेथनॉल संयंत्र और 11 मेगावाट कैप्टिव बिजलीघर (सीपीपी) परियोजना तथा बोइटामारी में कंपनी के 200 टीपीडी फॉर्मेलिन प्लांट और 0.90 मेगावाट क्षमता के कैप्टिव बिजलीघर के लिए दिया जा रहा है। इनकी लागत 1827 करोड़ रुपए अनुमानित है। नामरूप में एपीएल के 11 मेगावाट सीपीपी सहित 500 टीपीडी मेथनॉल संयंत्र का उद्घाटन इसी वर्ष 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

### सैमसंग को पछाड़कर एप्पल बन सकता है ग्लोबल स्मार्टफोन लीडर

नई दिल्ली। अपकमिंग आईफोन 15 सीरीज के बाजार में बेहतर परफॉर्मेंस के साथ एप्पल के पास सैमसंग को ग्लोबल मार्केट लीडर के रूप में हटाने का अच्छा मौका है। मार्केट इंटेलिजेंस कंपनी ट्रेंडफोर्स के अनुसार, 2023 की दूसरी तिमाही में, सैमसंग ने 53.9 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी के साथ प्रोडक्शन रैंकिंग में नेतृत्व करना जारी रखा, जबकि एप्पल की दूसरी तिमाही प्रोडक्शन के मामले में सबसे कमजोर रही, जिसने 42 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी की। हालांकि, सैमसंग को 12.4 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) गिरावट का सामना करना पड़ा, जबकि एप्पल ने पिछली तिमाही की तुलना में 21.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल स्मार्टफोन प्रोडक्शन में लगातार गिरावट देखी गई है। शोधकर्ताओं ने कहा, '2023 की पहली तिमाही में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट के बाद, दूसरी तिमाही में संख्या लगभग 66 प्रतिशत और कम हो गई, जो मामूली 272 मिलियन यूनिट पर आ गई।

# 87 लाख उपकरणों की तैनाती के साथ पेटीएम की इन-स्टोर भुगतान सेवा और मजबूत

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने मंगलवार को तिमाही (जुलाई-अगस्त अवधि) के लिए अपने बिजनेस ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस मेट्रिक्स की घोषणा की। फिनटेक दिग्गज ने 87 लाख उपकरणों की तैनाती के साथ भुगतान मुद्रीकरण के अपने नेतृत्व को मजबूत करना जारी रखा है। महीने में 4.9 लाख उपकरणों की वृद्धि देखी गई, इसके भुगतान मुद्रीकरण को और मजबूत किया गया। अपने अभूतपूर्व नवाचारों के साथ, पेटीएम देश भर के छोटे व्यापारियों के लिए नई तकनीक ला रहा है। कंपनी ने हाल ही में नए साउंडबॉक्स उपकरणों की एक श्रृंखला लॉन्च की है - पेटीएम म्यूजिक साउंडबॉक्स, पेटीएम पॉकेट साउंडबॉक्स, इसके बाद अगस्त में पेटीएम कार्ड साउंडबॉक्स का एक और लॉन्च हुआ। पेटीएम ने कहा, 'एक सेवा मॉडल के रूप में हमारी सदस्यता के साथ, उपकरणों को मजबूती से अपनाने से सदस्यता राजस्व और उच्च




भुगतान मात्रा में वृद्धि होती है।' टेक इनोवेटर अपने ग्राहक आधार के निरंतर विस्तार और (जुलाई-अगस्त अवधि) के लिए मासिक लेनदेन उपयोगकर्ताओं (एमटीयू) में 9.4 करोड़ तक 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ग्राहक जुड़ाव में वृद्धि को दर्शाता है। पेटीएम ने जीएमवी के साथ कुल व्यापारियों की मात्रा में भी वृद्धि देखी, जो सालाना आधार पर 43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3 लाख करोड़ रुपये (36.3 बिलियन डॉलर) हो गई।

नवीनतम एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने कहा कि ईएमआई और कार्ड जैसे गैर-यूपीआई उपकरणों के जीएमवी में वृद्धि देखी जा रही है, और उनका ध्यान भुगतान मात्रा पर केंद्रित है जो कंपनी के लिए शुद्ध भुगतान के माध्यम से लाभप्रदता उत्पन्न करता है। अग्रणी बैंकों और एनबीएफसी के साथ साझेदारी में, इसके प्लेटफॉर्म के माध्यम से वितरित कुल ऋण के साथ पेटीएम के ऋण वितरण में भी वृद्धि हुई है, जो सालाना 137 प्रतिशत बढ़कर 10,710 करोड़ रुपये (1.3 बिलियन डॉलर) हो गया है। अब तक की तिमाही में पेटीएम ऐप के माध्यम से वितरित ऋणों की संख्या सालाना आधार पर 47 प्रतिशत बढ़कर 88 लाख हो गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के परिणामों के अनुसार, पेटीएम ने परिचालन से राजस्व में 39 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की, जो 2,342 करोड़ रुपये थी, जो व्यापारी सदस्यता राजस्व में वृद्धि, जीएमवी में महत्वपूर्ण उछाल और ऋण वितरण में उच्च वृद्धि से प्रेरित थी।

ईएसओपी की लागत बढ़कर 84 करोड़ रुपए होने से पहले कंपनी की परिचालन लाभप्रदता का सिलसिला उसके ईबीआईटीडीए के साथ लगातार तीन तिमाहियों तक जारी रहा।

# डिजिटल ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म खाताबुक ने की 40 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। घरेलू डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म खाताबुक ने कथित तौर पर लागत में कटौती और अपने संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न विभागों से 40 से अधिक कर्मचारियों को निकाल दिया है। सूत्रों के मुताबिक, प्लेटफॉर्म ने टाउन-हॉल मीटिंग में सेल्स, मार्केटिंग और एनालिटिक्स और टेक्नोलॉजी वर्टिकल में कर्मचारियों को नौकरी में कटौती की सूचना दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन लोगों ने अपनी नौकरी खो दी है, उन्हें तीन महीने के वेतन समेत सेवरन्स पैकेज दिए गए हैं। खाताबुक ने नवंबर 2021 में अपने ई-कॉमर्स इनेबलमेंट प्रोडक्ट माईस्टोर को बंद कर दिया था। प्लेटफॉर्म ने अब तक 187 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, जिसमें ट्राइब कैपिटल और मूर स्ट्रैटेजिक के नेतृत्व में 100 मिलियन डॉलर का सीरीज सी राउंड भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके निवेशकों के रूप में पीकएक्सवी और बेटर कैपिटल भी हैं। खाताबुक के सह-संस्थापक और सीईओ रवीश नरेश ने पिछले साल कहा था कि कंपनी अक्टूबर 2023 तक 1,000 करोड़ रुपए की लोन बुक साइज हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

# बिंग, आईमैसेज को यूरोपीय संघ की 'गेटकीपर' लिस्ट का हिस्सा नहीं बनाना चाहते माइक्रोसॉफ्ट व एप्पल

**लंदन,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग 6 सितम्बर को नए डिजिटल मार्केट एक्ट (डीएमए) के हिस्से के रूप में नामित 'गेटकीपर्स' की एक लिस्ट प्रकाशित करने की तैयारी कर रहा है। माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल कथित तौर पर बिंग और आईमैसेज को लिस्ट से दूर रखने पर जोर दे रहे हैं। एक बार जब यूरोपीय संघ अपने गेटकीपर्स को नामित कर देता है, तो उनके पास डीएमए के नियमों का पालन करने के लिए छह महीने या मार्च 2024 तक का समय होगा। द फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल निजी तौर पर यह तर्क दे रहे हैं कि उनकी सेवाएं इतनी बड़ी या शक्तिशाली नहीं हैं कि डिजिटल बाज़ार अधिनियम के प्रतिबंधों को उचित ठहरा सकें। माइक्रोसॉफ्ट का विंडोज प्लेटफॉर्म गेटकीपर की परिभाषा को पूरा करता है। हालांकि, इसका तर्क है कि ग्लोबल सर्च मार्केट में बिंग की अपेक्षाकृत छोटी हिस्सेदारी (गूगल की तुलना में) नए नियमों के साथ और भी कम हो सकती है। कथित तौर पर एप्पल उन तरीकों पर भी काम कर रहा है जो आईओएस को थर्ड पार्टी ऐप स्टोर के लिए खोलेंगे और नए नियमों का पालन करने के लिए साइडलोडिंग करेंगे। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, टेक दिग्गज का तर्क है कि आईमैसेज को अन्य मैसेजिंग सेवाओं के साथ इंटरऑपरेट नहीं करना चाहिए। एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, अल्फाबेट, मेटा, बाइटडांस और सैमसंग के साथ, यूरोपीय संघ 'गेटकीपर्स' लिस्ट का हिस्सा होंगे और यह निर्धारित करेंगे कि किन प्रोडक्ट को डीएमए के तहत कवर किया जाना चाहिए। डीएमए 'गेटकीपर्स' की पहचान करने के लिए स्पष्ट रूप से परिभाषित उद्देश्य मानदंडों का एक सेट स्थापित करता है। गेटकीपर बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं जो तथाकथित कोर प्लेटफॉर्म सर्विस प्रदान करते हैं, जैसे उदाहरण के लिए ऑनलाइन सर्च इंजन, ऐप स्टोर, मैसेंजर सर्विस।

# जिंसो में टिकाव

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों सहित सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट फिसलकर 3875 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की तेजी लेकर 63.57 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना , मसूर दाल , मूंग दाल और उड़द दाल, अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

# फोनपे ने अपने स्मार्टस्पीकर पर अमिताभ बच्चन के साथ सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च किया

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। फोनपे ने प्रतिष्ठित भारतीय अभिनेता अमिताभ बच्चन के सहयोग से अपने स्मार्टस्पीकर पर अपनी तरह का पहला सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च किया है। नई सुविधा भारत भर में फोनपे स्मार्टस्पीकरों को अमिताभ बच्चन की विशिष्ट आवाज़ में पेमेंट के सफल होने की जानकारी देगी। यह इंडस्ट्री-फर्स्ट सेलिब्रिटी वॉयस फीचर वर्तमान में हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। इसे भविष्य में अन्य भाषाओं में शुरू करने की योजना है। फोनपे स्मार्टस्पीकर एक साल पहले लॉन्च किया गया था और तबसे 19,000 पोस्टल कोड (देश के 90 प्रतिशत से अधिक को कवर करते हुए) में व्यापारी भागीदारों ने चार मिलियन डिवाइस का उपयोग किया है। कंपनी ने कहा है कि स्मार्टस्पीकर देश भर में 100 करोड़ (1,000 मिलियन) लेनदेन को मान्य करते हैं। अमिताभ बच्चन की विशेषता वाली एक सेलिब्रिटी आवाज के शामिल होने से व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए भुगतान अनुभव बेहतर हो जाएगा, जिससे यह पहले से कहीं अधिक इंटरैक्टिव होगा।




फोनपे के ऑफलाइन बिजनेस के प्रमुख विवेक लोहचेब ने कहा कि हमें पूरे भारत में व्यापारी भागीदारों के लिए अपने स्मार्टस्पीकर पर एक अद्वितीय सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। अमिताभ बच्चन की आवाज तुरंत और सार्वभौमिक रूप से याद की जाती है। यह देश भर में लाखों भारतीयों के साथ गूंजती है। उन्होंने कहा कि चार में से एक भारतीय फोनपे ऐप को यूज करता है। इस नाते हमारा मानना है कि यह सहयोग व्यापारियों और ग्राहकों के लिए फोनपे स्मार्टस्पीकर की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा। फोनपे फॉर बिजनेस ऐप से नई सुविधा को सक्षम करने के लिए व्यापारियों को पहले फोनपे फॉर बिजनेस ऐप खोलना होगा और फिर होम स्क्रीन पर स्मार्टस्पीकर अनुभाग पर जाना होगा।

'माई स्मार्टस्पीकर' के तहत 'स्मार्टस्पीकर वॉयस' पर क्लिक करें, फिर पसंदीदा भाषा में अमिताभ बच्चन की आवाज चुनें। आवाज को एक्टिव करने के लिए 'कन्फर्म' पर क्लिक करें। डिवाइस कुछ ही घंटों में अमिताभ बच्चन की आवाज में अद्यतन भाषा के साथ रीबूट हो जाएगा। इसके अलावा फोनपे स्मार्टस्पीकर को बाजार में खड़ा करने वाली कुछ अन्य विशेषताओं में पोर्टेबिलिटी, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बैटरी, सबसे शोर वाले वातावरण में भी शानदार ऑडियो स्पष्टता और कॉम्पैक्ट और बहुमुखी फॉर्म फैक्टर शामिल हैं, जो व्यापारियों को उपयोग करने की अनुमति देता है। यह सबसे भीड़भाड़ वाले काउंटर स्थानों में भी है।

# आज मैं जिस मुकाम पर पहुँचा हूँ उसमें मेरे गुरुजनों का योगदान: भूपेश

- मर्रा के कृषि महाविद्यालय को मिला नया भवन, हाइटेक नर्सरी और टिश्यू कल्चर लैब भी
- मुख्यमंत्री बघेल ने किया लोकार्पण, सवा पाँच करोड़ की लागत से बना है भवन
- सेवानिवृत्त 1500 शिक्षकों का शिक्षक दिवस के अवसर पर किया सम्मान



**रायपुर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। आज मैं जिस मुकाम पर पहुँचा हूँ उसमें मेरे गुरुजनों का योगदान रहा है। जिस स्कूल परिसर में हम खड़े हैं। वो बहुत पुराना है। यहाँ विनोबा भावे का आगमन हुआ था और यहाँ उन्होंने भूदान के लिए लोगों को प्रेरित किया था। आज जिस अवसर पर मैं यहाँ आया हूँ। वो शिक्षक दिवस का है। मैं पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षक डा. राधाकृष्णन को भी नमन करता हूँ। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पाटन ब्लाक के ग्राम मर्रा में संत विनोबा भावे महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के नवनिर्मित महाविद्यालय का लोकार्पण करने और शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम के दौरान कही। इसके साथ ही इस महाविद्यालय में हाइटेक नर्सरी, टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला, इंप्लीमेंट शेड, बीज भंडार गृह, कृषक विश्राम गृह, तीन खाद गोदाम व महाविद्यालय के 2 अतिरिक्त कक्षों को लोकार्पण किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर यहाँ 1500 सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मर्रा में स्थापित कृषि महाविद्यालय के तकनीक से खेती-किसानी में सुधार होगा। आधुनिक खेती से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। प्रदेश में 10 हजार गौठान बनाये गए है। जिसमें आज 6 हजार गौठान स्वावलम्बी हो गए है। प्राथमिक शिक्षा विस्तार के लिए 700 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए है। स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों का जीर्णोद्धार किया गया है। 30 हजार टीचरों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर वातावरण बनाना सरकार की मंशा है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, यहाँ के रहन सहन, खान-पान को पहचान दिला कर स्वाभिमान को बढ़ावा देने का काम सरकार कर रही है। पुरखो के बनाये परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 30 हजार शिक्षक भर्ती हुई है। प्रदेश में 23 कृषि महाविद्यालय खोले जा चुके है। कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना सरकार की सोच है।

कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार का पूरा फोकस किसान और किसानी को बढ़ावा देना है। कृषि को उन्नत तकनीक से क्षेत्र के साथ प्रदेश के किसानों को लाभान्वित करने में यह महाविद्यालय सहायक होगी। कार्यक्रम को शिक्षा विद सैयद फाजिल ने भी सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में लगे कृषि विभाग के प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

पाँच करोड़ रुपए की लागत से बना है कृषि महाविद्यालय- संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मर्रा (पाटन) को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगभग 87 एकड़ भूमि आबंटित की गई है जिसके अंतर्गत कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु नवीन महाविद्यालय भवन जो कि समस्त शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित है एवं 3730 वर्गमीटर में विस्तारित है, जिसकी लागत लगभग 5 करोड़ 25 लाख रूपये है। यहां पर कृषि, शिक्षा एवं अनुसंधान कार्य हेतु स्मार्ट क्लास रूम, सम्मुनत प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेलकूद एवं एन.एस.एस., पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति आदि की सुविधाएं विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है। कालेज कैम्पस पूर्णत: वाई-फाई एवं इंटरनेट से जुड़ा हुआ है। विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान हेतु 72 एकड़ में कृषि प्रक्षेत्र का विकास किया गया है, जहां हाइटेक नर्सरी का निर्माण किया गया है। जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ रूपये की है जो कि लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित है। हाइटेक नर्सरी में विभिन्न प्रकार के फलों एवं सब्जियों तथा फूलों का पौधा तैयार करके कृषकों को वितरण किया जाता है ताकि कृषकगण इनका प्रयोग करके आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। टिशू कल्चर प्रयोगशाला का निर्माण लगभग 2.50 करोड़ की लागत से किया गया है।

# मुठभेड़ में दो इनामी नक्सलियों को पुलिस ने किया ढेर

**सुकमा,** 5 सितम्बर (देशबन्धु) सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र अंतर्गत ताड़मेटला और दूलेड जंगल में पुलिस एवं नक्सली के बीच में मुठभेड़ में एक-एक लाख के दो इनामी नक्सलियों को मार गिराया गया। वही मुठभेड़ के बाद घटनास्थल के सर्चिंग करने पर दो नक्सली शव सहित एक 12 बोर डबल बैरल राइफल एवम 01 नग पिस्टल बरामद किया गया।




एएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के चिंतागुफा थानां क्षेत्र अंर्तगत ताड़मेटला एवम दूलेड के जंगलों में जगरगुंडा एरिया कमेटी के 10 से 12 नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी, जिला बल एवं सीआरपीएफ 223 का संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान के तहत उक्त स्थानों की ओर रवाना किया गया था। इस अभियान के दौरान मंगलवार के सुबह कतिब 06 बजे पुलिस पार्टी पर ताड़मेटला- दूलेड के जंगलों के बीच घात लगाकर नक्सलियों द्वारा हमला किया गय। पुलिस पार्टी द्वारा तत्काल मोर्चा संभलते जवाबी फायरिंग किया गया।

उन्होंने बताया कि फायरिंग पश्चात इलाके की सर्च करने पर 02 पुरुष नक्सलियों का शव बरामद हुआ। जिनकी पहचान जगरगुंडा एरिया कमेटी के अंतर्गत नक्सली मिलिशिया कैडर सोढ़ी देवा पिता जोगा निवासी ताड़मेटला एवम रवा देवा पिता बंडी निवासी ताड़मेटला के रूप में हुई है, जिन पर पूर्व से 01-01 लाख का इनाम घोषित है। इन दोनो पर थाना चिंतागुफा क्षेत्र अंर्तगत पूर्व में 28 जून 2023 को शिक्षादूत कवासी सुक्का एवम वर्तमान उप सरपंच ताड़मेटला पंचायत माड़वी गंगा की हत्या 31 अगस्त 2023 मिनपा के पास कोरसा कोसा की पुलिस मुखबिरी के शक में हत्या शामिल थे। वहीं घटनास्थल से एक 12 बोर डबल बैरल राइफल एवम 01 नग पिस्टल बरामद हुआ है।

# निजी एवं सहकारी विक्रेता 'पास मशीन' के जरिए उर्वरक का विक्रय करें : कृषि विभाग

- किसानों से 'पास मशीन' से ही खाद लेने अपील

**रायपुर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग के निर्देशानुसार राज्य के समस्त जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण तथा अनियमितता पर कार्यवाही की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय पास मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है, पास मशीन से विक्रय पश्चात् ही उर्वरकों का अनुदान निर्माता कंपनी को प्राप्त होता है। इसलिये फुटकर उर्वरक विक्रेता किसी भी परिस्थिति में बिना पास के अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय नही करना चाहिये तथा कृषकों को उर्वरक विक्रय किये बिना भी कतिपय कंपनियों के किसी प्रकार के प्रलोभन में आकर पास से उर्वरक स्कंध नही घटाना चाहिये। फुटकर उर्वरक विक्रेताओं द्वारा उर्वरकों के बिना वास्तविक बिक्री के फर्जी (फेक) पास सेल करने का प्रयास किया जा सकता है, इसलिये राज्य के समस्त जिले के विभिन्न अनुविभागों में नियुक्त अनुविभागीय कृषि अधिकारी, विकासखंडो में नियुक्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षकों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रय केन्द्रों की निगरानी करने तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध भौतिक स्कंध एवं पास में उपलब्ध स्कंध का मिलान करने तथा दोनो स्कंध में भिन्नता पाये जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। कृषि विभाग ने कृषकों से भी अपील की है कि पास के माध्यम से उर्वरकों का क्रय करें तथा पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

# मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर 1318 शिक्षकों को सौंपा नियुक्त पत्र

- जीर्णोद्धार के पश्चात 7 हजार 688 स्कूलों का किया लोकार्पण



**रायपुर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। सरगुजा और बस्तर के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए आज शिक्षक दिवस का दिन बेहद खास बन गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। उल्लास से भरे इन शिक्षकों ने नियुक्ति पत्रों को लहराते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर है। इन्हें जीर्णशीर्ण नहीं रखा जा सकता। हमने 2100 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से जीर्णशीर्ण स्कूलों के जीर्णोद्धार की योजना तैयार की। आज 7 हजार 688 स्कूलों एवं इनमें 464 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य का लोकार्पण कर रहे हैं। आप जिन स्कूलों से अपने अध्यापन की शुरूआत करेंगे। वे बहुत सुंदर हैं। उनकी पुताई छत्तीसगढ़ में ही बने गोबर पेंट से हुई है। आप सभी इन सुंदर, सुविधापूर्ण स्कूलों में बच्चों का भविष्य गढ़ें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर आये थे। किसानों की माली हालत खराब थी। वनोपजों का बेहतर दाम नहीं मिल पा रहा था। इलाज के लिए सुविधा नहीं थी। बस्तर में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्कूल भवन ध्वस्त कर दिए थे। जब हमने बस्तर फाइटर की नियुक्ति आरम्भ की तो इसके लिए शैक्षणिक योग्यता वाले पात्र युवक नहीं मिल पा रहे थे। आज जो बड़े पैमाने पर स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ है उसके पीछे हमारी शिक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

**NECC**

| 06.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.80 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 190 |

डिलीवरी 495 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## जान की कीमत पर मौज-मस्ती

जीवन में मनोरंजन और मौज-मस्ती बेहद आवश्यक है। बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई से और बड़े काम-काज से थककर अपनी दिनचर्या में परिवर्तन लाना चाहते हैं। सभी के अपने-अपने तरीके होते हैं। कोई संगीत सुनता है तो कोई मूवी देखता है, किसी को किताबें पढ़ने में आनंद मिलता है तो किसी को मित्रों के साथ गप्पबाजी में। कोई अकेला घूमने चल पड़ता है तो किसी को टीवी के सामने बैठकर सुख की प्राप्ति होती है। कहने का तात्पर्य यह कि जितने लोग उतनी तरह के मनोरंजन के साधन। हर आदमी आनंद लेना चाहता है ताकि जीवन में उसकी दिलचस्पी बनी रहे। यह होना भी चाहिये और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा मनुष्य होगा जिसे मनोरंजन की चाहत न हो। स्वस्थ और सुखी जीवन की यह निशानी है कि कोई व्यक्ति मनोरंजन के साधनों में समय बिताता है या नहीं। यह व्यक्तित्व की पहचान भी कही जाती है।

वैसे तो सारी ऋतुएं मानव मात्र को आनंदित करती हैं और सभी मौसमों की विभिन्न प्रकार की सुंदरता होती है। फिर भी, वर्षा ऋतु का अलग ही सौंदर्य होता है। चारों ओर हरियाली हो जाती है और नदियों, तालाबों, बांधों में पानी भर जाता है। अनेक झरने भी फूट पड़ते हैं या उनकी धाराएं बड़ी हो जाती हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। लोग अपने परिवारों या मित्रों के साथ समय बिताने उसके ईर्द-गिर्द एकत्रित होते हैं। जलप्रपातों में नहाने का आनंद तो है परन्तु उसके खतरे भी कोई कम नहीं होते। उनके अचानक बढ़ते जल स्तर में लोग घिर जाते हैं या फिर बह जाते हैं। कई तो जीवित ही नहीं लौटते। ज्यादातर स्थानों पर सावधानी बरतने सम्बन्धी सूचनापट्ट भी लगे होते हैं फिर भी लोग उसकी उपेक्षा कर जल धारा में उतर पड़ते हैं। यह उन्हें भारी पड़ जाता है और वे जीवन से हाथ धो बैठते हैं।

छत्तीसगढ़ के अनेक झरनों में से एक है खूबसूरत जलप्रपात रानीदहरा जो कवर्धा में है। शनिवार की शाम यहां पिकनिक मनाने के लिये 10 मित्र गये थे। इनमें से कुछ लोग झरने के पानी से नहा रहे थे। तभी राहुल ठाकुर एवं शुभम झरिया (उम्र 25-25 वर्ष), गहराई में चले गये। बाकियों ने बचाने की कोशिश की लेकिन ज्यादातर को तैरना नहीं आता। दोनों अपनी जिंदगियों से हाथ धो बैठे। प्रदेश में पिकनिक वाली जगहों पर ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसी जुलाई में कोरबा के निकट देवपहरी में चोरनई नदी के बेहद आकर्षक गोविंद झुंझा जलप्रपात झरने का आनंद लेने गये तीन शिक्षकों में से एक डूब गया। गरियाबंद के प्रसिद्ध चिंगरापगार झरने पर मौज-मस्ती करने गये कई पर्यटक नाले का जल स्तर अचानक बढ़ जाने के कारण फंस गये थे जिन्हें प्रशासन ने किसी तरह से निकाला। इसलिये सावधानी आवश्यक है।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ,
राजू- डॉक्टर साहब लीवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो ?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना सर।

# कांग्रेसियों ने गुरुओं की शिक्षा को बताया अविस्मरणीय



शिक्षक दिवस पर कांग्रेस भवन में सेवानिवृत शिक्षकों का हुआ सम्मान

**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को कांग्रेस भवन में सेवानिवृत शिक्षक- शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इनके साथ राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक भी याद किए गए। इन सभी को तिलक लगाकर तथा साल- श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक के एम शुक्ला, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित याकुब नशीन व उर्मिला आचार्य, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित माधुरी कुशवाहा व मनीषा खत्री, सेवानिवृत कर्मचारी नेता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरसिंग रथ, रतन व्यास के साथ संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजीव शर्मा आदि ने संबोधन दिया। सभी ने जीवन में शिक्षकों के महामात्य को रेखांकित किया। शिक्षकों की तुलना देवताओं से की गई।

श्री जैन ने कहा कि आज वे जिस जगह पर हैं, यह केवल शिक्षकों के द्वारा बताए गए मार्ग से ही संभव हो पाया है। उन्होने जीवन में शिक्षकों के योगदान को अविस्मरणीय बताया। इससे पूर्व कांग्रेस भवन में कार्यक्रम की शुरुआत डा. सर्वपल्ली राधाकृषणन के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान विधायक रेखचंद जैन के साथ शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य, नगर निगम सभापति कविता साहू, इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, संयुक्त महासचिव शंकर राव, यशवर्धन राव, रामशंकर राव, सतपाल शर्मा, सरला तिवारी, अंगद त्रिपाठी, राजेश राय, सूर्या पानी, कमलेश पाठक अवधेश झा अनवर खान, जतिन जायसवाल हेमू उपाध्याय, संतोष सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त याकुब नशीन, उर्मिला आचार्य, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त माधुरी कुशवाहा, मनीषा खत्री, रतन व्यास, नरसिंग रथ समेत सेवानिवृत शिक्षक, कांग्रेसजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया।

# अभाविप बस्तर ने नवपदस्थ प्राचार्य को दी बधाई एवं मनाया शिक्षक दिवस



**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जगदलपुर बस्तर द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के नवीन पदस्थ प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें बधाई दिए।

नगर मंत्री यश ध्रुव ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर नवीन पदस्थ प्राचार्य से सौजन्य भेंट की ,पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया, बधाई दिए। इस दौरान महाविद्यालय की विभिन्न पाठ्यक्रमों नियमित प्राध्यापकों की नियुक्ति पर चर्चा कि एवं महाविद्यालाय के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। सभी विभिन्न समस्याओं पर जांच कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की निवेदन किया गया।

जगदलपुर नगर सह मंत्री शैलेष ध्रुव ने कहा कि आज शिक्षक दिवस गुरुओं के सम्मान का दिन है। गुरु , अज्ञान के अंधकार से ज्ञान और नम्रता के रास्ते पर स्थापित करने की जिम्मेदारी शिक्षकों को दी जाती है क्योंकि उनके जैसा कोई और बच्चों को प्रभावित नहीं कर सकता। शिक्षक दिवस पर देश में शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को प्रोत्साहित और उन सभी शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है। इस दौरान संजय मुखर्जी, मुदस्सिर खान, अभी राजपूत, सुमित पटेल, मुकेश, सोनू, भावेश, खिरेंद्र, कौशल देवांगन, सागर सेन आदि अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आम रास्ता पर अतिक्रमण कर मकान बनाने की शिकायत कलेक्टर से

- 12 फुट की गली लोगों के अतिक्रमण से हुई 3-4 फीट
- अब मकान निर्माण कर उसे पूरी तरह से किया जा रहा बंद



**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के नयामुंडापारा निवासी गीता रंधारी एवं उसके पुत्र के द्वारा सार्वजनिक गली पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण किए जाने की शिकायत क्षेत्र के निवासी नारायण झा ने कलेक्टर से करते हुए 12 फुट चौड़ी गली को मुक्त कर आम जनों के आवागमन हेतु सुचारू रूप से उलब्ध कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता ने कहा है कि उनके जमीन के दक्षिण दिशा की ओर 12 फुट की चौड़ी गली थी, जो इस क्षेत्र के नक्शा में भी दिखाया गया है। इसके आसपास निवास करने वालों के द्वारा गली को अतिक्रमण किया गया है जिसके कारण आने-जाने के लिए पतली गली लगभग 3-4 फीट चौड़ी ही रह गई है। वर्तमान में मेरे पड़ोस में रहने वाली गीता रंधारी एवं उसके पुत्र के द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। मकान निर्माण के साथ ही उनके द्वारा दक्षिण दिशा की ओर स्थित गली आम रास्ता को पूरी तरह से बंद कर आने जाने का मार्ग अवरुद्ध किया जा रहा है। जबकि इस गली की ओर सभी मकान का खिड़की और नाली बना हुआ है। नाली की सफाई और खिड़की से रोशनी और वायु का आवागमन अवरुद्ध होगा। इस अतिक्रमण से पूरे मोहल्ले वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। श्री झा ने कलेक्टर से मांग किया है कि गीता रंधारी के द्वारा मकान निर्माण के लिए सक्षम कार्यालय से नक्शा पास कराए जाने के साथ अनुमति प्राप्त करें। नगर निगम और जिला प्रशासन इस अनियमित मकान निर्माण की कार्यवाही पर रोक लगाये और इस अतिक्रमित गली को मुक्त कर आमजनों के आवागमन हेतु उपलब्ध करवाया जाये।

# छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के समर्थन में आया कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन



**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के आह्वान पर आंदोलनरत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को बर्खास्त/ निलंबन/ एफ.आई.आर. करने की कार्यवाही का विरोध करते हुए मंगलवार को प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के कर्मचारियों ने सरकार का तानाशाही रवैया बताया तथा इसे लोकतंत्र की हत्या निरूपित किया है और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर को सौंपा।

कर्मचारी फैडरेशन के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए प्रदेश के चिकित्सक, नर्सिंग संवर्ग एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लाखों लोगों को मौत के गाल में समाने से बचाए थे। प्रदेश के अनेक स्वास्थ्य कर्मी आम लोगों की सेवा करते हुए कोरोना से संक्रमित होकर इस दुनिया से विदा हो चुके हैं। यही स्वास्थ्य कर्मी जो विषम परिस्थितियों में नदी, पहाड़, जंगल पार कर प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर कोरोना टीकाकरण कर प्रदेश के लोगों को सुरक्षा का कवच दिये । प्रदेश भर में कोरोना योद्धाओं के सम्मान में फूलों की वर्षा कर, तालियां बजाकर जगह-जगह सम्मान दिया गया था। शासन कोरोना योद्धाओं के सम्मान में कई वादे भी किए थे ।

यही स्वास्थ्य कर्मी छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के आह्वान पर अपनी पांच सूत्रीय मांगों के लिए शासन -प्रशासन को विधि पूर्वक सूचना देकर 21 अगस्त 2023 से आंदोलन पर हैं। शासन अपनी हठधर्मिता से, इन कोरोना योद्धाओं से वार्ता कर उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने तथा इन कोरोना योद्धाओं का सम्मान में किए वादे को पूरा करने की बजाय दमनात्मक और हिटलर शाही रूप से उनके आंदोलन को कुचलने इन स्वास्थ्य कर्मियों को बर्खास्त/ निलंबन/ एफ.आई.आर. किया जा रहा है, जिसका छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बस्तर घोर विरोध व्यक्त करते हुए मंगलवार दोपहर 1:30 बजे भोजन अवकाश में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम का ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर बस्तर को सौंपा गया और कहा गया कि शासन इन कोरोना योद्धाओं को निशर्त बहाल कर उनकी मांगों पर चर्चा के माध्यम से सहानुभूति पूर्वक निर्णय ले। स्वास्थ्य कर्मियों के ऊपर दमनात्मक कार्यवाही के विरोध प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, आर पी मिश्रा रामनाथ कश्यप ,अनिल यादव, राजेंद्र परगनिया, मोतीलाल वर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, रोहित पांडे, अंतू राम भद्रे, प्रेम पांडे, पी तोमर ,हरिराम माली, दिनेश पराते, हेमलता नायक, पूर्णिमा देहारी तथा अन्य कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# स्टालिन और कांग्रेसियों का भाजपाइयों ने फूंका पुतला



मामला सनातन धर्म के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी का

**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। बीजेपी युवा मोर्चा ने मंगलवार को बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर के गोल बाजार चौक में सनातन धर्म के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले उदयनिधि स्टालिन ,भूपेश बघेल, राहुल गाधी और ममता बैनर्जी का पुतला फूंका । युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के गठबंधन सहयोगी पार्टी के नेता, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन हिंदू धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से करते हुए सनातन धर्म का अपमान करने का दुस्साहस किया है जो कि असहनीय है एवं इससे हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे ने भी स्टालिन के बयान का समर्थन किया है इससे ? यह साफ समझ आता है कि कांग्रेस पार्टी भी सनातन धर्म का विरोधी है। इस कारण ही कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार सनातन धर्म का अपमान किया जाता है जिसके विरोध में युवा मोर्चा ने उदयनिधी स्टालिन व कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया और स्टालिन पर एफआईआर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जीत का लक्ष्य साधने ताकत झोंक रही भाजपा



जिले की तीनों विधानसभा का सघन दौरा कर रहे भाजपा के बड़े चेहरे , एक-एक कार्यकर्ता पर पूरा फोकस

**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी ताकत झोंकने की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा के बड़े नेता व संगठन पदाधिकारियों ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सघन दौरा आरंभ कर दिया है और कार्यकर्ताओं से मुखातिब होकर चुनावी कार्य में जुट जाने ऊर्जा भर रहे है।

मंगलवार को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के तोकापाल में भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित बड़े नेताओं व संगठन की टीम ने सघन भ्रमण कर भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट की। अनेक लोगों को घर से संदेश भेज कर बुलाया गया और बैठक कर कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने कहा गया। भाजपा नेताओं ने संबोधन में कहा कि चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में हमेशा भाजपा विजयी होती रही है। वर्तमान में यहाँ कांग्रेस के विधायक है। समस्त कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस को परास्त कर यहाँ भाजपा को जिताने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने के कार्य को भी गंभीरता से करने कहा गया। भ्रमण व बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, लच्छू राम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, योगेंद्र पांडे, संतोष बघेल, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, चन्द्र शेखर जोशी, नरसिंह राव, विनायक गोयल आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्रयास, मेहनत कर अपनी खेल प्रतिभा को बेहतर करें : रेखचन्द



जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का समापन में विजेताओं को दिया गया पुरुस्कार

**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के लालबाग में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का समापन में संसदीय सचिव रेखचन्द जैन ने कहा कि प्रयास, मेहनत कर अपनी खेल प्रतिभा को बेहतर करें सभी खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करें। इस अवसर पर इन्द्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा भी उपस्थित थे।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खिलाड़ी को अपना हुनर दिखाने के लिए खेलना जरूरी है। अपने-अपने स्तर पर सभी खिलाड़ी जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए है। यहाँ से जीतकर संभाग स्तरीय में प्रतिस्पर्धा करेंगे, सभी अपना बेहतर प्रदर्शन करें, सभी खिलाड़ियों को इसके लिए शुभकामनाएं। लालबाग मैदान में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का समापन में बारिश की वजह से विजेताओं को प्रतीकात्मक रूप से पुरुस्कार का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया जिसमें गिल्ली डंडा में जगदलपुर विकासखंड, कब्बड्डी पुरूष (0-18 वर्ष) में बस्तर और महिला (18-40वर्ष) में दरभा विकासखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अन्य खेल विधाओं के विजेताओं को विकासखंड स्तर पर पुरुस्कार वितरण करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, एसडीएम नंद चौबे, खेल अधिकारी राजेंद्र डेकाटे सहित अन्य अधिकारी और खिलाड़ी उपस्थित थे।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका उल्लेखनीय : बाफना



**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के मौके पर जगदलपुर विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने सदर स्कूल पहुॅचकर उपस्थित शिक्षकगणों को शॉल और श्रीफल भेंटकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में उन्होंने कहा कि, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका उल्लेखनीय है इसलिए शिक्षक का सम्मान समाज में सर्वोपरि है। उनको जीवनपर्यन्त सम्मान देना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। साथ ही शिक्षक जिस स्कूल में जाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करते रहें। क्योंकि इस देश के शिक्षकों के कारण ही आज चांद और सूरज भारत की मुट्ठी में हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अविनाश श्रीवास्तव, नगर मण्डल उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, संतोष त्रिपाठी, रूपेश जैन, रितेश सोनी, मनीष जैन उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन



**जगदलपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शिक्षा अध्ययनशाला में मंगलवार को शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी उपस्थित थे । कुलसचिव ने बी.एड. के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भावी शिक्षक बनने जा रहे है, उसके लिए सबसे पहले आप लोगों को शिक्षक एवं शिक्षा की महत्ता को जानना बहुत आवश्यक है। प्रत्येक छात्र अपने शिक्षक को एक रोल मॉडल मानता है । साथ ही कुलसचिव ने कहा कि प्राचीन काल से विभिन्न धर्मग्रंथों एवं वेदों में शिक्षकों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

उन्होंने महाकवि कलिदास के दोहे च्चगुरु गोविन्द दोउ खरे काके लागू पाएं च्च का उल्लेख करते हुए गुरु की महत्ता को समझाया। भविष्य में ए.आई. के द्वारा शिक्षा के बहुत से कार्य किये जा सकेंगे, परन्तु शिक्षकों की स्थानपूर्ति ए.आई. के द्वारा कभी नहीं की जा सकेगी । कोरोना काल में पूरे देश में ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था होने के बाद आज हुए विभिन्न शोधों से यह पता चल रहा है कि उस समय में छात्रों के सिखने की क्षमता कम हो गई है । अंत में समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी । शिक्षा अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा, सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शाला के शिक्षक अत्यंत महत्तवपूर्ण स्थान रखते है । बी.एड. प्रशिक्षण के दौरान आप सभी अनुशासन में रहकर ही एक अच्छे शिक्षक बन सकते है। यही वह समय है जो आपको भावी शिक्षक के रूप में तैयार करने में सहायक होगा। समाज में सबसे अधिक सम्मान एक शिक्षक को प्राप्त होता है। आप बी.एड. के छात्र होने के कारण शिक्षकीय कार्य से सीधे जुड़े हुए हैं, अत: आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव का संदेश >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



**भानुप्रतापपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा मंडल कोरर ने बस स्टेंड कोरर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर आरोप लगाया। एवं 5 सौ स्वास्थ्य कर्मचारियों को बर्खास्त किये जाने के विरोध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्य के बीजेपी नेताओं के समक्ष रायपुर में राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र लाया गया। जिसे लोगों को धीरज मिश्रा भाजपा मंडल महामंत्री द्वारा पढ़कर सुनाया गया। एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में मुख्यत: क्षेत्रीय मुद्दे हावी रहे जिसमें मुख्यत: कोरर को तहसील बनाने कि घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा गोविंदपुर कांकेर में किया गया था जो आज तक नहीं हो पाया, सड़कों कि स्तिथि खराब होने, गांवों में लो वोल्टेज सहित बार बार बिजली कटौती, कोरर में कालेज कि मुख्य समस्या बच्चों को 30 किलोमीटर जाना पड़ता है। जिससे बच्चों कि पढ़ाई प्रभावित हो रहा है। गांवों में कोचिये द्वारा शराब खुलकर बेचा जा रहा है जिस पर जिस पर मंच में उपास्थित नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दीं। और राज्य कि कांग्रेस सरकार एवं भूपेश बघेल के खिलाफ जमकर नारे बाजी किया गया। कार्यक्रम की अगवाई भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप के नेतृत्व में हुआ।

वक्त के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ट भाजपा नेता सर्वेश चौहान, अजजा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष छात्र प्रताप देव दुग्गा, भाजयुमो. जिला अध्यक्ष राजा पांडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय मंडावी, किसान मोर्चा जिला संयोजक भूपेंद्र सिंह राजपूत, मंडल महामंत्री जय शिवना पूर्व जनपद अध्यक्ष रामबाई गोटा एवं पूर्व जनपद सदस्य मनबोध सिंह ठाकुर के द्वारा प्रदेश सरकार की विफलताओं को एवं क्षेत्र की समस्याओं पर मुख्य रूप से प्रकाश डाला गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री कुलेश्वर नेताम ने किया।

इस अवसर पर जिला भाजयुमो मीडिया प्रभारी राजीव श्रीवास, चारामा मंडल अध्यक्ष अंकित जैन, भानुप्रतापपुर पूर्व भाजयुमो मंडल संकेत नाशिने धनेलीकन्हार भाजयुमो मंडल अध्यक्ष हेमलाल गढ़िया, मंडल मंत्री भारती कोर्राम, निर्भय कोमरा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरवंश शिवाना, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष चौउत राम हुईके, कुबेर कोसमा, मंडल उपाध्यक्ष योगेश कोमरा, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष ईश्वर यदु, वरिष्ठ कार्यकर्ता मनबोध ठाकुर, शिव शंकर शुक्ला, दिलीप चुरगीया, पवन कौशीक, अभिषेक साहू, आकाश साहू, नयन साहू, पन्नालाल गढ़िया, नागेश यदु, चेतन कैमरो, बीजू पटेल, अरुण पोया, कामदेव उईके, आत्माराम बेसरा, श्याम सुंदर राना अनूप सोलंकी, मनोहर दर्रो, एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# बलराम के जन्मदिवस का त्यौहार कमरछठ दुर्गा मंदिर में मनाया गया

**भानुप्रतापपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आज भानुप्रतापपुर के नयापारा स्थित दुर्गा मंदिर में कमरछठ का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर मे सगरी बनाकर महिलाओं ने विधि विधान से हलषष्ठी की पूजा की। आज सुबह से ही मंदिर में चहल पहल थी और सभी महिलाओं ने एक दिन का व्रत रखकर पूजा की। भानुप्रतापपुर नगर में दुर्गा मंदिर में सभी त्योहारों को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। सभी महिलाओं ने अपने संतान की सुख समृद्धि की कामना करके कतरछट का उपवास रखा और पूजा की। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हल षष्ठी के नाम से जाना जाता है. इस दिन महिलाएं संतान की दीर्घायु और कुशलता की कामना के लिए व्रत रखती हैं.हल षष्ठी व्रत भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम को समर्पित है. धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान बलराम का जन्म हुआ था. नववाहिता ये व्रत संतान सुख के लिए करती हैं धर्म ग्रंथों के अनुसार बलराम जी का मुख्य शस्त्र हल और मूसल है इसलिए उन्हें हलधर भी कहा जाता है, उन्हीं के नाम पर इस पावन पर्व का नाम हल षष्ठी पड़ा है. इसे हलधर भी कहा जाता है. . इस दिन खेती में उपयोग होने वाले उपकरणों की पूजा की जाती है. महिलाएं अपने बच्चों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत रखती हैं. मान्यता है कि इस व्रत को करने से संतान के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं. हलषष्ठी के दिन माताओं को महुआ की दातुन और महुआ खाने का विधान हैहल षष्ठी के दिन महिलाएं एक गड्ढा बनाकर उसे गोबर से लीप कर तालाब का रूप देती हैं. इस तालाब में झरबेरी और पलाश की एक शाखा बांधकर उसमें गाड़ दिया जाता है. भगवान गणेश और माता पार्वती की पूजा की पूजा कर छठ माता की पूजा की जाती है. पूजा के समय 7 तरह का अनाज चढ़ाया जाता है. इस व्रत में हल से जोत कर उगाए हुए अन्न को नहीं खाया जाता है. पूजा के बाद भैंस के दूध से बने मक्खन से हवन किया जाता है. रात्रि में चंद्र दर्शन के बाद व्रत का पारण करते हैं. आज इस अवसर पर भानुप्रतापपुर नगर के महिलाओं नें उपस्थित होकर पूजा की।



**संतान की सुख समृद्धि के लिए माताओं ने उपवास रख की पूजा**

# शिक्षक दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री लखमा ने कहा शिक्षा ही उन्नति का मार्ग



**सुकमा,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। उद्योग व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने बच्चों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ा धन शिक्षा धन है। आनेवाला समय पढ़े लिखे लोगो का है। आज आदिवासी छात्र छात्राओं को केवल गुरुजी बनने के अलावा राजनीति, वैज्ञानिक, व्यापारी, पत्रकार, ठेकेदार जैसे क्षेत्रों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए तथा समाज के उत्थान की बात मजबूती के साथ रखना चाहिए। आज बस्तर जैसे सुदूर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के साथ ही शिक्षा दी जा रही है। आज बस्तर के प्रत्येक जिले में आश्रम बनाये जा रहे है जिसका लाभ इंदरूनी इलाको में रहने वाले गरीब आदिवासी उठा पा रहे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच के कारण ही आज बस्तर जैसे इलाको में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के स्कूल बनाये जा रहे है जिसका लाभ गरीब आदिवासी परिवार बच्चे उठा पा रहे है। आज सुकमा डुब्बाटोटा के बच्चें इंग्लैड में नॉकरी कर पूरे बस्तर का नाम रोशन कर रही है। आज बस्तर बदल रहा है। जो लड़ेगा वो जीतेगा, इसलिए अपने अधिकार के बातों को मजबूती के साथ रखना है। बालक छात्रावास ने मंत्री को अपनी मांग पत्र सौंपा, जिसे ध्यान में रखते हुए मंत्री ने मांग को पूरा किये जाने का आश्वासन दिया।

# दंतेवाड़ा के विकास में शिक्षकों की भूमिका अहम : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस पर आज उत्कृष्ट सेवा देने वाले जिले के शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिला स्तरीय आयोजन में कलेक्टर विनीत नंदनवार, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन एवं अन्य अतिथियों को चयनित शिक्षकों को शाल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह तथा पुरस्कार राशि का चेक प्रदान किया। कलेक्टर श्री नंदनवार ने इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में जिले की प्रगति के लिए शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

जिला ग्रंथालय में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार, सम्मान समारोह में जिला स्तर पर चारों विकास खंडों से शिक्षकों के नाम चयनित किए गए थे, जिन्हें सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार में प्राथमिक शाला के 12 शिक्षकों को शिक्षा दूत पुरस्कार 5 हजार रुपये की राशि, माध्यमिक शाला के 3 शिक्षकों ज्ञानदीप पुरस्कार 7 हजार रुपये की राशि,उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राथमिक शाला के 4 प्रधान पाठक 1 हजार रुपये की राशि, उत्कृष्ट कार्य करने वाले माध्यमिक शाला के 4 प्रधान पाठक 1 हजार रुपये की राशि, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 1 प्राचार्य को 1 हजार रुपये की राशि एवं सेवानिवृत्त हुए व होने वाले 18 शिक्षकों का सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर विनीत नंदनवार ने शिक्षक दिवस का महत्व बताया और कहा कि आप सभी शिक्षकों की बदौलत ही शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है। कलेक्टर ने अपना अनुभव साझा किया और अपने शिक्षको का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि गणित में कमजोर होने के बावजूद उनके शिक्षकों ने उनका उत्साह बढ़ाया। बतौर आईएएस वे आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं तो इसमें उनके शिक्षकों की महत्वपूर्ण भागीदारी है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना शिक्षक के कभी आगे नहीं बढ़ सकता। आप सभी सच्ची लगन व निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। अंदरूनी क्षेत्रों में सेवाएं देते हैं, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिला बहुत चुनौती पूर्ण रहा है। शिक्षक, शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वोत्तम दे रहे हैं। यहां के छात्र विभिन्न राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पा रहे हैं तो इसका श्रेय यहां के शिक्षकों को जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परिवर्तन धीमा और दर्द भरा होता है, लेकिन इसका परिणाम बेहद सार्थक और सुनहरे भविष्य का निर्माण करने वाला होता है। इस दौरान जिपं सदस्य श्री नेताम, पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप ने भी शिक्षकों का अभिवादन किया और जिले के विकास में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। आयोजन के द्वितीय सत्र में वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव ने शिक्षकों के बीच अपनी बात रखी और कहा कि दंतेवाड़ा में गंभीर परिस्थितियों के बीच शिक्षक बड़ी लगन के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके पढ़ाये छात्र विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के सोपान तय कर रहे हैं। शिक्षकों को जो आज सम्मान मिला उसका भी सम्मान बनाकर रखना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। आदिम जाति कल्याण विभाग के उपायुक्त डॉ. आनंद जी सिंह ने इस मौके पर कहा कि हम जिस क्षेत्र में कार्य करते हैं उस पर सबकी निगाह होती है। अपने अनुभव बांटते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों को बेहतर शिक्षा देने शिक्षकों का स्वयं अध्ययनशील होना बहुत जरूरी है। अपना स्वयं का उदाहरण देते उन्होंने बताया कि सरकारी सेवा में होने के बावजूद वे पढ़ाई से अभी भी जुड़े हुए हैं। 21 डिग्री हासिल कर चुके हैं और 22वें की तैयारी है। इस दौरान सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती अहिल्या ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, डीएमसी एसएल सोरी ने भी शिक्षकों को जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। आयोजन में बड़ी संख्या में शिक्षक व जन प्रतिनिधि, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड स्रोत समन्वयक शामिल हुए।



**शिक्षक दिवस पर चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण**

## सार-संक्षेप

### वाडिवा परिवार द्वारा स्कूली बच्चों को बैग वितरण किया गया



**भानुप्रतापपुर**, 5 सितंबर। प्राथमिक शाला कोकरीपारा नारायणपुर के सभी स्कूली बच्चों को स्वर्गीय सविता वाडीवा के पुण्यतिथि में बैग एवं फल वितरण किया गया। जिसमें सुरेखा नेताम, लता वाडिवा, दुष्यंत वाडिवा, बीआरसी राधेलाल नुरूटी, प्रधानाध्यापक बिंदेश्वरी ठाकुर, एवं सहायक शिक्षक नागेश्वरी ठाकुर उपस्थित रहे।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज श्री शंकर सेवा संघ हर्षोल्लास से आज मनाएगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**जगदलपुर**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज श्री शंकर सेवा संघ के द्वारा पावन श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व 6 सितम्बर बुधवार को स्थानीय श्री शंकर देवालय मंदिर प्रांगण में परंपरानुरूप पूरे धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। समाज के अध्यक्ष आलोक अवस्थी ने बताया कि कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज श्री शंकर सेवा संघ द्वारा बरसों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पूरे वैभव व भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। बुधवार की मध्यरात्रि 12 बजे बाल गोपाल प्रभु श्री कृष्ण का जन्म होगा। इस अवसर पर भजन कीर्तन और संपूर्ण पूजा विधान पूर्ण होंगे। लगातार पांच दिनों प्रभु श्री कृष्ण की स्थापित प्रतिमा की नित दिन पूजा अर्चना, भजन संगीत समेत विविध कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिसमें समाज के समस्त सदस्यों की महत्वपूर्ण सहभागिता रहती है। 11 सितम्बर सोमवार को मुरली मनोहर प्रभु श्री कृष्ण की छठी मनायी जायेगी और उसके साथ ही पर्व संपन्न होगा।

# शांतिपूर्ण चुनाव के लिए यूनीफाईड कमांड की रणनीति

**दंतेवाड़ा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दौरान जिला पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के बीच बेहतर तालमेल के लिए अभी से रणनीति बन रही है। सीआरपीएफ और विभिन्न सुरक्षा बलों के बीच आपसी समन्वय के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। पीएचक्यू के निर्देश पर ऐसी ही महत्वपूर्ण बैठक एसपी गौरव राय की अध्यक्षता में हुई।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा में यूनीफाईड डिस्ट्रिक्ट ऑपरेशन कमाण्ड का गठन किया गया। जिले में नक्सलियों के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही हेतु विभिन्न सुरक्षा बलों के मध्य आपसी समन्वय एवं अभियानों की सफलता हेतु आयोजित बैठक में एके प्रसाद, कमाण्डेंट 230 वीं वाहिनी, राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 वीं सीआरपीएफ मुख्यालय नेरली घाटी एवं बारसूर, जेपी सेम्युअल द्वितीय कमाण्ड अधिकारी 231 सीआरपीएफ मुख्यालय गीदम, रामकुमार बर्मन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दन्तेवाड़ा, सत्या तंवर, उप सेनानी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा, उप पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा एवं सहायक सेनानी 111 वीं मुख्यालय कारली सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 शांति पूर्ण मतदान कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था अतिसंवेदनशील/संवेदनशील मतदान केन्द्र, फोर्स मुव्हमेंट, चुनाव के मद्देनजर जिला बल एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी के साथ अधिक-अधिक एरिया डामिनेशन एवं ऑप्स प्लान करने, सीआरपीएफ अधिकारियों द्वारा दूरसंचार की व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कमारगुड़ा से जगरगुण्डा बारिश की वजह से बंद सड़क मार्ग को चालू कराने चर्चा की गयी।

पुलिस अधीक्षक श्री राय ने भारतीय नेट परियोजना के तहत कार्य केबल बिछाने के साथ-साथ उक्त मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य चालू किये जाने की जानकारी दी। इसके साथ ही आसूचना तंत्र को सक्रिय कर सूचनाएं प्राप्त करना तथा सूचनाओं को आदान-प्रदान करते हुए संयुक्त अभियान चलाये जाने, फोर्स मूव्हमेंट दौरान आरएसओ सर्च ऑपरेशन पर विशेष ध्यान देने, आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 सम्पन्न हेतु बाहर आये फोर्स को सीआरपीएफ कैम्पों में रूकवाने के संबंध में भी चर्चा हुई। बाहर से आने वाली फोर्स के रूकने के स्थानों की मरम्मत इस महीने तक पूर्ण कराये जाने एवं उसके लिए सीआरपीएफ अधिकारियों को अतिशीघ्र मांग पत्र भेजने के संबंध में भी निर्णय हुआ।

इसी तरह चुनाव के मद्देनजर व्हीआईपी एवं स्थानीय व्हीआईपी के भ्रमण दौरान रोड सुरक्षा हेतु आरएसओ लगाने, मतदान केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराने के संबंध में बात हुई। थाना प्रभारी एवं कम्पनी कमाण्डर के मध्य आपसी समन्वय तथा संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से सर्च कराने और आगामी विधानसभा निर्वाचन में फोर्स की तैयारियॉ तथा मतदान शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के विषयों पर भी चर्चा की गयी।



**जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ एवं इंटेलीजेंस विभाग की संयुक्त बैठक**

# भाजयुमो ने फूंका उदयनिधि स्टालिन का पुतला

**दंतेवाड़ा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के गठबंधन सहयोगी पार्टी के नेता, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन हिंदू धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया और कोरोना से करते हुए सनातन धर्म का अपमान करने का दुस्साहस किया है, जो कि असहनीय है एवं इससे हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे ने भी स्टालिन के बयान का समर्थन किया है। इससे यह साफ समझ आता है कि कांग्रेस भी सनातन धर्म की विरोधी है, इस कारण ही कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार सनातन धर्म का अपमान किया जाता है। इसके विरोध में युवा मोर्चा ने उदयनिधी स्टालिन व कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया और स्टालिन पर एफआईआर की मांग की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अट्टामी, मुकेश शर्मा, राकेश कुशवाहा, संतोष गुप्ता, दीपक बाजपेई,नंदलाल मुड़ामी, मुन्ना मरकाम, खिरेन्द्र ठाकुर, जयदयाल नागेश, कुलदीप ठाकुर, राजमन ठाकुर,श्रीमती शशि प्रभा यादव, अनोज भदोरिया,रूपन मंडल, सुश्री लक्ष्मी यादव, किर्ती ठाकुर, कुणाल ठाकुर, राघवेन्द्र गौतम, कृष्णकांत शिवहरे, अभिषेक राठौर, श्रीकांत राव, लक्ष्मी नाथ यादव, राजतिलक, भुपेंद्र निर्मलकर, कृष्ना, अजय अवस्थी,नंदलाल यादव, चंदन ध्रुव, चंद्रकांत, रतीराम, शिव प्रताप, बृजेश राणा, सुमित, हिमांशु, हरिश, कमल, बबलु इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



- सनातन धर्म पर विवादित बयान का विरोध
- कांग्रेस को भी बताया सनातन धर्म विरोधी

## प्रादेशिकी का शेष...

### स्टालिन और कांग्रेसियों का ...

की मांग किया हैं। इस पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिंह मांडवी, योगेंद्र पांडे, रामाश्रय सिंह,संजय पांडे, विद्या शरण तिवारी, सुरेश गुप्ता, अनिल लूक्कड़, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, रजनीश पाणिग्रही, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा एवं अन्य के साथ काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालय में शिक्षक ...

प्रेषित करते हुए कहा कि शिक्षा अध्ययनशाला के समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। कुलपति ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी एक महान शिक्षाशास्त्री होने के साथ साथ एक अच्छे दर्शनशास्त्री थे। इन्होंने भारतीय शिक्षा को एक नई बुलंदियों तक पहुचाया है । शिक्षा के क्षेत्र में इन्होने देश एवं विदेश में सराहनीय कार्य किये है। आप सभी से आशा है कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में बी.एड. की छात्रा प्रतिमा कोसरे ने कविता-पाठ तथा श्रेजल ने भाषण प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन बी.एड. छात्रा सुपर्णा वर्मा तथा दिंकल जोशी ने किया । धन्यवाद ज्ञापन मोहित साहू ने किया । कार्यक्रम में शिक्षा अध्ययनशाला के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

# विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन

**जगदलपुर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शिक्षा अध्ययनशाला में मंगलवार को शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी उपस्थित थे । कुलसचिव ने बी.एड. के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भावी शिक्षक बनने जा रहे है, उसके लिए सबसे पहले आप लोगों को शिक्षक एवं शिक्षा की महत्ता को जानना बहुत आवश्यक है। प्रत्येक छात्र अपने शिक्षक को एक रोल मॉडल मानता है । साथ ही कुलसचिव ने कहा कि प्राचीन काल से विभिन्न धर्मग्रंथों एवं वेदों में शिक्षकों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

उन्होंने महाकवि कलिदास के दोहे च्चगुरु गोविन्द दोउ खरे काके लागू पाएं च्च का उल्लेख करते हुए गुरु की महत्ता को समझाया। भविष्य में ए.आई. के द्वारा शिक्षा के बहुत से कार्य किये जा सकेंगे, परन्तु शिक्षकों की स्थानपूर्ति ए.आई. के द्वारा कभी नहीं की जा सकेगी । कोरोना काल में पूरे देश में ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था होने के बाद आज हुए विभिन्न शोधों से यह पता चल रहा है कि उस समय में छात्रों के सिखने की क्षमता कम हो गई है । अंत में समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी । शिक्षा अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा, सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शाला के शिक्षक अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान रखते है । बी.एड. प्रशिक्षण के दौरान आप सभी अनुशासन में रहकर ही एक अच्छे शिक्षक बन सकते है। यही वह समय है जो आपको भावी शिक्षक के रूप में तैयार करने में सहायक होगा। समाज में सबसे अधिक सम्मान एक शिक्षक को प्राप्त होता है। आप बी.एड. के छात्र होने के कारण शिक्षकीय कार्य से सीधे जुड़े हुए हैं, अत: आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव का संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि शिक्षा अध्ययनशाला के समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी । कुलपति ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी एक महान शिक्षाशास्त्री होने के साथ साथ एक अच्छे दर्शनशास्त्री थे। इन्होंने भारतीय शिक्षा को एक नई बुलंदियों तक पहुचाया है । शिक्षा के क्षेत्र में इन्होने देश एवं विदेश में सराहनीय कार्य किये है। आप सभी से आशा है कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में बी.एड. की छात्रा प्रतिमा कोसरे ने कविता-पाठ तथा श्रेजल ने भाषण प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन बी.एड. छात्रा सुपर्णा वर्मा तथा दिंकल जोशी ने किया । धन्यवाद ज्ञापन मोहित साहू ने किया । कार्यक्रम में शिक्षा अध्ययनशाला के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।



# 10 को आकाशवाणी की लोकसंगीत संध्या

## रायपुर में काव्य संध्या और भिलाई में सुगम संगीत

**दंतेवाड़ा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आकाशवाणी रायपुर की ओर से जी-20 के के अंतर्गत काव्य संध्या, सुगम संगीत और लोक संगीत संध्या का आयोजन रायपुर, भिलाई और जगदलपुर में किया जा रहा है। इसकी पहली कड़ी में 6 सितंबर बुधवार को रायपुर के रंग मंदिर सभागृह में शाम 7 बजे से काव्य संध्या का आयोजन किया गया है। इसमें कविता प्रेमी हिंदी, उर्दू और छत्तीसगढ़ी कविताओं का आनंद उठाएंगे। हिंदी के कवियों में डॉक्टर मानिक विश्वकर्मा, शरद कोकास, अजय सोनवानी और भरत कुमार, उर्दू में नीलू मेघ, अब्दुल सलाम कौसर, सुखनवर हुसैन और इरफानुद्दीन अपने कलाम पेश करेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ी में दीप दुर्गवी, मीर अली मीर, रमेश विश्वहार और किशोर तिवारी अपने रचनाएं सुनाएंगे। इसी कड़ी में अगला आयोजन 8 सितंबर शुक्रवार को शाम 7 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर सभागृह भिलाई सिविक सेंटर में सुगम संगीत संध्या के अंतर्गत होगा। इसमें प्रभंजय चतुर्वेदी, पंडित अश्वनी वर्मा, प्राची कोकणठाणकर और साधना राहटगांवकर अपने सुरों का जादू जगाएंगे। उनके साथ पंडित अवध सिंह ठाकुर (तबला), सुरेश भट्ट (तबला), कीर्ति व्यास (वायलिन), शफीक हुसैन (सारंगी), रियाज मोहम्मद (सिंथेसाइजर), शिवा मिश्रा (ऑक्टोपैड) और दुष्यंत हरमुख (बांसुरी) संगत करेंगे। आयोजन की तीसरी कड़ी में लोक संगीत संध्या 10 सितंबर रविवार को शाम 7 बजे से श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह जगदलपुर में आयोजित है। आकाशवाणी जगदलपुर के सहयोग से आयोजित लोक सुधा में रायपुर के पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले और साथी पंथी लोकगीत व नृत्य प्रस्तुत करेंगे। छतरपुर के प्रकाश यादव और साथी राई लोकगीत व नृत्य, अंबिकापुर के मालिक राम और साथी सरगुजिया लोकगीत नृत्य और जगदलपुर के दसरु राम और साथी गोंडी लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

# निर्वाचन कार्यों का सतर्कता से करे संपादन : कलेक्टर



**कोण्डागांव,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन कार्यों का सतर्कता से संपादन करने तथा प्रभावी रणनीति बनाकर रोका छेका अंतर्गत सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभा कक्ष में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए वर्षा के कम होने के साथ सभी कार्यों को त्वरित गति से संचालित कर पूर्ण करने एवं मनरेगा कार्यों को भी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। रोका छेका कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को प्रभावी रणनीति बना कर सड़कों सुरक्षित बनाने के लिए आवारा घुमंतु पशुओं को सड़को से हटाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिये। जिसके तहत अधिकारियों ने बताया कि अब तक 602 पशुओं को रेडियम बैल्ट, 281 की टेगिंग के साथ 190 को सड़कों से हटाकर सुरक्षित गौठानों में व्यस्थापित किया गया है। इसके लिए कलेक्टर ने ग्राम के जनप्रतिनिधियों, गौठान समिति के अध्यक्ष, सदस्य, सचिव, गौठान मितान एवं नगरीय निकायों को पुलिस एवं पशुधन विभाग के साथ सम्मिलित रूप से कार्य करने को कहा।

सड़कों की मरम्मत के लिए कलेक्टर निर्देश देते हुए केशकाल घाट एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य स्थानों पर त्वरित गति से पेंच मरम्मत का कार्य कराने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त कोण्डागांव नारायणपुर मार्ग को जल्द से जल्द प्रारंभ करने, कुधुर एवं कुएंमारी में निर्माणाधीन सड़कों एवं तुमड़ीवाल में पुल के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### सहायक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी को कलेक्टर ने दिया नोटिस

कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों को सतर्कता पूर्वक संपादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्यों में लापरवाही पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नवीन मतदाताओं के आवेदनों एवं एपीक कार्ड में सुधार के आवेदनों की समीक्षा करते हुए केशकाल विकास खण्ड में आवेदनों का त्वरित निराकरण न होने पर केशकाल के सहायक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को नवीन मतदाताओं को जोड़ने एवं संशोधन संबंधित कार्यों को सतर्कता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की मार्किंग का कार्य जल्द से जल्द करने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, डीएफओ केशकाल एन गुरूनाथन, डीएफओ कोण्डागांव आरके जांगड़े सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा के जनक गुरु शिक्षक के बिना अधूरा है जीवन : मोहन मरकाम

**कोण्डागांव,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम ने उपस्थित सभी शिक्षकों सेवानिवृत शिक्षकों को शॉल श्रीफल और कलम प्रदाय कर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर हम गौरवान्वित महसूस करते हैं।



डॉ.राधाकृष्णन एक दार्शनिक और अध्यापक भी रहे हैं। देश को शिक्षा की दिशा में आगे ले जाने में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने उच्च नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारा और अपने छात्रों को भी प्रेरित किया किसी भी व्यक्ति के जीवन की प्रथम शिक्षक उसे जन्म देने वाली माँ होती है और उसके बाद उसे सही राह दिखाने वाला जीवन में आगे बढ़ने तरक्की की राह दिखाने वाला कोई होता है, तो वो है शिक्षक। षिक्षक ना केवल शिक्षा देने का कार्य करते हैं, अपितु शिक्षक अच्छा नागरिक तैयार करने में और शिक्षा के माध्यम से देश के विकास की मजबूत नींव रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के माध्यम से वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं। डॉ.राधाकृष्णन के पदचिन्हों पर चलते हुए शिक्षक देश और समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों को भी चहिये की शिक्षक के दिये ज्ञान को आत्मसात करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलते हुए प्रगति पथ पर आगे बढ़ें और अपना अपनी शाला का अपने गांव का अपने राज्य का अपने देश का नाम रौशन करें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्यता हरिचन्द नेताम के जन्मदिन पर उनसे केक कटवाकर बधाई दी और हमेशा के अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं से सवाल पूछे और सही उत्तर देने वाले छात्र छात्राओं को नगद पुरस्कार दिया। इस अवसर पर उनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, जिला अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, ब्लॉक अध्यक्ष भरत देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी एम.डी.बघेल, सुरेंद्र मिश्रा, भंगिलाल पटेल, जिला महामंत्री गीतेश गांधी, कपिल चोपड़ा, प्रदेश सचिव शकूर खान, अमित गुप्ता, पार्षदगण ललिता नेताम, अनिता पोयाम, सुमित्रा टावरी, श्याम सिंह, गन्नू पोयाम, अभिलाषा पोयाम, गीतेश बघेल, दीपक जैन, सेवानिवृत शिक्षकगण, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं सहित शाला के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आचार संहिता का इंतजार ना करें, रोकें अवैध परिवहन : विनीत

**दंतेवाड़ा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधी सभी कार्य को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करने की निर्देश दिए साथ ही नाम जोड़ने का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने कहा।



कलेक्टर श्री नंदनवार ने कहा कि किसी भी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची से छूटे ना। उन्होंने वर्तमान में जिला में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी ली और निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया। साथ ही मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी गंभीरता, सूक्ष्मता और सावधानी से करने को कहा। बैठक दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश का शत प्रतिशत पालन करते हुए निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए जिले में नशीले पदार्थ, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के लागू होने का इंतजार न करते हुए ऐसे मामलों में तत्परता से कार्यवाही करने को कहा।

### समय सीमा बैठक में कलेक्टर के कड़े निर्देश

उन्होंने मतदान केंद्रों में व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट की उपलब्धता व भंडारण तथा मानव संसाधन, वाहन तथा शिकायत निवारण प्रबंधन की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को विधानसभा चुनाव के लिए पूरी लगन और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने कहा। साथ ही मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में पेयजल, फर्नीचर व दिव्यांगजनों के लिए रैम्प आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉडल मतदान केन्द्र एवं आदर्श मतदान केन्द्र तथा मतदान करने वाले मतदाता जो मतदान केन्द्र तक नहीं आ सकते, ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गिरदावरी का कार्य होने के साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना में किसानों का पंजीयन तेजी से पूरा करें। इसके लिए सभी आरएईओ से प्रतिदिन मंगवाते जाये, जिससे समय-सीमा के भीतर योजना में किसानों के पंजीयन का कार्य पूरा किया जा सके। उन्होंने ने शिक्षा पाठ्यक्रम के तहत नीट, जेईई तथा अंग्रेजी के पाठशाला की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बिंजोली को प्रथम, मड़ानार को द्वितीय व करियाकाटा को तृतीय पुरस्कार मिला

**कोण्डागांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। कायाकल्प अवार्ड के तहत कोण्डागांव जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र बिंजोली को प्रथम, उप स्वास्थ्य केन्द्र मड़ानार को द्वितीय एवं करियाकाटा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को भी सम्मानित किया।



सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना के तहत जिले के विजेता स्वास्थ्य केन्द्रों को सम्मनित किया। जिसके तहत वर्ष 2022-23 के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्र बिंजोली को प्रथम पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं 01 लाख रूपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं उप स्वास्थ्य केन्द्र मड़ानार को द्वितीय पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं 50 हजार रूपये तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र करियाकाटा को प्रशस्ति पत्र एवं 35 हजार रूपये के चेक प्रदान किये गये। वहीं उप स्वास्थ्य केन्द्र खलारी एवं मुनगापदर को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं 25 हजार रूपये प्रदान किये गये। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केवल पांच उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं बल्कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को हमें सर्टिफिकेशन दिलाने के साथ उन्हें स्वच्छता एवं सेवाओं में अव्वल बनाने का प्रयास करना है। इसके लिए हम सभी मिलकर कार्य करेंगे।

### कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को किया सम्मानित

**कायाकल्प 2021-22 के विजेताओं का भी हुआ सम्मान**

इस दौरान कलेक्टर ने कायाकल्प 2021-22 के विजेताओं का भी सम्मान किया जिसमें पीएचसी अड़ेगा को प्रथम पुरस्कार एवं पीएचसी बम्हनी, बड़ेकनेरा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उप स्वास्थ्य केन्द्र वर्ग में उप स्वास्थ्य केन्द्र खलारी को प्रथम, बिजोली को द्वितीय, मड़ानार को तृतीय एवं कुधुर, बाखरा, हसेल, देवखरगांव, करियाकाटा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह सहित सभी बीएमओ एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### न्यायालय में भर्ती के लिए अंतिम सूची जारी

**दंतेवाड़ा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में 10 जुलाई के स्टेनोग्राफर (हिन्दी) कुल 4, स्टेनो टायपिस्ट 1 एवं सहायक ग्रेड-3 के कुल 33 रिक्त पदों की भर्ती के संबंध में प्राप्त दावा आपत्ति आवेदन पत्रों का निराकरण समिति द्वारा करने के उपरांत पात्र, अपात्र पाये गये अभ्यर्थियों की अंतिम संशोधित सूची तैयार की गई है। सूची कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के वेब साईट में 3 व 4 सितंबर को अपलोड किया गया है। संबंधित इसका अवलोकन कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं



**दंतेवाड़ा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीण जन एवं आम नागरिकों द्वारा जनदर्शन में अपनी छोटी या बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करते है। कलेक्टर श्री नंदनवार ने आवेदन पर विचार कर संबंधित विभाग प्रमुख को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश समय-सीमा में दिए।

### जिपं बस्तर के सामान्य सभा की बैठक आज

**जगदलपुर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत बस्तर की सामान्य सभा की बैठक 31 जुलाई को स्थगित कर 06 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत बस्तर के सभाकक्ष में आहूत की गई है।

# आदर्श आंगनबाड़ी निर्माण हेतु कार्ययोजना निर्मित करने कलेक्टर ने ली बैठक

## आदर्श आंगनबाड़ियों को बनाएं अन्य आंगनबाड़ियों के लिए अनुकरणीय : कलेक्टर

**कोण्डागांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। आदर्श आंगनबाड़ी निर्माण हेतु कार्य योजना निर्मित करने एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करने के सम्बन्ध कलेक्टर द्वारा बैठक लेकर आदर्श आंगन बाड़ियों को अन्य आंगनबाड़ियों के लिए अनुकरणीय बनाए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिया गया।



कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के संग मॉडल आंगन बाड़ी के लिए कार्ययोजना निर्माण हेतु सोमवार को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने मॉडल आंगन बाड़ियों की परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए कार्य योजना निर्माण के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने किसी आंगन बाड़ी को मॉडल आंगन बाड़ी बनाने के लिए केवल आधारभूत ढांचे को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ व्यावहारिक एवं मानसिक स्तर पर बच्चों के विकास पर बल देने को कहा। इसके लिए उन्होंने बैठक में सम्मिलित सभी पर्यवेक्षकों से चर्चा करते हुए उनके सुझावों को सुना एवं आंगन बाड़ी केंद्रों में औपचारिक के साथ-साथ अनौपचारिक शिक्षा पर भी बल देने के निर्देश दिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो और समाज को इसका लाभ प्राप्त हो। उन्होंने आंगन बाड़ी केंद्रों को अन्य आंगन बाड़ियों एवं लोगों के लिए अनुकरणीय बनाने को कहा। कलेक्टर ने आंगन बाड़ी केंद्रों में पेयजल उपलब्धता, वजन त्यौहार के संचालन, कार्यकर्ताओं को नवीन मोबाइल वितरण एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार तथा कुपोषित बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। ज्ञात हो कि जिले के कुल 1830 आंगन बाड़ी केंद्रों में से 130 आंगन बाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगन बाड़ी केंद्रों के रूप में बनाया जा रहा है। जिसमें माकड़ी परियोजना में 42, परियोजना कोण्डागांव 01 में 13, परियोजना कोण्डागांव-02 में 13, परियोजना कोण्डागांव-03 में 13, परियोजना बड़ेराजपुर में 13, परियोजना फरसगांव में 12, परियोजना बड़ेडोंगर में 12, परियोजना केशकाल में 12 आंगन बाड़ियों का उन्नयन मॉडल के रूप में किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ए.के.बिस्वाल सहित जिले के सभी पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# मास्टर ट्रेनरों ने एफएलएन प्रशिक्षण दिया



**कोण्डागांव,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के ब्लॉक कोण्डागांव अंतर्गत संवेदनशील क्षेत्र में बसे ग्राम बयानार के प्रशिक्षण स्थल बालक आश्रम बयानार- 2 में प्राथमिक स्तर तीन दिवसीय प्रशिक्षण 24 से 26 अगस्त और दूसरा चरण 31 अगस्त से 2 सितंबर तक मास्टर ट्रेनरों के द्वारा एफएलएन प्रशिक्षण दिया गया। एफएलएन एक प्रकार का राष्ट्रीय मिशन है जिसको भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति में शामिल किया गया है एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चलाया जा रहा है जिसके तहत वर्ष 3 से लेकर 9 वर्ष तक आयु वर्ग वाले सभी बच्चों को भाषा और गणित कौशल की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ-साथ पोषण और स्वास्थ्य बुनियादी कौशल शिक्षा इत्यादि पर विशेष जोर दिया जाएगा। एनईपी 2020 राष्ट्रीय शिक्षा नीति अब स्कूलों में बालवाड़ी के तहत 3 वर्ष से ही बच्चों को एडमिशन लिया जाएगा और सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा। एफएलएन की आवश्यकता वर्तमान में इसलिए है क्योंकि यह महत्वपूर्ण मार्ग है जो बच्चों को उच्च कक्षाओं में सार्थक रूप से किसी भी चीज को सीखने का एक नया अवसर देता है, इस मिशन के तहत बच्चों को वह सभी बुनियादी कौशल शिक्षा प्रदान की जाए, जिससे वह आगे बढ़कर एक अच्छा छात्र बन सके और वैश्विक नागरिक बन सके। बयानार और केजंग दो संकुल के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें केजंग में टोठी मड़ानार, पेरमापाल, केजंग घोडापारा और बयानार संकुल में रेगांगोंदी, बड़को, आदनार, आमगांव, जोगी आलवाड़, कोरोहबेडा बालक आश्रम बयानार और इस प्रशिक्षण में सियाराम नाग संकुल समन्वयक बयानार एवं हीरालाल शार्दुल प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला केजंग के मास्टर ट्रेनर रहे।

# वाल्मीकि महाविद्यालय में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**भानुप्रतापपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में आईक्यूएसी एवं छात्रसंघ द्वारा नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का उन्मुखीकरण एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया ! आयोजन समिति के छात्र राजकुमार कुलदीप, अमृतलाल कुमेटी, मुकेश गावड़े, अंजू पुरामे, चंदना रॉय, अवनी श्रीवास्तव, अनुष्का त्रिपाठी, कुंती आंचले, देविका बारला, अजय उसेण्डी ने तिलक वंदन एवं बैज लगाकर समस्त नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया ! संस्था प्रमुख एवं संरक्षक डॉ रश्मि सिंह द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को नियमित महाविद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया गया ! वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रास, स्पोर्ट्स की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयुक्त माध्यम है उन्होंने पढ़ाई के साथ महाविद्यालय की विस्तार गतिविधियों में सहभागिता करने की सलाह दी !कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो द्वारा किया किया ! मंच संचालन योगेश यादव द्वारा तथा आभार व्यक्त टुपेश कोसमा द्वारा किया गया ! कार्यक्रम में आईक्यूएसी समन्वयक, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, छात्रवृत्ति प्रभारी, ग्रंथालय प्रभारी, स्पोर्ट्स एवं रेडक्रास प्रभारी, महिला प्रकोष्ठ संयोजक, समस्त विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय स्टाफ एवं नवप्रवेशी छात्र छात्राएं उपस्थित थे !

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन तहसील इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**चारामा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसील इकाई चारामा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों पर शासन द्वारा किए गए दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में एवं निलंबित बर्खास्त सभी कर्मचारियों को तत्काल बहाल किए जाने हेतु मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान फेडरेशन चारामा के संयोजक भानु राम गावड़े, सचिव तरुण देवदास एवम अन्य पदाधिकारिओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन से संबद्ध 12 संगठनों द्वारा वेतन विसंगति सहित 5 सूत्रीय जायज मांगों को लेकर 21 अगस्त से शासन को विधिवत सूचना देकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर है। आंदोलन में शामिल स्वास्थ्य चिकित्सक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (ए.एन.एम./एम.पी. डब्ल्यू) एवं नर्सिंग संवर्ग से जुड़े समस्त कर्मचारी संगठन लगातार शासन को अनेक बार आवेदन, निवेदन व उच्च पदस्थ अधिकारियों से समक्ष भेंटकर निराकरण करने हेतु अनुरोध करते आ रहे, विभाग के द्वारा किसी भी तरह की सुनवाई नहीं होने पर लोकतांत्रिक तरीके से उन्हें आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इन संगठनों के द्वारा पूर्व में किये गये आंदोलन को संज्ञान में लेते हुए शासन स्तर पर कमेटी भी बनाई गई है। लेकिन कमेटी द्वारा आज दिनांक तक रिपोर्ट को शासन को नहीं सौपी गई है।



प्रदेश की आम जनता भली भांति जानती है कि वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए प्रदेश के चिकित्सक, नर्सिंग संवर्ग एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर हजारों लोगों को मौत के गाल में समाने से बचाये थे। प्रदेश के अनेक स्वास्थ्य कर्मी आम लोगों की सेवा करते हुए कोरोना से संक्रमित होकर इस दुनिया से चले गये। प्रदेशभर में कोरोना योद्धाओं के सम्मान में फूलों की वर्षा कर तालियां बजाकर जगह जगह सम्मान दिया गया था। शासन द्वारा कोरोना योद्धाओं के सम्मान में कई वादे भी किये गये, लेकिन ये वादे सिर्फ कागजी कार्यवाही तक सिमट कर रह गये। प्रदेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन से संवाद कर मांगों के निराकरण करने के बजाय ऐसे कोरोना योद्धाओं के खिलाफ एस्मा कानून के तहत निलंबन, बर्खास्तगी एवं एफ.आई.आर. की कार्यवाही की जा रही है। सरकार द्वारा इस तरह की दमनात्मक कार्यवाही से आम लोगो में आकोश भी बढ़ते जा रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन इस तरह की कार्यवाही का भर्त्सना करते हुए घोर निंदा करता है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री से अनुरोध करता है कि छत्तीसगढ हेल्थ फेडरेशन के हड़ताली कर्मचारियों के विरूद्ध की गई दमनात्मक कार्यवाही को वापस लेते हुए परस्पर संवाद के माध्यम से सभी जायज मांगों के समाधान करने हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करे।ज्ञापन सौंपने के दौरान के के गंजीर, प्राचार्य, पेशी राम कुंजाम, उदय देवांगन, कृदत पम्मार, जालम सिंह बैंस, जौहर सिंह ठाकुर, बसंत सिन्हा, चिंता राम बनपेला, दिनेश साहू, चंद्रेश्वर सवेता, राय सिंह जूर्री, एम एस भारद्वाज, प्रकाश यादव, खिलेश्वरी सलाम आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# बादल अकादमी ने मनाया शिक्षक दिवस, किया शिक्षकों का सम्मान



**जगदलपुर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर स्थानीय रोटरी क्लब के द्वारा नगर सीमा से लगे ग्राम आसना में स्थित बादल एकेडमी परिसर में शिक्षक दिवस मनाया गया। रोटरी क्लब के पदाधिकारी द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया उन्हें स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। गुरु के मार्गदर्शन में ही लक्ष्य प्राप्ति होती है। जीवन के हर क्षेत्र में गुरु का विशेष महत्व है। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा किए गए पहल की तारीफ करते हुए कहा कि चाहे वह संगीत, नृत्य, साहित्य किसी भी क्षेत्र के गुरु हो उनका सम्मान होना चाहिए। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष सचिव डा. थॉमस, इनर व्हील क्लब के अध्यक्ष ममता राणा, सचिव के साथ बादल संस्था के शिक्षक गण और क्लब के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे।

संपादकीय

## जान की कीमत पर मौज-मस्ती

*जीवन में मनोरंजन और मौज-मस्ती बेहद आवश्यक है। बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई से और बड़े काम-काज से थककर अपनी दिनचर्या में परिवर्तन लाना चाहते हैं। सभी के अपने-अपने तरीके होते हैं। कोई संगीत सुनता है तो कोई मूवी देखता है, किसी को किताबें पढ़ने में आनंद मिलता है तो किसी को मित्रों के साथ गप्पबाजी में। कोई अकेला घूमने चल पड़ता है तो किसी को टीवी के सामने बैठकर सुख की प्राप्ति होती है। कहने का तात्पर्य यह कि जितने लोग उतनी तरह के मनोरंजन के साधन। हर आदमी आनंद लेना चाहता है ताकि जीवन में उसकी दिलचस्पी बनी रहे। यह होना भी चाहिये और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा मनुष्य होगा जिसे मनोरंजन की चाहत न हो। स्वस्थ और सुखी जीवन की यह निशानी है कि कोई व्यक्ति मनोरंजन के साधनों में समय बिताता है या नहीं। यह व्यक्तित्व की पहचान भी कही जाती है।*

*वैसे तो सारी ॠतुएं मानव मात्र को आनंदित करती हैं और सभी मौसमों की विभिन्न प्रकार की सुंदरता होती है। फिर भी, वर्षा ॠतु का अलग ही सौंदर्य होता है। चारों ओर हरियाली हो जाती है और नदियों, तालाबों, बांधों में पानी भर जाता है। अनेक झरने भी फूट पड़ते हैं या उनकी धाराएं बड़ी हो जाती हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। लोग अपने परिवारों या मित्रों के साथ समय बिताने उसके ईर्द-गिर्द एकत्रित होते हैं। जलप्रपातों में नहाने का आनंद तो है परन्तु उसके खतरे भी कोई कम नहीं होते। उनके अचानक बढ़ते जल स्तर में लोग घिर जाते हैं या फिर बह जाते हैं। कई तो जीवित ही नहीं लौटते। ज्यादातर स्थानों पर सावधानी बरतने सम्बन्धी सूचनापट्ट भी लगे होते हैं फिर भी लोग उसकी उपेक्षा कर जल धारा में उतर पड़ते हैं। यह उन्हें भारी पड़ जाता है और वे जीवन से हाथ धो बैठते हैं।*

*छत्तीसगढ़ के अनेक झरनों में से एक है खूबसूरत जलप्रपात रानीदहरा जो कवर्धा में है। शनिवार की शाम यहां पिकनिक मनाने के लिये 1` मित्र गये थे। इनमें से कुछ लोग झरने के पानी से नहा रहे थे। तभी राहुल ठाकुर एवं शुभम झरिया (उम्र 25-25 वर्ष), गहराई में चले गये। बाकियों ने बचाने की कोशिश की लेकिन ज्यादातर को तैरना नहीं आता। दोनों अपनी जिंदगियों से हाथ धो बैठे। प्रदेश में पिकनिक वाली जगहों पर ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसी जुलाई में कोरबा के निकट देवपहरी में चोरनई नदी के बेहद आकर्षक गोविंद झुंझा जलप्रपात झरने का आनंद लेने गये तीन शिक्षकों में से एक डूब गया। गरियाबंद के प्रसिद्ध चिंगरापगार झरने पर मौज-मस्ती करने गये कई पर्यटक नाले का जल स्तर अचानक बढ़ जाने के कारण फंस गये थे जिन्हें प्रशासन ने किसी तरह से निकाला। इसलिये सावधानी आवश्यक है।*

उल्टा पुल्टा

नासा ने संता को चांद पर भेजने का फैसला किया। मगर संता आधे रास्ते से ही वापस आ गया।
संता ने कहा- आज तो अमावस है ना, चांद तो होगा ही नहीं।

# नवा रायपुर में गायों की मौत पर सियासत

## भाजपा ने ठहराया कांग्रेस को जिम्मेदार

## सम्मेलन के बाद फेंका गया खाना खाने से हुई गायों की मौत

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने रायपुर में आयोजित राजीव युवा मितान क्लब के सम्मेलन में फेंके गए दूषित भोजन को खाने से बड़ी संख्या में गायों की मौत के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गौ हत्या का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि गौ हत्या का कांग्रेस का पुराना इतिहास है। 1966 में भी कांग्रेस ने गौ हत्याएं, व गौ सेवको पर गोली चालान की थी।

उन्होंने कहा गाय गौठान और गोबर की तारीफ जिस तूता कार्यक्रम स्थल से कांग्रेस के राष्टीय नेता राहुल गांधी ने की आज इस कार्यक्रम के कारण और कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कारण 30 से अधिक गाये कालकवलित हो गयी। गाय गौठान और गोबर को लेकर कांग्रेस के दावे की विपरीत जमीनी सच्चाइयां बिल्कुल अलग है जो आज स्पष्ट दिख गयी।

उन्होंने कहा कि युवा मितान कार्यक्रम में आए कार्यकर्ताओं को ऐसा खाना परोसा गया था जो खाने लायक नहीं था। उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करने का काम हुआ। उन्होंने खाना नहीं खाया। वह युवा उसे छोड़कर चले गए और इस बासी भोजन को खाने से 30 से अधिक गायों की मृत्यु हो गई। कई गायें संक्रमण की शिकार हो गई हैं। प्रशासन कांग्रेस के दबाव में उस घटना को दबा रहा है, लीपा पोती कर रहा है। एक तरफ इतने बड़े पैमाने पर गौ माता की मौत हो गई और प्रशासन मात्र 3 गायो की मौत बताकर उसे दबाने में लगा हुआ है। यह स्पष्ट रूप से गौ हत्या का मामला है। इसका दोषी कोई है तो राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। जिन्होंने यह कार्यक्रम किया। युवा उस भोजन को खाते तो वे भी संक्रमण के शिकार हो सकते थे। उस



भोजन का सेवन करने से कई गौ माताएं बीमार हैं और कई की मौत हुई है। गौ हत्या का पाप कांग्रेस को लगेगा। हमारी मांग है कि उन गौ पालकों को, जिनकी गायों की मौत हुई है और जिनकी गायें संक्रमित हुई हैं, उन्हें सरकार उचित मुआवजा दे और सही तथ्य जनता के सामने लेकर आए। आज कांग्रेस ने गौ हत्या का अपना पुराना इतिहास दोहराया है 1966 में इन्होंने जो किया था वही छत्तीसगढ़ में फिर किया गया है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि एक तरफ गोठान के नाम पर 1300 करोड़ का घोटाला इस सरकार ने किया। जिसे हमने जनता के बीच प्रस्तुत किया। इस प्रकार से गौ माता की मौत की दोषी यह कांग्रेस पार्टी है। यदि गोठान में गौ माताएं होती तो इस प्रकार से उनकी मृत्यु नहीं होती। भ्रष्टाचार करने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने गौठान बनाए लेकिन उन्हें खुला छोड़ दिया। सड़क पर लगातार घटनाएं हो रही हैं ।गौ माता गोठानों की बजाय सड़क पर दिखती हैं क्योंकि गोठान में उनके लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन ने केवल तीन गायों की मौत की पुष्टि की है। अनेक गाय बीमार हैं और सरकार घटना को दबाने की कोशिश कर रही है। हर एक गौपालक को पर्याप्त मुआवजा सरकार को देना होगा। उन्होंने कहा एक लाख रुपये प्रति गाय मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार ने गोठान के नाम पर घोटाला किया है। लगातार गोठान में भी गायों की मौत हुई है। सड़क दुर्घटनाओं में भी मौत हुई है। जहां भी चले जाएं, गौ माता सड़क पर मरी हुई दिखेगी और इन्होंने तो गौ माता की नीलामी का भी आदेश कर दिया था। भाजपा ने विरोध किया और नगर निगम को वह आदेश वापस लेना पड़ा। भाजपा की सरकार के समय हमने पूरी ताकत से कानून व्यवस्था कायम की थी। इस सरकार में कानून व्यवस्था की कोई स्थिति ही नहीं है। श्री साव ने कहा कि इस इस घटना की जांच के लिए हमने एक समिति बनाई है। समिति जांच करेगी। वह अपनी रिपोर्ट देगी। जिसका खुलासा किया जाएगा। समिति के संयोजक बृजमोहन अग्रवाल तथा लक्ष्मी वर्मा, टंकराम वर्मा, जयंती पटेल की समिति के सदस्य हैं।

### 3 जिंदगियां और पी गयी जहरीली शराब ने

उन्होंने कहा कि दूसरी एक और दर्दनाक घटना जांजगीर से सामने आई है। शराब बंदी के बड़े-बड़े वादे करके जो सरकार सत्ता में आई है और घोटाले करने के लिए, जैसे कि ईडी ने उजागर किया है, नकली शराब बेचने का धंधा यह सरकार कर रही है और नकली शराब पीने से छत्तीसगढ़ में लगातार मौत हो रही हैं। अकलतरा के परसवाही में एक ही परिवार के दो भाई सहित कुल तीन लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। इस घटना का कोई दोषी है तो भूपेश बघेल सरकार दोषी है। इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं। सिर्फ जांजगीर जिले में अभी-अभी जहरीली शराब की पांच महिना में तीसरी घटना है जिसमे अब तक 8 की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा घोटाला करने के लिए, पैसा कमाने के लिए इस प्रकार से छत्तीसगढ़ के लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लोगों को मौत के घाट उतारने का काम, लोगों का स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का काम भूपेश बघेल सरकार कर रही है। ऐसी सरकार को 1 मिनट भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है, जो गौ माता की मौत की दोषी है, जो लोगों को जहरीली शराब पिलाकर मारे, ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। तत्काल मुआवजा दिया जाए और जिन्हें जहरीली शराब से जान देनी पड़ी है, उनके परिजनों को मुआवजा दिया जाए।

इस घटना की जांच के लिए उन्होंने 5 सदस्य समिति का गठन किया है जिसमे संयोजक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, विधायक व सदस्यगण गुहाराम अजगल्ले, सांसद,सौरभ सिंह, विधायक, गुलाब सिंह चंदेल, जिलाध्यक्ष जांजगीर-चांपा, श्रीमती रजनी साहू, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा जांजगीर-चांपा है। पत्र वार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, सहप्रदेश मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल व सोशल मीडिया के मितुल कोठारी भी उपस्थित रहे।

## विस चुनाव में दागियों को टिकट नहीं देगी भाजपा

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भाजपा ने विधानसभा चुनाव 2023 के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर इस बार बड़ा दांव खेला है। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा ने दागियों को टिकट नहीं देने का निर्णय लिया है। इस चुनाव में भाजपा अपनी किसी भी पुरानी गलती को दोहराना नहीं चाहती। जो-जो गलतियां भाजपा ने पिछले चुनाव या फिर उप-चुनाव में की है, उनसे सबक लिया गया है।

बताया जाता है कि अभी पार्टी ने अगली सूची के लिए दो दर्जन दावेदारों के नाम काट दिए हैं। इनमें पामगढ़ विधानसभा सीट से टिकट की दावेदार महिला के खिलाफ दहेज यातना का केस दर्ज होने की पुष्टि हुई तो पार्टी ने टिकट काट दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सूची जारी कर दी जाएगी। भानुप्रतापपुर उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर दुष्कर्म के आरोपों से पार्टी को करारी हार मिली थी। मौजूदा विधानसभा के 90 में से 22 विधायकों पर आपराधिक केस दर्ज हैं। जिनमें 12 विधायक यानी 13 प्रतिशत पर गंभीर अपराध पंजीबद्ध है।

## अमित शाह के दबाव के कारण राज भवन में अटका आरक्षण बिल : कांग्रेस

### भाजपा का आरक्षण विरोधी चरित्र कांग्रेस बनायेगी चुनावी मुद्दा : दीपक बैज

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि जो आरक्षण विधेयक राजभवन में अटका हुआ है उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार अमित शाह हैं। राज्यपाल, केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशन में ही काम करते हैं और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे दुर्भावनावश इसलिए रोक कर रखा है ताकि आरक्षण का लाभ प्रदेश की जनता को ना मिल सके और राजनैतिक लाभ भूपेश सरकार को ना मिल सके। भाजपा को यह डर सता रहा है कि यदि भूपेश सरकार में 76 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया तो ओबीसी, एसटी, एससी और ईडब्ल्यूएस को आरक्षण का अधिकार मिल जाएगा और उसके बाद भाजपा चुनाव में 14 सीट बचाने की स्थिति में भी नहीं रहेगी। विधानसभा में सर्वसम्मति से पास हो चुके आरक्षण विधेयक को राजभवन में निरुद्ध करवाकर शाह छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज का हित बाधित कर रहे है। शाह बिल्कुल भी नहीं चाहते कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं और जनता को उनका अधिकार मिले। भाजपा और शाह छत्तीसगढ़ के युवाओं को उनके अधिकारों से वंचित और दर-दर भटकते देखना चाहते हैं। भाजपा का आरक्षण विरोधी चरित्र कांग्रेस चुनावी मुद्दा बनायेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार जातीय अनुपात के अनुरूप आरक्षण देना चाहती है। भूपेश सरकार चाहती है कि छत्तीसगढ़ की जनता को उनके अधिकार जनसंख्या अनुपात के अनुसार मिले। सरकार ने सभी



संवैधानिक पहलुओं को ध्यान में रखकर और भाजपा द्वारा लागू किए गए आरक्षण की विसंगतियों को दूर करके क्वांटिफिएबल डाटा के आधार पर आरक्षण संशोधन विधेयक बनाया है। भाजपा विधायकों ने अपनी राजनीति बचाने के लिए विधानसभा में तो इसका समर्थन कर दिया मगर बड़े ही कायरतापूर्ण ढंग से पीठ पीछे इसका विरोध कर रहे हैं। एक भी भाजपा नेता द्वारा अब तक राज्यपाल से विधेयक पर हस्ताक्षर करने की मांग नहीं की गई है जो की प्रमाणित करता है कि भाजपा इस विधेयक के विरोध में है और अमित शाह के इशारों पर सारा खेल चल रहा है। यदि यह विधेयक कानून का रूप लेता है तो समाज का प्रत्येक वर्ग संतुष्ट होगा और सामाजिक न्याय की दिशा में हम आगे बढ़ेंगे मगर जनविरोधी भाजपा नहीं चाहती कि जनता के साथ न्याय हो।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज से बदला लेने के लिये आरक्षण बिल को राजभवन में रोकवा कर रखी है। 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर भाजपा की पराजय हुई थी। आदिवासी समाज ने भाजपा को नकार दिया था इसलिये भाजपा आदिवासी समाज के आरक्षण में बाधा उत्पन्न कर रही है। कांग्रेस सरकार ने आदिवासी समाज सहित सभी समाजों के लिये 76 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पारित करवाया है। कांग्रेस सरकार को इसका श्रेय न मिले इसलिये भाजपा विधेयक रोकवा कर स्तरहीन राजनीति कर रही लेकिन भाजपा की हकीकत जनता के सामने आ गयी है। आरक्षण संशोधन विधेयक पर कांग्रेस भाजपा के षड़यंत्र को कांग्रेस चुनाव में जनता के बीच ले जायेगी। भाजपा के दबाव के कारण ही राजभवन में आरक्षण संशोधन विधेयक रूका है। यह विधेयक पूरी तरह से संवैधानिक है। विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित है। इस विधेयक में राज्य के सभी वर्गो के हितों का ख्याल रखा गया है। कांग्रेस सरकार को आरक्षण लागू करने का श्रेय न मिले इसलिये भाजपाई आरक्षण संशोधन विधेयक को राजभवन में रोकवाये रखना चाहते है।

## भाजपा 12 व 16 से दंतेवाड़ा और जशपुरनगर से परिवर्तन यात्राओं का करेगी शंखनाद

- 87 विधानसभा क्षेत्रों की 2,989 किमी की यात्रा करेगी : साव

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी आगामी 12 और 16 सितम्बर से प्रदेश के दो स्थानों, दंतेवाड़ा और जशपुरनगर से परिवर्तन यात्राओं का शंख फूँकने जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसकी घोषणा करते हुए इन दोनों यात्राओं के पूरे रोडमैप और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। श्री साव ने कहा कि इस परिवर्तन यात्रा में पार्टी के राष्टीय व प्रादेशिक वरिष्ठ नेताओं का भी मार्गदर्शन समय-समय पर मिलता रहेगा। भाजपा की परिवर्तन यात्रा प्रदेश की भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, अन्याय-अत्याचार और प्रदेश के हर वर्ग के साथ धोखाधड़ी करने वाली भूपेश सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोकेगी। श्री साव ने प्रदेश की जनता से इस परिवर्तन यात्रा में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा दंतेवाड़ा से 12 सितम्बर को और जशपुरनगर से 16 सिंतबर को प्रारंभ होगी। दंतेवाड़ा से प्रारंभ होने वाली पहली यात्रा को मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह हरी झण्डी दिखाएंगे और जशपुरनगर से शुरू होने वाली दूसरी यात्रा को कोरवा व आदिवासियों की आराध्य देवी खुड़ियारानी की पूजा-अर्चना करके भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा हरी झण्डी दिखाएंगे। यात्रा के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मिलित होंगे। पहली यात्रा का नेतृत्व वह स्वयं (भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव) करेंगे और दूसरी यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे। दोनों यात्राएँ 87 विधानसभा क्षेत्रों की 2,989 किमी की यात्रा तय करेंगी। पहली यात्रा दंतेवाडा से प्रारंभ होकर माँ बमलेश्वरी के दर्शन कर एवं दूसरी यात्रा जशपुर से निकलकर माँ चंद्रहासिनी देवी की दर्शन करते हुआ दोनों यात्रा माँ महामाया देवी की भूमि में संपन्न होगी। श्री साव ने कहा कि भाजपा की ये परिवर्तन यात्राएँ छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट भूपेश सरकार की पोल खोलने का काम करेगी और जनता को बताएगी कि कैसे छत्तीसगढ़ में पिछले पौने 5 साल से घपले-घोटालों की सरकार, अत्याचार की सरकार और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है।

- दंतेवाड़ा में पहली यात्रा का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जशपुर में दूसरी यात्रा का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा करेंगे
- बिलासपुर में पीएम मोदी होंगे शामिल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने बताया कि माँ दंतेश्वरी, माँ बमलेश्वरी व माँ महामाया देवी के आशीर्वाद से यात्रा दंतेवाड़ा से बिलासपुर तक 16 दिन में 1,728 किमी की का सफर तय करेगी और तीन संभागों के 21 जिलों तक पहुँचेगी। यात्रा के दौरान 45 आमसभाएँ, 32 स्वागत सभाएँ और 5 रोड शो होंगे। इस पहली यात्रा के संयोजक विधायक शिवरतन शर्मा व पूर्व मंत्री महेश गागड़ा होंगे। उनके साथ सहयोगी के रूप में निरंजन सिन्हा व सचिन बघेल रहेंगे। दूसरी यात्रा, जो 16 सितंबर को जशपुरनगर से प्रारंभ होगी, के संयोजक मोतीलाल साहू, सांसद गुहाराम अजगले, और प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव होंगे। यह दूसरी यात्रा 12 दिन में 2 संभागों के 14 जिलों के 39 विधानसभा क्षेत्र तक पहुँचकर 1,261 किमी का सफर तय करेगी। इस दौरान 39 आमसभाएँ, 53 स्वागत सभाएँ और 2 रोड शो होंगे। दोनों ही यात्राओं का समापन बिलासपुर में होगा। पार्टी ने जो यात्रा का रोडमैप बनाया है, उसके तहत यात्रा प्रतिदिन औसत 3 विधानसभा के दौरे पर रहेगी। इसमें हर दिन एक बड़ी सभा का आयोजन भी किया जायेगा। यात्रा के दौरान प्रतिदिन 6 स्वागत सभा, 3 छोटी सभा का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में 36 घोषणाएं थीं, लेकिन एक को भी पूरा करने का कोई प्रयास प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने नहीं किया, बल्कि दिल्ली दरबार का एटीएम बनाकर छत्तीसगढ़ को घोटाले और भ्रष्टाचार से लूटने का काम किया। ये परिवर्तन यात्राएँ राज्य से भ्रष्टाचार के आकाओं को उखाड़ फेंकने और राज्य में भ्रष्टाचार की दुकान बंद करने के लिए जनता की हुँकार होगी।

## नवा रायपुर में प्रदेश के सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर की नींव रखेंगे सीएम बघेल

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आखिरकार वह घड़ी आ ही गई, जिसका न केवल राजधानी के लोग बल्कि व्यापारी भी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। नवा रायपुर में प्रदेश के सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर का शिलान्यास अगले सप्ताह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करने जा रहे हैं। कॉरिडोर में रायपुर की लगभग साढ़े आठ हजार दुकानें शिफ्ट होंगी। प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर में सड़क, बिजली, पानी, अस्पताल, बैंक, वाहन पार्किंग, फूड जोन जैसी तमाम सुविधाएं होंगी।



नवा रायपुर के सेक्टर 35 में 1083 एकड़ ज़मीन में बनने वाले देश के सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर में 8500 दुकानें बनेगी, जिनमें 90 तरह का कारोबार होगा। होलसेल कॉरीडोर के लिए जिस जगह का चयन किया गया है, वहां से एयरपोर्ट कार्गो, नवा रायपुर का रेलवे स्टेशन, डूमरतराई थोक बाजार के साथ ही दूसरे जिलों को जोड़ने वाली सड़कें करीब है। नवा रायपुर में सिक्सलेन सड़क होगी, जिसकी वजह से आवागमन आसान होगा। नए बाजार में सैकड़ों गाड़ियां एक साथ खड़ी हो सकेंगी। वहीं बड़े मालवाहकों को शहर नहीं आना पड़ेगा, वो बाहरी जिलों या राज्यों से आकर सीधे नवा रायपुर की ओर से चली जाएगी। इससे राजधानी रायपुर में नो इंट्री और बाकी समय में भी मालवाहक गाड़ियों की इंट्री नहीं होगी।

- रायपुर की 8` से ज्यादा दुकानें होंगी शिफ्ट

**एयरो सिटी का भी करेंगे मुख्यमंत्री भूमिपूजन**

होलसेल मार्केट के साथ-साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवा रायपुर में स्वामी विवेकानंद विमानतल के पास प्रस्तावित एयरो सिटी का भी भूमिपूजन करेंगे। एयरो सिटी लगभग 217 एकड़ जमीन पर बनेगी, जिसके लिए चिन्हित भूमि का भू- उपयोग बदलकर मिश्रित किया जा रहा है।

## कांग्रेस 13 को प्रदेश भर में करेगी रेल रोको आंदोलन

### यात्री ट्रेनों की व्यवस्था सुधारने दिया 12 तक समय

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जानबूझकर यात्री ट्रेनों को स्थगित करते रहने का सिलसिला जारी रखा है। यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि यात्री ट्रेनें भारी घाटे का सौदा है। मोदी सरकार षड़यंत्र के तहत रेल व्यवस्था को गौतम अदाणी के हाथों सौंपने की तैयारी कर रही है। यदि एक सप्ताह के भीतर छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली यात्री ट्रेनों को बिना स्थगित किए समयबद्ध तरीके से चलाना शुरु नहीं किया गया तो कांग्रेस 13 सितंबर को प्रदेश के समस्त रेल्वे स्टेशनों में रेल रोको आंदोलन करेगी।

राजीव भवन में आज प्रेस वार्ता में सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि वर्षों से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था मोदी राज में इसकी विश्वसनीयता खत्म करते हुए निजी हाथों में बेचने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताए, बिना किसी ठोस वजह के



यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महीनों, हफ्तों तक बंद करने का फरमान जारी कर दिया जाता है। महीनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन कराये नागरिकों की परेशानी से रेलवे और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती है। देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधायें इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी हैं। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है। कभी कोयले की आपूर्ति के नाम पर तो कभी कोई और कारण बताकर। यह विश्वसनीय यात्री सेवा को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाएं और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्र गौतम अडानी के हवाले कर सकें।

शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार के पहले की केंद्र सरकारें घाटा उठाकर भी रेलवे सुविधाओं का विस्तार करती रही थीं। आजादी के बाद से रेलवे का अलग बजट बनाया जाता था, लेकिन मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है। बाद में रेल को निजी हाथों में सौंपा जा सके इसका रास्ता बना रही है। ऐसा इसलिये कि यात्री ट्रेनों की अपेक्षा माल भाड़े में रेलवे को 300 से 400 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा मिलता है। पिछले साढ़े तीन साल में 67 हजार 382 ट्रेनों को रद्द किया गया। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में 32 हजार 757, वर्ष 2021 में 32 हजार 151, वर्ष 2022 में 2 हजार 474 एवं वर्ष 2023 में अप्रैल माह तक 208 ट्रेनें निरस्त की गईं। वर्तमान में 24 ट्रेनें अगस्त 2023 के अंतिम तक रद्द की गई हैं ।छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनें ऐन मौके पर कैंसिल कर दी जाती हैं। खासकर रक्षाबंधन, दिवाली, शीतकालीन छुट्टियां और शादी-ब्याह के समय। छत्तीसगढ़ से जाने वाली नौतनवा और सारनाथ एक्सप्रेस 64 दिन तक रद्द कर दी गई थी जिसके कारण कितने ही कमजोर परिस्थिति वाले लोग दो महीने तक अस्थि कलश गंगा में विर्सजित नहीं कर पाये थे। शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर रेलवे जोन जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ आता है यहां से केवल माल भाड़े से केंद्र सरकार 20 से 22 हजार करोड़ रुपए हर साल कमाती है। रेलवे माला भाड़ा से 2020 की तुलना में 2021-22 में 38 प्रतिशत से अधिक वृद्धि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जोन से केंद्र सरकार को शुद्ध कमाई में हुई है। सुविधा देने की जब जब बारी आई विगत 9 साल में मोदी राज में छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को केंद्र की उपेक्षा ही मिली है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था को दुरुस्त करने प्रधानमंत्री व रेल मंत्री को कई बार पत्र लिख चुके हैं। केंद्र सरकार का हर बार यही कहना रहा कि मेन्टेनेंस के कारण ट्रेनें रद्द होती हैं। मेन्टेनेंस के कारण यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया जाता है तो फिर उसी रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ियों का परिचालन कैसे किया जा रहा है। न सिर्फ मालगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा उनकी संख्या दोगुनी भी कर दी गयी है।

# एनएसयूआई ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

## लोक कलाकारों को आयोग का ब्रैंड एम्बेसडर बनाने मांग



**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। एनएसयूआई ने चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर को सौंपकर गोल्ड मेडलिस्ट छात्रङ्कछात्राओं और लोक कलाकारों को चुनाव आयोग का ब्रैंड एम्बेसडर बनाने मांग की है। एनएसयूआई रायपुर जिला अध्यक्ष शान्तनु झा के नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय पहुंचे और श्री क्षीरसागर से मुलाकात करते हुए अपनी बातो को रखा।श्री झा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में तीन माह के बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। राज्य में साढ़े छः लाख से अधिक युवा साथी नए मतदाता के रूप में शामिल हुए हैं, जो कि प्रथम बार अपने मत का उपयोग करके मतदान करेंगे।

छत्तीसगढ़ में साढ़े सात सौ से अधिक महाविद्यालय एवं बाइस से अधिक सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालय हैं, हमारा निवेदन है कि चुनाव आयोग द्वारा कॉलेज के गोल्डमेडलिस्ट छात्र छात्राओं को कॉलेज का ब्रैंड एम्बेसडर नियुक्त किया जाए ताकि उसे प्रभावित होकर युवा साथी एवं छात्र-छात्राएं मतदान करने के लिए प्रेरित हों। इसी तरह छत्तीसगढ़ में लोक कलाकारों का भी विशेष प्रभाव एवं महत्व है, उन लोक कलाकारों को राज्य स्तर पर ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करके चुनाव आयोग को मौका देना चाहिए। ज्ञापन देने मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शान्तनु झा, सूरज साहू, भोजराज,डिकेश साहू, तारिक अनवर, अभिषेकसाहू, राहुल,अनिल, नवीन, संस्कार, युवराज सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# सरकार की उपलब्धियों को बताने उत्तर विस में पदयात्रा



**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने और कांग्रेस पार्टी की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सचिव पंकज मिश्रा के नेतृत्व मे आज रायपुर उत्तर विधानसभा में पदयात्रा का आगाज किया। जिसका उद्देश्य फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना है।उन्होंने बताया कि कांग्रस की सरकार जनता की सरकार है,जिसने हर फैसला सोच समझकर लिया है।सबसे पहले अपने वादों को पूरा किया,साथ ही कई और ऐसे निर्णय लिय जो जनहितैषी थे। मंगलवार को सुबह 11 बजे राठौर चौक स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद पद यात्रा शुरू हुई। गुरुनानक चौक से शुरू होते हुए राठौर चौक,तेलघानी गई फिर वहाँ से स्टेशन चौक पहुची फिर आगे फाफाडीह चौक होते हुए पीथालिया कॉम्पलैक्स से होते हुए नहरपारा में खत्म हुई।

सचिव पंकज मिश्रा ने बताया कि यह यात्रा लगातार उत्तर विधानसभा में घूमेगी और सभी को सरकार की योजनाओं की जानकारी देगी। यात्रा का एक मकसद यह भी है कि अगर किसी कारण वश किसी को लाभ नहीं मिल पाया होगा तो उसे भी योजनाओं का लाभ दिलाया जाय।यह पदयात्रा लगातार घूमती रहेगी और कांग्रस सरकार के पक्ष में माहौल बनायेगी। पदयात्रा मे मुख्य रूप से फ़ईम शेख,मनहरण वर्मा,योगेश तिवारी,कुणाल दूबे व अन्य उपस्थित थे।

# गौठानों की देखभाल व महिलाओं की सुरक्षा में कांग्रेस नाकाम : पुरुषोत्तम पांडेय



**रायपुर,** 5 सितंबर। नवा रायपुर के तुता में बीस से अधिक गायों की मौत के बाद गायों की रक्षा और गोठानो की दुर्दशा पर कई सवाल उठना लाज़िमी हैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडेय ने कहा की भूपेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक नरवा गरुवा धुरवा बाड़ी के तहत बनाई गई गौठाने अब दिखावे की तरह बनकर रह गई हैं भूपेश सरकार ने .लाखों रुपए की लागत से गौठाने तो बना दी हैं लेकिन समुचित रख रखाव और देखभाल नहीं होने से गौमाता की स्थिति दयनीय होते जा रही है प्रदेश के कई गौठानों में न पानी की व्यवस्था है और न ही शेड का समुचित निर्माण हुआ है. वही प्रदेश में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए रांकपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा की मंदिर हसौद इलाके में दो सगी बहनो के साथ गैंगरेप की घटनाए हो गई प्रदेश सरकार महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षा देने में नाकाम हो गई है संसद में पेश के किए गए एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में बीते 3 सालों में 49 हजार 116 महिलाएं और 10 हजार 817 लड़कियां गायब हुई है। जिनका कोई अता पता नहीं चल पाया भूपेश सरकार पोस्टर फ्लैक्स और होर्डिंग में महिलाओं की सुरक्षा का दावा कर रही है लेकिन इसकी जमीनी हकीकत सबके सामने है।

# शिक्षक दिवस पर अवाम-ए-हिन्द ने किया शिक्षकों का सम्मान



**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। देश के प्रथम उपराष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्था द्वारा कार्यालय रामनगर में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने वाली विजिया, डिम्पल साहु, आयशा खान, पायल साहू, टिकेश्वरी साहु, ज़बीन खान समेत 11 गुरुजनों को संस्थापक मोहम्मद सज्ज़ाद खान जी ने पुष्पमाला, श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनकी सेवाओं की प्रशंसा करते हुए सम्मान किया।

मो. सज्जाद खान ने बताया कि हमारे जीवन को सँवारने में शिक्षक बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। गुरु-शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। जीवन के सबसे पहले गुरु हमारे माता-पिता होते हैं, भारत में प्राचीन समय से ही गुरु व शिक्षक परंपरा चली आ रही है, लेकिन जीने का असली सलीका हमें शिक्षक ही सिखाते हैं। सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं जिस हेतु समाज में गुरुजनों का सम्मान करना बेहद जरुरी है जिससे की आने वाली पीढ़ी शिक्षक को आदर्श मानकर अपना भविष्य उज्जवल कर सके।

संस्थापक, मो. सज्जाद खान के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में अनिल शुक्ल, सैय्यद ज़ाकिर हुसैन, राजेंद्र शर्मा, जुबैर खान, श्रीमती अनिला शर्मा, नंदा रामटेके, प्रीति जैन, विनीता कश्यप, देवानंद सिन्हा एवं अन्य उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस का चेकिंग अभियान

**रायपुर,** 5 सितंबर। अपराधों की रोकथाम अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग वाहनों में पेट्रोलिंग क्राईम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग सी.पी.पी सहित 112 की टीमों द्वारा कर भीड़.भाड़ वाले स्थानए सार्वजनिक स्थान सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालोंए गुटबाजीअड्डेबाजी करने वालों संदिग्ध व्यक्तियों असमाजिक तत्वों , संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्कीए धारदार बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीन, शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध करानेए सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक . चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। इसके साथ ही टोल नाको में पांईट लगाकर चारपहिया दोपहिया यात्री वाहनों एवं उनके सामानों सहित रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में भी संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामानों की चेकिंग की जा रहीं है। चेकिंग के दौरान थाना आरंग एवं उरला क्षेत्र में अवैध रूप से शराब के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 124 पौवा देशी शराब तथा 01 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 50,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# जन्माष्टमी पर कल बंद रहेंगी शराब दुकानें

**रायपुर,** 5 सितंबरह। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 7 सितंबर को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। इस दौरान प्रदेश में स्थित समस्त देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, होटल, बार, क्लब, भांग एवं भांग घोटा की फुटकर दुकानें बंद रहेंगी। इस अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण एवं गैर लायसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर सख्ती से रोक लगाने, उड़नदस्तों द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय की रोकथाम तथा दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं।

## निधन

### श्रीमती मंजू मालू



**महासमुंद,** 5 सितंबर। स्थीनीय बाजारवार्ड निवासी 47 वर्षीय श्रीमती मंजू मालू का रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे मनीष मालू की धर्मपत्नी व जैन मेडिकल के संचालक गुमान मालू की पुत्रवधु थी। अंतिम संस्कार बुधवार 6 सितंबर को दोपहर 12 बजे के बाद किया जाएगा।

### बीवीके रेड्डी



**भिलाई नगर,** 4 सितंबर। मार बेसिलियोस विद्या भवन, कैलाश नगर, भिलाई स्कूल के प्राचार्य बीवीके रेड्डी, 65 वर्ष का आज हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 5 सितंबर दिन मंगलवार को उनके निवास डप्ळ 1.1015 से शाम 4.00 बजे निकाली जाएगी।

# जुआरियों के खिलाफ खाकी की कार्रवाई

## 52 परियों के साथ 20 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 5 सितंबर। जुआ,सट्टा और क्रिकेट सट्टा पर लगाने लगाने के लिए एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने रायपुर पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट को कार्य योजना तैयार कर इस पर ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए हैं जिस पर सभी थाना प्रभारियों सहित एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा थाना क्षेत्रों में मुखबीर लगाने के साथ ही लगातार पेट्रोलिंग कर जानकारी इकट्ठा की जा रही है, इसी कड़ी में मंगलवार को सूचना मिली कि टिकरापारा थाना क्षेत्रांतर्गत देवपुरी स्थित सांई वाटिका की गली में कुछ लोग रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई और नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी द्वारा थाना प्रभारी टिकरापारा को जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया इस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर देखने पर पाया गया कि कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रेड और घेराबंदी कर ताशपत्ती से जुआ खेलते कुल 20 जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआरियों के कब्जे से नगदी 3,70,000 रुपये,12 मोबाईल फेन, 3 बाइक, 4 कार और ताशपत्ती जब्त कर आरोपियों के खिलाफथाना टिकरापारा में अपराध दर्ज किया गया है>

# बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक भरतकुमार चावड़ा ने कार्यभार ग्रहण किया



**रायपुर,** 5 सितंबर। बैंक ऑफ बडौदा, छत्तीसगढ़ के नए नेटवर्क उप महाप्रबंधक,भरतकुमार चावड़ा द्वारा, बैंक ऑफ बडौदा, रायपुर स्थित, नेटवर्क उप महाप्रबंधक, छत्तीसगढ कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया गया. वे बैंक ऑफ बडौदा के सीपीसी रिटेल एसेट, गांधीनगर से स्थानांतरित होकर आए हैं. बैंक ऑफ बडौदा में विभिन्न कार्यालयों में विशेष रूप से अग्रिम एवं विपणन विभाग के साथ ही अन्य बैंकिंग विभागों में उनका 21 वर्षों के वृहद कार्य अनुभव रहा है. बैंक ऑफ बडौदा में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र तथा गुजरात आदि स्थानों पर विभिन्न कार्यालयों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

# छग सिल्क उत्सव- हैण्डलूम एवं हैण्डीक्राफ्ट प्रदर्शनी को बढ़िया रिस्पांस



**रायपुर,** 5 सितंबर। सिटी सेंटर मॉल के पास, पण्डरी स्थित छत्तीसगढ़ हाट में चल रहे छत्तीसगढ़ सिल्क उत्सव- हैण्डलूम एवं हैण्डीक्राफ्ट प्रदर्शनी-सह-बिक्री को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. 1 सितम्बर से शुरू इस आयोजन में संपूर्ण भारत से क्राफ्टसमेन एंव विवर्स अपने हैण्डलूम व हैण्डीक्राफ्ट आयटम्स के साथ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, जिसमें टेराकोटा, फर्नीचर, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक आयटम्स, हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट प्रॉडक्ट, किचनवेयर, साडियों का विशाल संग्रह, लेडिस कुर्ती व टॉप, लेडिस एण्ड जैन्ट्स गारमेन्ट्स के अलावा और भी बहुत कुछ है. यह आयोजन 24 सितम्बर तक चलेगा.

उपरोक्त जानकारी प्रदर्शनी के संचालक ने दी. उन्होने बताया कि इस आयोजन में कोसा साड़ी एवं बनारसी साड़ियों की मनोहारी रेंज है, इसके अलावा इसमें देश के प्रमुख शहरों के हैण्डलूम व हैण्डीक्राफ्ट आयटम्स प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए रखे गये हैं. इसमें उत्तर प्रदेश के भदोही के कारपेट, लखनवी चिकन सूट, ड्रेस, खादी शर्ट, बनारसी सिल्क साडियां, खुरजा क्रॉकरी, सहारनपुर फर्नीचर, मुंबई की फैंसी ज्वेलरी, राजस्थान की शानदार कलरफुल मोजरी (जुते व जूतियां), अचार, चूरन, सुपारी, जयपुरी बैंगल्स, बंगाल की कलकत्ता सिल्क साडियां कश्मीर की पश्मीना शॉल, सूट, साड़ी, पंजाब से पंजाबी फुलकारी, ड्राई फ्लावर, बच्चों के खिलौने, बिहार की भागलपुरी सिल्क वस्तुएं, हरियाणा की बेडशीट, चादर, टेराकोटा, सोफा कवर, पर्दे व मध्यप्रदेश से चन्देरी सूट, साडियां तथा छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ी, सूट, बेल मैटल के अलावा अन्य कई आकर्षक हैंडलूम व हैण्डीक्राफ्ट आयटम्स प्रर्दर्शित किये गये हैं.आयोजन को बढिया रिस्पांस मिल रहा है. चुनिंदा आयटम्स की खरीदी पर विशेष रियायत भी दी जा रही है. आयोजन सीमित दिनों के लिए है।

# टीचस-डे के दिन प्रिसिंपल को हटाने की मांग

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में टीचर्स.डे के दिन ही प्रिंसिपल को हटाने के लिए छात्रों ने प्रदर्शन कर दिया। बरौदा गांव का के गवर्नमेंट हाई स्कूल में पढ़ने वाले छात्र.छात्राओं का आरोप है कि प्रिसिंपल ममता सिंह बेवजह छात्रों को परेशान करती हैं और टीसी देने की धमकी देती हैं। ममता सिंह को हटाने की मांग को लेकर स्कूल के सारे छात्र लामबंद हो गए। यहां स्कूल खुलने से पहले गेट में ताला जड़कर छात्र.छात्राओं ने गेट में प्रदर्शन किया। स्कूल के ही छात्र राजीव रंजन ने बताया कि रोजाना बेवजह की डांट.फ्टकर से छात्र परेशान हैं,स्कूल में किसी भी तरह के कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाता। छात्रों का यह भी कहना है कि प्रिसिंपल हर कार्यक्रम रद्द करा देतीं हैं और बात.बात पर टीसी देने की धमकी छात्रों को दी जाती है। छात्रों ने बताया कि पिछले एक डेढ़ साल से छात्रों के प्रति उनका बर्ताव ऐसा ही है जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं।

**शिकायत के बाद भी बर्ताव में बदलाव नहीं**

इसकी शिकायत छात्र.छात्राओं ने अपने परिजनों से की और गांव के सरपंच को भी जानकारी दी गई है। उन्होंने भी इस मामले में प्रिंसिपल से बात की लेकिन उनके बर्ताव में कोई बदलाव नहीं आया उल्टे शिकायत करने पर छात्रों को ही प्रिंसिपल की तरफसे धमकी दी जाने लगी जिसके बाद आक्रोशित छात्र.छात्राओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मामले को लेकर जब प्रिंसिपल से बात करने की कोशिश की गई तब पता चला कि वे दो दिनों की छुट्टी पर हैं और कॉल भी नहीं उठा रही हैं। प्रदर्शन कर रहे स्कूली छात्रों का कहना है कि अगर प्रिंसिपल को हटाया नहीं जाता तो स्कूल से सारे छात्र.छात्राएं खुद अपनी टीसी ले लेंगे। यहां विधानसभा से लगे बरौदा गांव में संचालित हो रहे हाईस्कूल में 9वीं और 10वीं की क्लासेस लगती है और अब प्रिंसिपल की मनामानी रवैये के चलते ये प्रदर्शन किया जा रहा है।

# ननि ने शिक्षक दिवस पर 13 प्राचार्यों, 25 व्याख्याताओं, 35 शिक्षकों को किया सम्मानित

## सभी शिक्षक छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर श्रेष्ठ नागरिक बनाने प्रण लें : सभापति



**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आज भारत गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति महान षिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती षिक्षक दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नगर निगम मुख्यालय महात्मा गॉधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित नगर निगम सामान्य सभा सभागार में षिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन नगर निगम सभापति श्री प्रमोद दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं नगर निगम खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता , एमआईसी सदस्य श्री सुन्दर लाल जोगी की विषेष उपस्थिति, अपर आयुक्त श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री शैलेन्द्र पाटले, प्रभारी कार्यपालन अभियंता एवं खेलकूद और युवा कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी श्री एस.पी. त्रिपाठी की उपस्थिति में रखा गया।

सभापति श्री प्रमोद दुबे एवं खेलकूद, युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष श्री जितेन्द्र अग्रवाल ने नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा संचालित स्कूलों के 10 प्राचार्यो स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम 3 शासकीय शालाओं पंडित रामदयाल तिवारी, बी.पी. पुजारी, शहीद स्मारक स्कूल के प्राचार्यो, इन स्कूलों के 25 व्याख्याताओं और 35 षिक्षकों का नगर निगम खेलकूद , युवा कल्याण विभाग की ओर से श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। सभापति एवं एमआईसी सदस्य ने स्कूल के प्राचार्यो, व्याख्याताओं, षिक्षकों को षिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी । सभापति श्री प्रमोद दुबे ने इस अवसर पर प्रदेष के मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल के नेतृत्व एवं नगरीय प्रषासन एवं विकास मंत्री डॉ. षिव कुमार डहरिया के मार्गदर्षन में राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ समाज एवं राष्ट्रहित में बच्चों को गुणवत्ता युक्त षिक्षा देने संचालित आर.डी. तिवारी स्कूल, बी.पी. पुजारी स्कूल, शहीद स्मारक स्कूल को लेकर छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं की सराहना की एवं कहा कि इससे बड़ी संख्या में समाज के जरूरतमंद एवं निर्धन वर्ग के विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम की निजी स्कूलों की तरह की सुविधाएं प्राप्त कर श्रेष्ठ षिक्षण अर्जित कर सीधे लगातार लाभान्वित हो रहे है। इन स्कूलों ने सिद्ध किया है कि रायपुर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्हें समुचित मार्गदर्षन मिलने पर ये प्रतिभाएं निखरकर सामने आएंगी। सभापति श्री प्रमोद दुबे एवं एमआईसी सदस्य श्री जितेन्द्र अग्रवाल , श्री सुन्दरलाल जोगी ने प्राचार्यो एवं षिक्षकों को बधाई देते हुए सराहा एवं उनसे षिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण षिक्षा देकर श्रेष्ठ नागरिक बनाकर राष्ट्र व समाज की सेवा करने तैयार करने एवं श्रेष्ठ स्कूल बनाकर रायपुर सहित छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने का प्रण लेने का आव्हान किया।

# क्रॉम्पटन ने गार्डन व गेट लाइट्स की अपनी नई सोलरियन श्रृंखला लॉन्च

**रायपुर,** 5 सितंबर। अपनी अनोखी पेशकशों से उपभोक्ता के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिये प्रसिद्ध, क्रॉम्पटन ग्रीव्ज कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (सीजीसीईएल) ने आउटडोर लाइटिंग की अपनी नई खूबसूरत और विविधतापूर्ण श्रृंखला सोलरियन गार्डन लाइट्स को लॉन्च करने की घोषणा की है। गुणवत्ता, दीर्घकालिक टिकाऊपन और नवाचार में 80 वर्षों की विरासत के साथ बाहरी स्थानों की सुन्दरता बाड़ाने के लिए बनी इस नई श्रृंखला में ब्राण्ड और उसकी सेवा का वादा जुड़ा है। इन नये लाइटिंग फिक्सचर्स पर पानी, मौसम और जंग का असर नहीं होता है। इन्हें उपभोक्ताओं द्वारा चुने जाने के लिये विविधतापूर्ण श्रृंखला में पेश किया गया है। इस प्रकार यह हर मौसम में आपकी पगडंडी को जगमगाने और बगीचे की खूबसूरती को बढ़ाने का सबसे बढ़िया समाधान है।

## छग राज्य बाल कल्याण परिषद ने मनाया शिक्षक दिवस व जन्माष्टमी



**रायपुर,** 5 सितंबर। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल जीवन ज्योति पुरानी बस्ती रायपुर में आज शिक्षक दिवस एवम कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम किया गया हैं जिसमें आज हमारे बीच श्रीमति कमल वर्मा (उपाध्यक्ष) एवम श्रीमती इंदिरा जैन ( संयुक्त सचिव) हमारे बीच पधारे है उनके स्वागत में बाल जीवन ज्योति की अधीक्षिका श्रीमति स्वेता सिंह एवम समस्त कर्मचारी रहें और इसके साथ ही साथ शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में श्रीमति कमल वर्मा एवम इंद्रा जैन के द्वारा संस्था के समस्थ मानसेवियो को भेट स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

## पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद, शहर में जगह-जगह कमरछठ पूजा



**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने निर्जला व्रत रखते हुए आज मंगलवार को हलषष्ठी माता का विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। शिव मंदिर बूढ़ापारा, ब्रह्मपुरी, पुरानी बस्ती, नयापारा मरार पारा, आवास पारा सहित नगर और क्षेत्र में जगह-जगह सगरी खोद कर देर शाम तक महिलाएं पूजा करती रहीं। इस पूजा में लगने वाली सामग्रियों पसहर चावल, भैस का दूध, दही, घी सहित अन्य पूजन सामग्रियों की बाजार में भारी पूछ परख बनी रही। पूरे बाजार में एक दिन पूर्व से यह सामग्रियां बिकती दिखीं। व्रती मांताओं द्वारा अनेक प्रकार की भाजियां, पसहर चावल, काशी के फूल, खमार के पत्ते, धान की लाई, दूध-दही-घी सहित पूजा की। कई छोटी बड़ी पूजन सामग्री भगवान शिव को अर्पित कर संतान के दीर्घायु जीवन की कामना क़ी।पं.भूपेंद्र पांडे ने बताया कि हिंदू सनातन धर्म में हलषष्ठी पर्व का विशेष महत्व है। महिलाएं हलषष्ठी पर्व को आदिकाल से मनाते आ रहे हैं।

# एएसआई चंद्रभूषण समेत 4 आरोपी भेजे गए जेल

## ईडी की विशेष कोर्ट ने 2 के खिलाफ जारी किया गैर जमानती वारंट



**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। रिमांड खत्म होने पर ईडी ने ऑनलाइन सट्टा एप मामले में एएसआई चंद्रभूषण वर्मा समेत 4 आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जहां कोर्ट ने सभी को 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बता दें कि ऑनलाइन सट्टा एप मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों को विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने 15 सितंबर तक के लिए जेल में भेज दिया है। चारों से पूछताछ पूरी हो जाने की वजह से ईडी ने रिमांड नहीं मांगा। इस बीच कोर्ट ने इसी मामले में दो आरोपियों के खिलाफगैर जमानती वारंट जारी भी कर दिया है। ऑनलाइन सट्टा मामले में पकड़े गए एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल दममानी और सुनील दम्मानी की ईडी रिमांड खत्म होने के बाद ईडी ने आज चारों को स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया था।

**रायपुर और भिलाई में छापेमारी कर किया गया था गिरफ्तार:** ईडी ने प्रदेश के दो जिलों रायपुर और दुर्ग में छापेमारी की कार्रवाई की थी। जिसमें वकील, पुलिस, ट्रांसपोर्टर, सीए और जमीन कारोबारियों को अपने शिकंजे में लिया है। ईडी ने पीएमएलए यानी प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत एएसआई चंद्रभूषण वर्मा,सतीश चंद्राकर, हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोपियों की 2 बार रिमांड ली थी लेकिन पुछताछ अब पूरी हो गई है। इसलिए कोर्ट ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ गैर जमानती वारंट:** इस बीच ऑनलाइन सट्टा एप के आरोपी संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफकोर्ट ने आज गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। दोनों आरोपी इस वक्त विदेश में हैं। वारंट जारी होने के साथ ही ईडी उन्हें भारत लाने की तैयारी शुरू कर दी है। ईडी ने इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए विदेश और गृह मंत्रालय समेत झारखंड,तेलंगाना, कर्नाटका, आंध्रप्रदेश, एमपी और महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यो को भेजी जानकारी है।

# डॉयल 112 में काम करने वाले पुलिसकर्मियों एवं चालकों की एसएसपी ने ली बैठक



## संदिग्धों की जांच करने के निर्देश

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा आज 5 सितंबर को सिविल लाईन स्थित सी-4 भवन रायपुर में जिले के समस्त थानों के डॉयल 112 में कार्यरत् पुलिसकर्मियों एवं चालकों की बैठक ली गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉयल 112 में कार्यरत समस्त पुलिसकर्मियों एवं चालको को अपने निर्धारित क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वस्तुओं की जांच करने के साथ ही रात्रि गश्त को भी मुस्तैदी पूर्वक करने निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही डायल 112 में प्राप्त होने वाले इवेंट/शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने, रिस्पॉन्स टाईम कम करने, चिक रिस्पॉन्स करने एवं बेहतर कार्यवाही करने संबंधी महत्वपूर्ण व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल पीताम्बर पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक मयंक गुर्जर (भा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन मनोज ध्रुव, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक अटल नगर नवा रायपुर जितेन्द्र चन्द्राकर, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा उदयन बेहार एवं नगर पुलिस अधीक्षक माना कल्पना वर्मा उपस्थित रहें।

# सनातन को लेकर अभद्र टिप्पणी का विरोध

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन का सनातन को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ राजनीतिक दलों और हिंदू संगठनों में खासा आक्रोश व्याप्त है हर कोई स्टालिन के बयान की कड़ी निन्दा कर रहा है लगातार जगह.जगह विरोध प्रदर्शन जारी है आज भाजपा रायपुर शहर जिला ने तमिलनाडु मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधी स्टालिन का पुतला दहन किया बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने उदानिधि के पुतले को आग के हवाले किया भाजपा ने उदयनिधी के 2 पुतले जलाए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहले स्टालिन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की बूढ़ातालाब से रैली की शक्ल में भाजपाई पैदल मार्च करते हुए बिजली ऑफिस चौक पहुंचे जहां प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और पूर्व मंत्री वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया इस दौरान कार्यकर्ता विरोध में नारेबाजी करते रहे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा सत्य सनातन धर्म कोई अचानक अस्तित्व में नही आया यह मानव समाज में संस्कृति और सभ्यता का मुख्य आधार रहा हैण् सनातन धर्म विश्व की प्राचीनतम सभ्यता सनातनी रही है ऐसे में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे का बयान ना केवल निंदनीय है अपितु दंडनीय है साव ने कहा हम सभी को ज्ञात है कि तमिलनाडु में कांग्रेस के गठबंधन से ही स्टालिन सरकार चल रही है ऐसे में कांग्रेस को चाहिए वह अपना मत और पक्ष जनता के सामने स्पष्टता से रखे चुनाव आते ही कांग्रेस के मुख्य नेता राहुल गांधी जनेऊ धारण करके हिंदू मतदाताओं को आकर्षित करने का राजनीतिक स्टंट करते हैं या वाकई में उन्हें स्नातनियो और हिंदुओ से लगाव हैण् कांग्रेस गठबंधन से मुख्यमंत्री बने स्टालिन के बेटे द्वारा सनातन धर्म के खिलाफइतनी अभद्र और अशोभनीय भाषा का उपयोग किया जाता हैए मगर एक भी कांग्रेसी उनके खिलाफ नहीं बोलता इससे कांग्रेस की रीति नीति स्पष्ट होती है और उदयनीधी स्टालिन के अभद्र बयान पर मौन स्वीकृति को इंगित करती है पूर्व मंत्री वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे का बयान कोई भी सनातनी स्वीकार्य नहीं करेगा हिंदू समाज के धैर्य और सहिष्णुता की परीक्षा लेने की गलती शनैः शनैः कई आतताइयो तानाशाहों और अक्रांताओ ने की मगर आज उनके निशान भी नही मिलता सब काल के गाल में समा गए बचा रहा तो केवल सनातन भारत में रहने वाले सभी धर्मांतरित लोगो का इतिहास खंगालेंगे तो मूल में हिंदू धर्म ही मिलेगा जिनके पूर्वजों ने तलवार के डर या प्रलोभन से अपना धर्म त्याग दियाण् आज वे सनातन का अपमान करते हैं जिस कांग्रेस के गठबंधन से तमिलनाडु सरकार है उसके नेता बगले झांकते नजर आ रहे हैए क्यों छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री या अन्य किसी कांग्रेसी नेता के मुंह से कोई शब्द नहीं निकलता इस अभद्रता के खिलाफ क्योंकि कहीं ना कहीं दोनो की विचारधारा सनातन को लेकर एक ही जैसी है बृजमोहन अग्रवाल ने कहाए प्रदेश के मुख्यमंत्री के पिता ने प्रभु श्रीराम को लेकर कितनी अभद्र टिप्पणियां की है यह किसी से छुपा नहीं है और प्रदेश के मुखिया तमाम ढोंग करते नजर आ ही जाते हैं जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा सनातन के खिलाफइस तरह की अभद्र टिप्पणी कतई स्वीकार करने योग्य नहीं कांग्रेस अपने घटक दलों के माध्यम से देश का माहौल खराब करने की योजना में है जिससे राजनीतिक लाभ लिया जा सके और हम ऐसा कतई नहीं होने देंगे।



- भाजपा ने जलाया स्टालिन का पुतला
- साव बोले- तमिलनाडु सीएम के बेटे का बयान दंडनीय, अपना पक्ष साफ करे कांग्रेस

# हवाला कारोबार से जुड़े तीन सदस्य गिरफ्तार

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में हवाला कारोबार गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा गया है। इनके कब्जे से 68 लाख 44 हजार रुपये नकदी रकम जब्त की गई। थाना गंज क्षेत्रांतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान चारपहिया वाहन में तीन अलग.अलग बैग में नकदी रकम रखे थे। उनके पास से पैसे गिनने वाली मशीन जब्त की गई है। पैसे किसे देने जा रहे थे इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं आयकर विभाग को इसकी जानकारी भेजी गई है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों सहित संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। गुरुवार को गंज क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका पास एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक चारपहिया वाहन जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे को रोककर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान वाहन में बैग रखे हुए थे। जिन्हें खोलकर देखने पर बैग में नकदी रकम और नोट गिनने की मशीन रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अनुप माखीजा मनोज मंत्री और रितेश नागदिया होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नकदी रकम के संबंध में पूछताछ करने व वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था।

## 68 लाख 44 हजार जब्त आयकर विभाग को दी गई सूचना



आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान एक गाड़ी की जांच करने पर 11 लाख 59 हजार 850 रुपये पकड़े गए। कारोबारी पैसे कहां से लाया था और किसे देने वाला था इसके दस्तावेज नहीं थे। पुलिस ने इसकी सूचना आयकर विभाग को दे दी है।

**कारोबारी नरेश तलरेजा से जे जब्त की गई रकम:** मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत एमजी रोड स्थित अशोका होटल के सामने एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति को रोककर उसके वाहन की डिक्की एवं थैले को चेक किया गया। थैले को चेक करने पर उसमें नकदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नरेश तलरेजा निवासी न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नकदी रकम के संबंध में पूछताछ करने व वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नकदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा नरेश तलरेजा के पास रखे नकदी रकम 11 लाख 59 हजार 850 रुपये को धारा 102 के तहत थाना मौदहापारा में जब्त कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी गई।

# दो स्विफ्ट कार से 6 लाख का गांजा जब्त



**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के मंदिर हसौद थाना इलाके में पुलिस ने लाखों के गांजे के साथ महाराष्ट्र के 4 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 56 किलो 940 ग्राम गांजा जब्त किया हैए जिसकी कीमत 6,00,000 रुपये बताई जा रही है। दरअसल एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम को सूचना मिली जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत एन.एच 53 स्थित छतौना चौक पास गांजा तस्करों को पकड़ने हेतु नाकाबंदी पाईंट लगाया गया। इसी दौरान मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहनों को आता देख टीम के सदस्यों द्वारा चारपहिया वाहनों को रोकवाया गया। दोनों चारपहिया वाहनों में कुल 04 व्यक्ति सवार थे जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम रोहित भास्करए रमेश्वर सोनवने अक्षय काले एवं सचिन चाटसे निवासी महाराष्ट्र का होना बताया ।टीम के सदस्यों द्वारा तलाशी के दौरानदोनों कार में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 56 किलो 940 ग्राम गांजा कीमती लगभग 6,00,000 रूपये तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त चारपहिया वाहन स्विफ्ट क्रमांक एमएच 02 बीआर 8581 एवं एमएच 20 बीवाय 0902 एवं 04 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 16 00ए000 रूपये जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

## 4 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

# प्रदेश में रोज 5 करोड़ से ऊपर की बिक रही बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। मौसम बदलने के साथ बीमारियों का पैटर्न भी बदल गया है। छत्तीसगढ़ कोरोना डेंगू और आई फ्लू के बाद अब मौसमी बीमारियों की चपेट में आ गया है। वायरल फीवर मौसम बदलने के कारण तेजी से फैल रहा है। विशेषज्ञों की माने तो चिकनगुनिया जैसा यह वायरस सक्रिय नजर आ रहा है। वायरल बदन दर्द के साथ सांस के मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसका असर दवा बाजार पर भी पड़ा है।



**दवा बाजार में 12 फीसदी बढ़ी दवा की बिक्री:** पिछले तीन महीने में प्रदेश का दवा बाजार 12 फीसदी बढ़ा है। हर रोज 10 करोड़ रुपए की एंटीबायोटिक दवाइयां बिक रहीं हैं। वहीं 5 करोड़ रुपए की पैरासिटामोल की बिक्री हर दिन हो रही है। पूरे राज्य में लगभग 300 करोड़ से ज्यादा का दवाइयों का कारोबार हो रहा है। इस अवधि में देश में कुल कारोबार 2.2 लाख करोड़ है।

**अक्टूबर तक यही स्थित रहने की उम्मीद:** विशेषज्ञों का मानना है कि इस मौसम में वायरलए बैक्टीरियल इंफेक्शन के मामले बढ़ जाते हैं। इनमें 80 फीसदी मरीज सामान्य दर्द निवारक और फीवर संबंधी दवाओं से ठीक हो जाते हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के मुताबिकए अन्य मौसम की तुलना में इस सीजन में मौसमी बीमारियां ज्यादा होती हैं। जनरल ओपीडी भी 30 से 35 प्रतिशत तक बढ़ जाती हैं। सितंबर अक्टूबर में यही स्थित रहने की उम्मीद है।

**दोनों बीमारियों के लक्षण मिलते-जुलते:** कुछ समय पहले आईफ्लू की वजह से लोगों की आंखें लाल रही इसका प्रकोप कम हुआ तो वायरल फीवर और डेंगू के साथ मलेरिया ने लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। डॉक्टर्स की माने तो दोनों बीमारियों के लक्षण मिलते.जुलते है। इनका इलाज भी लगभग एक ही प्रकार की दवाओं से होता है। मरीज को ठीक करने के लिए एंटी एलर्जिक और एंटीबायोटिक दवाओं की जरूरत पड़ रही है।

**पैरासिटामोल की डिमांड 5 करोड़ तक पहुंची:** मौसमी बीमारियों ने मेडिकल के थोक बाजार में गजब का उछाल ला दिया है। लोगों के बीमार होने का सीधा असर दवा बाजार पर हुआ है और दोनों तरह की दवाओं की डिमांड 60 फीसदी तक बढ़ गई है। सामान्य दिनों में एंटीबायोटिक दवा की खपत लगभग 5 करोड़ का होती है जो अभी 10 करोड़ तक जा पहुंची है,इसी तरह बुखार उतारने वाली दवा पैरासिटामोल की डिमांड बढ़कर 4 से 5 करोड़ रुपए हो चुकी है।

**इस समय एहतियात बहुत जरूरी:** डॉक्टर के अनुसार बारिश के मौसम में लोगों को सजग रहना चाहिए। इस मौसम में कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोग जल्दी बीमारी की जकड़ में आते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बीमारी लाइफस्टाइल से जुड़ी है, इसलिए इस पर मौसम का असर ज्यादा नहीं होता।

# ज्ञान गंगा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। गुरू जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाकर शिष्य के जीवन को प्रकाशित करता है उसे समाज में उच्च पद पर प्रतिष्ठित करता है। गुरू जो अपने दिव्य ज्ञान से समाज का निर्माण करता है, इसी गुरू की महत्ता को प्रदर्शित करता 'शिक्षक दिवस ' ज्ञान गंगा प्रार्थना सभा तथा शाला सभागार में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम देश के महान शिक्षाविद् पूर्व राष्ट्रपति डा. राधाकृष्णनन् के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस भव्य कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा राजगोर जी पूरे समय कार्यक्रम में उपस्थित रहकर छात्रों का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम की शुरूआत सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर तथा श्रीफल भेंट कर किया गया। सम्मान के पश्चात् शिक्षकों के लिये भी कई मनोंरजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा छात्रो का मनोरंजन किया। छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखेरी गई। गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी गई। मनोंरजक प्रतियोगिताओं में विजेता शिक्षको को शाला की प्राचार्या जी के द्वारा सम्मानित किया गया।

शाला की प्राचार्या ने सभी छात्र- छात्राओं को शिक्षक दिवस के शानदार आयोजन के लिये बधाई देते हुये हमेशा शिक्षकों के सम्मान और दिशा निर्देशो को पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अन्त में हेड बॉय अभिनव तिवारी ने सभी का आभार प्रकट किया। मंच संचालन श्रेया जोशी और सान्वी गर्ग, मेधा दास, अर्चिता द्विवेदी ने किया। सभी हाउस कैप्टन तथा वाइस कैप्टन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया तथा अपने गुरूओं के प्रति कृतज्ञता के भाव प्रकट किये।

# हिस्ट्रीशीटर उदय जैन के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की कार्रवाई

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव आयोग द्वारा ऐसे व्यक्ति जो भविष्य में किसी प्रकार के अपराध को अंजाम दे सकते हैं या उस व्यक्ति से खतरा होने की संभावना होए ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियमद्ध की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं इसे देखते हुए रायपुर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर उदय जैन सन्यासीपारा, खमतराई, के खिलाफराष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियमद्ध 1980 की धारा 3;2,के तहत निरोधक कार्रवाई के लिए जिला दण्डाधिकारी जिला रायपुर की ओर प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था जिस पर जिला दण्डाधिकारी रायपुर द्वारा उदय जैन के खिलाफकार्रवाई की गई है उदय जैन थाना खमतराई का हिस्ट्रीशीटर होने के साथ ही अपराधिक प्रवृत्ति का है जिसके जिसके खिलाफखमतराई थाना में हत्या, हत्या का प्रयास, बलवा, धारदार हथियार से मारपीट, मारपीट, मोबाइल फोन से धमकी और गाली गलौच,तोड़फोड़, जबरन घर में प्रवेश करना, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के साथ नारकोटिक्स एक्ट सहित प्रतिबंधात्मक धाराओं के कुल 42 प्रकरण दर्ज है।

## पहले से दर्ज हैं 42 प्रकरण

# बिना एलाइजा टेस्ट कराए डेंगू का इलाज करने पर होगी कार्रवाई

**रायपुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। डेंगू के नाम पर गलत इलाज करने वाले हॉस्पिटल पर कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए जांच के आदेश दिए गए हैं जानकारी के अनुसार सिस्टम के आधार पर बिना एलाइजा टेस्ट कराए डेंगू का इलाज करने का आरोप लग रहे हैं मामला उठाने के बाद जांच के निर्देश दिया गया है अगर कोई भी गलत पाया जाएगा उस पर कार्रवाई होगी बता दें किए एलाइजा टेस्ट के बाद ही डेंगू की पुष्टि होगी प्रदेश में लगभग 300 से ज़्यादा डेंगू के मरीज़ हो चुके है भाजपा का आरोप है कि लगभग 25 लोगों से डेंगू की मौत हो चुकी है वहीं मौत को लेकर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा जिनकी मौत हुई है उनका एलाइजा टेस्ट किया गया है उसमें पॉज़िटिव नहीं पाए गए निजी हॉस्पिटल में एंटीजेन रिपोर्ट के आधार पर डेंगू का इलाज दिया गया लगभग 85,00,000 से ज़्यादा प्राइवेट हॉस्पिटल ने डेंगू के इलाज के लिए ब्लॉकेज किए हैं।

उल्टा पुल्टा

नासा ने संता को चांद पर भेजने का फैसला किया। मगर संता आधे रास्ते से ही वापस आ गया।
संता ने कहा– आज तो अमावस है ना, चांद तो होगा ही नहीं।

## संपादकीय

## जान की कीमत पर मौज-मस्ती

*जीवन में मनोरंजन और मौज-मस्ती बेहद आवश्यक है। बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई से और बड़े काम-काज से थककर अपनी दिनचर्या में परिवर्तन लाना चाहते हैं। सभी के अपने-अपने तरीके होते हैं। कोई संगीत सुनता है तो कोई मूवी देखता है, किसी को किताबें पढ़ने में आनंद मिलता है तो किसी को मित्रों के साथ गप्पबाजी में। कोई अकेला घूमने चल पड़ता है तो किसी को टीवी के सामने बैठकर सुख की प्राप्ति होती है। कहने का तात्पर्य यह कि जितने लोग उतनी तरह के मनोरंजन के साधन। हर आदमी आनंद लेना चाहता है ताकि जीवन में उसकी दिलचस्पी बनी रहे। यह होना भी चाहिये और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा मनुष्य होगा जिसे मनोरंजन की चाहत न हो। स्वस्थ और सुखी जीवन की यह निशानी है कि कोई व्यक्ति मनोरंजन के साधनों में समय बिताता है या नहीं। यह व्यक्तित्व की पहचान भी कही जाती है।*

*वैसे तो सारी ऋतुएं मानव मात्र को आनंदित करती हैं और सभी मौसमों की विभिन्न प्रकार की सुंदरता होती है। फिर भी, वर्षा ऋतु का अलग ही सौंदर्य होता है। चारों ओर हरियाली हो जाती है और नदियों, तालाबों, बांधों में पानी भर जाता है। अनेक झरने भी फूट पड़ते हैं या उनकी धाराएं बड़ी हो जाती हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। लोग अपने परिवारों या मित्रों के साथ समय बिताने उसके ईर्द-गिर्द एकत्रित होते हैं। जलप्रपातों में नहाने का आनंद तो है परन्तु उसके खतरे भी कोई कम नहीं होते। उनके अचानक बढ़ते जल स्तर में लोग घिर जाते हैं या फिर बह जाते हैं। कई तो जीवित ही नहीं लौटते। ज्यादातर स्थानों पर सावधानी बरतने सम्बन्धी सूचनापट्ट भी लगे होते हैं फिर भी लोग उसकी उपेक्षा कर जल धारा में उतर पड़ते हैं। यह उन्हें भारी पड़ जाता है और वे जीवन से हाथ धो बैठते हैं।*

*छत्तीसगढ़ के अनेक झरनों में से एक है खूबसूरत जलप्रपात रानीदहरा जो कवर्धा में है। शनिवार की शाम यहां पिकनिक मनाने के लिये 10 मित्र गये थे। इनमें से कुछ लोग झरने के पानी से नहा रहे थे। तभी राहुल ठाकुर एवं शुभम झरिया (उम्र 25-25 वर्ष), गहराई में चले गये। बाकियों ने बचाने की कोशिश की लेकिन ज्यादातर को तैरना नहीं आता। दोनों अपनी जिंदगियों से हाथ धो बैठे। प्रदेश में पिकनिक वाली जगहों पर ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसी जुलाई में कोरबा के निकट देवपहरी में चोरनई नदी के बेहद आकर्षक गोविंद झुंझा जलप्रपात झरने का आनंद लेने गये तीन शिक्षकों में से एक डूब गया। गरियाबंद के प्रसिद्ध चिंगरापगार झरने पर मौज-मस्ती करने गये कई पर्यटक नाले का जल स्तर अचानक बढ़ जाने के कारण फंस गये थे जिन्हें प्रशासन ने किसी तरह से निकाला। इसलिये सावधानी आवश्यक है।*

# हमर क्लीनिक के भूमिपूजन को लेकर भाजपाइयों के विरोध के बाद विधायक, महापौर बैरंग लौटे

**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। केलाबाड़ी में हमर क्लीनिक निर्माण के लिये आज किये जाने वाले भूमिपूजन के कार्यक्रम को, दो पक्षों के बीच उठे जमकर विवाद के चलते विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल को बगैर भूमिपूजन के लौटना पड़ा। इस कार्यक्रम के लिये केलाबाड़ी व आसपास के वार्डवासी घंटों इंतजार करते बैठे रहे। उन्हें भी निराश होकर लौटना पड़ा। इसे लेकर आज पूरे शहर में तरह तरह की चर्चा होती रही।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की अति महत्वाकांक्षी हमर क्लीनिक योजना के अंतर्गत केलाबाड़ी में भी हमर क्लीनिक की स्थापना बाल मंदिर के पास की जानी थी। यह स्थल केलाबाड़ी वार्ड के मध्य में होने से काफी उपयुक्त माना जा रहा था। इस स्थल पर आज सुबह भूमिपूजन का आयोजन किया गया था। भूमिपूजन के लिये मुख्य अतिथि विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ ही पड़ोसी वार्ड सुराना कालेज वार्ड की पार्षद नजहत परवीन, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अजय मिश्रा के साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे आमंत्रित थे। संपूर्ण कार्यक्रम की जिम्मेदारी वार्ड पार्षद के नाते एमआईसी में स्वास्थ्य प्रभारी हामिद खोखर पर थी। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी थी। केलाबाड़ी व आसपास के वार्डो के भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच चुके थे। जानकारों के अनुसार ऐन मौके पर भाजपा के कुछ नेताओं ने मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का विरोध करते हुए वहां पर गार्डन बनाने की मांग करने लगे। इसे लेकर मौके पर वार्ड पार्षद हामिद खोखर व भाजपा नेता शेख मतीन के बीच धक्का मुक्की होने लगी। इस दौरान कतिपय लोगों ने विधायक वोरा से अलग से बातचीत की। महापौर धीरज बाकलीवाल ने भीड़ में घुसकर मामला शांत कराया। इसे बाद विधायक एवं महापौर बगैर भूमिपूजन किये मौके से वापस लौट गये।

संपत्ति विवाद

# बेटे-बहू ने कर दी वृद्धा की हत्या

- आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शक्ति नगर चपरासी प्लाट निवासी एक बेटे बहु ने अपनी ही वृद्धा माता रूखमणि चंद्राकर की गला दबाकर हत्या कर दी। इस हत्याकांड के पीछे मोहन नगर पुलिस के अनुसार वृद्धा और उसके पुत्र-पुत्रवधु के मध्य संपत्ति को लेकर विवाद के साथ ही रोज रोड का झगड़ा बताया जाता है। पुलिस ने पुत्र लखन लाल चंद्राकर (41) एवं पुत्रवधु द्रौपदी चंद्राकर (31) को धारा 302, 120 वी 201 एवं 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों के ऊपर हत्या को छुपाने का भी आरोप है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

सीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि गत रात्रि शक्ति नगर वार्ड 18 स्थित चपरासी प्लाट के एक मकान में 80 वर्षीय वृद्धा रूखमणि चंद्राकर पति स्व. दशरथ चंद्राकर की संदिग्ध मौत की सूचना बली राम वर्मा द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा मौका मुआइना में पाया गया कि मृतका के मुंह में चोट, गले के दायें व बायें हिस्से में दबाये जाने के निशान प्रतीत हुए। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया।

पूरे मामले की जांच के बाद पुलिस ने बताया कि उक्त दोनों आरोपी बेटे बहु व उनकी वृद्धा मां के बीच अक्सर संपत्ति को लेकर झगड़ा होता रहा। मृतका रूखमणि अपनी पूरी संपत्ति बड़े बेटे के नाम कर देने की धमकी देती रहती। बड़ा बेटा घूमन्तु प्रवृत्ति का है। अक्सर बाहर रहता है। इसे लेकर ही छोटे बेटे व उसकी पत्नी तथा मा रूखमणि के बीच झगड़ा होते रहता था। चार सितंबर को भी इसी तरह विवाद बढ़ने पर दोनों पति पत्नी ने मिलकर रूखमणि चंद्राकर की गला दबाकर हत्या कर दी।

विवेचना दौरान आरोपी लखन लाल चंद्राकर पिता स्व दशरथ चंद्राकर उम्र 41 साल साकिन शक्ति नगर चपरासी प्लाट वार्ड नंबर 18 दुर्ग थाना मोहन नगर आरोपियों द्रौपती चन्द्राकर पति लखन चंद्राकर उम्र 31 साल साकिन शक्ति नगर चपरासी प्लाट वार्ड नंबर 18 दुर्ग थाना मोहन नगर आज गिरफ्तार किया गया है।

# आम आदमी पार्टी ने स्टेशन रोड से डिवाइडर हटाने की मांग को लेकर निकाली रैली, कलेक्टर को ज्ञापन

- व्यापारियों ने भी पहले डिवाइडर हटाओं व्यापार बचाओं आंदोलन किया था




**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की दुर्ग लोकसभा इकाई के आज अध्यक्ष डॉ. एस.के.अग्रवाल. तथा आरटीआई विंग के प्रदेशाध्यक्ष मेहरबान सिंह के नेतृत्व में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर स्टेशन रोड में बने रोड डिवाइडर को हटाने की मांग की है। अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए आम पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रीशिवम माल से लेकर कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि विधायक अरूण वोरा ने विधानसभा चुनाव होते ही रोड डिवाइडर हटा देने का वादा किया था मगर विधायक बनने के बाद उन्होंने वादा पूरा नहीं किया। उल्लेखनीय है कि विगत लगभग 5 वर्षो से स्टेशन रोड के व्यापारी एकजुट होकर अनेक तरह के आंदोलन भी व्यापारियों द्वारा किये गये। विधायक श्री वोरा ने भी शुरूआती दिनों में इस रोड डिवाइडर को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री स्तर तक चर्चा कर प्रेस को इसकी जानकारी देते रहे ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## 12 एवं 13 को जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक ग्राम पुरई में होगा

**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणानुसार छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक वर्ष 2023-24 अंतर्गत 16 खेलों का जिला स्तरीय आयोजन 12 एवं 13 सितंबर को शास. उ.मा.वि. ग्राम पुरई, जिला-दुर्ग में प्रात: 9 बजे से किया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक से मिली जानकारी के अनुसार आयोजन में विकासखण्ड दुर्ग, पाटन, धमधा एवं नगरीय क्लस्टर के 0-18, 18-40, 40 से अधिक आयु वर्ग के प्रथम विजेता खिलाड़ी (महिला एवं पुरूष) सम्मिलित होंगे। 12 सितंबर को 0-18 एवं 40 से अधिक आयु वर्ग महिला/पुरूष एवं 13 सितंबर को 18-40 आयु वर्ग महिला/पुरूष भाग लेंगे। खिलाड़ी अपने आयु वर्ग अनुसार अपना आधार कार्ड एवं बैंक खाते की छाया प्रति के साथ खेल मैदान में सहायक नोडल अधिकारी अशोक रिगरी के पास उपस्थिति देंगे।

# दुर्ग तहसील में 4.41 करोड़ की संपत्ति की नीलामी से 20.49 करोड़ की प्राप्ति

- यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी के संपत्ति की नीलामी जारी
- भिलाई 3 तहसील में 14 सितंबर को

**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। वर्ष 2016 से यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी के विरूद्ध संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई के संबंध में लंबित प्रकरण पर कुर्की उपरांत नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निवेशकों के हितों का संरक्षण के अधिनियम-2005 के तहत् निवेशकों से धन राशि जमा कराकर उनके धन की राशि वापस नहीं किये जाने के कारण यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी और संचालकों की संपत्तियों को कुर्क करने के लिए अंतरिम कुर्की आदेश को विशेष न्यायालय दुर्ग द्वारा अत्यांतिक (अंतिम) पुष्टि की गई थी। कलेक्टर दुर्ग पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा कुर्की की गई संपत्ति का विक्रय तथा निवेशकों को नियमानुसार राशि वापसी की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु तहसीलदार दुर्ग, भिलाई-3 एवं पाटन को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था।

प्रथम चरण में तहसील पाटन में स्थित संपत्ति की नीलामी गई, जिसके अंतर्गत एक करोड़ 17 लाख में संपत्ति की नीलामी की गई। द्वितीय चरण में तहसील दुर्ग अन्तर्गत स्थित संपत्ति की नीलामी दिनांक 4 सितम्बर 2023 को तहसीलदार दुर्ग द्वारा की गई। तहसील दुर्ग के कोहका, नागपुरा, अंजोरा एवं अंडा स्थित 6 स्थानों के लगभग 4 करोड़ 41 लाख 37 हजार 884 रूपये की राशि के संपत्ति की नीलामी में कुल राशि 20 करोड़ 49 लाख 82 हजार रुपए की प्राप्ति हुई हैं। तृतीय चरण में भिलाई-3 तहसील में स्थित संपत्ति की 14 सितंबर को नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। समस्त नीलामी उपरांत प्राप्त राशि से निवेशकों की राशि वापसी की कार्यवाही की जाएगी।

# बैगापारा के मक्खन हांडी लूट में गोपका टीम बनी विजेता



**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। जन्माष्टमी पर्व का उत्साह शहर में अभी से नजर आ रहा है। जन्माष्टमी के पूर्व यादव संघ मित्र कल्याण मंडल द्वारा गोपाल मंदिर बैगापारा में आयोजित मक्खन हांडी लूट प्रतियोगिता में पुरुष, महिला एवं बाल-गोपाल वर्ग की टीमों ने हांडी फोड़ने अपना जौहर दिखाया। प्रतियोगिता में बैगापारा की गोपिका टीम ने हांडी फोड़कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार द्वितीय स्थान जय मां शिवपारा और तृतीय स्थान पर बालवृंद गोविंदा बैगापारा टीम रही। विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरूण वोरा थे। विशेष अतिथि के रुप में महापौर धीरज बाकलीवाल, यादव समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक अरुण वोरा द्वारा मखखन हांडी लूट के पोस्टर का विमोचन किया गया और वार्ड क्रमांक.24 स्थित संस्था के प्रधान कार्यालय यादव सांस्कृतिक भवन का पूर्ण निर्माण करने के लिए 10 लाख रूपये देने की स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर धीरज बाकलीवाल ने यादव सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के अध्यक्ष कमलेश यादव, उपाध्यक्ष हर्षहिन्द यादव, सचिव उमराव, महामंत्री ललित यादव, महासचिव गोविन्द लखन यादव के अलावा प्रतिभागी और शहर के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# 10 को श्रीकृष्ण भवन सत्ती चौरा में नेत्ररोग निदान शिविर

**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर, विश्व ब्राम्हण समाज एवं जनसमर्पण सेवा संस्था दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में 10 सितंबर को श्री कृष्ण भवन सत्ती चौरा में नि:शुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद जांच एवं उपचार कर परामर्श दिया जायेगा। शिविर में शामिल होने के इच्छुक मरीजों के पूर्व पंजीयन की व्यवस्था की गई है।

विश्व ब्राम्हण समाज दुर्ग के अध्यक्ष ने बताया कि शिविर में उन मरीजों जिनका 6 माह या उससे पहले मोतियाबिंद आपरेशन हो चुका है तथा इसके अलावा अन्य सामान्य मरीजों की आंखों से संबंधित विभिन्न बीमारियों की जांच आधुनिक जापानी मशीन द्वारा की जायेगी। विश्व ब्राम्हण समाज की महिला विंग की अध्यक्ष किरण शर्मा ने बताया कि इस शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों को भी जांच द्वारा चिन्हित किया जायेगा। एमजीएम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चिन्हित मरीजों के आपरेशन की व्यवस्था की जायेगी। ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के आने जाने का व्यय भोजन इत्यादि की नि:शुल्क व्यवस्था की जायेगी। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# इंदिरा नगर चिखली स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला इंदिरा नगर चिखली में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शालेय परिवार के सर्वप्रथम डा. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर तिलक लगाकर तथा पुष्पमाला अर्पित कर उनका स्मरण किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला इंदिरा नगर चिखली के प्रधान पाठक सुरेन्द्र कुमार स्वर्णकार के द्वारा शिक्षा और शिक्षकों के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। एसबीआई लाइफइंश्योरेंस की ओर से सुपेला, भिलाई के शाखा प्रबंधन श्रीकांत पाण्डेय के द्वारा समस्त शिक्षकों और डीएड तथा बीएड के प्रशिक्षणार्थियों का प्रशस्तिपत्र और श्रीफल देकर सम्मान किया गया, उनके साथ शाखा से निशा भी साथ थीं।

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर चिखली से दिनेश शर्मा, तारिणी शर्मा, रतिदास सिरमौर तथा पूर्व माध्यमिक से ललिता भोई, मिथलेश्वरी साहू शिक्षक उपस्थित रहे।

समुदाय से शिक्षा सारथी के रूप में शाला संचालन में सहयोग करने वाली शारदा यादव और ज्योति के साथ डीएड से साक्षी राजपूत, सपना तिवारी, दिशा राजपूत, साधना साहू, दिव्यांशु साहू तथा बीएड से भाग्यश्री साहू, तृष्णा यादव और नितेश देवांगन भी उपस्थित रहे।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शिक्षा संस्थाओं में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जायें, नई नियुक्तियों की मांग, डीईओ को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। युवा संघर्ष समिति द्वारा आज जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जिले में रिक्त पड़े पदों पर अविलंब भर्ती करने तथा नई भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वाली टीम का नेतृत्व युवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश चौरे ने किया।

ज्ञापन में उक्त मांगों के अलावा जिले के सभी शैक्षिक संस्थाओं के भवनों की आवश्यकतानुसार मरम्मत का रंगरोगन इत्यादि करने, सभी शैक्षिक भवनों में सावित्री बाई फुले की मूर्तियां लगाने पीटी व अन्य खेल का पीरियड सप्ताह में कम से कम एक दिन रखा जायें। इस मौके पर शेख मजीव देव यादव, चुम्मन यादव, विश्वनाथ इत्यादि शामिल थे।

## प्राथमिक शाला मोहभट्ठा में शिक्षकों का सम्मान



**बेमेतरा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आज शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा में शिक्षक दिवस के अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया इस अवसर पर शाला में शाला के प्रधान पाठक श्री सुरेश कुमार बंजारे, देवेंद्र कुमार साहू और गोविंद प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने गुड़ से बनाई जा रही अवैध शराब की जब्त



**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के धमधा क्षेत्र में ग्राम घटियाखुर्द गाँव तथा अहिवारा में बड़े पैमाने पर अवैध शराब निर्माण का कार्य संचालित होने की सूचना पर आबकारी स्टॉफद्वारा स्थानीय पुलिस के साथ दबिश दी गई। कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध कर 215 लीटर गुड़ निर्मित अवैध कच्ची शराब, 400 किलोग्राम किण्वन गुड जो कि शराब बनाने हेतु तैयार है। 522 लीटर अवैध देशी मसाला मदिरा, 126 लीटर अवैध गोआ व्हिस्की। इस प्रकार कुल 279.8 लीटर अवैध शराब तथा 400 किग्रा कच्चा माल बरामद बाजार मूल्य 92,550/करने में सफलता प्राप्त की।

सहायक आयुक्त आबकारी के अनुसार एक आरोपी अनिल पारधी पिता बबलू पारधी उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार कर प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

इसी क्रम में अंजोरा पुलगाव मार्ग पर अवैध शराब के परिवहन विक्रय पर कार्यवाही कर कुल 60 पाव, कुल मात्रा 108 बल्क लीटर देशी मदिरा मशाला तथा सीजी-07 सीएल-0334 पर्पल टीवीएस जुपिटर क्लासिक स्कूटी जप्त किया गया। जप्त वस्तुओं का कुल बाजार मूल्य 81600/ है। इस प्रकरण में वीरेंद्र साहू पिता बरातू राम साहू आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

आबकारी विभाग द्वारा कायम किए गए प्रकरणों में एस.एन. साहू, निर्मला ठाकुर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, रमेश तिवारी आबकारी मुख्य आरक्षक तथा संदीप तिर्की आबकारी आरक्षक का योगदान रहा।

# एनसीसी बटालियन के अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण



**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। 37 सीजी बटालियन एनसीसी दुर्ग के द्वारा आज वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सूबेदार मेजर भूपति थापा, पी स्टाफतथा आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग के कैडेट्स द्वारा सेना को प्रदान की गई भूमि पर पौधा रोपण किया गया। जिसमें फलदार एवं छायादार पौधे लगा गए। 37 सीजी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल मकसूद अली खान द्वारा कार्य की सराहना की गई।

## विकास कार्य हेतु 11 लाख 50 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत विकास निधि के अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक में पारित संकल्प अनुसार जिला पंचायत के सीईओ श्री अश्वनी देवांगन द्वारा विकास कार्य हेतु 11 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत ग्राम बोरई में शीतला मंदिर सौन्दर्यीकरण हेतु 7 लाख 50 हजार एवं ग्राम खुर्सीडीह में बेलडबरी गली के सीमेंटीकरण कार्य हेतु 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# सेक्टर-4 में एक साथ टूटी दो पानी टंकी

**भिलाईनगर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आज मंगलवार को सुबह लगभग 6.00 बजे के करीब टाउनशिप के सेक्टर 4 में एक बड़ा हादसा हो गया सेक्टर-4 ए मार्केट के सामने स्थित दो बड़ी पानी टंकियां ( ओवर हैंड टेंक) देखते देखते जमीदोज हो गई। तेज आवाज के साथ एक के बाद एक दोनों अपनी टंकियां एक साथ ढई गई। टंकी का मालवा सड़क पर आ गया। मेंटेनेंस ऑफिस का एक हिस्सा भी इसके चपेट में आ गया किंतु किसी भी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई यही हादसा पानी सप्लाई से ठीक पहले सुबह 9. 00 बजे के बाद होता तो जान माल की हानि को नहीं रोका जा सकता था। हादसे की जानकारी लगते ही सांसद विजय बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर व अन्य पदाधिकारी हादसा स्थल पर पहुंचे। सेक्टर-4 सांधारण कार्यालय में पदस्त पम्प ऑपरेटर शैलपति राव और अरिबन सुबह 5.30 बजे ड्यूटी पहुंच चुके थे। 6 बजे वह पानी टंकी के नीचे वाल्व को खोलने जा रहे थे। पाना उठाकर बाहर निकल रहे थे. तभी एक पानी टंकी नजरों के सामने झुकती दिखी। कुछ समझ में आता, उससे पहले ही बीएसपी के दोनों ऑपरेटर शैलपति राव और अरिबन शोर मचाते हुए दीवार फांदकर भाग खड़े हुए। किसी तरह जान बचाई। बताया जा रहा है कि दोनों टंकियों में 24 लाख लीटर पानी भरने की वजह से बाढ़ की तरह मंजर हो गया। घरों में पानी घुस गया। पानी टंकी का मलबा करीब 100 फीट दूर तक छिटका मिला। सरिया का टुकड़ा दूर तक पाया गया। दोनों टंकिया लंबे समय से जर्जर हालत में थी। सेक्टर 4 के रह वासियों का कहना है कि टंकियां से पानी टपकता रहता था अनेको बार इसकी शिकायत, भिलाई मैनेजमेंट नगर सेवा विभाग के अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया किंतु उनके कानों में जू तक नहीं रेंग पानी टंकी गिर जाने से सेक्टर 4 और सेक्टर 3 के अब आवासों में पानी सप्लाई प्रभावित हुई है। पानी टंकी गिरने की सूचना मिलते ही भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुर्घटना स्थल का जायजा लिया। विधायक देवेंद्र यादव ने सुबह 6 घटना की जानकारी मिली तो तुरंत यहां पहुंचे। विधायक ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। बीएसपी के अधिकारी अपनी सोशल रिस्पांसविलिटी भूल गए हैं। सेक्टर 4 सेक्टर 3 मे टैंकर द्वारा पानी सप्लाई किया जाएगा। प्रभावित स्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग की दृष्टि से सुरक्षा की दृष्टि रखी जाएगी। सांसद विजल बघेल नें घटना स्थल के समीप रहने वाले सड़क 10, ब्लांक-12, सेक्टर-4 में रहने वाले रमेश चन्द्र के घर पहुंचे। बताया जा रहा है कि जिस समय पानी टंकी ध्वस्त हुई उसका पानी रमेश चंद्र के घर तक पहुंच गया था।



### प्रबंधन ने लिया तत्काल कार्यवाही का निर्णय

सेक्टर-4 स्थित जल आपूर्ति करने वाले दो टैंक आज सुबह लगभग 6 बजे अचानक गिर गये। इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। लगभग 50 से 52 वर्ष पुरानी दोनों टैंकों में प्रत्येक की क्षमता 1818 किलो लीटर थी। इस दुर्घटना के बाद संयंत्र प्रबंधन की तत्काल एक बैठक इस्पात भवन में बुलाई गई। इस बैठक में इसकी जांच के लिए विभागीय स्तर पर एक कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया है। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि ध्वस्त हुई टंकियों से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए तत्काल कदम उठाते हुए मुख्य जल आपूर्ति लाइन से जोड़ दिया जाएगा। प्रबंधन ने इसके लिए प्रयास प्रारम्भ कर दिये है। इसके साथ ही नगर निगम के साथ मिलकर प्रभावित क्षेत्रों में वाटर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति को सुगम बनाया जायेगा। प्रबंधन ने यह भी निर्णय लिया है कि इस्पात नगरी की सभी पानी टंकियों की जांच करायी जाएगी और आवश्यकतानुसार उनकी मरम्मत को प्राथमिकता के अनुसार किया जाएगा।

## छावनी स्कूल स्टाफ मतदान के लिए कर रहे लोगों को जागरुक

**भिलाईनगर**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। 1 से 9 सितम्बर तक स्वामी आत्मानंद उच्चतर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छावनी भिलाई में राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षक सम्मिलित होकर नए मतदाताओं को जागरुक करने कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक दिवस में विभिन्न प्रकार के आायोजन किए जा रहे है। जिसमें मानव श्रृंखला, संविधान की पाठशाला का शपथ संकल्प हस्ताक्षर, बाल घर-घर दस्तक देकर आम घर-घर जन मानस को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयत्न किया जा रहा है। इस संपूर्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ -साथ स्कूल की प्राचार्या श्रीमती शीला फोसिस, श्रीमती के.व्ही रत्नम, आर.एन. साहू श्रीमती सविता सतपति, ए.के सिम, डी.के ठाकुर, श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती एल. ठाकुर, श्रीमती स्वाति देशमुख का सहयोग लिया जा रहा है। बताया गया कि प्रतिदिन लोगों को जागरुक करने तथा मतदान करने को लेकर लोगों को समझाया भी जा रहा है। चुनाव में मतदान करना प्रत्येक नागरिक का मैलिक अधिकारी भी है।

## आरंग में कांग्रेस का संकल्प शिविर आज

**आरंग।** बुधवार को आरंग के राजीव भवन में संकल्प शिविर का आयोजन होगा, जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आरंग विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज,जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे,क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया उपस्थित होकर कांग्रेस के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर विधानसभा के पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति के बारे में जानकारी देंगे और कार्यकर्ताओ को आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प दिलाएंगे।कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।मंत्री डॉ.डहरिया ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सीएम ने किया शिक्षकों का सम्मान



**भिलाईनगर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मरा के नव निर्मित महाविद्यालय भवन हाइटेक नर्सरी, टिश्यु कल्चर प्रयोगशाला, इम्प्लीमेंट शेड, बीज भंडार गृह एवं कृषक विश्राम गृह, तीन खाद गोदामों व महाविद्यालय के दो अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने कृषि विभाग के प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। लगभग 87 एकड़ भूमि आबंटित की गई है, 3730 वर्गमीटर में विस्तारित है, जिसकी लागत लगभग 5 करोड़ 25 लाख रूपये है। यहां पर कृषि, शिक्षा एवं अनुसंधान कार्य हेतु आधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है। विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान हेतु 72 एकड़ में कृषि प्रक्षेत्र का विकास किया गया है। जहां हाइटेक नर्सरी का निर्माण किया गया है। जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ रूपये की है जो कि लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित है। हाइटेक नर्सरी में विभिन्न प्रकार के फलों एवं सब्जियों तथा फूलों का पौधा तैयार करके कृषकों को वितरण किया जाता है ताकि कृषकगण इनका प्रयोग करके आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप आज टिशू कल्चर प्रयोगशाला का निर्माण लगभग 2.50 करोड़ की लागत से किया गया है। छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड के सहयोग से बीज भंडार गृह इम्प्लीमेंट शेड एवं कृषक प्रशिक्षण हेतु कृषक विश्राम गृह का निर्माण लगभग 2.37 करोड़ में किया गया है। 200 मेट्रिक टन क्षमता वाले 3 खाद खोदामों का भी निर्माण 32ण्93 लाख की लागत से किया गया है। उन्होंने कहा कि आज मैं भी इस मुकाम तक पहुंचा हूं उसमें मेरे गुरूजनों का योगदान रहा है। आधुनिक खेती से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। प्रदेश में 10 हजार गौठान बनाये गए है। जिसमें आज 6 हजार गौठान स्वालम्बी हो गए है। प्राथमिक शिक्षा विस्तार के लिए 700 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए है। स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों का जीर्णोद्धार किया गया है। 30 हजार टीचरों की भर्ती की गई है। पुरखो के बनाये परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने गुरूजनों का सम्मान भी किया। मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि यहां के किसानों के सहयोग से किसानों की सरकार बनी है। किसानों के हितैषी सरकार इस वर्ष प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने जा रही है। साथ ही 40 हजार करोड़ की राशि किसानों के थैली में डालने जा रही है। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि सरकार का पूरा फोकस किसान और किसानी को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री ने प्रधान पाठक दीनदयाल ठाकुर जामगांव एम, प्रधान पाठक चुरामन लाल ठाकुर बेल्हारी, उच्च वर्ग शिक्षक सुमन सिंह उरला, प्रधानपाठक अशोक कुमार साहू पुरैना, सहायक शिक्षक राकेश कुमार महोबिया महुदा, सहायक शिक्षिका श्रीमती रेखा खोब्रागढ़े पतोरा, प्रधान पाठक किशोर कुमार साहू धमना, ठाकुर राम साहू,भरर, प्रधान पाठक श्रीमती जया ठाकुर अमलेश्वर, उच्च वर्ग शिक्षिका श्रीमती उषा ताम्रकार खोरपा, प्रधान पाठक राजकुमार कौशल परसाही, प्रधान पाठक डोमार सिंह ठाकुर कुगदा, प्रधान पाठक श्रीमती दुलेश्वरी देशलहरा पाटन, शिक्षक शिशुपाल वर्मा अरसनारा, व्याख्याता श्रीमती नीता श्रीवास्तव कुम्हारी, प्रधान पाठक श्रीमती एम.रामटेके कुम्हारी, प्राचार्य श्रीमती के.राजश्री राव बटंग, श्रीमती सरोज खापर्डे सिरसाकला, व्याख्याता मूलचंद साहू पुरैना, प्राचार्य श्रीमती सविता बनर्जी पतोरा, प्राचार्य समिरन कुमार दास गनियारी, प्रधान पाठक ताला राम साहू कुर्मीगुण्डरा, प्रधान पाठक दुर्गेश कुमार राठौर खुड़मुड़ा, सुरेन्द्र कुमार शर्मा कुम्हारी, प्रधान पाठक मुकुन्दराम गायकवाड़, झीट, प्रधान पाठक वेदराम ठाकुर, मोरिद, रोमन सिंह साहू जामगांव आर, प्राचार्य एम.पी. शुक्ला सेलूद, सहित अनेक गुरुजनों का सम्मान किया गया।

## डेंगू की रोकथाम व उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयास

**भिलाईनगर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र, जिला प्रशासन और अन्य एजेसिंयों द्वार भिलाई, दुर्ग जिला में डेंगू की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। घर.घर और सेक्टरों में लगी हुई टीम के सदस्यों द्वारा सेक्टर. 01, 02, 05, 07 के साथ ही पूरे टाउनशिप में सघनता के साथ कार्य किया जा रहा है। संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग और जिला मलेरिया उन्मूलन विभाग, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग की देखरेख में पूरी गति से सर्वे और जनजागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है। कई प्रभावित सेक्टरों में विशेष मुहिम के तहत डेंगू के खिलाफ अभियान चलाया गया। घर घर जाकर पानी एकत्र किए जाने वाले स्थानों का सर्वे, उसे खाली करवाना और दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग, ऑयलिंग, टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन में फॉगिंग एवं दवाओं का स्प किया गया।

## डेंगू की रोकथाम के लिए प्रशासन तत्काल ध्यान देवे



भिलाईनगर, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय आज फेसबुक लाइव कार्यक्रम बात भिलाई की के माध्यम से भिलाईवासियों से रूबरू हुए। उन्होंने भिलाई में डेंगू के बढ़ते प्रकोप पर दुख जताते हुए कहा कि जिला और निगम प्रशासन इसके रोकथाम के लिए गंभीर नहीं दिख रहा है। जिसके चलते सेक्टर-1 में एक महिला की मृत्यु का आरोप लगाया है। प्रशासन इस मामले को चिन्हित तक नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों में केवल 141 डेंगू के मरीजों की ही पुष्टि की गई है जबकि ये आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है? श्री पाण्डेय ने डेंगू की रोकथाम के लिए हाई रिस्क वाले क्षेत्रों में युद्धस्तर पर कार्य करने तथा डेंगू के मामले चिन्हित करने के लिए अस्पतालों में मुफ्त इलाज की मांग की। श्री पाण्डेय ने कहा कि भिलाई में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है लेकिन जिम्मेदारों को कोई सुध नहीं है। सेक्टर-1 में और भी ऐसे डेंगू के मरीज है जिनकी कोई पूछ परख नहीं है। हालात ये हैं कि सड़क में पानी जमा होने वाली जगह को लोगों को स्वयं पाटना पड़ रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रशासन द्वारा आंकड़ें छुपाये जा रहे हैं, वास्तविक आंकड़ें इससे कहीं ज्यादा है। यदि जल्द ही युद्धस्तर पर कार्य नहीं हुआ तो ये विकराल रूप धारण कर लेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में डेंगू की जांच निशुल्क की जाये ताकि ज्यादा से ज्यादा रोक जांच करा सके और पीड़ित चिन्हित हो सकें। श्री पाण्डेय ने कहा कि भिलाई की स्थिति इतनी बदतर होती जा रही है लेकिन विधायक यात्रा निकाल रहे है। निगम प्रशासन रोकथाम के लिए कार्य करने की बजाय लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इसकी रोकथाम के लिए हाई रिस्क वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां गली. मोहल्लों में जांच की जानी जरूरी है।

## शिक्षक का सम्मान प्रतिदिन होवे : गुप्ता



**भिलाईनगर** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। आज 5 सितम्बर शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षिको का सम्मान किया गया। लक्ष्मीनगर मुरुम खदान में संचालित प्रियदर्शीनीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय अध्यक्ष हलवाई गुप्ता समाज मोहन लाल गुप्ता ने की। अध्यक्षता चन्द्रशेशर गवई एमआईसी सदस्य तथा विशेष अतिथि कृष्णा सिंह, उपस्थित थे। इस अवसर पर मोहन लाल गुप्ता ने कहा कि आज के दिन सम्पूर्ण भारतवर्ष में शिक्षकों का सम्मान कर देश राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्ण को याद करता है। उन्होनें कहा कि शिक्षकों का सम्मान हमे एक दिन नही अपितु हर दिन करना चाहिए। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने स्कूल के प्राचार्य तुलाराम ठाकुर, श्रीमती ऊषारानी सिंह प्रभारी शिक्षिका, श्रीमती संगीता सोनी, सहायक शिक्षिका, श्रीमती गंगा खोब्रागड़े, श्रीमती गायंत्री सिन्हा, श्रीमती कुलेश सिलाता, अनिता ठाकुर, सरिता टेमरे, भारती साहू, सुनिता, श्रीमती टिकेश्विर साहू, चुम्मन पाण्डेय, श्रीमती हेमकुमारी, का सम्मान किया स्वागत भाषण तुलाराम ठाकुर, संचालन अमोलदास साहू ने तथा आभार प्रदर्शन के.एल.देवांगन ने किया। इस अवसर के.एल. देवांगन, मायाराम साहू, साधुराम सिन्हा, अमोदास साहू, प्रताप सिंह वर्मा, मनहरण साहू, दुलारसिंह साहू, अभरु देवांगन, पल्लटू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम सरस्वृति वंदना रिशिका बंदना, फलक आशिया, फर्जाना कक्षा-7वी की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। स्वागत गीत दुर्गेश्वरी, अनिता सिमरन, चादंनी, भावना, यशु, विभा गाया। गुरु वंदना दुर्गेश्वरी ने प्रस्तुत किया।

# प्रदेश स्तरीय बैठक व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**भिलाईनगर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु। अनुसूचित जाति जनजाति संगठनो का अखिल भारतीय परिसंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक व शपथ ग्रहण समारोह डा.के एल टांडेकर प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय के मुख्य आतिथ्य, एचके मेश्राम राष्ट्रीय सचिव परिसंघ, मुकेश गोंडाने प्रदेश उपाध्यक्ष रायपुर, मनोज मून, मोहन बंजारे प्रदेश, सिद्धार्थ महाजन के विशेष आतिथ्य व अनिल मेश्राम प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। बैठक मे प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी व विभिन्न जिलो के जिला अध्यक्ष सहित अनेक समाज प्रमुख उपस्थित थे। संविधान को बचाने के लिए परिसंघ की हर मैदानी लड़ाई लड़ने कटिबद्ध रहन, आरक्षण को बचाने और निजी क्षेत्र मे बराबर की भागीदारी के लिए परिसंघ और समाज के साथ हर लड़ाई लड़ने तैयार रहने, अपनी आय का बीस प्रतिशत हिस्सा खर्च कर परिसंघ और सामाजिक आंदोलनो को मजबूत बनाने अपनी आवाज बुलंद कर सामाजिक एकता का परिचय दिये जाने संबंधी शपथ दिलाई गई। श्री टांडेकर ने कहा कि डा. उदित राज के नेतृत्व मे परिसंघ पिछले 24 वर्षो से लगातार अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के हितो की रक्षा व अधिकारो की अनेक मैदानी लड़ाईया लड़कर समाज को लाभ दिलाने मे सफल रहे है। हर्ष मेश्राम ने कहा कि तीन आरक्षण विरोधी आदेश वापिस कराकर और संसद मे इन वर्गो के हितार्थ अनेक सवाल उठाकर उदित राज ने समाज हित मे सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है। अनिल मेश्राम ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा 5 नवम्बर को संविधान बचाओ रैली का आयोजन दिल्ली मे किया गया है। श्री बंजारे, श्री मून, श्री गोंडाने व श्री महाजन ने कहा कि संविधान बचाओ रैली को तन मन और धन से समर्पित होकर सफल बनाने का संकल्प हम सबको लेना होगा। बैठक को नरेन्द्र खोब्रागड़े प्रदेश कोषाध्यक्ष, कमल कुर्रे रायपुर जिलाध्यक्ष, संतोष भीमटे दुर्ग जिलाध्यक्ष, धरमपाल नवरंगे जशपुर जिलाध्यक्ष, पुरूषोत्तम मार्कण्डेय बालोद जिलाध्यक्ष, शशिकपूर बंजारे कबीरधाम जिलाध्यक्ष, कृष्ण कुमार जांगड़े बलौदा बाजार जिलाध्यक्ष ने संबोधित किया। स्तरीय दौरा कार्यक्रम बनाना होगा ताकि हर जिले हर तहसील व हर ब्लाक मे परिसंघ का और 5 नवम्बर की संविधान बचाओ रैली का प्रचार.प्रसार हो सके। बैठक मे डा. अरविन्द चौधरी, सुनिल चौहान, बी आर कठाने, पी आर झाड़े, सुरेन्द्र खोब्रागड़े, आदित्य टंडन, स्वर्णिश नारंजे, सिद्धार्थ बोरकर, अनिल जोग, भूपत बोरकर, ज्ञानचंद टेम्बूरकर, एच आर भवते, आनंद मडामे, बालेश्वर जगत, अजय मेश्राम, रोहित बंजारे, एम मनहर, सुखनंदन सहित अनेक उपस्थित थे।



## आफिसर ऐसोसिशन के राय ने किया जीता का दावा

**भिलाईनगर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। दो दिन बाद यानि 8 सितम्बर को होने वाले भिलाई आफिसर ऐसोसिएशन के चुनाव की तैयीर लगभग पुरी कर ली गई है।आफिसर ऐसोसिएशन के लिये टाउनशिप से जोनल प्रतिनिधि में वरिष्ठ प्रबंधक कृष्णानंद राय ने ऐतिहासिक जीत का दावा किया है। बीएसपी ओए चुनाव में टाउनशिप से जोनल प्रतिनिधि में प्रत्याशी और ओए के पूर्व सचिव और कई वर्षो से जोनल प्रतिनिधि के रूप में ओए में रहकर समय-समय पर अधिकारियों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करते रहे है। कृष्णानंद राय टाउनशिप से अधिकारियो ने जोनल प्रतिनिधि के रुप में चुनाव मैदान में है। श्री राय ने बताया कि उनका चुनाव के लेकर लगातार जनसम्पर्क अभियान जारी है। अधिकारी वर्ग का उन्हें अच्छा समर्थन और आशीर्वाद मिल रह है। उन्होनें बताया वे वे लम्बे समय से ओए से जुड़ कर कार्य कर रहे है। उनके कार्यकाल से लोग प्रभावित है। अपने विभाग में कार्य के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते है। ज्ञात हो कि आफिसर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष के रुप में नरेन्द्र कुमार बंछोर निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुके है। बाकि पद के लिये चुनाव 8 सितम्बर को होगा।



## सेंट थॉमस कॉलेज द्वारा करियर काउंसलिंग सत्र




भिलाईनगर, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। पीजी मनोविज्ञान विभाग सेंट थॉमस कॉलेज ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा टैंक में पढ़ने वाले कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए कैरियर परामर्श सत्र आयोजित किया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती मित्रा रॉय चौधरी बहुत सहयोगी रहीं और उन्होंने स्टाफ के अन्य सदस्यों के साथ कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सहायता की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों को उनकी रुचि और मानसिक कल्याण के अनुसार उनकी करियर प्राथमिकताओं के बारे में जागरूक करना था। ऐन रो के वैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित साइकोमेट्रिक टूल का उपयोग करके छात्रों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के परिणामों पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षु परामर्शदाताओं द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा की गई। कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ.जोशी वर्गीस ने विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों दोनों को इस विस्तार कार्यक्रम को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल डॉ.एम.जी रॉयमन ने सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा टैंक के साथ सहयोग करने और हाई स्कूल के छात्रों के लिए कैरियर परामर्श सत्र आयोजित करने के पूरे विचार की सराहना की। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी के मार्गदर्शन में सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमिता सिंह, सुश्री संचना साहू ने संचालन किया। सहायक प्राध्यापक डॉ, अंकिता देशमुख ने सहयोग दिया। एमए मनोविज्ञान और मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन और परामर्श में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के छात्र प्रशिक्षण परामर्शदाता थे, जिन्होंने परीक्षण और परामर्श सत्र आयोजित करने में संकाय की सहायता की। दोनों संस्थानों के सहयोग से काम किया जिससे स्कूली छात्रों को करियर विकल्पों के संबंध में लाभ हुआ और साथ ही युवा प्रशिक्षु परामर्शदाताओं को कॉलेज संकाय के सक्षम मार्गदर्शन के तहत अनुभवात्मक और व्यावहारिक रूप से सीखने का अवसर मिला।

## तीज क्वीन प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**भिलाईनगर,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। महिलाओं को समर्पित तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन स्मृति नगर में किया गया। टी.सी.क्यू तीज क्वीन प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ मनोरंजक गेम्स भी हुए। प्रतियोगिता में जजेस व अतिथियों के रूप में आदर्श कौरा, प्रणोती गजभिये, मिसेस इण्डीया 2023 कंचन गुप्ता उपस्थित रही। इन्होंने ही सभी प्रतियोगिताओं में बेस्ट हो चुना। स्मृति नगर में आयोजित टीसीक्यू तीज क्वीन में सभी महिलाओं ने आकर्षक सोलह श्रृंगार कर रखा था। इस दौरान टीसीक्यू तीज क्वीन कमल सैनी रहीं और फस्ट रनर अप अंजु पाटिल रहीं। इसके अलावा बेस्ट स्माइल एण्ड वॉक नमिता भारद्वाज, बेस्ट ड्रेस अप प्रेरणा पटेल व बेस्ट हेयर स्टाइल सिमरन बेदी को मिला। कल्पना स्वामी को ट्रेडिशनल ड्रेस का बेस्ट प्राइज दिया गया। मॉडर्न तीज ड्रेस का पुरस्कार सरीता को दिया गया। सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में नमिता भारद्वाज बाजी मारी। टीसूक्यू की ऑनर नताशा दुआ द्वारा सभी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। सज्या बुटिक की ओर से वीनर और रनर अप को गिफ्ट हैम्पर दिए गए।



## विधायक ने दी ओपन जिम-वाटर एटीएम की सौगात



**भिलाईनगर**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की प्रगति यात्रा के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हो रहे है। इसी कड़ी में विधायक श्री यादव सेक्टर 3 और सेक्टर 5 में प्रगति यात्रा निकाली। पहले वे सेक्टर 3 पहुंचे। इस दौरान विधायक श्री यादव ने बड़े बुजुर्गों और माताओं का चरण छू कर आशीर्वाद लिए। इसके बाद लोगों के साथ बारी.बारी से एक.एक गली मोहल्ला से होते हुए वे लोगों के घरों तक पहुंचे। डोर टू डोर जाकर लोगों से मिलते गए और उनका हालचाल जाना। इस पूरे यात्रा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने वार्डवासियों को दो बड़ी सौगात भी दी है। विधायक श्री यादव की पहल से सेक्टर 3 में एक वाटर एटीएम और ओपन जिम बनाया गया है। इस दोनों विकास कार्य से वार्ड में काफी हर्ष का माहौल है। वाटर एटीएम और ओपन जिम का लोकार्पण किया गया। वार्ड के वरिष्ठ नागरिको के हाथों से लोकार्पण करवाया। इसके बाद विधायक सेक्टर 5 पहुंचे। जहां विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 59 सड़क 14 एवं 15 में बोर खनन 1 लाख की लागत से किया जाएगा। वार्ड 59 क्रास स्ट्रीट 4 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण 10 लाख की लागत से किया जाएगा। क्रास स्ट्रीट 4 में वाटर एटीएम स्थापना कार्य 10 लाख की लागत से किया जाएगा। इन सभी विकास कार्यों की सौगात देते हुए विधायक श्री यादव ने लोकार्पण किया। इसी के साथ ही वार्ड के श्री चंडी साधना शक्ति पीठ मंदिर में प्रकाश व्यवस्था एवं जीर्णोद्धार कार्य 3 लाख की लागत से किया जाएगा। वार्ड 59 सड़क 2 में मध्देशिय वैश्य समाज भवन एवं फैंसिंग निर्माण कार्य 3 लाख की लागत से किया जाएगा। इन सभी विकास कार्य की सौगात देते हुए इनका ?भूमिपूजन किया गया। जल्द ही इनका विकास कार्य को शुरू किया जाएगा।

# सर्व सेन नाई समाज जिला कबीरधाम का निर्वाचन व नामांकन तिथि तय

**सहसपुर लोहारा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। जिला सर्व नाई समाज जिला कबीरधाम का निर्वाचन संबंधी बैठक सर्व नाई सामाजिक भवन कवर्धा मे आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता मनहरण श्रीवास कार्य वाहक जिलाध्यक्ष के द्वारा किया गया जिसमे सर्व नाई समाज जिलाध्यक्ष के पद के लिए निर्वाचन होना है जिसके लिए उपस्थित सदस्यों द्वारा अभ्यर्थी व मतदाता के लिए नियमावली तैयार किया गया और इसी के आधार पर निर्वाचन सम्पन्न किया जायेगा कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनहरण श्रीवास ने निर्वाचन के नियमों की जानकारी देते हुए बताया की जो सामाजिक बन्धु (पुरुष) 18 वर्ष पूर्ण कर लिया हो या अधिक हो वे मतदान कर सकते है। जो सामाजिक बंधु 21 वर्ष पूर्ण कर लिए या अधिक हो वे उम्मीदवारी (अभ्यर्थी) फॉर्म भर सकते है। अभ्यर्थी व मतदाता जिला कबीरधाम अंतर्गत का मूल निवासी हो। अभ्यर्थी व मतदाता मतदान के दिन अपना आधार कार्ड साथ लेकर आयेंगे। अन्यथा मतदान नही कर पाएंगे। अभ्यर्थी व मतदाता शराब पीकर नही आयेंगे अगर आ भी गए तों परिसर से बाहर रहेंगे वो मतदान करने से वंचित रहेंगे। मतदान के समय वाद विवाद की स्थिति मे निर्वाचन अधिकारी व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष का निर्णय सर्वमान्य रहेगा। अभ्यर्थी फॉर्म भरने के लिए अमानत राशि 11000 रुपये जमा करेंगे जो की वापसी योग्य नही रहेगा। नामांकन वापसी पर व निर्वाचन हार जाने पर भी अमानत राशि वापसी नही होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अपने स्टाफ रखने के लिए स्वतंत्र है। नामांकन भरने की तिथि – 08/09/2023 दिन शुक्रवार समय प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2: 00 बजे तक। नामांकन वापसी की तिथि 08/09/2023 दिन शुक्रवार समय दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक। मतदान निर्वाचन तिथि 09/09/2023 दिन शनिवार को प्रात: 10: 00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान केंद्र परिसर मे मतदाता उपस्थित रहने पर मतदान करेंगे। परिसर से बाहर रहने वाले को 5 बजे के बाद एंट्री नही लिया जायेगा।

मतदान पूर्ण होने के बाद मतगणना कर विजेता घोषित किया जायेगा। शराब पीकर व्यवधान उत्पन्न करने वाले के ऊपर कानूनी कार्यवाही किया जावेगा जिसकी जिम्मेदार स्वयं व्यवधान उत्पन्न करने वाला रहेगा। उक्त निर्वाचन नियमावली पारित करने कार्य वाहक जिलाध्यक्ष मनहरण श्रीवास, मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजा राम श्रीवास मैनपुरी, नंद सेन पिपरिया, दिनेश सेन पूर्व जिलाध्यक्ष, नंद राम श्रीवास जिला उपाध्यक्ष, श्री मनहरण सेन कोषाध्यक्ष, डकेश्वर श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट मेघराज श्रीवास जिला मीडिया प्रभारी अवधेश श्रीवास सह सचिव, चंद्कुमार चंद्रसेन जी जिला युवा प्रकोष्ट, विजय सेन ब्लॉक अध्यक्ष लोहारा, भगत श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष बोदला, राजाराम श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष कवर्धा व जिलाध्यक्ष देशह श्रीवास समाज कबीरधाम रामकुमार श्रीवास सचिव लोहारा, रम्मानुज श्रीवास जी, मनोज श्रीवास, संतोष श्रीवास, पूरण श्रीवास समाज वरिष्ठ, ताम्र ध्वज चंद्र सेन, राजकुमार श्रीवास, शिवकुमार श्रीवास विश्वनाथ श्रीवास, धन्नु श्रीवास, कपिल श्रीवास, सुदर्शन श्रीवास, राजेश सेन सेलुन संघ, गोपाल सेन, दनेश सेन, गोलू श्रीवास, सुखदेव श्रीवास, रोहित श्रीवास, डकेश्वर सेन, दिनु सेन, एवं समस्त पार फिरका के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।



# प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन, जिला बेमेतरा ने शिक्षा मंत्री चौबे को सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। 7 दिन में मांगे पूरी नहीं हुई तो 14 सितंबर को प्रदेश के सभी प्राइवेट स्कूल रहेंगे बंद जिला कार्यालय में किया जाएगा प्रदर्शन। शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने ध्यान से ज्ञापन पढ़े, एसोसिएशन की पूरी बातें सुने और बहुत सी मांगो पर विचार कर पूरा करने का दिया आश्वासन शिक्षा मंत्री में कहा 3 साल की मान्यता प्रदान करना तो एक मिनट का काम है।

एसोसिएशन के संरक्षक दीपक अरोरा, प्रकाश जैन, अविनाश तिवारी, अध्यक्ष डॉ. अवधेश पटेल, सचिव रामकुमार भारती और बहुत से संचालक ने निजी विद्यालयों के हित में ज्ञापन सौंपे।



**प्रदेश के अशासकीय स्कूलों की निम्नलिखित मांगे है-**

पिछले 12 वर्षों से आर.टी.ई. की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है. आर.टी.ई. की राशि प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 15000, माध्यमिक की 11,500 से बढ़ाकर 18,000 एवं हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक किया जाए।

अशासकीय विद्यालयों को प्रदेश स्तर पर तीन वर्ष की मान्यता प्रदान किया जाए

बसों की अवधि जो छत्तीसगढ़ में 12 वर्ष है और देश के अधिकांश राज्यों में यह अवधि 15 वर्ष है . बसों की अवधि छत्तीसगढ़ में भी 15 वर्ष किया जाना चाहिए।

निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ दिया जाए।

आर.टी.ई. की रुकी हुई प्रतिपूर्ति राशि को अविलंब स्कूलों के खाते में हस्तांतरित किया जाये*

निजी स्कूलों के सभी खातों को पीएफ़एमएस के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए।

गणवेश की राशि 540 रुपए से बढ़कर 2000 की जाए।

निजी विद्यालय में अध्ययनरत ह्वष/ह्वह्ल/श्ढ्ढष वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाले प्री-मैट्रिक एवम पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाई जाए।

निजी स्कूलों के अध्यापकों को स्कूली शिक्षा में भर्ती पर बोनस अंक प्रदान किया जाये,जैसे आत्मानंद के शिक्षकों को किया जाता है। उपरोक्त मांगों पर तुरंत संज्ञान लेकर पुरा नहीं किया गया तों छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने आंदोलन का मार्ग अपनाने का निर्णय लिया है और आगामी 14 सितम्बर को प्रदेश के सभी स्कूल बंद रख राजधानी में प्रदर्शन किया जाएगा।

# सेवानिवृत शिक्षकों का ससम्मान विदाई



**सहसपुर लोहारा**, 5 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड शिक्षा कार्यालय सहसपुर लोहारा द्वारा सत्र 2022-23 में अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य करते हुए सेवानिवृत्ति शिक्षक पोखन सिंह सेंगर (प्रधान पाठक) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोहड़िया, मोहम्मद मुराद कुरैशी (प्रधान पाठक) शासकीय प्राथमिक शाला बीजाबैरागी, पुरुषोत्तम दास वैष्णव (प्रधान पाठक) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगदई एवं श्रीमती आशा गुप्ता (प्रधान पाठक) शासकीय प्राथमिक शाला डोमाटोला को शाल, श्रीफल,सम्मान पत्र के साथ विदाई दिया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष भास्कर खंड स्त्रोत समन्वयक सुनील मेहरा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र साहू एवं श्रीमती प्रार्थना शर्मा तथा समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त सेवानिवृत हुए शिक्षकों को सम्मान प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य तथा दीर्घायु होने की कामना की।

# बुद्धि कितनी ही कुशाग्र क्यों न हो कभी न कभी उसका झुकाव ईश्वर से हटकर संसार की ओर लग ही जाता है : आरडी दास

**बालोद,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के नयापारा सत्संग भवन में रविवार को चल रहे रामचरित मानस पर प्रवचन में डॉ. आडी दास वैष्णव ने अहिल्या उद्धार की कथा सुनाई। राम चरित मानस में अहिल्या का प्रसंग संक्षिप्त में है परन्तु गोस्वामी तुलसीदास जी ने इसके भावनात्मक महत्व को बहुत अधिक महत्व दिया है। भगवान श्रीराम विश्वामित्र के साथ स्वयंवर में जनकपुर की ओर जा रहे थे रास्ते में उन्हें एक आश्रम दिखाई दिया। यह आश्रम जीव जन्तु से रहित था। भगवान ने देखा कि इस आश्रम के बीच में नारी आकृति की एक शिला पड़ी हुई है तब श्रीराम ने विश्वामित्र जी से इसके बारे में जानना चाहा। उन्होंने पूछा कि इस आश्रम में निस्तबधता क्यों है ष्आश्रम एक दीख मग माही, खग मृग जीव जंतु तह नाही। इसके उत्तर में मुनि ने उन्हें अहिल्या की पूरी कथा सुनाई। अहिल्या का निर्माण ब्रम्हा जी ने किया अहिल्या दिव्य सुंदरी थी। इन्द्र उसके सौन्दर्य को देखकर मुग्ध हो गया। ब्रम्हा जी ने अहिल्या इन्द्र को न देकर ऋषि गौतम को प्रदान किया। अहिल्या गौतम की परिणीता बनी। आध्यात्मिक दृष्टि से अहिल्या बुद्धि का प्रतीक है। इन्द्र भोग का तथा गौतम ऋषि तप का प्रतीक है। प्रश्न यह है कि हमारी बुद्धि भोग का अनुगमन करें या तप का। बुद्धि को तप या धर्म का ही अनुगामिनी होना चाहिये। इसलिये ब्रम्हा ने अहिल्या इन्द्र ;भोगद्ध को न देकर गौतम ;तप या धर्मद्ध को प्रदान किया। इन्द्र के मन में अहिल्या को प्राप्त करने की कुत्सित भावना जागृत हुई। एक दिन गौतम ऋषि ब्रम्ह मुहुर्त की बेला में स्नान करने के लिये गये तो इसी समय इन्द्र गौतम का नकली वेश बनाकर अहिल्या का शारीरिक भोग किया। इन्द्र कुकृत्य के बाद वापस लौट रहा था तभी ऋषि गौतम अपने आश्रम वापस आये। इन्द्र को उन्होंने इस जघन्य अपराध के लिये श्राप दिया कि तुम्हारे शरीर में सहस्त्र छिद्र हो जाये जिससे तुम्हारा पुण्य शीघ्र समाप्त हो जाये।

उन्होंने अहिल्या को भी श्राप दिया कि तुमने अपनी बुद्धि का उपयोग भोग के लिये किया अत: तुम पाषाणी बन जाओ। इन्द्र तथा अहिल्या ने अपनी गलती स्वीकार करते हुये क्षमा याचना की तथा श्राप न देने का आग्रह किया ऋषि गौतम अत्यंत उदार थे उन्होंने श्राप में संशोधन करते हुये कहा भगवान श्रीराम के चरण रज के स्पर्श से अहिल्या तुम पाषाणी से पुन: चैतन्य हो जायोगी तथा इन्द्र को तुम जब श्रीराम को दूल्हे रूप में देखोगे तो तुम्हारे एक हजार छिद्र एक हजार आँखे बन जायेगी और तुम इन सहस्त्र नेत्रों से श्रीराम को दुल्हें रूप में देख कर सौभाग्यशाली बन जावोगे। विश्वामित्र ने अहिल्या की कथा श्रीराम को सुनाकर कहा कि हे राम अब तुम अहिल्या को अपना चरण रज देकर इसका उद्धार करों भगवान श्रीराम गुरु के आदेश को मान कर अहिल्या के सिर पर अपना चरण रज दिया। अहिल्या पुन: नारी रूप में वापस लौट आई। भगवान श्रीराम को देखते ही अहिल्या ने श्रीराम की दिव्य स्तुति की। अपनी स्तुति में उन्होंने ष्रावण रिपु जन सुखदायीष् कहा। इसे पढ़ कर आश्चर्य होता है कि अभी तो श्रीराम का विवाह नहीं हुआ है। राम से रावण की शत्रुता सीता हरण के बाद होती है तो अहिल्या के मुख से इस समय भगवान श्रीराम को रावण रिपु कहना अटपटा सा लगता है। इस प्रसंग में एक तात्विक भाव छुपा हुआ है। महाराज दशरथ श्रीराम को रघुपति कहकर पुकारते थे माता कौशल्या श्रीराम को आहलाद से ष्राघवष् कहकर पुकारती थी। अयोध्या की प्रजा श्रीराम को ष्राजारामष् मानकर उनका सम्मान करती थी। विश्वामित्र ने अहिल्या प्रसंग में उन्हें ष्पतित पावनष् कहा। जनकपुर मे सीता से विवाह के बाद श्रीराम ष्सीतारामष् बन गये। इन नामों को क्रम से देखे तो बरबस मुँह से निकलता है ष्रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीतारामष्। यह पंक्ति आज जन जन के हृदय एवं मुख से निकसित हो रही है। इस प्रसंग से हमें यह शिक्षा मिलती है कि बुद्धि कितनी ही कुशाग्र क्यों न हो कभी न कभी उसका झुकाव ईश्वर से हटकर संसार की ओर लग ही जाता है हमें सतत बुद्धि पर नियंत्रण रखने का प्रयास करना चाहिये। आगामी रविवार को कथा निरंतर जारी रहेगी।

## सार-संक्षेप

### प्री-मेडिकल व प्री-इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**बेमेतरा**, 5 सितंबर। युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत प्री. मेडिकल एवं प्री. इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिलो से परीक्षण उपरांत पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का प्राक्रयन परीक्षा 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को समय दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू, उरकुरा मार्ग, रायपुर (छ.ग.) में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। अत: संबंधित अभ्यर्थी विभागीय व ेबसाइ ट द्धह्लह्लश्च//222.ह्लह्वद्वड्डद्य.ष्द्द.द्द्श1.द्बठ्ठ/ से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपना रोल नंबर एवं स्वयं का सत्यापित फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो सकते हैं।

### जिले के 541 स्कूलों का जीर्णोद्धार के पश्चात किया लोकार्पण

**बालोद,** 5 सितंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के नव नियुक्त 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपने के साथ ही जीर्णोद्धार के पश्चात् प्रदेश के 7688 स्कूलों का लोकार्पण भी किया। इस दौरान श्री बघेल ने जिले के मरम्मत के पश्चात् सुसज्जित किए गए 541 स्कूलों का लोकार्पण भी किया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी मुकुंद साव एवं अन्य अधिकारियों ने सयंक्त जिला कार्यालय बालोद के एनआईसी कक्ष में उपस्थित रहकर कार्यक्रम में अपनी वर्चुअली भागीदारी सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत जिले के स्कूलों मरम्मत कर नए स्वरूप में सुसज्जित किया गया। जिले के इन सभी स्कूलों को लगभग 63 लाख रुपये की लागत राशि के गोबर पेंट से पोताई भी कराया गया है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा नाली निर्माण



**गंडई पंडरिया,** 5 सितंबर। नगर के वार्ड नं 11 में लाखों की लागत से नाली निर्माण का कार्य हो रहा है। जिसमे ठेकेदार की मनमानी साफ नजर आरा है। एक और निर्माण के नाम पर ठेकेदार खानापूर्ति कर रहा है। दूसरी ओर जनप्रतिनिधि और अधिकारी नजरंदाज कर रहे हैं।

गौरतलब है कि नगर के वार्ड नं 11 के मस्जिद मोहल्ले में 9 लाख 11 हजार की लागत से नाली निर्माण कार्य किया जा रहा। वार्ड वासी बताते है कि पुरानी नाली को उखाड़ कर नए सिरे से बनाया जाना था। परन्तु केवल दीवाल को ही हटाया गया है। पुराने छड़ में नए पुराने छड़ को जोड़कर बनाया जा रहा है। नाली बिल्कुल सकरी और सांप के समान टेढ़ी-मेढ़ी बन रही है। आगे और भी बताया गया कि इंजीनियर कभी भी निर्माण कार्य का जायजा लेने नही आते हैं। वार्ड नं 9 के पार्षद जावेद खान जो कि नगर पंचायत के उपाध्यक्ष है। पार्षद जावेद खान दिन में कई बार यहीं से आना जाना करते है। फिर भी उनका अनदेखी करना कई सवालिया निशान खड़े करता है।

जानकारी के अनुसार वार्ड नं 11 मस्जिद मोहल्ले में नाली निर्माण कार्य के लिए निकाय द्वारा टेंडर जारी किया गया था। जिसकी लागत राशि 9 लाख 11 हजार रुपये था। सौरभ सिंग खैरागढ़ निवासी ने ठेकेदार ने ठेका लिया था। परन्तु ठेकेदार ने निर्माण कार्य आरंभ ही नही किया। निकाय से नोटिश भी जारी किया गया था। कार्य पूर्ण करने के लिए आननफानन में नगर के ही ठेकेदार किशन यादव को दे दिया गया है। जिनके द्वारा शर्पाकार आकृति में नाली का निर्माण कराया जा रहा है।

नाली निर्माण कार्य सही तरीके से नही किया जा रहा है। कार्य सही नहीं होगा तो मेरे द्वारा निकाय में शिकायत किया जाएगा।

– **पूर्णिमा कुंजाम** (पार्षद वार्ड नं 11 गंडई )

## हलषष्टी व्रत की पूजा की गई

**देवरी बंगला,** 5 सितंबर। देवरी बंगला सहित अंचल में संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के साथ मांताओं ने हलछठ का व्रत रखा। इसे हरछठ या खमरछठ के नाम से भी जाना जाता है। बडी संख्या में नवविवाहित स्त्रियों ने भी संतान की प्राप्ति के लिए यह व्रत किया।



# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आम लोगों की समस्याएं

**बालोद,** 5 सितंबर। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के ग्राम उसरवारा निवासी श्रवण बाधित बुजुर्ग धनीराम के लिए सौगातों भरा रहा। जनदर्शन में श्रवण बाधित धनीराम ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलकात कर अपनी समस्याओं की जानकारी दी। कलेक्टर श्री शर्मा ने धनीराम की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को तलब कर धनीराम को तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने श्रवण बाधित धनीराम को मौके पर ही श्रवण यंत्र प्रदान किया। कलेक्टर के पहल पर तत्काल श्रवण यंत्र मिलने से धनीराम बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री शर्मा की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला प्रशासन के प्रति विनम्र आभार माना है। धनीराम ने जिला कार्यालय बालोद में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम की भूरी.भूरी सराहना भी की। जनदर्शन में श्रवण यंत्र मिलने से बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे धनीराम ने बताया कि अधिक उम्र होने के कारण उनको सुनने में बहुत कठिनाई होती थी। लेकिन अब श्रवण यंत्र मिलने से उन्हें सब कुछ स्पष्ट सुनाई देने लगा है। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के विभिन्न गांवों से आए आम लोगों से बारी.बारी से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आए विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम रेंघई निवासी दिव्यांग लता बाई ने पेंशन दिलाने ग्राम पिंगाल निवासी सुखमा बाई ने राशन कार्ड बनाने ग्राम दूबचेरा निवासी दर्शन सिंह ने प्राथमिक शाला भवन में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कराने बालोद विकासखंड के ग्राम परसाही निवासी अशोदिया बाई निषाद ने जमीन का पट्टा दिलाने करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने जनदर्शन में आए आम लोगो के मांग एवं समस्याओं से संबंधित सभी आवेदनों का परीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय, सयंक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**वहीं बुजुर्ग धनीराम को मिला श्रवण यंत्र**

## प्रादेशिकी का शेष...

### आम आदमी पार्टी ने स्टेशन रोड से ...

मगर बाद में यह सिलसिला थम गया। विधायक महापौर के समर्थन के बाद भी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया।

इधर आरटीआई विंग के मेहरबान सिंह ने बताया कि इस रोड डिवाईडर की स्थापना सन् 2018 में भाजपा शासनकाल में की गई थी। आरटीआई से सूचना प्राप्त कर मेहरबान सिंह ने बताया कि यह डिवाइडर तत्कालीन कलेक्टर व एसपी के मौखिक आदेश पर बनाया गया था। इस पर 50 लाख रूपये की लागत आई थी जिसके लिये डीएफ फंड से राशि ली गई। इसके लिये बिना किसी टेंडर के ही यह ठेका एक बिल्डल को दे दिया गया था। इसके लिये दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया गया है।

ज्ञापन में आम आदमी के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मार्ग का एक बड़ा हिस्सा काफी संकरा है जिसकी वजह से आये दिन जाम की नौबत आती रहती है। इसकी वजह से विगत पांच वर्षो में इस मार्ग का व्यापार भी काफी चौपट हो चुका है। आज की रैली व ज्ञापन सौंपते समय आम आदमी पार्टी के डॉ. अग्रवाल, मेहरबान सिंह के अलावा संजय सिंह, रऊफ अंसारी, सोनू यादव, मनीष मिश्रा, ओंकार ताम्रकार, रजत पाण्डेय, रमेश राजपूत, करण चंद्राकर, राहूल त्रिपाठी, शिव शेट्टी, देवेन्द्र बिवजीकर हरचरण सिंह, शिव रायडु, छबिलाल बलदेव साहू, मुकेश नायक एवं वरूण जोशी सहित अनेक लोग शामिल थे।

### 10 को श्रीकृष्ण भवन ...

जनसमर्पण सेवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाया जायेगा। शिविर का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में बसंत शर्मा, योगेन्द्र शर्मा बंटी एवं किरण शर्मा से संपर्क कर सकते है।

### इंदिरा नगर चिखली स्कूल में ...

लालमन यादव ;पूर्व उपसरपंच, नोमेश साहू ;उपसरपंच रामनारायण निषाद ;अध्यक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति, संतोष यादव ;अध्यक्ष, प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति आदि ने सहभागिता देकर शिक्षकों का सम्मान किया।

# कोलिहामार में महिलाओं ने बच्चों के लिए रखा व्रत



**गुरुर,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम कोलिहामार में शीतला पारा में महिलाओं ने आज हलषष्ठी का व्रत रखा अपने बच्चों की स्वस्थ जीवन,लंबी उम्र और उनके सुख समृद्धि के लिये पूजा अर्चना कि, माताओं ने सगरी बनाकर और उसमें जल चढ़ाएं और उसकी परिक्रमा भी की, भगवान बलराम और शिव पार्वती की पूजा अर्चना किये ,माताओं ने दूध दही घी और पसार चावल भी चढ़ाई और पंडित ने सभी माताओं को हलषष्ठी माता की कहानी भी सुनाई।

## संविदा कर्मियों की मांग पूरा करें राज्य सरकार : संध्या अजेंद्र साहू

**गुरुर,** 5 सितंबर। राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को बर्खास्त करना बहुत ही निंदनीय है यह वही स्वास्थ्य कर्मी है जिन्होंने कोरोना काल जैसे भयंकर महामारी में दिन-रात अपने प्राणों की परवाह न करते हुए लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा किये वे अपने परिवार को भी समय ना दे कर अस्पताल में अपना पूरा समय दिए ताकि कोई मरीज की डॉक्टर की कमी के कारण प्राण न जाए आज यह स्वास्थ्यकर्मी अगर हड़ताल कर रहे हैं तो राज्य सरकार के कारण कर रहे हैं उन्होंने सत्ता में आने से पहले संविदा कर्मियों से वादा किया था कि अगर हम सत्ता में आते हैं तो आपको नियमित करेंगे और जैसे ही कांग्रेस सरकार सत्ता में आई सरकार सब कुछ भूल गए उन्हें ही याद दिलाने के लिए संविदा कर्मी आंदोलन कर रहे थे यह संविदा कर्मियों के साथ छलावा है मैं राज्य सरकार से यही कहना चाहती हूं कि जिन स्वास्थ्य कर्मियों को उन्होंने पद से बेदखल कर दिया है उन्हें वापस पद पर नियुक्त किया जाए और सभी की नियमितीकरण किया जावे.



# कलेक्टर ने ली सभी निर्माण कार्य एजेंसियों की समीक्षा बैठक

**बालोद**, 5 सितंबर। सभी विभागों के लंबित निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा कराने के दिए निर्देश कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर प्रगतिरत निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में श्री शर्मा ने जिला खनिज न्यास संस्थान के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु सभी निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही निर्माण कण् गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग व ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अंतर्गत चल रहे स्कूल जतन योजना के निर्माण किये जा रहे शासकीय स्कूल भवन के जीर्णोधार अतिरिक्त कक्ष सहित अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को प्रारंभ एवं निविदा स्तर के कार्यों में भी शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराने को कहा। कलेक्टर ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित पीडब्ल्यूडी पीएमजीएसवाई विभाग अंतर्गत सड़क व पुल.पुलिया निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी मार्गों में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सड़क के निर्माण में सोल्डर कार्य में विशेष ध्यान देते हुए बेहतर कार्य करने तथा कार्यों की जियो टैगिंग करने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार हेतु किए जा रहे निर्माण कार्य को शीघ्र से पूर्ण कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के प्रगतिरत् एवं लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ हा निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने व अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले एजेंसियों पर सख्ती से कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शशांक पांडेय, एसडीएम गुरुर गंगाधर वाहिले, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के अलावा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों सहित अन्य निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थि थे।

## निधन

### श्रीमती मंजू मालू

**महासमुंद,** 5 सितंबर। स्थानीय बाजार वार्ड निवासी 47 वर्षीय श्रीमती मंजू मालू का रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे मनीष मालू की धर्मपत्नी व जैन मेडिकल के संचालक गुमान मालू की पुत्रवधु थी। अंतिम संस्कार बुधवार 6 सितंबर को दोपहर 12 बजे के बाद किया जाएगा।



### बीवीके रेड्डी

**भिलाई नगर,** 4 सितंबर। मार बेसिलियोस विद्या भवन, कैलाश नगर, भिलाई स्कूल के प्राचार्य बीवीके रेड्डी, 65 वर्ष का आज हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 5 सितंबर दिन मंगलवार को उनके निवास डग्ळ 1.1015 से शाम 4.00 बजे निकाली जाएगी।



# घेराव के दौरान भाजपाइयों पर अभद्रता करने के लगे आरोप, आक्रोशित कांग्रेसियों ने एफआईआर दर्ज करने सौंपा ज्ञापन

## युवा कांग्रेसियों ने सप्ताह भर के भीतर जिम्मेदार भाजपाइयों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में प्रदर्शन की दी चेतावनी

**बेमेतरा,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से विधायक कार्यालय घेराव के दौरान हुई अभद्रता से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी है । उल्लेखनीय है कि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा का कार्यालय व निवास लगे हुए हैं । कार्यालय घेराव की घोषणा कर भाजपाईयो के विधायक निवास के सामने नारेबाजी व गाली गलौज करने से कांग्रेसी कार्यकर्ता आक्रोशित है । अभद्र व्यवहार करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बंसी पटेल व जिला महामंत्री ललित विश्वकर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बेमेतरा थाना प्रभारी अजय सिन्हा को ज्ञापन सौपा है ।

विधायक निवास में महिलाओं की मौजूदगी में की गई गाली-गलौज

ज्ञापन के अनुसार 2 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक कार्यालय का घेराव किया गया था । यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय से लगे हुए विधायक निवास में गाली-गलौज एवं अभ्रदता पूर्वक व्यवहार किया । विधायक एवं उनके परिवार जनों को अश्लील गालियां दी । भाजपा कार्यकर्ताओं की इस हरकत के दौरान विधायक निवास में उनकी माता,



धर्मपत्नी एवं परिवार की अन्य महिलाएं व छोटे बच्चे घर में मौजूद थे । भाजपा कार्यकर्ताओं का यह व्यवहार निंदनीय व अक्षम्य है ।

### अभद्रता को कांग्रेस पार्टी नहीं करेगी बर्दाश्त

ज्ञापन सौपने के दौरान ललित विश्वकर्मा ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन का कांग्रेस पार्टी कभी विरोध नहीं करती है, लेकिन अशांति फैलाने व अभद्रता को कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी । इसलिए अपराधिक प्रवृत्ति के भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को लेकर बेमेतरा कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौपा गया है । युवा कांग्रेसियों ने थाना प्रभारी को सप्ताह भर के भीतर जिम्मेदार भाजपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में प्रदर्शन की चेतावनी दी है ।

### घटना के विरोध में विधायक ने जारी किया वीडियो संदेश

विधायक आशीष छाबड़ा सप्ताह भर के भीतर दो घटनाओं को लेकर फेसबुक पर अपना वीडियो संदेश जारी किया है । इस वीडियो संदेश में विधायक ने बताया कि चौपाटी निरीक्षण के दौरान भाजपा के एक कार्यकर्ता के द्वारा धमकाने की आरोप लगाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से झूठा है । चौपाटी फेस 02 के निर्माण को लेकर निरीक्षण के लिए पहुंचे थे । इस दौरान भाजपा का यह कार्यकर्ता राजनीति से पूर्ण बातें करने लगा, मना करने पर झूठे आरोप लगाए हैं । इसके अलावा शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कार्यालय का घेराव किया यहां भाजपाइयों ने निवास में परिवार की महिलाओं की मौजूदगी में अभद्र गाली-गलौज की । जो भारतीय जनता पार्टी के संस्कारों को दिखाता है । जनता ने मुझे क्षेत्र की सेवा करने का मौका दिया है । अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा ।

### ज्ञापन सौपने के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

ज्ञापन सौपने के दौरान टीआर जनार्दन, शकुन्तला साहू नगर पालिका अध्यक्ष, सुमन गोस्वामी, मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, रूबी सलूजा, राम ठाकुर, अजय राज सेन, विक्की मिश्रा, राजा चौबे, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस राजू साहू, जिला अध्यक्ष एनएसयूआई हरीश साहू, दिलेश्वर साहू, वाहिद रवानी, मनीष सिन्हा मनीष साहू, समीर वर्मा, प्रतीक दुबे, ऋतिक तिवारी, मोहित अनन्त, राहुल जोशी, राहुल साहू सुमित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# सुषमा शुक्ला शर्मा को मिला राज्यपाल पुरस्कार

**बेमेतरा,**5 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्तूरबा विद्यालय बेमेतरा में कार्यरत सुषमा शुक्ला शर्मा,व्याख्याता को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 5 सितंबर को राजभवन में महामहिम राज्यपाल श्री मान विश्व भूषण हरिचंदन जी,माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी व माननीय शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे जी के हाथों राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार प्राप्त हुआ।



सुषमा शुक्ला शर्मा,, विद्यालय में चौबीसों घंटे बालिका शिक्षा एवम् उन्मुखीकरण के लिए,किसी भी प्रकार की यहां तक ग्रीष्मकालीन अवकाश भी न लेकर पूरे वर्ष भर बच्चियों के साथ पालक की तरह समय बिताती है।

इस दरम्यान बच्चियों को विभिन्न गतिविधियों यथा - पढ़ाई,कंप्यूटर शिक्षा,डाउट क्लियर,खेल , कराते, गतका, संगीत,नृत्य, बाल वाटिका,जीवन कौशल ,व्यवसायिक प्रशिक्षण (सिलाई,बुनाई,कढ़ाई,मेहंदी,चित्रकला रंगोली,केश सजावट, मूर्तिकला,काष्ट कला ) आदि के माध्यम से बालिकाओं के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध रहती हैं। शाला के प्रति पूर्ण समर्पण,अनुशासित जीवन,प्रखर व स्पष्ट वादिता,धैर्यता - सहनशीलता,व सादगी ही इनकी सेवा का मूल - भाव है। इनके नेतृत्व व स्टाफ के सहयोग से विद्यालय का शत प्रतिशत परीक्षा फल ,विद्यालय को राज्य स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार, माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष विद्यालय की बच्चियों का कराते का प्रदर्शन,वर्तमान के साथ साथ पूर्व की बच्चियों से लगातार संपर्क व उनके शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव प्रयास,विभिन्न वर्षों में स्वतंत्रता दिवस , गणतंत्रता दिवस व राज्य स्थापना दिवस आदि अवसरों पर विद्यालय की बच्चियों का जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आदि का प्रमुख स्थान रहा।

सुषमा शुक्ला शर्मा को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार च्च राज्यपाल पुरस्कारज्ज की प्राप्ति पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा,जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा,जिला सहायक सांख्यिकी अधिकारी सुनील कुमार तिवारी,विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे,विकास खण्ड स्रोत समन्वयक सतीष शर्मा,विद्यालयीन स्टाफ राजकिरण मिश्रा,ममता गुरूपंच,गायत्री साहू,ज्योति चंद्राकर,शिखा विकास चौबे,सावित्री यादव,दीप्ति नवरंगे,सोनाली सोनी,अंजू बंजारे ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष इश्वरी सेन, समस्त बच्चियों सहित पालकों ने शुभकामनाएं दीं।

# लीनेस क्लब ने शिक्षकों का सम्मान किया



**बेमेतरा,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। लीनस क्लब प्रेरणा बेमेतरा के द्वारा 5 सितंबर 2023 को सफायर होटल बेमेतरा में शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन रखा गया। जिनमे उपस्थित शिक्षक श्री अमित बनाफर जी बैजलपुर, श्री रोमी पटेल जी पदमी, श्रीमती आंचल वर्मा कंतेली का साल,श्रीफल, गुलदस्ता से स्वागत किया गया। शिक्षक श्री अमित बनाफर बैजलपुर ने शिक्षा और शिक्षक की गुणवत्ता को बताया। अध्यक्ष विनोद राघव, सहसचिव डॉक्टर निधि बनाफर, उर्वशी दास, शारदा तिवारी, शशि तिवारी, कनक लता तिवारी, मुमताज रवानी, रानी रवानी, आरती साहू, निम्मी पटेल, उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण करने वाले ग्रामीणों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया

**कवर्धा,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। कवर्धा वनमंडल अंतर्गत भोरमदेव अभ्यारण्य चिल्फी परिक्षेत्र के ग्राम कुमान और नंदिनी से लगे वन भूमि कक्ष क्रमांक पी.एफ. 170 में ग्राम कुमान एवं नंदिनी के ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण के उद्देश्य से अवैध रूप से साफ-सफाई, कटाई करने पर 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

कवर्धा वनमंडल वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोरमदेव अभ्यारण्य चिल्फी परिक्षेत्र के ग्राम कुमान और नंदिनी से लगे वन भूमि कक्ष क्रमांक पी.एफ. 170 में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण के उद्देश्य से अवैध रूप से वन भूमि की साफ-सफाई, कटाई किया जा रहा था। परिसर रक्षक एवं परिक्षेत्र सहायक द्वारा समझाईश दिया गया और मना किया गया। लेकिन ग्रामीण नही माने और विवाद करते हुए कटाई सफाई जारी रखे। कर्मचारियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में सूचित किया गया। अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य, परिक्षेत्र अधिकारी चिल्फी, वन कर्मियों एवं पुलिस बल लेकर मौका स्थल गए और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन समझाइए देने के उनके द्वारा यह कार्य नहीं रोका गया और उग्र होकर



विवाद करने लगे तथा पुनः कटाई सफाई करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मुख्य वन संरक्षक दुर्ग, वन मंडलाधिकारी कवर्धा भी मौका स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दिया गया लेकिन इसके बाद भी सहयोग करने के लिए तैयार नही हुए और कुल्हाड़ी लेकर नारेबाजी किए। इसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। उनके द्वारा भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र के वन क्षेत्र के वृहत भू-भाग लगभग 35 हेक्टेयर की सफाई कर चुके थे जिसमे असंख्य लताओं बेलाओ, झाड़ियों, औषधीय पौधों, वृक्षों को काटा गया है। ऐसा करते हुए उनके द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अभ्यारण्य क्षेत्र में बिना अनुमति प्रवेश, विनिर्दिष्ट वृक्षों पौधों की साफ सफाई कराई, हथियार के साथ अभ्यारण्य में प्रवेश, वन्य प्राणियों के प्राकृतिक रहवास को नष्ट करना, अपराध के लिए उकसाना आदि प्रकार के अपराध किए गए हैं।

अपराधियों के द्वारा वन एवं वन्य प्राणियों के रहवास को क्षति पहुंचाने के साथ्‍साथ वनों द्वारा जो शुद्ध हवा, पानी, पर्यावरण संतुलन हेतु जो योगदान रहता है उसे भी नष्ट किया है, क्षति पहुचाई गई है। अपराधियों द्वारा मानव सहित सम्पूर्ण जीव जगत को नुकसान पहुंचाया गया है। प्रभावित क्षेत्र में बाघों का विचरण होते रहता है। एक प्रकार से देखा जाए तो अपराधियों द्वारा वन वन्य प्राणी एवं पर्यावरण को अपूर्णनीय क्षति पहुंचाई गई है।

अपराधियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 9472/24 दिनांक 26 अगस्त 2023 जारी किया गया और प्रकरण की विवेचना प्रारंभ की गई। प्रारंभिक रूप से 07 अपराधियों जिसमें 1. समारू व. कुंवरसिंह जाति बैगा, ग्राम कुमार उम्र 29 वर्ष, 2. सुकलाल व. ईतवारी जाति तेली ग्राम कुमान उम्र 36 वर्ष, 3. मुनेश व. हगरू, जाति यादव, ग्राम कुमान, उम्र 36 वर्ष, 4. गंगाराम व. हिरदु जाति गोंड़, ग्राम नंदनीटोला, उम्र 48 वर्ष, 5. कार्तिक व. मोहन जाति गोंड़, ग्राम नंदनीटोला, उम्र 51 वर्ष, बिरझु व. पंचु जाति गोंड़, ग्राम नंदनीटोला, उम्र 65 वर्ष, 7. अमरलाल व. डोंगरू जाति गोंड़, ग्राम नंदनीटोला उम्र 47 वर्ष को चिन्हित कर दिनांक 05 सितंबर 2023 को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय कवर्धा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आरोप अधिरोपित किए गए हैं। विवेचना जारी रहेगी और भी आरोपियों के पकड़े जाने की आशंका है।

# शिक्षिका पुष्पलता साहू राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**गुरुर,** 5 सितम्बर (देशबंधु)। शिक्षक दिवस पर 5 सितम्बर को शासकीय प्राथमिक शाला बोहारडीह विकासखंड गुरुर की शिक्षिका पुष्पलता साहू को उत्कृष्ट कार्य के लिए रायपुर के राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के हाथों राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,, शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, शिक्षा सचिव डॉ. आलोक शुक्ला,, डॉ एस भारतीदासन उपस्थित थे।

**पुष्पलता ने नवाचार शिक्षण से बच्चों को जोड़ा, पढ़ाई का तरीका बदला-** बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिए कक्षा पहली से पांचवी तक सभी बच्चों को प्रति वर्ष स्वयं के व्यय से कापी, पेन, बेल्ट, टाई का वितरण करती हैं। खेल - खेल के माध्यम से पढ़ाई सिखाती हैं। इनके द्वारा नवाचार, नवअनुप्रयोग और शैक्षिक अनुसंधान के अंतर्गत विडियो फुटेज का निर्माण कर नवाचार गतिविधियों को गति प्रदान किया। अपने शिक्षण को प्रभावशाली बनाने हेतु इनके द्वारा टी. एल. एम. का प्रयोग एवं नवाचार किया जाता है।



**कोरोना काल में लर्निंग लास को दूर करने पहल की-** कोरोना महामारी के समय बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिए आनलाईन एवं मुहल्ला क्लास का संचालन किया एवं प्रति सप्ताह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। कोरोना काल के समय हुए लर्निंग लास को दूर करने शाला में गढ़बो नवा भविष्य 2.0,अंगना म शिक्षा, माता उन्मुखीकरण एवं विज्ञान व गणित ओलंपियाड,कबाड़ से जुगाड़, मॉडल निर्माण प्रतियोगिता, शैक्षणिक भ्रमण के लिए विघुत क्रेडा पावर ग्रिड,कृषि उपज मंडी व गौठान भ्रमण एवं हस्तपुस्तिका लेखन प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया।

**बेहतर शिक्षण कार्यों के लिए शिक्षिका हुई सम्मानित-** राज्य स्तरीय गुणवत्ता सुधार के अंतर्गत सौ दिवसीय भाषा पठन एवं गणितीय कौशल विकास पुस्तक में शिक्षिका पुष्पलता साहू की लिखी चौदह सप्ताह के पाठों को सम्मिलित किया गया। गुणवत्ता सुधार के अंतर्गत बालोद जिले से सी. जी. स्कूल डॉट इन के पोर्टल में हमारे नायक चयनित हुई। खेल - खेल में गतिविधि आधारित शिक्षा देने के कारण इन्हें च्च बेस्ट एक्टिविटी टीचरज्ज पुरस्कार,विद्यालय में शैक्षिक नवाचार के द्वारा अध्यापन कराने के कारण च्च बेस्ट इन्नोवेटिव टीचर पुरस्कार एवं शाला में सकारात्मक वातावरण निर्माण कर उत्कृष्ट अध्यापन कौशल का प्रर्दशन करने के लिए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है।

**रचनात्मक एवं सहयोगात्मक कार्य-** शिक्षिका पुष्पलता साहू द्वारा लिखित पुस्तक सफलता की कहानी को दुर्ग डाइट में अनुभूति नामक प्रत्रिका में प्रकाशित किया गया है। पूर्व पदस्थ शाला सरबदा में स्वयं के व्यय से सरस्वती माता की मूर्ति स्थापित की है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिक्षिका पुष्पलता साहू ने बालवाडी(आंगनबाड़ी) में बच्चों के हस्तकौशल विकास के लिए स्वयं के व्यय से कापी, पेन, का वितरण कर शैक्षिक विकास में सहयोग प्रदान कर रहीं हैं।

# कुम्हारी की खुशी सिंह को राज्य पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मिला स्वर्ण पदक

**कुम्हारी,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव में 1सितम्बर से 3 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शासन द्वारा संचालित स्थानीय जय हनुमान व्यायामशाला की खुशी सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर च्चस्ट्रॉन्ग वुमन ऑफ छत्तीसगढ़ चैंपियनशिपज्ज का खिताब भी अपने नाम किया। इसके साथ ही काजल सिंह ने प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर राज्य में नगर का नाम गौरवान्वित किया है । वहीं दूसरी ओर पुरुष में अमन सिंह ने भी इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया । गौरतलब है कि शासन द्वारा संचालित अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित जय हनुमान व्यायाम शाला प्रदेश के गिने चुने व्यायाम शालाओं में अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है । यूथ आइकॉन चैतन्य बघेल के मार्गदर्शन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के युवा खिलाड़ी प्रादेशिक प्रतियोगिता के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं । युवाओं को प्रत्येक क्षेत्र में समय समय पर आर्थिक सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान कर अपनी प्रतिभा को निखारने में चैतन्य बघेल का विशेष योगदान रहता है। अबतक इस व्यायामशाला के 15 खिलाड़ियों ने करीब 50 से अधिक पदक जीतकर नगर को गौरान्वित किया है कोच प्रदीप झा के सफल नेतृत्व में ये खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। विजयी खिलाड़ियों ने विगत दिनों चैतन्य बघेल से सौजन्य भेंट की उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की ।



■ स्ट्रांग वुमेन ऑफ छत्तीसगढ़ का मिला खिताब

# कलेक्टर ने नवविवाहिता ज्योति को नि:शक्त विवाह के लिए 50 हजार का चेक प्रदान किया

**खैरागढ़,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ शासन,समाज कल्याण विभाग के नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना की राशि का चेक हितग्राही को वितरण किया गया। इसके अंतर्गत 3 सितंबर सोमवार को जिला कार्यालय में हितग्राही ज्योति वर्मा को आमंत्रित करके 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर नवविवाहित जोड़े को आपसी समन्वय के साथ सुखमय वैवाहिक जीवन बिताने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी । कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत ज्योति वर्मा को 50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया है। हितग्राही ने प्रोत्साहन राशि का चेक प्राप्त होने पर शासन की योजना का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक गणेश राम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि छ.ग. शासन द्वारा नवविवाहित जोड़े में से एक व्यक्ति दिव्यांग होने पर 50 हजार रुपए और दोनों दिव्यांग होने पर एक लाख रुपए शासन की ओर से प्रदान किया जायेगा। इस दौरान नवविवाहिता ज्योति वर्मा और उनके परिजन व अधिकारी उपस्थित थे।



■ जीवनसाथी में से एक नि :शक्त होने पर 50 हजार और दोनों पर एक लाख है प्रोत्साहन राशि

# दूसरे प्रदेशों से आने जाने वाले संदिग्धों पर पुलिस की रहेगी नजर

**खैरागढ़,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम को लेकर एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश में पुलिस विभाग की गतिविधियां तेज हो गई है। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जिले में कानून व्यवस्था बेहतर बनाने अवैध शराब सहित जुआ सट्टा के आरोपियों पर तो लगातार कार्यवाही हो रही है। वहीं अब अन्य जिले सहित दूसरे प्रदेश से पहुंचने वाले संदिग्धों पर भी नजर बनाये रखने पुलिस विभाग द्वारा बसों सहित अन्य वाहनों का निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश में विभिन्न मादक पदार्थ, अपराध की रोकथाम, गैर कानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ करने सोमवार 4 सितंबर को जिले के सभी थाने खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, ठेलकाडीह, गातापार जंगल, मोहगांव, साल्हेवारा, बकरकट्टा व जालबांधा चौकी स्थित बस स्टैंड सहित प्रमुख चौक-चौराहों में जाकर दूसरे जिला व दूसरे प्रदेशों से आने जाने वाली बसों की चेकिंग की गई। इस दौरान बस चालकों को बस में संदिग्ध व्यक्ति एवं वस्तु दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने कहा गया साथ ही नक्सल प्रभावित संवेदनशील ग्रामों में चलने वाली बसों की सघनता से चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों व गैर कानूनी गतिविधियों की सूक्ष्मता से जांच पड़ताल की गई। थाना क्षेत्रों में ब्रेथ एनालाइजर से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच भी हुई। एसपी अंकिता शर्मा ने सडक़ पर उतर कर स्वयं कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया और आम जनता से मिलकर बातचीत कर हालचाल जाना थाना क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करने के लिए निर्देश दी गई।



# बैंक परिसर में जाकर खाताधारकों को दी जा रही कानून की जानकारी

**खैरागढ़,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। तहसील विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के द्वारा 4 सितंबर सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को कानून से संबंधित जानकारी देने के लिए बैंक परिसर में शिविर लगाया गया। नगर के जिला सहकारी बैंक परिसर में विधिक शिविर का आयोजन कर खाताधारकों को उनके अधिकार व कानून की जानकारी दी गई। पैरालीगल वालेंटियर गोलूदास साहू ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्रामीण अभी भी कानून से अनभिज्ञ हैं, उन्हें कानूनी जानकारी का ज्ञान होना नितांत आवश्यक है। संविधान में महिलाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करने तथा संरक्षण के लिये कई कानून बनाये गये हैं। उन कानूनों का सही तरीके से अनुसरण करने की आवश्यकता है। किस प्रकार हम कानून के माध्यम से अपने हक की लड़ाई लड़ सकते हैं, शिविर में अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों, निर्धन महिलाओं, बच्चों, विकलांगों व जेल में बंद आरोपियों को शासन द्वारा विधिक सहायता के रूप में दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया। न्यायालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुये आपसी मनमुटाव को भूलकर राजीनामे के आधार पर प्रकरण का निराकरण करने के बारे में कहा ग्रामीणों को कानून का पालन करने की सलाह दी। श्री साहू ने आगे बताया कि दैवीय आपदा, बाढ़, दुर्घटना प्रतिकर, बीमा योजना तथा आम बीमा योजना का लाभ कैसे लें। साहूकारी अधिनियम, 6-14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, नालसा की योजनाएं, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 व न्याय ऐप आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। आगामी 9 सितंबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में बताया कि आप अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों का निपटारा लोक अदालत में कर सकते हैं।

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से बने पुल का विधायक छन्नी साहू ने किया लोकार्पण

■ गैंदाटोला से कोलिहालमती मार्ग के नवनीकरण के लिए भूमिपूजन भी हुआ



**राजनांदगांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने सोमवार को ग्राम कुमरदा हाट बंजारी से कुहीकला मार्ग पर स्थित पुल का लोकार्पण किया। इसका निर्माण 3 करोड़ 57 लाख 75 हजार रुपए की लागत से हुआ है। इस पुल के शुरु होने ग्रामीणों को बड़ी सहूलियत हासिल हुई है। उनकी ही मांग पर विधायक के प्रयास से इसकी स्वीकृति मिली थी। यह मजबूत पुल ग्रामीणों को आसान और सुगम रास्ते से जोड़ेगा। इस क्षेत्र के लिए यह एक बड़ी उपलब्धी है। विधायक ने सोमवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में पुल का लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया।

विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पुल का लोकार्पण विधायक छन्नी साहू के हाथों हुआ। इस दौरान ग्रामीणों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि व पंचायत प्रतिनिधि भी यहां मौजूद थे। लोकार्पण पश्चात श्रीमती साहू ने पुल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय मांगों को पूरा करते हुए हमने पुल का निर्माण करवाया है। अब से ये आम लोगों के लिए सुगम मार्ग का माध्यम बनेगा। हर्ष है कि इससे लोगों की दिक्कतें दूर होंगी।

विधायक ने कहा कि विकास के ढांचे का मजबूत बनाने का काम पिछले पांच वर्षों में हुआ है। निर्माण कार्यों की दिशा में महत्वपूर्ण स्वीकृतियां भी मिली हैं और गांव-गांव में निर्माण हुए हैं या हो रहे हैं। इसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। पंचायतों में भी विकास कार्य नज़र आ रहा है।

इसके बाद विधायक छन्नी चंदू साहू ग्राम कोलिहालमती पहुंची। यहां उन्होंने गैंदाटोला से कोलिहालमती मार्ग का 18.37 लाख की लागत से नवीनीकरण कार्य की आधारशीला रखी। विकास कार्य की शुरुआत से पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ। सड़क के मजबूतीकरण से मार्ग से जुड़े गांवों के लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

विधायक छन्नी साहू ने कहा कि - कांग्रेस सरकार ने लोगों के लिए रास्ते आसान किए हैं। सड़कों के लिए कई स्वीकृतियां दी गई है। हमने विशेष प्रयास किया है कि बेहतर मूलभूत सुविधाएं नागरिकों को हासिल हो। आज भूमिपूजन के बाद कार्य शुरु होगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इसकी गुणवत्ता का भी पूरा ख्याल रखें।

पुल लोकार्पण के दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रकाश शर्मा, ब्लाक किसान कांग्रेस अध्यक्ष जयपाल यादव, भरत लाल साहू, भीखम देवांगन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। इसी तरह कोलिहालमती में भूमिपूजन के अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहालमती प्यारेलाल मंडावी, प्रितराम चन्द्रवंशी, राजु राजपुत, ग्राम पटेल प्यारेलाल चन्द्रवंशी, इन्द्रकुमार बंजार, बंशीराम, लखन लाल साहू, देवशरण चन्द्रवंशी, दयाल सिंग चन्द्रवंशी, कौशल साहू, उपसरपंच श्रीमती सतरूपा बाई, पंच महेश चन्द्रवंशी, फूलचंद धनकर, गणेश राम साहू, श्रीमती देशबाई चन्द्रवंशी, श्रीमती बिमला बाई, श्रीमती लता बाई चन्द्रवंशी, ईश्वर बांधे, मुलचंन साहू, बालचंनद चन्द्रवंशी, चन्द्रभान साहू, भागवत राम चन्द्रवंशी, सुफल सिंह कुंजाम, भनवार साहू, शोभितराम चन्द्रवंशी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंधे कत्ल के मामले में आरोपी मंलग यादव को हुई आजीवन कारावास की सजा

**राजनांदगांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव में दिनांक 25.11.2021 को प्रात: प्रार्थिया श्रीमती सतुराबाई वर्मा निवासी पीपरखारकला थाना में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके पति बालकिशन वर्मा जो बकरी चराने, पालने का काम करते थे। उनसे गांव के ही मंगल यादव से पैसा लेना बकाया था इसी दौरान दिनांक 25.11.2021 को प्रात: 07:00 बजे प्रार्थिया के पति का शव मंगल यादव के घर में मृत अवस्था में मिलने की सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई। उक्त रिपोर्ट पर तात्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक अब्दुल समीर एवं पुलिस टीम द्वारा त्वरित वैधानिक कार्यवाही करते हुये मौके पहुंचकर घटना स्थल का निरीकक्षण, साक्ष्य संग्रहण, शव पंचनामा, आहत एवं गवाहों से विस्तृत पूछताछ के दौरान परिस्थिति जन्य साक्ष्यों के आधार पर मृतक बालकिशन वर्मा को गांव के ही मंगल यादव द्वारा घटना कारित किया जाना ज्ञात हुआ जिस पर शीघ्र ही पूर्व आदतन अपराधी मंगल यादव को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया एवं पूछताछ करने पर अपना गुनाह कबूल करते हुए पूर्व के बकाया 9000/- देनदारी के लिए मंगल यादव बहस हो जाने पर धारदार टंगिया से मारकर फरार होना बताया।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार टंगिया जिसे घटना कारितकर आरोपी द्वारा छूपा दिया गया था, उसे मेमोरण्डम साक्ष्य में बरामद किया गया एवं आरोपी को रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया, जिसके पश्चात शीघ्र शेष विवेचना क्रम पूर्ण करते हुए न्यायालय में दिनांक 27.12.2021 को चालान तैयार कर प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायालय द्वारा पुलिस द्वारा प्रस्तुत चालान के आधार पर गवाहों के बयान, परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर शासकीय अपर लोक अभियोजक अशोक लिल्हारे के प्रस्तुति पर तात्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक अब्दुल समीर एवं पुलिस टीम द्वारा किये गये विवेचनाक्रम के अनुरूप आरोपी को हत्या करने के आरोप में दोषी पाते हुए, न्यायालय द्वारा दिनांक 10.08.2023 को निर्णय पारित करते हुए आरोपी मंगल यादव उम्र 49 वर्ष, निवासी पीपरखारकला, थाना बोरतलाव को धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास एवं 1000/- रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आगमन को लेकर राष्ट्रीय सचिव डा.चंदन यादव व मलकीत सिंह गैंदू कल तैयारियों का जायजा लेने आएंगे

**राजनांदगांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित भरोसे के सम्मेलन में शामिल होने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 08 सितंबर को हो रहा है। जिसके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं



छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण व मंत्री शामिल होंगे। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि भरोसे के सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने 06 सितंबर को एआईसीसी सचिव व छत्तीसगढ़ कांग्रेस सहप्रभारी चंदन यादव व प्रदेश संगठन एवं प्रशासन मंत्री मलकीत सिंह गैंदू बुंधवार 6 सितंबर को सम्मेलन स्थल का निरीक्षण करने व तैयारियों के संबंध में जानकारी लेने राजनांदगांव आ रहे हैं। तत्पश्चात सम्मेलन को कांग्रेसजनों का बैठक लेकर उचित दिशा-निर्देश देंगे।

# पंडित किशोरी लाल शुक्ला विधि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का सम्मान

**राजनंदगांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। विधि के क्षेत्र के अध्ययन के लिए शहर का एकमात्र पंडित किशोरी लाल शुक्ला महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर हुआ गुरुजनों का सम्मान विधि महाविद्यालय के छात्रों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम निश्चित रूप से गुरु शिष्य के प्रगाढ स्नेह और उस परंपरा को जीवंत करता है जिसमे गुरु का स्थान जीवन मे सर्वश्रेष्ठ माना गया है विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्रो. नारायण कन्नौज अपने उद्बोधन में गुरुओ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की गुरु का तो काम ही है शिष्यों को शिक्षा देना जहां गुरु अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं वही शिष्यों को चाहिए कि वह भी अपने जीवन में कर्तव्य को बखूबी निभाये तो गुरु को प्रसन्नता होगी, कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रोफेसर आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को बधाई देते हुए मंगल भविष्य की कामना की तथा असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल सोनी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर बच्चों के एकता पर बल देते हुए कहा हम सभी परिवार के सदस्य हैं और




हमेशा सभी को मिलकर रहना है वही निधि मैडम ने भी अपनी उद्बोधन में बच्चों के द्वारा मिली प्यार व सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए वकालत की पढ़ाई व पेशा को समाज का अद्भुत अंग बताते हुए जीवन में उत्तम जिम्मेदारी के निर्वहन पर प्रकाश डाला बच्चों ने शिक्षकों के सभी उद्बोधन को सुनकर सहर्ष ताली बजाई द्य आयोजन के दौरान शिक्षक गणों के आंखों में पट्टी बांधकर फोटो फ्रेम के माथे मे बिंदी लगाने, वह मुहावरे बूझो प्रतियोगिता जैसे मनोरंजन के कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, उपस्थित छात्रों ने कार्यक्रम के अवसर का आनंद लेते हुए इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों ने भी अपने अपने उद्बोधन पर शिक्षकों की महत्ता और उनके मार्गदर्शन को जीवन मे सबसे महत्वपूर्ण और अहम बताया । विधि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अल्का चौहान के कुशल प्रबंधन एवम् निर्देशन मे लगातार संगोष्ठी और समय समय पर विविध कार्यक्रमों आयोजित हो रहे है कार्यक्रम मे विधि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अलका चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल सोनी, प्रो चांदनी गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, एन.एन कन्नौजे, प्रांजल, निधि जैन, लाइब्रेरियन ओजस्वनी चौहान और विधि महाविद्यालय के समस्त सेमेस्टर के छात्र और स्टाफ मौजूद रहे।

# मोर मकान मोर चिन्हारी के आवासों का सर्वे



**राजनांदगांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत लखोली मे निर्मित आवासों का उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में डाबरी पारा, इंदिरा सरोवर, पुरान गंज चौक आदि क्षेत्रों में अस्थाई पट्टे पर बरसो से झुग्गी बस्ती में निवारत परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत लखोली में निर्मित अच्छे सर्व एवं सुविधायुक्त पक्के आवासों में 140 पात्र हितग्राहियों को व्यवस्थापन के तहत विधिवत लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया है तथा वर्तमान में मोर मकान मोर आस के तहत बरसो से किरायेदार के रूप में निवारत परिवारों को मात्र लागत मूल्य पर विधिवत प्रक्रिया कर पात्र हितग्राहियों को आवास प्रदान किये जा रहे है, जिनका आदेशानुसार सर्वे किया जा रहा है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे छत्तीसगढ़ से सनातन धर्म को मिटाने आ रहे

**राजनांदगांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन मेश्राम ने कहा है कि क्या कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ से सनातन धर्म को खत्म करने आ रहे है क्या क्योकि अभी हाल ही में तमिलनाडू के मुख्यमंत्री के बेटे खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर बेहूदा और गंदा बयान दिया है और उसी बयान को कांग्रेस चीफ के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी सनातन धर्म को लेकर गलत और बेहूदा बयान दिया है क्या कांग्रेस की तरह इनकी भी मानसिकता सनातन विरोधी है और क्या कांग्रेस चीफ स्टालिन और अपने बेटे से इस्तीफा लेंगे और पार्टी से निष्कासित करेंगे



■ कांग्रेस चीफ के बेटे प्रियांक खड़गे ने भी सनातन विरोधी राग अलापा : पवन मेश्राम

श्री मेश्राम ने कहा है कि तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदय निधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया, डेंगू वायरस, और मच्छरों से होने वाले बुखार से तुलना की है और उदय निधि ने आगे ये भी कहा कि इन चीजों का विरोध नही बल्कि उसे खत्म कर देना चाहिए क्या कांग्रेस चीफ के बेटे प्रियांक खड़गे और उदय निधि स्टालिन में इतना दम और हिम्मत है कि सनातनियो को खत्म कर सके क्या कांग्रेस चीफ उदय निधि स्टालिन और अपने बेटे प्रियांक खड़गे से इस्तीफा लेकर देश की आम जनता से माफी मांगेंगे ।श्री मेश्राम ने आगे कहा है कि कांग्रेस हमेशा से ही सनातन, दलितों की घोर विरोधी रही है कांग्रेस चीफ को छत्तीसगढ़ की पावनधरा पर आने से पहले अपने बेटे प्रियांक खड़गे और उदयनिधि स्टालिन से इस्तीफा लेकर छत्तीसगढ़ की पावनधरा पर अपने पैर रखना चाहिए ।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के आगमन की तैयारी हेतु डोगरगढ़ ब्लॉक के ढारा में हुई बैठक



**डोंगरगढ़,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन 8 सितंबर को राजनांदगांव जिले के ठेकुआ सोमनी में होने जा रहे हैं जिसकी तैयारी हेतु डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक के अंतर्गत ढारा में बैठक हुई जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने सभी उपस्थित ब्लॉक के पदाधिकारी से कहा कि हर गांव से कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम जनता किसान साथियों का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित हम सभी को मिलकर करना है तथा अधिक से अधिक लोगों को मल्लिकार्जुन खड़गे की बातों को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचना है थानेश्वर पाटीला, गुलाब वर्मा, तरुण सिन्हा, सुरेश सिन्हा, लता साहू, सोहेल खान ने भी अपनी अपनी बात रखी तथा आभार व्यक्त राजू से राजपूत ने की । इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री थानेश्वर पाटीला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, तरुण सिन्हा, गोकुल वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल खान, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लता साहू, महामंत्री राजू सिंह राजपूत, नंदू वर्मा, विधायक प्रतिनिधि आरती वर्मा, लाल सिंह चंद्रवंशी, अर्जुन वर्मा, कार्तिक वर्मा, शत्रुहन टांडेकर, युवा साथी कमलेश (पिन्टू) वर्मा, गौतम वर्मा, दीपेन्द्र टांडेकर, रमाकांत साहू, पोमेश कुमार लोधी, दुलेश्वर वर्मा, पूरन वर्मा, प्रीतम साहू, हरक पटेल, अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे ।

# कांग्रेसराज में प्रदेश के दिव्यांगजन स्वयं को ठगा महसूस कर रहे : मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने यह आरोप लगाया है कि वर्तमान राज्य शासन की कार्यप्रणाली से कभी भी प्रदेश के दिव्यांगों को ऐसा प्रतीत नहीं हुआ कि वर्तमान राज्य सरकार उनके हित से जुड़े विषयों को लेकर गंभीर एवं संवेदनशील रही है। वर्तमान भूपेश सरकार दिव्यांगजनों की समस्याओं एवं उनकी सामाजिक प्रस्थिति एवं जीवन स्तर को मजबूत करने में सर्वथा असफल रही है, जिसके कारण प्रदेश के दिव्यांगजन अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन प्रशासन के विरुद्ध संघर्ष की राह चुनकर अपने हित के मुद्दों पर शासन प्रशासन एवं सेवा प्रदाता संस्थानों को उत्तरदायी बनाने और अपना अधिकार प्राप्त करने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए लामबद्ध हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस शासन में दिव्यांगों की स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है उक्त आरोप लगाते हुए पूर्व सांसद राजनांदगांव मधुसूदन यादव ने कहा है की कांग्रेस पार्टी ने अपने विधानसभा निर्वाचन 2018 के घोषणा पत्र में दिव्यांगजनों से सात बिंदुओं पर लोकलुभावन वादे किए थे जिनमें से किसी भी वादे को पूरा नहीं



किया है जिससे प्रदेश के दिव्यांगजन स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। भाजपा नेता मधुसूदन यादव ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने दिव्यांग कल्याण से संबंधित जो सात वादे अपने घोषणा पत्र में किए थे जिनमें प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी ने दिव्यांगों को सम्मान देने का वादा करते हुए जनप्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ग से निर्वाचित ना हो पाने वाले एक महिला व एक पुरुष दिव्यांग को पंचायत व नगरी निकाय में मनोनीत करने का वादा किया था। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में यह भी वादा किया था कि दिव्यांगों को सरकारी नौकरी में आरक्षण का उचित लाभ दिया जाएगा और रिक्त पदों पर शीघ्र दिव्यांगजन की भर्ती की जाएगी। दिव्यांग विद्यार्थियों को स्कूल एवं कॉलेज में प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। कांग्रेस पार्टी का सबसे बडा वादा जो खोखला साबित हुआ है वह है दिव्यांग पेंशन को बढ़ाकर 1500 रूपए प्रतिमाह करना और सीधा दिव्यांग पेंशन को हितग्राहियों के खाते में जमा करने का वादा, जिसे सरकार भूल चुकी हैं और दिव्यांगजनो को आज भी मात्र 500 रूपए ही दिव्यांग पेंशन प्राप्त हो रहा है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सालाना प्रत्येक जिले में एक महीने के लिए दिव्यांगों का विशेष कैंप आयोजित कर उन्हें मेडिकल प्रमाण पत्र, पेंशन प्रमाण पत्र, रेलवे एवं बस पास, मेडिकल बीमा, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आदि बनाने की सुविधा दिए जाने की बात कही गई थी, इसके अलावा दिव्यांगों के लिए विशेष कौशल विकास केंद्र खोलने और उनके उत्थान हेतु कार्य कर रहे संस्थाओं को अनुदान राशि प्रदान करने की बात भी कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कही थी, जो मात्र छलावा ही साबित हुई हैं और आज तक पूरी नहीं हुई है ।

# अवैध निर्माण का शिकायत पत्रकार संघ ने किया

**छुईखदान,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत के अंतर्गत किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सब्जी बाजार के मुख्य जगह पर कांप्लेक्स निर्माण किया गया है जिसमे ना तो नगर पंचायत के पार्षदो द्वारा ना ही कोई प्रस्ताव लाया गया है और ना ही राजस्व नजूल अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया है ना ही नगर पंचायत द्वारा कोई निवीदा निकाला गया है बाजार लाइन ह्रदय स्थल पर स्थित नजूल की जमीन पर बिना अनुमति के अवैध कप्लेक्स का निर्माण होना और उस कांप्लेक्स को अन्य वयक्ति को व्यवसाय करने के लिया देना या अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध कांप्लेक्स निर्माण कर दूसरे वायक्ती को कही लंबे लेनदेन कर बेच तो नही दिया गया है यह लोगो के समझ से परे है नगर के लोग यह बता रहे है कि ह्रदय स्थल पर स्थित यह जमीन लाखो रुपए का है इस जमीन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध कांप्लेक्स बनाकर नगर पंचायत के राजस्व का नुकसान किया गया है। सीएमओ के द्वारा बताया जा रहा है कि उसे हमारे द्वारा नही बनवाया गया है तो फिर नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इस अवैध निर्माण पर आज तक किसी भी प्रकार से कार्रवाई क्यो नही किया गया नगर के लोगो के समझ से पड़े है अगर कोई व्यक्ति अपने दुकान के सामने थोड़ा आगे कर दुकान लगता है तो नगर पंचायत द्वारा तत्काल नोटिस भेजा जाता है अगर कोई घर बनाता है तो तत्काल नगर पंचायत के कर्मचारी वहा पहुंच जाते है कि आपने परमिशन लिया कि नही और नही लिया तो नगर पंचायत तत्काल कार्यवाही करता है तो सब्जी बाजार के सामने इतना बड़ा कंपलेक्स किसके द्वारा बनाया गया कौन ऐसा व्यक्ति है जो नियमो को तक मे रखकर खुलेआम अवैध कांप्लेक्स का निर्माण करवाया और इस अवैध कांप्लेक्स पर आज तक कोई कार्रवाई क्यो नही हुई । यह सिलसिला नगर पंचायत के पूर्व अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल के समय से जारी है। सब्जी बाजार में और अन्य लोगों के द्वारा भी अवैध रूप से कांप्लेक्स निर्माण किया गया है इनका भी जांच जरूरी है इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग(च.भ.म.) कार्यालय के सामने अवैध रूप से गुमटी एवं ठेला निर्माण, शाला नंबर दो के पीछे मछली बाजार वाला रोड पर कई अवैध भवन एवं दुकान निर्माण हो गया है नगर पंचायत के अधिकारी के द्वारा तत्काल इस पर एफ.आर .आई .किया जाना चाहिए था जो कि आज पर्यंत तक नही हुआ है लोगो का कहना है की कही ना कही मुख्य नगर पंचायत अधिकारी का भी कही ना कही हाथ है या फिर जिस व्यक्ति द्वारा अवैध कांप्लेक्स का निर्माण करवाया गया है वह सत्ताधारी दल का नेता तो नही तभी तो बाजार लाइन जैसे जगह पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा खुलेआम अवैध कांप्लेक्स का निर्माण करवाया गया है इस बात को लेकर नगर के लोगो मे रोष व्याप्त है लोगो का कहना है कि इस अवैध कांप्लेक्स बनाने वाले के ऊपर तत्काल कारवाही करते हुए अवैध कंपलेक्स को शील बंद करने की कारवाही जल्द ही किया जाना चाहिए अगर जल्द ही कार्रवाई नही किया गया तो नगर के लोग रोड पर आने के लिए विवश होंगे पत्रकार संघ छुईखदान द्वारा अवैध कांप्लेक्स निर्माण के संबंध मे उचित कार्रवाई करने कलेक्टर महोदय गोपाल वर्मा को आवेदन दिया गया जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर महोदय गोपाल वर्मा द्वारा अवैध कांप्लेक्स निर्माण के संबंध मे जांच करने का आदेश दिया गया नगर के लोगो मे चर्चा का विषय है कि एसडीएम मा द्वारा इस अवैध कांप्लेक्स के निर्माण मे सत्यता के साथ जांच कर आरोपियो के ऊपर उचित करवाही किया जाएगा और अवैध कंपलेक्स मे ताला लगा का सील बंद किया जाएगा या फिर इसे ठंडे बस्ती मे डाल दिया जाएगा

### क्या कहते है नगर के लोग

**सुभम छेदैया व्यवसायि छुईखदान** — मै इस दुकान को एक जनप्रतिनिधि से 1500 रुपए किराया मे लिया हू मेरे पास नगर पंचायत का कोई रसीद नही है

**कौशल्या वर्मा व्यावसायि छुईखदान** —सब्जी बाजार पर स्थित यह कंपलेक्स मैने एक जनप्रतिनिधि से 3000 रूपये महीने किराया मे लिया है मेरे पास नगर पंचायत का किसी भी प्रकार से कोई रसीद नही है

**नवनीत जैन जिला भाजपा अल्पसखयक अध्यक्ष केसीजी** —यह छुईखदान नगर पंचायत द्वारा पालिका की शक्तियो का दुरुपयोग कर सीधा गैर कानूनी तरीके से खुलेआम भ्रष्टाचार का स्पष्ट मामला है मैने पिछले माह इस विषय पर आरटीआई लगाया है मामले मे नगर पंचायत अधिकारी सहित अज्ञात व्यक्ति पर दंडनात्मक ठोस कार्रवाई होनी चाहिए नही तो सरकार मे शासन प्रशासन मे ऊपर बैठे लोगो पर भी सवाल खड़े होंगे

**प्रकाश महोबिया पीडब्ल्यूडी सभापति नगर पंचायत छुईखदान** — बाजार लाइन के जिस जमीन पर अवैध कांप्लेक्स का निर्माण हुआ है वह हाई कोर्ट मे लंबित है कंपलेक्स निर्माण के लिए नगर पंचायत से किसी भी प्रकार से कोई प्रस्ताव या परमिशन नही है अवैध कांप्लेक्स का निर्माण करने वाले के ऊपर त्वरित कार्यवाही करते हुए नगर पंचायत द्वारा एफआईआरआई करवाना चाहिए और अवैध कांप्लेक्स मे ताला लगाकर सील बंद कर देना चाहिए

**उमाकांत महोबिया उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुईखदान** — अवैध कांप्लेक्स निर्माण होने के समय अगर नगर पंचायत द्वारा कार्यवाही की जाती तो आज यह नौबत नही आता जिस किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यह कांप्लेक्स निर्माण किया गया है उसके ऊपर त्वरित कार्रवाई होना चाहिए और कांप्लेक्स को सील लगाकर बंद किया जाना चाहिए

**पार्तिका संजय महोबिया अध्यक्ष नगर पंचायत छुईखदान** — मेरे जानकारी मे सब्जी बाजार मे कोई कंपलेक्स अभी नया नही बना है और ना ही नगर पंचायत द्वारा कोई कांप्लेक्स बनाया गया है

**हेमशंकर कुम्हार उप सहायक यंत्री नगर पंचायत छुईखदान** — पता चला की सब्जी बाजार मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध कांप्लेक्स का निर्माण किया गया है उस पर उचित कारवाही करते हुए कांप्लेक्स मे सिल लगाया जाएगा

**कमल नारायण चंदेल मुख्य नगर पंचायत अधिकारी छुईखदान** — सब्जी बाजार मे कांप्लेक्स का निर्माण मेरे आने के पहले हो चुका है कांप्लेक्स मे व्यवसाय का संचालन अभी शुरू हुआ है मुझे आप लोगो से पता चला इस कांप्लेक्स का नगर पंचायत मे कोई रिकॉर्ड नही है।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों की कमी उजागर



■ छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों की मांग को लेकर किया मुख्य मार्ग में घंटो चक्काजाम

■ मामला - लाल बहादुर नगर हाई स्कूल में शिक्षकों की कमी होने का

**डोंगरगढ़,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। मक्का टोला मुख्य मार्ग में मंगलवार सुबह लाल बहादुर नगर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्कूल में शिक्षकों की कमी की मांग को लेकर घंटो चककाजाम किया है ।जिससे चिचोला से डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग में घंटो वाहनों की आवाजाही बाधित रही । छात्राओं ने बताया कि लाल बहादुर नगर शासकीय स्कूल को स्वामी आत्मानंद स्कूल बनाया जा रहा है जिसके चलते स्कूल में लगने वाली 9 वी 10 वीं 11 वीं और 12 वीं की कक्षाओं को लगभग दो माह से आईटीआई के बगल स्थित भवन में शिफ्ट किया गया है लेकिन जब से छात्राओं को इधर शिफ्ट किए गया तबसे ही यहां शिक्षकों की कमी हो गई है और जो शिक्षक है वे कक्षाओं में सही ढंग से आते नही हैं जिस वजह से बच्चों को अपना कोर्स पूरा करने परेशानियों का सामना करनाअपना कोर्स पूरा करने परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । स्कूल में इंग्लिश के 8 प्रीरेड होते हैं जिसमें केवल एक ही शिक्षक द्वारा पढ़ाया जाता है शिक्षक केवल स्टाफ रूम में रहते हैं कक्षाओं को केवल बच्चों के भरोसे छोड़ दे दिया जाता है छात्राओं ने बताया कि स्कूल में व्याप्त शिक्षकों की कमी समस्या के विषय में प्राचार्य काशीराम चंद्रवंशी को भी अवगत कराने की कोशिश की गई परंतु वे भी स्कूल में बहुत कम आते हैं आखिर छात्र-छात्रा को होने वाली समस्या के लिए किसे बताएं कोई भी जिम्मेदार शिक्षक बच्चों की समस्या का सुनने को तैयार नहीं है छात्र-छात्राओं ने मजबूरी में शिक्षकों की कमी को लेकर आज मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर आंदोलन किया । छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए हाई स्कूल में इंग्लिश भूगोल और साइंस के लिए शिक्षक का होना बहुत जरूरी है । वही स्कूली बच्चों द्वारा मुख्य मार्ग में चक्का जाम किए जाने की खबर लगते ही यहां अधिकारी वर्ग में हलचल मच गई और मामले की खबर लगते हीतहसीलदार पुलिस अनुभाग्य अधिकारी प्रभात पटेलचिचोला थाना प्रभारी नीरज वर्मा और सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय भारद्वाज मौके पर पहुंचे बच्चों से मिले और उनकी मांगों से विभाग के उच्च अधिकारी यो से अवगत कराकर एक सप्ताह के भीतर स्कूलों में शिक्षकों की कमी समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया है उक्त विषय में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय भारद्वाज ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शन कर मांग रखी गई है मांग से उच्च अधिकारियों का अवगत कराया जाएगा ।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ,
राजू- डॉक्टर साहब लीवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो ?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना सर।

# नवापारा और राजिम संकल्प शिविर में भाग लेने पहुंच रहे मुख्यमंत्री से जिले की आस

## अंचल की जनता को कका पर है भरोसा, देंगे नवापारा-राजिम को जिले की सौगात





**नवापारा राजिम,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। बुधवार 6 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संकल्प शिविर में भाग लेने राजिम और नवापारा दोनों शहरों में पहुंच रहे हैं। त्रिवेणी संगम के दोनों पाट पर राजिम और नवापारा शहर व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। दोनों शहर अलग-अलग जिला में आते हैं राजिम गरियाबंद जिला तथा नवापारा आज भी रायपुर जिला में है। दोनों जिला मुख्यालय की दूरी दोनों शहर से 45 किलोमीटर से अधिक है।जिला बनने की स्थिति में दोनों शहरों में पंख लग जाएंगे और विकास की नई गाथा लिखेंगी। पिछले 32 सालों से सिर्फ मांग ही चल रही है। अभिभाजित मध्यप्रदेश के समय से लेकर नए छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद भी संत कवि पवन दीवान राजिम जिला की मांग उठाते रहे। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद यहां के करीब 3 लाख से भी अधिक जनता लगातार जिला बनाने की मांग करते आ रहे हैं। परंतु किसी भी मुख्यमंत्री ने जनता के इस ऐतिहासिक मांग को पूरा नहीं किया है। भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने क्षेत्रीय विधायक अमितेश शुक्ला को 58000 से भी अधिक मतों से विजयी बनाया। यहां की जनता का कहना है कि राजिम विधानसभा को अभी तक जो सौगात मिलनी चाहिए वह नहीं मिला ।इन 5 साल के कार्यकाल में एक ही मांग शुरू से अंत तक रही है और अभी भी भूपेश पर भरोसा जाता रहे हैं कि राजिम जिला यदि कोई बनाएगा तो वह भूपेश बघेल ही है। भगवान राजीवलोचन एवं कुलेश्वरनाथ महादेव की नगरी को जिला बनाएं बिना वह अगला विधानसभा चुनाव में कैसे लीड ले सकता है। राजिम विधानसभा से अधिकतर कांग्रेस के प्रत्याशी जीतने के कारण इसे कांग्रेस का गढ़ भी कहा जाता है। वर्तमान में भी कांग्रेस के ही विधायक है।

**राजिम नयापारा को जिला नहीं बनाकर दोनों विधानसभा के लोग छले जा रहे हैं:** इसी तरह से अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ विधायक धनेंद्र साहू लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। कहना होगा कि इस विधानसभा के लोगों का भी पक्का विश्वास है कि जिला यदि कोई बनाएगा तो वह भूपेश बघेल ही है। युवा से लेकर उम्र दराज लोग बिना सोचे समझे सीधे कांग्रेस को वोट देते हैं कारण एक ही है कि राजिम नवापारा जिला बने। लगता है जनता की आवाज अभी तक जीतने वाले विधायक समझ नहीं पाए हैं न ही मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया है नतीजा दोनों विधानसभा के लोग कई वर्षों से छले जा रहे हैं। नई जनरेशन में पढ़े-लिखे युवाओं की सोच अब अलग होती जा रही है। कब स्थिति और परिस्थितियां दोनों बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है।

**इस बार जिला नहीं बन पाना पड़ सकता है कांग्रेस को भारी:** राजनीतिक सलाहकारों की मानें तो कि यदि भूपेश सरकार इस बार राजिम - नवापारा को जिला नहीं बनाएगा तो उन्हें दोनों विधानसभा गंवाना पड़ सकता है। जागरूक जनता को निर्णय बदलने में देर नहीं लगेगी। चुनाव जीतने में एक वोट तथा सत्ता में आने के लिए एक सीट का उतना ही महत्व है जितना सरकार बनाने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# फर्जी खबर को लेकर जिपं अध्यक्ष राकेश वर्मा ने की शिकायत

**बलौदाबाजार,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा बलौदाबाजार अंतर्गत 2 सितम्बर 2023 को एक पोर्टल वेवसाइट के माध्यम से जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा के विरुद्ध षड्यंत्र पूर्वक जनता के समक्ष गलत जानकारी प्रचारित किये जाने को लेकर थानें में शिकायत दर्ज करायी गई है। पोर्टल वेवसाइट के माध्यम से कहा गया है कि यदि बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा को टिकट नहीं मिला तो वे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा है कि उनके द्वारा इस प्रकार का कोई बयान नहीं दिया गया है। यह न्यूज पूर्णरुप से दूरभावना पूर्वक डालते हुए मेरे छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त घटना के संज्ञान आते ही जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रमुख कार्यकर्ताओ सहित सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में लिखित रूप में शिकायत दर्ज कराते हुए जांच कार्यवाही की मांग की।

उक्त घटना पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि इस प्रकार किसी की छवि को खराब करने का प्रयास करना गलत है इस पर पुलिस प्रशासन को शीघ्र कड़ी कार्यवाही करना चाहिए ताकि पुनः कोई भी व्यक्ति बिना कोई सबूत के दुर्भावना पूर्वक जनता के समक्ष गलत एवं भ्रामक संदेश जारी न करें। शिकायत दर्ज करने के अवसर पर रूपेश ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर, विक्रम गिरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण, भानु प्रताप वर्मा, सोनू वर्मा, मनोज प्रजापति, संदीप साहू, केके. वर्मा, तुलसी वर्मा, देवलाल वर्मा, डेरहा राम साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर आनंद पवार ने अपने शिक्षक एस.एल. सिन्हा का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया



**धमतरी,** 5 सितंबर (देशबन्धु)।शिक्षक दिवस के अवसर पर युवा नेता आनंद पवार ने अपने शिक्षक एस एल सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने शाल और श्री फल देकर श्री सिन्हा का सम्मान किया और उनकी शिक्षण सेवाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। आनंद पवार ने बताया कि सिन्हा सर ने हमें नूतन स्कूल में पढ़ाया है, एक विद्यार्थी के रूप में मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे सिन्हा सर के मार्गदर्शन में अपना विद्यार्थी जीवन बिताने का अवसर मिला, हमारे समय के सभी शिक्षको से मुझे जो स्नेह और आशीर्वाद मिला वह जीवन के हर एक क्षण में मुझे प्रेरणा देता है। आदरणीय सिन्हा सर की बहुत सी ऐसी बाते है तो मुझे सदैव याद रहेंगी। युवा नेता आनंद पवार को देखकर श्री सिन्हा बेहद खुश हुए और उन्होंने उनके जनसेवा और सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की उन्होंने आनंद पवार सहित विक्रांत पवार, गुरु गोपाल गोस्वामी, पंकज देवांगन और तुषार जैस को भी अपना आशीर्वाद दिया। आनंद पवार ने श्री सिन्हा के शतायु होने की प्रार्थना के साथ उन्हें शिक्षक दिवस की बधाई दी।

# राजिम भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने महिलाओं को हलषष्ठी व्रत पर दी शुभकामनाएं



**राजिम,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। राजिम भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने राजिम विधान सभा क्षेत्र के विशेषकर उन सभी माताओं को हलषष्ठी (कमरछठ) की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।जिन्होने अपने पुत्र के लिए सुख सर्मद्धी के लिए ब्रत रखा हे उन्होने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में हलषष्ठी मनाई जाती है। छत्तीसगढ़ में यह त्यौहार कमरछठ के नाम से मनाया जाता है। इस दिन घरों और मंदिरों में तालाब के प्रतिरूप स्वरूप सगरी बनाई जाती है। महिलाएं इकट्ठा होकर पसहर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# संसदीय सचिव को जन्मदिन की बधाई देने लोगों का लगा रहा तांता



## मंदिर पहुंच आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

**महासमुंद,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई देने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंगलवार को पूरे दिनभर जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मंगलवार को संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्मदिन पर आज मंगलवार को उनके निवास पर बधाई देने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने शहर के कचहरी चौक स्थित व बागबाहरा रोड के पेटोल पंप के पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा कर आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। बाद इसके स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा में भी मत्था टेका। इसके पश्चात संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। यहां से श्री चंद्राकर कांग्रेसजनों व अपने समर्थकों के साथ श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचे। यहां आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर वहां मौजूद जनसैलाब ने आतिशबाजी के साथ विधायक श्री चंद्राकर का स्वागत किया। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, विभिन्न विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संस्थानों, विभिन्न समाजिक पदाधिकारियों द्वारा संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का साफा एवं माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी गई। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाऊलाल चंद्राकर, कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री संजय शर्मा, अरुण चंद्राकर, अमर चंद्राकर, गोविंद साहू, ढेलू निषाद, खिलावन साहू, चमन चंद्राकर, गिरजाशंकर चंद्राकर, वीरेन्द्र चंद्राकर, राजू यादव, किशन देवांगन, पुष्कर चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, चूड़ामणि चंद्राकर, लोकेश चंदन साहू, केडी ध्रुव, दिलीप जैन, माणिक साहू, खोम सिन्ह, डॉ परमेश्वर साहू, राजेश साहू, द्रोण चंद्राकर, ईश्वर यादव, अमन चंद्राकर, राधेलाल सिन्हा, संतोष चंद्राकर, गौतम सिन्हा, हर्ष शर्मा, शिव यादव, शैलेन्द्र सेन, गजेंद्र साहू, गोलू मदनकर, जितेंद्र चंद्राकर नजरूद्दीन भाठी आदि शामिल थे। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई देने बीती रात से लोग संपर्क साधते रहे। मोबाइल से बधाई देने के साथ ही सोशल मिडिया में बधाई देने का सिलसिला आज मंगलवार को दिनभर चलता रहा। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर को जनप्रतिनिधियों ने जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समर्थकों ने संसदीय सचिव को लडडूओं से तौला विनोद चंद्राकर फैंस क्लब के तत्वावधान में शहर के ओवर ब्रिज के पास संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का शानदार तरीके से जन्मदिन >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# शिक्षक से ज्ञान पाकर ही आज वैज्ञानिक चांद पर तिरंगा फहराने में सफल हुए : विनोद शर्मा

**नवापारा राजिम**, 5 सितंबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का संचालन विद्यार्थी परिषद के द्वारा किया गया जिसमें प्रार्थना से लेकर अध्ययन-अध्यापन समस्त कार्य वरिष्ठ आचार्य नरेश यादव के निर्देशन में बच्चो ने किशोर भारती अध्यक्ष मोहनीश साहू प्राचार्य बने समस्त शिक्षक के रूप में उपस्थित बच्चे उनके मार्गदर्शन में कार्य किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व्यास नारायण चतुर्वेदी विद्यालय के सह सचिव, अध्यक्षता विनोद कुमार शर्मा विशेष अतिथि,गौरी शंकर निर्मलकर प्राचार्य, कृष्ण कुमार वर्मा परीक्षा प्रमुख ने दीप प्रज्ज्वलित कार किया।



**बच्चे मोबाइल से सीख लेते हैं ज्ञान और क्षमता है जरूरत हे तो प्रोत्साहित करने की : नारायण चतुर्वेदी**

अपने उद्बोधन में व्यास नारायण चतुर्वेदी ने कहा की आज के बच्चें मोबाईल के माध्यम से बहुत कुछ सीख लेते हैं ।उनमें ज्ञान की कमी नहीं सभी क्षमता हैं जरुरत हैं तो उन्हें प्रोत्साहित करने की शिक्षक की जिम्मेदारी सबसे बड़ी होती हैं राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान महत पूर्ण होता हैं ।पढ़ाई के साथ बच्चो को नवाचार के माध्यम से क्रियाशील बनाएं और एक योग्य नागरिक तैयार कर पुण्य कर्म में सहभागी बनें।

**शिक्षक मूर्तिकार हैं अबोध बच्चों को ज्ञान से विभिन्न आकार देते हैं**

**सशिमं में नवापारा में विद्यार्थी परिषद ने संभाला विद्यालय का संपूर्ण दायित्व**

अध्यक्षता कर रहे विनोद कुमार शर्मा ने कहा की सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस को हम शिक्षक दिवस के रुप मे मनाते हैं ।शिक्षक ही सबसे सुंदर मूर्तिकार हैं वे अबोध बच्चे को ज्ञान से विभिन्न आकार देते हैं और आज्ञाकारी सेवाभावी राष्ट्रभक्त बनाकर भावी युग के निर्माता तैयार करते हैं। गुरु के ज्ञान पाकर ही आज हमारे वैज्ञानिक चांद पर तिरंगा फहराने में सफ्ल हुए।

प्राचार्य गौरी शंकर निर्मलकर आचार्य कृष्ण कुमार वर्मा ने भी सम्बोधित किया । इस अवसर पर अतिथिगणों द्वार नरेश यादव नरेंद्र साहू दीपक देवांगन नारायणा पटेल संजय सोनी रेणु कुमार निर्मलकर तामेश्वर साहू नंद कुमार साहू वाल्मीकि धीवर धनेश्वरी मोनिका मालवीय निकिता यादव, परमेश्वर सिन्हा निकिता तराने ममता साहू मंजू साहू जय श्री साहू , अन्य कर्मचारी वाहन चालक पुष्पा साहू रामप्रसाद निषाद हेमनाथ साहू लवकुश पटेल जानकी साहू का श्रीफ्ल कलम और आचार्य वेश भेंट कर तिलक वंदन कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र पीयूष साहू आभार छात्रा वसुंधरा तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में किशोर भारती कन्या भारती बाल भारती के पदाधिकारियों वर्षा देवांगन अविनाश मारकम अंकित साहू भास्कर साहू मुस्कान साहू खुशबू साहू खुशबू यादव शेखर सोनकर कबीर साहू कुलदीप सेन तमन्ना रजक पायल साहू प्रांजलि शर्मा का महत्व पूर्ण योगदान रहा। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार से सरोज कंसारी ने दी।

# शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना में विधायक शिवरतन शामिल हुए

**भाटापारा**, 5 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीरनारायण सिंह जी का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है। सोनाखान के वीर नारायण सिंह जी ने जहां गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, वहीं उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम जियें तो देश के लिए और मरे तो भी देश के लिये।



उक्त बातें भाटापारा विकासखंड के ग्राम सुरखी में आयोजित च्अमर शहीद वीरनारायण सिंह जीज् की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़,विधायक शिवरतन शर्मा ने सम्मिलित होकर कही.

विधायक शर्मा ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह जी ने सोनाखान की धरती में जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था। आज भी देश में जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है तो शहीद वीरनारायण सिंह जी का नाम सबसे पहले याद किया जाता है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की आदिवासी समाज सदियों से अपने विशिष्ट कला-संस्कृति, खान-पान, नृत्य-गान, बोली- भाषा, श्रृंगार-वेशभूषा, परम्परा और विरासत के लिए प्रसिद्ध व आकृष्ट रहा है।

आदिवासी समाज जल-जंगल-जमीन के संरक्षण में सदैव अग्रणी रहा है। प्रकृति के सेवक के रूप में समाज की विशिष्ट पहचान रही है। सामाजिक सुधार व उत्थान में तत्पर, देश-प्रदेश के प्रगति में भी आदिवासी समाज की भागीदारी सर्वोपरि रही है।

उक्त कार्यक्रम में पोषण यादव,पूनम बघेल, टेकसिंह ध्रुव, हनुमंत ध्रुव, जगदीश ध्रुव, घानाराम ध्रुव, अजय ध्रुव, गनपत ध्रुव, आनंद ध्रुव, राम ध्रुव, केकती ध्रुव, जेठिया ध्रुव, संतोष मरई, सहित समस्त गोंड समाज एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आरंग में कांग्रेस का संकल्प शिविर आज

**मुख्यमंत्री विस के कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित**




**आरंग**, 5 सितंबर। बुधवार को आरंग के राजीव भवन में संकल्प शिविर का आयोजन होगा, जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आरंग विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे ।इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज,जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे,क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया उपस्थित होकर कांग्रेस के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर विधानसभा के पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति के बारे में जानकारी देंगे और कार्यकर्ताओ को आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प दिलाएंगे ।कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।मंत्री डॉ.डहरिया ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अधिवक्ता संघ भाटापारा के समस्त अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से विरत रहे

**भाटापारा**, 5 सितंबर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर अधिवक्ता संघ द्वारा 27 सितंबर को छत्तीसगढ़ के समस्त अधिवक्ता संघों का बैठक अधिवक्ता कक्षा में आहूत कर निर्णय लिया गया था कि छत्तीसगढ़ राज्य के अधिवक्तागाणों का बहु प्रतिक्षिय मांग अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराना, अधिवक्ता मृत्यु दावा राशि 10 लाख शासन की ओर से दिये जाने की स्वीकृति एवं छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त अधिवक्ताओं का 10 लाख तक का सामूहिक बीमा कराया जाने हेतु तीन सूत्री मांगों को शासन द्वारा आश्वासन मिलने पर भी पूर्ण न होने पर छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त अधिवक्ता संघों द्वारा आज दिनांक 04.09.2023 को पुन:उपरोक्त 03 सूत्रीय मांगो को लेकर शासन से पूर्ण कराये जाने के संबंध मे छत्तीसगढ़ के समस्त अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया।



जिसके अंतर्गत अधिवक्ता संघ भाटापारा के समस्त अधिवक्ता आज दिनांक 04.09. 2023 दिन सोमवार को न्यायालयीन कार्य से विरत रहे और शाम 4:00 बजे माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छत्तीसगढ़ को ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम नरेंद्र यदु अध्यक्ष अधिवक्ता संघ भाटापारा के नेतृत्व में सभी अधिवक्ता के सहयोग से किया किया। जिसकी जानकारी जितेंद्र मिश्रा अधिवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अधिवक्ता संघ भाटापारा द्वारा दी गई।

# डॉ. ढालेन वर्मा बलौदाबाजार से प्रबल दावेदार

**कोहका नेवरा**, 5 सितंबर (देशबन्धु)। ज्यों ज्यों विधानसभा का चुनाव नजदीक आ रहा है संभावित प्रत्याशियों का धड़कने बढ़ने लगा है इस समय भाजपा छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए 21 प्रत्याशियों का नाम जारी कर दिया है बाकी के लिए प्रबल दावेदार अपने नेताओं से लगातार संपर्क साधा हुआ है उसी क्रम में बलौदा बाजार सीट के लिए डॉक्टर ढलान वर्मा तिल्दा क्षेत्र के निवासी है और अपने दावेदारी प्रमुखता से मैदान में उतरने के लिए कमर कस चुके हैं पूर्व में भी दावेदारी कर चुका है सीधे-साधे सरल स्वभाव के डालें वर्मा दो बार रजिया पंचायत से सरपंच रह चुके हैं सरपंची कार्य में रजिया व खूड़मुड़ी गांव में विकास की गंगा बहाई है उसके बाद तिल्दा क्षेत्र में 7 नवंबर से जिला पंचायत के सदस्य रहकर अनेकों गांव के अपने मद से ग्रामीणों का विकास कर चुका है क्योंकि हर बार दोनों पार्टियों के कांग्रेस व भाजपा हमेशा बलोदा बाजार से ही प्रत्याशी बनता है क्योंकि तिल्दा नेवरा भी बलौदा बाजार विधानसभा में आता है लेकिन उच्च नेताओं के चलते इस क्षेत्र से प्रतिनिधि को टिकट नहीं मिलता तिल्दा नेवरा से हमेशा भाजपा लीड करता है इस बार जनता का मांग है कि तिल्दा नेवरा क्षेत्र से प्रत्याशी हो और विधानसभा में विधायक हो जिससे तिल्दा क्षेत्र में विकास हो सके कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल को जनता देख चुका है झूठे वादे कर सत्ता पर का बीज होने के कारण तिल्दा क्षेत्र का विकास रुका पड़ा है वर्तमान में यहां के विधायक जोगी कांग्रेस का है और उसका झुकाव भाजपा के तरफ जाते दिखाई दे रहा है जिससे भाजपा का विधायक बनना तय है।

## सार-संक्षेप

### मतदाता जागरूकता अभियान



**भाटापारा**, 5 सितंबर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (छग) एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.09.2023 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46-भाटापारा, तहसील भाटापारा के मतदान केन्द्र कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा के प्रांगण में आम जनता के अवलोकन हेतु ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों ऑन हैण्ड प्रदर्शन किया गया। जिससे कि आम नागरिकों को ईवीएम में अपने मताधिकार कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। इस मशीन का प्रदर्शन प्रदर्शन अधिकारी 1.श्री राजेश नामदेव 2.श्री कृपाराम ध्रुव के द्वारा किया गया।

### संकल्प शिविर में राजिम पहुंचेंगे मुख्यमंत्री आज

**नवापारा राजिम**, 5 सितम्बर।



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 06 सितम्बर 23 बुधवार को प्रात: 11 बजे कृषि उपज मण्डी नवापारा में एवं दोपहर 1 बजे कृषि उपज मण्डी राजिम में विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे सहित क्षेत्रीय विधायक धनेंद्र साहू की गरिमामय उपस्थिति रहेगी. शिविर में मतदान केन्द्र प्रबंधन, कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां व कांग्रेस की नीतियां एवं कार्यक्रम, प्रदेश भाजपा की भ्रष्ट एवं जनविरोधी नीतियां, मोदी सरकार के भ्रष्टाचार एवं जनविरोधी नीतियां विषयों पर चर्चा होगी. उक्ताशय की जानकारी देते हुए नवापारा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा एवं राजिम ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने उक्त कार्यक्रम में जोन, सेक्टर, बूथ स्तर के कार्यकर्ता, ब्लाक कार्यकारिणी, नगरीय निकाय के कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधि अध्यक्ष,, तथा इंटक सभी विभाग अनु. जाति विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहने की अपील की है.

# कलयुगी पिता ने अपने ही पुत्र का आंख फोड़ा, गिरफ्तार

**पिथौरा**, 5 सितंबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्राम ठाकुरदिया खुर्द निवासी युवक गजानन ने अपने 5 वर्षीय पुत्र जय कुमार सिन्हा की अपने ही हाथों हंसिया से दोनों आंखे फोड़ दी। मासूम की मां नही है लिहाजा उसकी दादी उसके उपचार के लिए प्रयासरत है। सोमवार की रात कोई 9 बजे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ऐसा मामला आया जिसे देखकर डॉक्टर सहित मेडिकल स्टाफ की आंखे भी नम हो गयी। रात्रिकालीन डयूटी में मौजूद चिकित्सा स्टाफ ने बताया कि रात कोई 9 बजे 108 एम्बुलेंस से एक 5 वर्षीय बच्चे को लाया गया। इस बच्चे की दोनों आंखे खून से लथपथ थी। साथ मे जय कुमार की दादी थी। दादी ने डॉक्टरों को बताया कि उसके पोते की आंख उसके पुत्र एवं जय के पिता गजानन सिन्हा ने हसिया से फोड़ डाली। रात्रिकालीन डयूटी में मौजूद डॉक्टर अवनीश ने इस प्रतिनिधि को बताया कि रात कोई 9 बजे ज़ब गजानन की मां अपने पोते जय कुमार को लेकर आई तब वह परेशान थी। उसका पोता लहूलुहान था। दोनों आंखे बाहर दिख रही थी। ऐसी स्थिति में अस्पताल में मौजूद चंद स्टाफ भी बेचैन हो गया था। सभी यह सोच कर बच्चे के प्रथम उपचार में जुटे थे कि जैसे तैसे उसकी आंखें वापस आ जाये। इसी को ध्यान में रखते हुए तत्काल जय को प्रथम उपचार देकर तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। जहां से उच्च उपचार हेतु उसे रायपुर भेजने की खबर है।



**एम्बुलेंस की कमी, डॉक्टर ने कराई व्यवस्था**

रात में लगातार दुर्घटनाओं के कारण 108 एम्बुलेंस व्यस्त थी। 112 डायल भी मोबाइल अटेंन नही कर रहे थे लिहाजा निजी एम्बुलेंस से स्वयम खर्च देने की बात कर जिला अस्पताल भेजा गया।

**फोन आया और मैंने आंख फोड़ दी**

जय की दादी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा के स्टाफ को बताया कि रात में पुत्र गजानन किसी से मोबाइल पर बात की और उसने बच्चे की आंख फोड़ने कहा और पुत्र ने पोते की चाकू नुमा पवसूल से आंख फोड़ दी। बहरहाल घटना के बाद स्थानीय पुलिस आरोपी पिता गजानन सिन्हा को पकड़ कर उससे पूछताछ में जुट गई है।

# संतानों की दीर्घायु व सुख समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**नवापारा राजिम**, 5 सितम्बर। क्षेत्र में हलषष्ठी का पर्व बड़े धुम-धाम, हर्षोल्लास एवम विधि विधान पूर्वक मनाया गया। महिलाओं ने अपने पुत्रों की दीर्घायु और समृद्धि की कामना के लिए हलषष्ठी का व्रत रखा। क्षेत्र सहित गांव-गाँव में माताओं-बहनों ने एक साथ सामूहिक रूप से भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती के प्रतीक के रूप में सगरी बनाकर, जल चढ़ाकर, नारियल, धूप बत्ती, लाई एवं पसहर चांवल के प्रसाद चढ़ाकर सगरी पूजा की।



संतानों की दीर्घायु व सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हुए क्षेत्र की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हल षष्ठी की कथा सुनी। महिलाओं ने बताया कि इस दिन व्रत के दौरान वह कोई अनाज नहीं खाती हैं हलषष्ठी व्रत में हल चले उत्पन्न अनाज और सब्जियों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। व्रत में पसहर का चावल ,6 प्रकार की भाजी की सब्जी आदि खा कर व्रत तोड़ा जाता है । हलषष्ठी व्रत में सिर्फ भैंस का दूध, दही और घी का प्रयोग किया जाता है।

**इसलिए मनाया जाता है यह पर्व**

भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी बलराम जन्मोत्सव के रूप में देशभर में मनायी जाती है। बलदाऊ और हलधर के नाम से प्रसिद्ध श्री बलराम जी ,भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई हैं। इस दिन भगवान शेषनाग ने द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई के रुप में जन्म लिया था । इस पर्व को हलषष्ठी एवं हरछठ के नाम से भी जाना जाता है। बलराम जी का मुख्य शस्त्र हल और मूसल हैं जिस कारण इन्हें हलधर कहा जाता है इन्हीं के नाम पर इस पर्व को हलषष्ठी भी कहा जाता है। इस दिन बिना हल चले धरती से उत्पन्न होने वाले अन्न, शाक-भाजी आदि खाने का विशेष महत्व माना जाता है.

## प्रादेशिकी का शेष...

### नवापारा और राजिम, संकल्प...

में लगता है। एक सीट भी कम पड़ जाए तो 5 साल के लिए कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ सकता है। वैसे भी छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अमितेश शुक्ल के कैबिनेट मंत्री होने के बाद भी राजिम विधानसभा से सन् 2003 में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था और भाजपा के नए उम्मीदवार चंदूलाल साहू ने चुनाव जीतकर रिकॉर्ड बना दिया था जो पूरे प्रदेश में चर्चा था। सन् 2013 में भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश लिए प्रत्याशी संतोष उपाध्याय चुनाव जीते और विधायक बन गए। इसी तरह अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से सन् 2008 में यहां की जनता का मूड बदल गया और सीधे भाजपा के चंद्रशेखर साहू को चुनाव जीता कर विधायक बना दिए। उस समय भाजपा की सरकार बनी और इन्हें कैबिनेट में स्थान देते हुए कृषि मंत्री भी बना दिया गया। उल्लेखनीय है कि आम जनता से लेकर जनप्रतिनिधि तक राजिम जिला के पक्ष में है। हर हाल में राजिम को जिला के रूप में देखना चाहते हैं। कार्यकाल समाप्त होने से पहले भी यदि राजिम नवापारा को जिला घोषित कर दिया जाता है तो मुख्यमंत्री भूपेश को राजिम और अभनपुर दोनों सीट सरलता से मिल सकते हैं। जनता को भरोसा है भूपेश आखरी समय में ही राजिम को जिला बनाएगी। इधर 6 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संकल्प शिविर में भाग लेने के लिए राजिम और नवापारा दोनों शहरों में आ रहे हैं इससे यहां की जनता की उम्मीदें बढ़ गई है कि भगवान राजीवलोचन की नगरी को जिला जरूर बनाएगी।

**मुख्यमंत्री का राजिम प्रेम किसी से छिपा नहीं, अनेकों बार आए राजीव लोचन और कुलेश्वर महादेव के दर्शनार्थ**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धर्म नगरी राजिम से प्रेम किसी से छिपी नहीं है मांघी पुन्नी मेला के समय कई बार राजिम आते हैं। पिछले वर्ष तो मेला की शुभारंभ और समापन दोनों समय राजिम पहुंचे। इसके बाद भी समय-समय पर भगवान राजीवलोचन एवं त्रिवेणी संगम के मध्य में स्थित विश्व प्रसिद्ध कुलेश्वरनाथ महादेव का दर्शन करने अपनी हाजिरी लगाते रहते हैं। पूरे प्रदेश में अपने भाषण के दौरान राजिम की महिमा का गुणगान करते हुए नहीं थकते हैं। कुछ दिन पहले राष्ट्रीय संत प्रदीप मिश्रा का प्रवचन राजधानी रायपुर में हुआ। समापन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम की गाथा का बखान करने लगे। इनके महत्व एवं हरि और हर के जयकारा लगाया। अप्रैल में भेंट मुलाकात के दौरान राजिम पहुंचे तो वह एक रात्रि विश्रामगृह में रुका। वह राजीवलोचन मंदिर सुबह पहुंचने वाले थे लेकिन शाम को ही दर्शन के लिए अचानक से पहुंच गए। उन्होंने दूसरे दिन अल सुबह कुलेश्वरनाथ महादेव का दर्शन भी किया।

### राजिम भाजपा प्रत्याशी रोहित...

चावल, काशी फूल, महुआ पत्ते, लाई अर्पित कर भगवान शिव और सगरी की पूजा-अर्चना करती हैं। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर अपने बच्चों के स्वास्थ्य, लंबी उम्र और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। मुख्यमंत्री ने कामना की है कि सभी माताओं की कामना पूरी हो, सभी बच्चे स्वस्थ और खुशहाल रहें।

### संसदीय सचिव को जन्मदिन...

मनाया। यहां संसदीय सचिव श्री चंद्राकर को लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया। इस दौरान विनोद चंद्राकर फैंस क्लब के बबलू हरपाल, सूरज नायक, दीपक ठाकुर, रविंद्र महानंद, दीपक चंद्राकर सहित फैंस क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने शिक्षकों का सम्मान कर आर्शीवाद लिया। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने डा साधना कसार, हितेंद्र शर्मा, प्रमोद कन्नौजे, अशोक गिरी गोस्वामी, टेकराम सेन, रामकुमार साहू, मधु शर्मा, प्रभा पंडा, तुलेंद्र सागर, नंदकुमार सिन्हा का साल श्रीफ्ल से सम्मान किया।

# अंतराष्ट्रीय समरसता मंच नेपाल के द्वारा डॉ. आभाष अग्रवाल सम्मानित

**सरायपाली**, 5 सितंबर (देशबंधु)। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सरायपाली के डॉ. आभास अग्रवाल को अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच नेपाल के द्वारा सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के सभागृह में सम्मानित किया गया। देशभर के विशिष्ट शिक्षकों को एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेपाल के पूर्व प्रथम उपराष्ट्रपति व सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश परमानंद झा मुख्य अतिथि व अध्यक्षता डॉ जीवी राव वाइस-प्रेसिडेंट द इंडियन सोसाइटी आफ इन्टरनेशनल ला थे। कार्यक्रम का आयोजन, संयोजक अंतर्राष्टीय समरसता मंच महावीर प्रसाद टोरडी ने किया , विशिष्ट अतिथि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण पारेख,एपी सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय थे । कार्यक्रम में उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान ,छत्तीसगढ़ ,सिक्किम, महाराष्ट्र ,दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के शिक्षक उपस्थित थे । जिनका सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परमानंद झा ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान का यह असर उनके लिए विशेष सुखद क्षण है शिक्षकों को शासन द्वारा सम्मान के समान अवसर अक्सर नहीं मिल पाते हैं ऐसे में समरसता मंच जैसे विश्व की बड़ी संस्था का आगे आना एक अच्छी बात है। उन्होंने बताया कि 22 देश से समरसता मंच को नैतिक समर्थन मिला हुआ है जो अपने आप में इस विशिष्ट बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल का रिश्ता वैदिक कालीन है और यह रिश्ता आगे यूं ही गहरा बनता रहेगा। महावीर प्रसाद तोरडी ने कहा कि भारत नेपाल में रोटी बेटी का रिश्ता है, माता-सीता की जन्मस्थली नेपाल होने के कारण नेपाल भारत का स्वाभाविक रूप से ननिहाल होता है ।यह संस्था 40 वर्षों से काम कर रही है ।आप अपनी बातों को मंच के माध्यम से यूएनओ के द्वारा विभिन्न देशों की सरकारों तक पहुंचा सकते हैं। 26 से 29 दिसंबर तक काठमांडू में 22 प्रमुख सांस्कृतिक संबंध वाले देश का सम्मेलन होगा । जिसमें सामाजिक समरसता को लेकर अपने विचार रखने के लिए उन्होंने अनेक प्रतिभाओं को आमंत्रित किया ।

जिसमें छत्तीसगढ़ के डॉक्टर आभास अग्रवाल एमडी प्रतिभा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट को भी आमंत्रित किया गया। अवसर पर अनेक वक्ताओं ने शिक्षकों के महत्व शिक्षकों की भूमिका एवं उनका सामाजिक स्थान पर प्रकाश डाला। प्रतिभा ग्रुप की डायरेक्टर अवधेश अग्रवाल ने शिक्षा का महत्व सदैव बना रहेगा ऐसे में ग्रामीण परिवेश में काम करना कठिन ही नहीं चुनौती पूर्ण होता है ।उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसा कार्य हैं जो की पीढ़ियों को आगे बढ़ता है।

## निधन

### श्रीमती मंजू मालू

**महासमुंद**, 5 सितंबर। स्थानीय बाजारवार्ड निवासी 47 वर्षीय श्रीमती मंजू मालू का रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे मनीष मालू की धर्मपत्नी व जैन मेडिकल के संचालक गुमान मालू की पुत्रवधु थी। अंतिम संस्कार बुधवार 6 सितंबर को दोपहर 12 बजे के बाद किया जाएगा।



### बीवीके रेड्डी

**भिलाई नगर**, 4 सितंबर। मार बेसिलियोस विद्या भवन, कैलाश नगर, भिलाई स्कूल के प्राचार्य बीवीके रेड्डी, 65 वर्ष का आज हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 5 सितंबर दिन मंगलवार को उनके निवास डप्ळ 1.1015 से शाम 4.00 बजे निकाली जाएगी।



# कसडोल क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की शिकायत कलेक्टर ने लगाई आबकारी अधिकारी को कड़ी फटकार

**बलौदाबाजार,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा के तहत विभागीय कार्यों की कामकाज की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कसडोल क्षेत्र के ग्राम गबौद एवं उसके आसपास के ग्रामीणों द्वारा जनचौपाल में अवैध शराब विक्रय पर मिले आवेदनों पर गंभीर चिंता व्यक्त करतें हुए आबकारी अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि जिले में कही भी अवैध शराब की विक्रय बर्दाशत नही की जाएगी। उन्होंने विभाग के कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत देते हुए ऐसे लोगों के खिलाफकार्रवाई करनें के निर्देश दिए है। साथ ही ऐसे प्रकरणों में जब्त गाड़ियों को शीघ्र ही राजसात करने की कार्रवाई करनें कहा है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में 14 से 17 सितंबर तक कसडोल नगर में राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें रग्बी,गतका एवं फेसिंग के प्रदेश भर के लगभग 700 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। कलेक्टर ने आयोजन को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को खिलाड़ियों के लिए की आवास से लेकर परिवहन सहित अन्य व्यवस्था समय सीमा के भीतर में करने के निर्देश दिए है।



- कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा
- समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

कलेक्टर चंदन कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुवे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री कुमार ने चुनाव संबंधी कार्यों तथा स्वीप गतिविधियों की जानकारी लेते हुवे जिले में दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, बुजुर्ग, महिला मतदाताओं सहित 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित और जागरूक करने कहा। कलेक्टर ने जिले में शांतिपूर्वक चुनाव कराए जाने के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी समस्त कार्य, मतदान केंद्रों की संपूर्ण व्यवस्था, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन के वैधानिक दायित्व का निर्वहन, नामनिर्देशन, मतदान सामग्री प्रभारी, मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री वापसी, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति तैयार करना, पोस्टल बैलेट पेपर एवं सर्विस वोटर्स हेतु ईटीपीबी तथा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र का संपूर्ण व्यवस्था, रूट चार्ट, जोन सेक्टर का निर्धारण एवं मानचित्र निर्माण, अभ्यर्थियों को सूची उपलब्ध कराना, मतदान दल एवं मतगणना दल का गठन सहित चुनाव संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए ।बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली ।उन्होंने आज बैठक में रीपा,मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, बेरोजगारी भत्ता,पौनी पसारी, जल जीवन मिशन, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक, सुराजी गांव योजना, गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना,वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की है। बैठक में अपर कलेक्टर बी सी एक्का, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे सभी एसडीएम,जनपद सीईओ, सीएमओ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# संतान की मंगल कामना के लिए माताओं ने रखा व्रत



**पलारी,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। मँगलवार को नगर सहित समूचे अँचल मे सुहागिन माताओ ने अपने सँतान की सुख समृद्धि, दिर्घायु और निरोग जीवन के लिए हलषष्ठी ( कमरछठ ) का कठोर व्रत रखा इससे माताओ ने एक दिन पहले ही पूजा की पुरी तैयारी कर ली थी ।हलषष्ठी के दिन माताए अलसुबह उठकर घर का काम निबटाई पश्चात स्नान कर पूजा की तैय्यारी मे जुट गई।

इस दौरान महिलाएं समूह में एक जगह इकट्ठा होकर सगरी तैयार की गई जिसके चारो बैठकर माताए पूजन सामग्री भैँस का दुध, दही, घी, लाई, महुवा, बिरही, कासी आम्रपत्र, पसहर चाँवल,चँदन, रोली,गुलाल, पुष्प,दुर्वा, अगरबत्ती, ऋतुफल, नारियल, छह प्रकार की भाजी,छह प्रकार के खिलौने, छह प्रकार के अनाज पूजा विधि में इस्तेमाल किया गया इस दौरान तक माताओ ने पानी का घुट तक नही लिया, सँतान पर कोई कष्ट न हो माताए विधि विधान से पूजा अर्चना करने के पश्चात ब्राह्मणों से व्रत कथा का रसपान किया तत्पश्चात देर शाम तक पूजा मे उपयोग पसहर चावल और छह प्रकार की भाजी को बनाकर ग्रहण किया ।नगर पलारी मे सरस्वती मिश्रा के घर मे , सरस्वती चौक, शितला चौक, ठाकुर देव चौक, माहमाया चौक, गाँधी चौक, बलौदाबाजार मार्ग, रायपुर मार्ग, ,बघेल कालोनी और बाल समुँद डीप गार्डन के समीप एकत्र होकर पूजा अर्चना की और कथा का श्रवण किया।

# हायर सेकेंडरी स्कूल दतान प में शिक्षक दिवस मनाया गया



**पलारी,** 5 सितंबर (देशबन्धु)।पलारी विकास खंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। शिक्षक पद से राष्ट्रपति तक के पद को सुशोभित करने वाले डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर शिक्षकों ने कार्यक्रम शुभारंभ किए। छात्र छात्राओं ने अपने गुरु जनों के सम्मान में भावपूर्ण विचार प्रस्तुत किए और पेन देकर सम्मानित किए। प्राचार्य टी आर ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तिष्ठत जाग्रत वरानिबोधत अर्थात स्वामी विवेकानंद जी के यह उपदेश उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको इसे हम सबको अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। संस्कृत व्याख्याता डॉक्टर कोमल वैष्णव ने कहा कि इस सृष्टि में हर मानव का कोई न कोई गुरु अवश्य होता है क्योंकि बिना गुरु के ज्ञान की प्राप्ति कदाचित संभव ही नहीं है अत: हमें अपने मार्ग दर्शक ज्ञान दाता गुरु जनों का सम्मान अवश्य करना चाहिए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक आदर्श शिक्षक थे और हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति थे उनकी श्रेष्ठता और महानता के कारण ही उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्राचार्य टी आर ध्रुव एमके वर्मा डॉ.कोमल वैष्णव पीके साहू विजय कुर्रे देवेंद्र लहरे रविशंकर साहू तामेश्वर बंजारे ललित वर्मा सुश्री गीता श्रेय और विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# अब युवा तरुणाई को आगे आने की जरूरत : गौरीशंकर अग्रवाल

**लवन,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। युग बदल रहा है, तकनीक भी बदल रही है। अब जरूतर है युवा तरूणाई को आगे आने की। हम लोग कर्म योगी है और यदि हमने कर्म को पूरी ईमानदारी से किया तो सफलता हमारे कदम चूमेगी। उक्त आशय का विचार आज लवन नगर में आयोजित भारतीय जनता युवा मोर्चा विधानसभा क्षेत्र कसडोल के कार्यकर्ताओं द्वारा नव मतदाता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने व्यक्त किया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ चले वोट के सुपरस्टार हीरो पद्मश्री अनुज शर्मा ने भारी संख्या में उपस्थित भाजयुमो कार्यकर्ताओं एवं नव मतदाता युवाओं को संबोधित करते हुए कहा किअपने कार्य में सफल होने के लिए जुनून के साथ विनम्रता की भी जरूरत है। हम हमेशा अपने हितों की रक्षा के लिए लड़ते आए हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। श्री शर्मा ने केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। श्री अग्रवाल एवं श्री शर्मा ने भारी संख्या में आए नव मतदाताओं का भाजपा का गमछा पहनकर स्वागत एवं अभिनंदन किए। सर्वप्रथम उन्होंने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधि विधिवत रुप से शुभारंभ किए। आज के इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा को ऋषणेता गौरी शंकर अग्रवाल जी, छालीवुड के सुपरस्टार पद्मश्री भाजपा नेता अनुज शर्मा जी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर अजय राव, भाजयुमो के संभाग प्रभारी रोहित महेश्वरी, जिला प्रभारी विकास मित्तल, जिला सह प्रभारी प्रवीण साहू, विधानसभा प्रभारी हेमंत साहू जिला पंचायत के सदस्य नवीन मिश्रा, सुश्री खुशबू बंजारे, महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती सरिता जायसवाल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुनील यदु, उपाध्यक्ष अनुपम बाजपेई, जिला महामंत्री प्रशांत यादव, कोषाध्यक्ष गणेश शंकर साहू, भाजपा मंडल लवन के अध्यक्ष विजय यादव, पलारी भाजपा मंडल का अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, कसडोल मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, दक्षिण पलारी मंडल के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पवन साहू, महिला मोर्चा लवन के मंडल अध्यक्ष श्रीमती त्रिवेणी मानिकपुरी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, लवन मंडल के महामंत्री गोविंद धृतलहरे, महामंत्री नरेश साहू, मंत्री सर्वेंद्र साहू, डाक्टर दौलत वर्मा, युवा नेता भावेश तिवारी, मंडल कोषाध्यक्ष दक्षिण पलारी मुकेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमेश यदु, रामलाल कुर्रे भोला वर्मा, पार्षद एस कुमार धीवर, महेंद्र जायसवाल, चूड़ामणि सिंघम, पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र साहू, सहित भारी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्तागण, नव मतदाता युवक एवं युवतियां उपस्थित थे।

# प्राथमिक विद्यालय केशला में मनाया गया शिक्षक दिवस

**खरोरा,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शाला में अध्ययनरत छात्राओं के द्वारा हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया ।सर्वप्रथम बच्चों के द्वारा शिक्षकों को आमंत्रित कर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन कराया गया ।बच्चों के द्वारा आमंत्रित शिक्षकों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया ।छात्र छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस पर गीत भाषण प्रस्तुत किया गया।



शिक्षक दिवस के अवसर पर बच्चों के द्वारा कक्षा संचालन हेतु प्रधान पाठक एवं कक्षा शिक्षक चयन कर अध्यापन कार्य किया गया। बच्चों के द्वारा नियुक्त प्रधान पाठक प्रेम बंजारे एवं शिक्षक के रुप में तारणी, हेमलता, तुकेश्वरी, साक्षी, शीतल, निधी, नविका, संध्या, अनमोल, चांदनी, संजू, टिकेश्वरी, दीपिका, शिवम, लोकेश्वरी का चयन किया गया। प्रधान पाठक प्रेम बंजारे के कुशल नेतृत्त्व में सभी चयनित शिक्षकों के द्वारा शाला का संचालन सुन्दर, व्यवस्थित एवंअनुशासित ढंग से कक्षा का संचालन किया गया ।शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित शिक्षकों को बच्चों के द्वारा चयनित प्रधान पाठक प्रेम बंजारे नेश्रीफल,पेन,डायरी देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर श्रीमती इंदू देवांगन ने अपने उद्बोधन में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर मिसाइल मेन डॉ अब्दुल कलाम जैसे महान वैज्ञानिक बनने हेतु प्रेरित किया गया ।संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालकर शिक्षक दिवस मनाने के बारे में बताया गया ।शाला की ओर अच्छी शिक्षण कार्य करने के लिये कुमारी तारणी कक्षा पांचवीं एवं कुमारी निधी कक्षा पांचवीं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा,जयप्रकाश टंडन, इंदु देवांगन, अंजनी गिलहरे,गणेश्वरी नवरंगे,किरण वर्मा एवं रसोईया लक्ष्मी बंजारे,भुखैया,हेमलता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रकट कुमारी तारणी देवांगन कक्षा पांचवीं के द्वारा किया गया।

# विधायक अजय चंद्राकर ने किया अहाता निर्माण का भूमिपूजन

**कुरूद,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। आदिवासी सामुदायिक भवन कुरूद में गत दिवस गौड़ समाज कुरूद के तत्वावधान में6.50लाख रूपये लागत राशि के आहाता निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था.जिसके मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने अपने कर कमलों से नारियल तोड़कर भूमि पूजन किया.तत्पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर आदिवासी समाज के लोगों को बधाई दी. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज को अपने गौरवशाली इतिहास संस्कृति पर गौरवान्वित होना चाहिए. इतिहास आने वाली पीढ़ी को मार्ग प्रशस्त करता है. देश में हुई 1857 की पहली क्रांति के इतिहास का पुन- लेखन होना चाहिए. विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि 1857 की पहली क्रांति के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह ने जनमानस में देश के प्रति प्रेम जगाने का काम किया.उन्होंने रानी दुर्गावती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह मुगलों के हाथों लगने से पहले ही अपना गला काटकर शहीद हो गई.अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई,आदिवासी गोड़ समाज के अध्यक्ष शिवचरण नेताम, ए. आर.ठाकुर सहित अनेक वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया.इस अवसर पर सरजू राम परते, कुलंजन मंडावी,ललित ठाकुर, हरिश्चंद्र मंडावी, बसंत ध्रुव, संतोष सोरी, पोखराज नेताम, बोधन ध्रुव,ठाकुर राम नेताम, हुमन सिंह कतलम,जय पाल ठाकुर, कामता कुंजाम, महेंद्र नेताम, अलिंद्र ध्रुव, ईश्वरी नेताम,प्रेमलता नेताम दिनेश्वरी नेताम,चिंता राम मरकाम,रोहित नेताम, दीपक सोरी,घनश्याम कुंजाम,राधे मंडावी, तेजराम ध्रुव,भरोसा पटोडी,जन्मेजय ध्रुव, मनोज मरकाम,बालमुकुंद नेताम, भवन नेताम,परदेसी ध्रुव, दीनानाथ कोकट्टा, लखेश्वर नेताम,रामायण ध्रुव, अजय ध्रुव, यादराम मंडावी,कमलेश ध्रुव, राज कुमार ध्रुव,रेनू राम ध्रुव,भगत राम नेताम, कमल सोरी,कलीराम मरकाम,राजेंद्र मरकाम, बुधारू ध्रुव सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे.फलेन्द्र ध्रुव ने सभा का संचालन किया तथा आभार प्रदर्शन गौड़ समाज तहसील भखारा के अध्यक्ष ठाकुर राम नेताम ने किया।



# आदिवासी युवक की मौत को लेकर आक्रोशित आदिवासी समाज ने दूसरे दिन किया उग्र आंदोलन

## युवक की मौत को लेकर समाज का संदेह, आखिर जेल जाने के पहले स्वस्थ युवक की कैसे अचानक हो गई मौत

**गरियाबंद,** 5 सितंबर (देशबन्धु)।वनभूमि में अतिक्रमण मामले में गिरफ्तार आदिवासी युवक भोजराम ध्रुव की मौत को लेकर दूसरे दिन भी आदिवासी समाज ने जिला मुख्यालय में उग्र आंदोलन किया। दोपहर एक बजे जिला मुख्यालय के तिरंगा चौक के पास नेशनल हाईवे 130 सी जाम कर दिया। इसके चलते चौराहे के चारो दिशा में आवागमन बाधित हो गया। करीब आधे घंटे नारेबाजी के बाद समाज न्यायिक रिमांड में हुए भोजराम ध्रुव के मौत की सीबीआई जांच, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपए का मुआवजा, वनकर्मी के बर्खास्गी सहित सात सुत्रीय मांगो को लेकर वन विभाग के दफ्तर का घेराव किया। इस दौरान समाज ने रायपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी को भी घंटो जाम रखा। देर शाम सात सुत्रीय मांगो को लेकर मिले लिखित आश्वासन के बाद समाज ने आंदोलन वापस ले लिया।

इसके पहले प्रदर्शन के दौरान आदिवासी समाज ने वनविभाग और जेल प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए। समाज ने न्यायिक रिमांड के दौरान भोजराम की मौत को लेकर संदेह जताया। आदिवासी नेत्री और जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि जेल जाने के पहले स्वस्थ दुरूस्थ भोजराम ध्रुव की अचानक एकाएक न्यायिक रिमांड में कैसे मौत हो गई इसकी जांच की जाए। नेताम ने कहा कि वन विभाग एक साल से उसे प्रताड़ित कर रहा था। सालभर पहले उसकी खड़ी फसल बर्बाद कर दी थी। नेताम ने दो टुक कहा कि सरकार और वनविभाग आदिवासियो के साथ इस तरह की गुडागर्दी बंद करे। चितरीडुमर तेजराम ध्रुव ने तथा आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम ने कहा कि जेल जाने के बाद पहले दिन भोजराम स्वस्थ्य था। जेल प्रशासन ने भी परिजनो का बताया था। मौत की जांच होनी चाहिए।



इधर प्रदर्शन के करीब तीन घंटे बाद प्रशासनिक प्रतिनिधिमंडल चर्चा के लिए आया। डीएफओ मणिवागन एस, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एएसपी डीसी पटेल, एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक, एसडीएम भूपेंद्र साहू ने समाज प्रमुख से चर्चा की। दोनों पक्षों के बीच वनकर्मी के विभागीय जांच कर कड़ी कार्यवाही करने, मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने, एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने सही अन्य मांगो पर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिखित आश्वासन के आधार पर सहमति बनी। इसके बाद समाज ने अपना आंदोलन वापस ले लिया। जानकारी के मुताबिक समाज ने प्रशासन के समक्ष पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा राशि देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और डीएफओ और वनकर्मी को बर्खास्त करने, मामले की सीबीआई जांच करने, वनकर्मी के विरुद्ध एसटी एससी के तहत मुकदमा चलाने की मांग की थी।

- प्रदर्शन के दौरान चार घंटे जाम रहा नेशनल हाइवे, सात सूत्रीय मांगों पर लिखित आश्वासन के बाद समाज ने समाप्त किया आंदोलन
- सरकारी गुडागर्दी बन कर रहे सरकार : नेताम

इस दौरान लोकेश्वरी नेताम, भारत दीवान, उमेंद्र कोर्राम, महेंद्र नेताम, नवतूराम, बनसिंह सोरी, दालसिंग ठाकुर, इंदर ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव, गजेंद्र पुजारी, ईश्वर ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, प्रदेशीराम ध्रुव, आनंद मराई, तेजराम ध्रुव, भागुराम नेताम, देवेंद्र कश्यप, तोरण सिंह ठाकुर, मनीष ध्रुव, फिरतुराम कंवर, सुरेखा नागेश, भूपेंद्र ध्रुव, रविन्द्र ध्रुव, मोतीराम कंवर, बालकृष्ण ध्रुव, शंकर ध्रुव, जानकी ध्रुव, झरनी ध्रुव, दुलेश ध्रुव, मुकेश बिसेन, कमल दीवान सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के भाईबंधु उपस्थित थे।

प्रदर्शकारियो ने तोड़ा बेरीगेटस - इधर प्रदर्शन के दौरान आदिवासी समाज के युवा बेरीगेट्स तोड़कर फॉरेस्ट ऑफिस के दूसरे गेट से अंदर परिसर तक जा घुसे। बेरिगेट के साथ ही कुर्सी तोड़ दी। इस दौरान फॉरेस्ट अमला मूक दर्शक बना। आक्रोशित युवाओ ने यहां जमकर नारेबाजी की। वनमंत्री, डीएफओ, वनकर्मी के विरूध्द मुर्दाबाद के नारे लगाए। पुलिस ने प्रशासन मोर्चा सभाल युवाओ को बाहर किया। सुचना मिलते एसपी अमित काम्बले भी मौके पर पहुँचे। जबकि एएसपी डीसी पटेल, एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक, अनुज थाना प्रभारी राकेश तिवारी, एडीएम अविनाश भोई, एसडीएम भूपेन्द्र साहू, तहसीलदार पोर्त पहले से की मौजुद थे।

**15 किमी पहले से डायवर्ट करना पड़ा रूट:** चक्का जाम के चलते पुलिस प्रशासन ने रायपुर - देवभोग नेशनल हाईवे को जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर से डायवर्ट कर दिया। देवभोग से आने वाले वाहनों को 15 किमी पहले जोबा उर्तुली के पास से डायवर्ट कर सीधा जिला मुख्यालय गरियाबंद के बाहर से ग्राम मोहरा रवाना किया गया। इसी प्रकार रायपुर से आने वाले वाहन भी इसी रूट डायवर्ट किए गए। वही छुरा से देवभोग जाने वाले वाहनों को कोचवाय से बिन्द्रानवागढ़ और रायपुर जाने वाले वाहनों को कोचवाय से मालगांव डायवर्ट किया गया। वही छोटे छोटे वाहन के लिए केशोडार से तावरबाहरा, कोकड़ी, पाथरमोहंदा से होते हुए मालगांव तथा डोगरीगांव, पारागांव, मजरकट्टा होते हुए मालगांव रवाना किया गया।

**वनमंडलधिकारी मणिवासगन एस** ने कहा कि आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। मारपीट जैसी घटना नहीं हुई है। आरोप गलत है।

**वन रक्षक देवेंद्र तिवारी** ने कहा कि आरोपी ने कक्ष क्रमांक 582 में 3 एकड़ भूमि में कब्जा किया था जिसके विरुद्ध 22 अगस्त को प्रकरण बनाया गया था, उसके पहले अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई थी ।29 अगस्त को उसकी गिरफ्तारी परिजनों और ग्रामीणों के उपस्थिति में हुई थी। उसी दिन राजिम न्यायालय में पेश कर अभिरक्षा में भेजा गया। तब मेडिकल जांच में भी स्वस्थ था ।30 अगस्त को शाम अस्पताल में भर्ती किया गया। फिर रायपुर भेजा गया। मारपीट सहित सभी आरोप निराधार है। मेरे द्वारा केवल प्रकरण बनाया गया है।

**उपजेल जिला अधिकारी हितेन ठाकुर** ने कहा कि जेल प्रशासन ने आरोपी के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही नहीं बरती। तबियत खराब लगने पर 30 अगस्त की सुबह 9:30 बजे ही जिला अस्पताल भर्ती कर दिया था। 31 को वही से रायपुर रिफर किया गया।